सूर्योदय : 6:21
सूर्यास्त : 5:18
अधिकतम तापमान : 32.0
न्यूनतम : 18.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या: SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-153 पेज-16

मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शुक्रवार, 10 नवम्बर 2023

25 रबीउस्सानी, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक

# अवधनामा

www.avadhnama.com




### अयोध्या में योगी सरकार की कैबिनेट बैठक, 14 प्रस्तावों पर लगी मुहर

# अयोध्या तीर्थ विकास परिषद का गठन

- अंतर्देशीय जल मार्ग प्राधिकरण का गठन को मंजूरी
- यूपी में लागू की जाएगी ड्रोन नीति



**अयोध्या।** प्रदेश सरकार ने दीपोत्सव से पहले भगवान राम की नगरी अयोध्या को कई बड़ी सौगातें दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में पहली बार अयोध्या में हुई कैबिनेट की बैठक में 14 महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर लगी।

अयोध्या अयोध्या धाम तीर्थ विकास परिषद के साथ ही देवीपाटन धाम तीर्थ विकास परिषद व श्री शुक्रताल धाम तीर्थ विकास परिषद के गठन को भी मंजूरी दे दी है। अयोध्या में भव्य मंदिर बनने के बाद श्रद्धालुओं की संख्या में और वृद्धि होने को ध्यान में रखते हुए श्री अयोध्या धाम तीर्थ विकास परिषद के गठन का काफी लाभ होगा। यहां के पर्व, त्योहार और यहां की व्यवस्थाओं को अच्छे ढंग से आयोजित करने में सहयोग मिलेगा। इसमें स्थानीय स्तर के साथ-साथ राज्य स्तर और केंद्र सरकार के सहयोग से इनको आगे बढ़ाया जाएगा। इसी प्रकार मां पाटेश्वरी धाम देवीपाटन तीर्थ विकास परिषद के गठन को भी कैबिनेट ने हरी झंडी दी है। यह एक महत्वपूर्ण तीर्थ है, जहां नेपाल से जुड़े हुए श्रद्धालु नवरात्रि के अवसर पर बड़ी संख्या में आते हैं। प्रदेश में अब ड्रोन को मनमर्जी से कहीं भी नहीं उड़ाया नहीं जा सकेगा। योगी कैबिनेट की अयोध्या में आयोजित बैठक में उत्तर प्रदेश ड्रोन प्रचालन सुरक्षा नीति-2023 को मंजूरी दी गई है। इसके तहत अब ड्रोन के लिए नो परमिशन-नो टेकऑफ की व्यवस्था लागू होगी। ड्रोन पर निगरानी के लिए रियल टाइम ट्रेकिंग बीकन और जीओ फैंसिंग की जाएगी।

### योगी कैबिनेट के अन्य फैसले

- महराजगंज में पर्यटन परियोजनाओं के लिए पर्यटन विभाग को निःशुल्क भूमि
- सोनभद्र के बरदिया और सेंदुरिया के ग्रामीणों को मिलेगा भूमि पर अधिकार
- अंतर्देशीय जल मार्ग प्राधिकरण का गठन होगा
- परिवहन मंत्री होंगे प्राधिकरण के अध्यक्ष
- शीतकालीन सत्र 28 नवंबर से आहूत करने के प्रस्ताव को मंजूरी

### मंत्रिपरिषद ने किए रामलला के दर्शन

कैबिनेट बैठक से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने अपने मंत्रीमंडल के साथ रामलला और हनुमानगढ़ी में बजरंगबली की आरती की। इसके बाद मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन राम मंदिर का भी जायजा लिया। योगी कैबिनेट को हनुमानगढ़ी पर महंत राजू दास ने दर्शन-पूजन कराया। हनुमानगढ़ी पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विराजमान हनुमान जी की आरती उतारी. मुख्यमंत्री ने खुद अपने मंत्रिमंडल के मंत्रियों को तिलक लगाया और रामनाम पहनाया। अयोध्या कैबिनेट बैठक से पहले हनुमान जी के दर्शन का योगी मंत्रिमंडल ने आशीर्वाद लिया।

# आशुतोष टंडन का निधन

- सीएम योगी ने दी श्रद्धांजलि
- गुलाला घाट पर हुआ अंतिम संस्कार



**लखनऊ।** पूर्वी विधानसभा सीट से भाजपा विधायक और पूर्व मंत्री 63 वर्षीय आशुतोष टंडन गोपाल का गुरुवार को मेदांता अस्पताल में निधन हो गया। वह पिछले कई दिनों से भर्ती थे और घर वापसी के बाद उन्हें फिर से भर्ती कराना पड़ा था। वह मेटास्टैटिक कैंसर से पीड़ित थे। मेदांता के चिकित्सकों के मुताबिक उनका मल्टी आर्गन फेल हो रहा था। महत्वपूर्ण अंगों के काम न करने से उन्हें बीस दिनों से वेंटिलेटर पर रखा गया था। गुरुवार सुबह साढ़े दस बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार शाम को गुलाला घाट पर किया गया। मुखाग्नि छोटे भाई अमित टंडन ने दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक श्रद्धांजलि देने चौक स्थित आवास पहुंचे। गुलाला घाट पर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, मंत्री जितिन प्रसाद, नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी, दया शंकर सिंह समेत भाजपा नेता भी पहुंचे। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भी उनके निधन पर दुख जताया है। उनका शव भाजपा मुख्यालय भी लाया गया, जहां भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी समेत अन्य ने श्रद्धांजलि दी।

### राजनाथ सिंह ने जताया शोक

रक्षामंत्री और लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह ने गोपालजी के निधन पर शोक जताया। उन्होंने एक्स पर लिखा कि पूर्व मंत्री और विधायक आशुतोष टंडन के निधन से मुझे गहरा दुख हुआ है। उनका राजनीतिक जीवन लखनऊवासियों की सेवा में समर्पित था। पार्टी को मजबूती देने में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। लखनऊ और प्रदेश के विकास के लिए उनके द्वारा किए गए कार्य हमेशा याद रखे जाएंगे। दुख की इस घड़ी में उनके शोकाकुल परिवार के प्रति मैं अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं।

### वर्ष 2012 में पहली बार लड़े थे चुनाव

पिता लालजी टंडन की विरासत को संभालते हुए गोपालजी ने वर्ष 2012 में पहली बार चुनाव लड़ा। उत्तरी विधानसभा सीट पर चुनाव में पहली बार उन्हें हार का सामना करना पड़ा। वर्ष 2014 में कलराज मिश्र लखनऊ के सांसद बने, जिसके कारण पूर्वी विधानसभा सीट रिक्त हुई। उपचुनाव में गोपालजी ने चुनाव लड़ा और जीत दर्ज की। वर्ष 2017 में फिर से वह चुनाव लड़े और सफलता हासिल की। जीत के बाद योगी सरकार के पहले शासन काल में उन्हें चिकित्सा स्वास्थ्य एवं नगर विकास मंत्री का दायित्व सौंपा गया। पांच साल तक कैबिनेट मंत्री के तौर पर उन्होंने समाज की सेवा की। वर्ष 2022 के चुनाव में भी गोपालजी ने जीत हासिल की।

### महुआ के संसद से निष्कासन की सिफारिश

**नई दिल्ली।** संसद में पैसे लेकर सवाल पूछने (कैश फॉर क्वेरी) के आरोपों में फंसीं तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा की मुश्किलें बढ़ गई हैं। 9 नवंबर को इस मामले में लोकसभा की एथिक्स कमेटी की बैठक हुई, जिसमें पहले 479 पेज की जांच रिपोर्ट को मंजूरी दी गई। इसके बाद कमेटी के 10 में से 6 मेंबर्स ने महुआ को लोकसभा से निष्कासित करने के लिए वोट किया। 4 मेंबर्स ने इसके विपक्ष में वोट दिया। सूत्रों के मुताबिक, ये रिपोर्ट शुक्रवार 10 नवंबर लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला को सौंपी जाएगी। हमारा एजेंडा सिर्फ रिपोर्ट को स्वीकार करना था। वहीं, कमेटी के जिन 4 सदस्यों ने महुआ के निष्कासन का विरोध किया, उन्होंने रिपोर्ट को पूर्वाग्रह से ग्रस्त और गलत बताया। एथिक्स कमेटी की सिफारिश के बाद महुआ ने पहली प्रतिक्रिया देते हुए कहा, ये कंगारू कोर्ट में पहले से फिक्स मैच की तरह था। भले ही वे मुझे निष्कासित कर दें, अगली लोकसभा में मैं ज्यादा वोटों से जीतकर वापस आऊंगी।

# एमपी को भाजपा पर है भरोसा: मोदी

- कांग्रेस के झूठ का गुब्बारा फूटा
- गरीबों के काम आ रहा है देश का पैसा



**सतना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को सतना और नीमच में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि इस बार मध्यप्रदेश का चुनाव बड़ा ही दिलचस्प है। माताएं और बहनें परिणाम तय करने वाली हैं। मतदान में कुछ दिन बचे हैं, लेकिन उससे पहले ही कांग्रेस के झूठ का गुब्बारा फूट गया है। हवा निकलने पर गुब्बारा लड़खड़ाते हुए, शोर मचाता इधर-उधर भागता है।

कांग्रेस के नेता भी ऐसे ही लहराते हुए इधर-उधर भागते हुए शोर मचा रहे हैं। कांग्रेस के पास एमपी के विकास का कोई रोडमैप नहीं है। कांग्रेस के थके हुए चेहरों में यहां के युवाओं को कोई भविष्य नहीं दिखाई देता। एमपी को भाजपा पर भरोसा है। मोदी की गारंटी पर भरोसा है। उन्होंने कहा कि आपका हर वोट त्रिशक्ति की ताकत से भरा है। त्रिविध शक्ति का सामर्थ्य आपके वोट में है। आपका एक वोट यहां फिर से भाजपा की सरकार बनाने वाला है। आपका वोट दिल्ली में मोदी को मजबूत करेगा। आपका वोट भ्रष्टाचारी कांग्रेस को एमपी की सरकार से सौ कोस दूर ले जाएगा। एक वोट, तीन कमाल। सतना की सभा से पहले मैहर वाद्यवृंद ग्रुप के कलाकारों ने ज्योति चौधरी के नेतृत्व में नाल तरंग की प्रस्तुति दी, जिसे प्रधानमंत्री ने सराहा। मोदी ने कहा कि मध्य प्रदेश में भाजपा की सरकार को 10 साल तक केंद्र की कांग्रेस सरकार ने काम नहीं करने दिया। हर काम में रोड़े अटकाए। रुकावटें पैदा की। अभी 2014 में ही तो मध्यप्रदेश को डबल इंजन की डबल ताकत मिली है, जिसके बल पर भाजपा की सरकार प्रदेश को उस अंधेरे कुएं से निकाल पाई है, जिसमें कांग्रेस ने उसे धकेल दिया था। जनता के आशीर्वाद से हमारी सरकार गरीब कल्याण के जो काम कर रही है, घर दे रही है, मुफ्त राशन दे रही है, मुफ्त इलाज की सुविधा दे रही है, इन पर लाखों करोड़ रुपये खर्च हो रहे हैं। देश का पैसा गरीबों के काम आ रहा है। जब कांग्रेस की सरकार थी, तब ये पैसा कहां जाता था? उस समय देश का लाखों करोड़ रूपया टूजी घोटाले, कोयला घोटाले, कॉमनवेल्थ घोटाला, हेलीकॉप्टर घोटाला जैसे घोटालों में जाता था। हमने ये सारे घोटाले बंद कर दिए।

### भ्रष्टाचार की दुकानें बंद हो गईं: पीएम

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस किस तरह गरीबों का हक छीनती थी, इसका जीता जाता प्रमाण है फर्जी लाभार्थी घोटाला। कांग्रेस ने मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ की आबादी के बराबर फर्जी लाभार्थी कागजों में पैदा कर दिए थे। 10 करोड़ ऐसे लोग जिनका जन्म ही नहीं हुआ, वो भी लाभार्थी बन गए थे। कांग्रेस सरकार उनके नाम पर तिजोरी से पैसे निकालती थी और पैसे गायब हो जाते थे। ये पैसे कांग्रेस के चेले-चपाटियों की जेबों में चले जाते थे। कांग्रेस का दुर्भाग्य था कि आपने 2014 में मुझे बिठा दिया।कांग्रेस की इस लूट पर ब्रेक लग गया। 10 करोड़ फर्जी लाभार्थियों को भी बाहर निकाल दिया। देश के गरीबों के पौने तीन लाख करोड़ रुपये बचाकर मोदी ने आपके हवाले कर दिए हैं। कांग्रेस को इतना बड़ा नुकसान हुआ है, इसलिए वो मोदी को गालियां दे रही है।

# जनता ने ठाना है मामा को हटाना है: प्रियंका गांधी

- रिश्ता निभाने से ही बनता है, वरना मामा तो कंस भी था
- कर्नाटक की तर्ज पर देंगे महिला सम्मान राशि



**सतना।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने गुरुवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पर जमकर निशाने साधे। उन्होंने कहा कि विंध्य और मप्र की जनता भाजपा के कुशासन से ऊब चुकी है। जनता ने मन में ठाना है कि इस बार मामा को हटाना है। सिर्फ कह देने से कोई मामा नहीं हो जाता।

रिश्ता तो निभाने से ही बनता है, वरना मामा तो कंस भी था। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सिद्धांतों को याद करते हुए प्रियंका ने कहा कि महात्मा गांधी को जब गोली लगी तो उनके मुंह से हे राम निकला, कांग्रेस उन्हीं महात्मा गांधी के उसूलों पर चलती है। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनावों के मद्देनजर रीवा और सतना जिले के चित्रकूट में प्रियंका गांधी ने चुनावी सभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कांग्रेस के चुनावी घोषणापत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश में भाजपा सरकार ने 22 हजार घोषणाएं की हैं। 18 साल में इन्होंने 22 घोषणाएं भी पूरी नहीं की है। 18 सालों से ये लोग सत्ता में हैं। इन्हें चुनाव के दो महीने पहले लाड़ली बहना याद आ गई। क्या चुनाव से पहले बहनों को समस्या नहीं थी? क्या चुनाव से पहले महिलाओं के जीवन में कठिनाइयां नहीं थी, महंगाई नहीं थी? प्रियंका ने कहा कि हम लाड़ली बहना योजना से ज्यादा महिलाओं को 1500 रुपये प्रति माह देने का काम करेंगे। हम कर्नाटक में महिलाओं को सम्मान राशि पहले से दे रहे हैं। हम किसानों की धान 2500 रुपये प्रति क्विंटल के समर्थन मूल्य पर खरीदेंगे। किसानों का कर्ज माफ करेंगे। पिछले चुनाव में जब आपने कांग्रेस की सरकार को चुना था तो 15 महीने में हमने 27 लाख किसानों का कर्ज माफ किया था। हमारी सरकार आने पर हम पुरानी पेंशन लागू करने का काम करेंगे, क्योंकि हिमाचल, राजस्थान, छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार पुरानी पेंशन लागू कर चुकी है। जब सरकार थी तो कांग्रेस ने सरकारी नौकरियां देने का काम किया, लेकिन भाजपा सरकार जब से देश और प्रदेश में बनी है तो सभी सरकारी कंपनियों को, फैक्ट्रियों को बेचने का काम किया जा रहा है।

### भाजपा की सरकार बना दो, सबको रामलला के दर्शन कराएंगे: शाह

**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ में चुनावी प्रचार जोरों पर है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने चंद्रपुर में एक चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा ति यहां पांच साल से कांग्रेस की सरकार है और इस सरकार ने हजारों करोड़ रुपये के घपले, घोटाले और भ्रष्टाचार किये। इतनी भ्रष्टाचारी सरकार मैंने अपने पूरे जीवन में नहीं देखी। इन्होंने महादेव के नाम से सट्टे की एप बनाकर घोटाला किया। महादेव के नाम से जुआ खिलाने का काम भूपेश बघेल ने किया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनने के बाद हर गरीब के 10 लाख तक के स्वास्थ्य का खर्च भाजपा सरकार उठाएगी। माताओं को 500 रुपये में गैस का सिलिंडर देने का काम भाजपा सरकार करेगी। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बना दो, सबको रामलला के दर्शन सरकार कराएगी। मोदी जी ने छत्तीसगढ़ के विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी। जब केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी, तब 10 साल में प्रदेश को मात्र 77 हजार करोड़ रुपये दिए गए।

### बिहार विधानसभा में आरक्षण संशोधन विधेयक पास



**पटना।** बिहार विधानसभा ने अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) एवं अति पिछड़ा वर्गों (ईबीसी) एवं अन्य पिछड़ा वर्गों (ओबीसी) के लिए आरक्षण की मौजूदा सीमा 50 फीसदी को बढ़ाकर 65 प्रतिशत करने के प्रस्ताव को बृहस्पतिवार को मंजूरी दे दी। शिक्षण संस्थानों और सरकारी नौकरियों में इन वर्गों के आरक्षण को बढ़ाने के प्रस्ताव वाले विधेयकों को विधानसभा ने ध्वनि मत के जरिए सर्वसम्मति से पारित कर दिया। विधेयक के अनुसार, एसटी के लिए मौजूदा आरक्षण दोगुना कर किया जाएगा जबकि एससी के लिए इसे 16 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 फीसदी किया जाएगा। वहीं, ईबीसी के लिए आरक्षण 18 फीसदी से बढ़ाकर 25 प्रतिशत तो ओबीसी के लिए आरक्षण को 12 फीसदी से बढ़ाकर 15 प्रतिशत किया जाएगा। इससे पहले विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्यों ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव द्वारा महिलाओं के संबंध में की गई कथित विवादास्पद टिप्पणी सहित कई अन्य मुद्दों को लेकर हंगामा किया, जिससे सदन की कार्यवाही दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।










## किसान मेला

# जनपदीय रबी उत्पादकता गोष्ठी का हुआ आगाज, विधायक-डीएम ने किया शुभारंभ



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** कृषि उत्पादन मंडी समिति राजापुर में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय रबी उत्पादकता गोष्ठी, किसान मेला, कृषि वैज्ञानिक संवाद का आयोजन हुआ। विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, सीडीओ अनिल कुमार सिंह संग दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।विधायक धौरहरा विनोद शंकर अवस्थी ने डीएम महेंद्र बहादुर सिंह सीडीओ अनिल कुमार सिंह, डीडी कृषि अरविंद मोहन मिश्र के साथ साडे 300 किसानों को सरसों एवं मसूर की मिनी किट के बीज वितरित किए। इसके अलावा 20 किसानों को मृदा परीक्षण के प्रमाण पत्र वितरित किए।विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने कहा कि एक समय था कि जब एक बीघे में 01 कुं. फसल उत्पादन होता था लेकिन आज फसल उत्पादन में आशातीत वृद्धि हुई है। ऐसे कृषक धन्य है जो लोग खेती और किसानी के कार्य में लगे हुए है। किसान गोष्ठी एवं मेलों में कृषि वैज्ञानिकों के माध्यम से दी जा रही जानकारियों का किसान आत्मसात करते हुए अपनी उत्पादकता को बढ़ाएं। कृषक केंद्र व राज्य सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने मौजूद किसानों से अपील करते हुए कहा कि सरकार की ओर से संचालित योजनाओं का भरपूर लाभ उठाए। वैज्ञानिक विधि से खेती करें ताकि उन्हें भरपूर उपज प्राप्त हो सके। स्ट्रीविया, लेमन ग्रास, पपीता, आलू एवं केला इत्यादि के फसलों का उत्पादन कर कृषक अत्यधिक लाभ प्राप्त कर सकते है। मा. मुख्यमंत्री का निर्देश है कि कृषकों को समय से खाद, बीज उपलब्ध कराये जाये। गाय हमारी माता है, इनको छुट्टा न छोड़े, अपने घरो पर रखकर इनकी सेवा करें। यदि सभी कृषक अपनी भूमिका अदा करें तो गोशालाए बनाने की आवश्यकता नहीं है।सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने किसानों को अवगत कराया कि 1970 के पूर्व गुणवत्तायुक्त उत्पादन होता था लेकिन समयान्तर्गत खाद्यान की जरूरत के दृष्टिगत नई प्रजातियों को विकसित किया गया एवं रासायनिक खादों तथा पेस्टीसाइड का आवश्यकता से अधिक उपयोग किया। अतः अब जरूरी हो गया कि जैविक/प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जाए तथा देशी पशुओं की प्रजाति को संरक्षित किया जाए। उप कृषि निदेशक द्वारा अध्यक्ष की अनुमति से बैठक में उपस्थित अधिकारी एवं सभी सम्मानित कृषकों का आभार व्यक्त करते हुए किसान मेला समाप्ति की घोषणा की।जनपदीय रबी उत्पादकता गोष्ठी में डीडी कृषि अरविन्द मोहन मिश्र ने रबी की कार्ययोजना प्रस्तुत की तथा विस्तार से संचालित योजनाओं की जानकारी दी।

जिला कृषि अधिकारी अरविन्द कुमार चोधरी द्वारा कृषि निवेश आदि की व्यवस्था, किसान क्रेडिट कार्ड एवं पीएम फसल बीमा के सम्बन्ध में जानकारी दी। कृषि विज्ञान केंद्र जमुना बाद एवं मझरा के वैज्ञानिकों के द्वारा खेती से संबंधित समसामयिक जानकारी दी। कार्यक्रम में पीपीओ सत्येंद्र सिंह, भूमि संरक्षण अधिकारी सुभाष चंद्र, डीएचओ मृत्युंजय सिंह, एसडीओ (कृषि) निखिल देव तिवारी, कृषि वैज्ञानिक डॉ एके वर्मा, डॉ एसके पांडे, डॉ संदीप तिवारी ने भी किसानों को योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान प्रगतिशील कृषक एवं एफपीओ के प्रतिनिधि उपस्थित रहें।

### विधायक, डीएम-सीडीओ ने किया स्टालों का अवलोकन

विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने अधिकारियों संग जनपद स्तरीय रबी उत्पादकता गोष्ठी, किसान मेला में कृषि, गन्ना, रेशम, पशुपालन, कृषि रक्षा, प्रगतिशील कृषक, कृषक उत्पादक संगठन एवं निजी क्षेत्र के उर्वरक, बीज बिक्रेताओं के स्टालों का अवलोकन किया। उन्होंने ÷श्री अन्न मिलेट्स÷ फोटो प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। स्टॉल प्रतिनिधियों से स्टॉल के संबंध में जरूरी जानकारी ली और उनका उत्साहवर्धन किया।

### खेती-बाड़ी पर हुआ प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम, सवालों का सही जवाब वाले किसान पुरस्कृत

कृषि विभाग के तत्वावधान में कृषि उत्पादन मंडी समिति राजापुर में सजी कृषि मेला एवं प्रदर्शनी में डीडी (कृषि) अरविंद मोहन मिश्रा की अध्यक्षता में खेती बाड़ी पर आधारित प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम आयोजित हुई, जिसमें खेती-बाड़ी से संबंधित प्रश्नों के सही जवाब देने वाले किसानों को विभिन्न फर्टिलाइजर कंपनियों यथा इफको ने नैनो यूरिया, कृभको ने एनपीके, कंसोटिया सहित कृषि विभाग ने पेस्टिसाइड, ट्राइकोडर्मा को पुरस्कार के रूप में देखकर किसानों को सम्मानित किया

## महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए किया प्रशिक्षित



**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** करुणा फाउन्डेशन की अध्यक्ष और मेडिकल की अंतिम वर्ष की छात्रा वैशाली ने दीपावली पर 50 से अधिक फूलबेहड़ ब्लॉक की स्वम सहायता समूह की महिलाओं को पीयूष कुमार सिंह जी बीडीओ, और श्री अनुराग पाण्डेय एडीओ, बीबीएम गण प्रवीत उमराव, सीमा सिंह, ऊ धर्मेन्द्र कुमार, के सहयोग से रोजगार दिया। करुणा फाउंडेशन की अध्यक्ष वैशाली, उपाध्यक्ष चंदन लाल के द्वारा विगत कई माह से ब्लॉक फुडबेहड और शहर लखीमपुर की समूह और अन्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए पहले प्रशिक्षित किया। अब दीपावली उनके प्रयास रंग लाने लगे हैं। वैशाली बताती हैं ग्रामीण क्षेत्रों को स्वरोजगार देने के लिए पहले होम मेड मोमबत्ती, साबुन, टॉयलेट क्लीनर, डिटर्जेंट पाउडर, डिश वाश, अगरबत्ती, रुई बत्ती बनाने का प्रशिक्षण दिया आज दीपावली पर महिलाए अपने उत्पाद बना कर व्यापार कर रहीं हैं। नारी शक्ति वंदन सम्मेलन में भी लक्ष्मी प्रेरणा एस. एस. जी. ताहिरपुर अंदेशनगर ग्राम सभा बन्नी जिला खीरी, द्वारा स्टॉल लगा कर स्वनिर्मित सफाई से संबंधित उत्पाद जैसे फिनायल, टॉयलेट क्लीनर, साबुन, हैण्ड वाश, डिश वाश, डिटर्जेंट पाउडर, कैंडल, फैंसी कैंडल के स्टॉल पर बिक्री की। इसके अलावा सुदीक्षा प्रेरणा ग्रुप की अध्यक्षा सोनी शर्मा निवासी अगरा ने भी हाथ से बनी कैंडल का प्रदर्शन और 250 किलो की दर से खूब बिक्री की, गुलाब प्रेरणा ग्रुप की सुमन देवी निवासी गूंगेपुर ने मोमबत्ती और रुई बत्ती बनाई इसके अलावा बन्नी की अनीता सिंह वर्षा प्रेरणा ग्रुप ने साबुन, केंडल बनाए महिलाओं और सूरज प्रेरणा ग्रुप खमरिया द्वारा निर्मात उत्पाद की बिक्री बढ़ाने के लिए बीडीओ साहब ने आश्वासन दिया है।

## जुआं खेलते हुए 03 नफर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

लखीमपुर खीरी। थाना फूलबेहड़ पुलिस द्वारा जुआं खेलते हुए 03 नफर अभियुक्तों को ताश के पत्तें व कुल 1400/- रुपये नगद बरामद कर गिरफ्तार किया गया, जिसके संबंध में थाना फूलबेहड़ पर मु0अ0सं0 552/2023 धारा 13 जुआ अधि0 पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# सड़कों पर आवारा घूम रहे छुट्टा पशुओं को पड़कर छोड़ गया गोआश्रय स्थल

*अवधनामा संवाददाता*

**मोहम्मदी-खीरी।** योगी सरकार का फरमान जारी होने के बाद आज दोपहर बाद सड़कों पर आवारा घूम रहे छुट्टा पशुओं को पड़कर गोआश्रय स्थल छोड़ गया उप जिला अधिकारी डॉ अवनीश कुमार एवं खंड विकास अधिकारी अश्विनी कुमार सिंह के नेतृत्व में गोला रोड बरवर रोड शाहजहांपुर रोड पर नगर पालिका पशुपालन विभाग ब्लॉक की टीम ने विशेष अभियान चलाकर लगभग दो दर्जन आवारा रोड़ों पर घूम रहे पशुओं को पड़कर स्थाई गौशाला में छोड़ा। इस संबंध में उपजिला अधिकारी डॉ अवनीश कुमार ने बताया कि यह अभियान 1 नवंबर से 30 नवंबर तक प्रतिदिन चलाया जाएगा इसमें विशेष तौर पर ब्लॉक और नगर पालिका और पशुपालन विभाग की टीमें लगाई गई है आपको बताते चलें कि पशुओं के चारे का पैसा भी अब सरकार नेबड़ा दिया है इस अभियान में सभी टीमों को कड़े निर्देश दिए हैं जिसके तहत आवारा घूमने वाले मवेशियों को पड़कर उनको पास की गौशालाओं में रखने का कार्य किया जा रहा है। इस संबंध में खंड विकास अधिकारी अश्विनी कुमार सिंह



ने बताया कि सरकार के आदेश अनुसार 1 नवंबर से 30 नवंबर तक यह अभियान ब्लॉक क्षेत्र में लगातार प्रतिदिन गठित टीमों द्वारा और स्वयं जाकर चलाया जा रहा है और मैं ब्लॉक क्षेत्र की जनता से अपील करते हुए कहा कि पशु पालक पालतू जानवरों को ना छोड़े अगर ऐसी कोई सूचना मिलती है तो उन पशुपालकों के खिलाफ उचित कार्यवाही की जाएगी।

# आपदा प्रबंधन प्रशिक्षणः डीएम ने किया निरीक्षण, प्रशिक्षुओं से किया संवाद

### डीएम ने चखा प्रशिक्षक-प्रशिक्षुओं को वितरित आहार, परखी गुणवत्ता

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने डीएस कॉलेज में आयोजित कार्यशाला में वितरित लंच पैकेट को प्रशिक्षक और प्रशिक्षुओं के सामने चखा और भोजन की गुणवत्ता की। नोडल अधिकारी (प्रशिक्षण)/एसडीएम रेनू मिश्रा को निर्देश दिए कि भोजन की गुणवत्ता को मेंटेन रखा जाए। इसे प्रत्येक दशा में सुनिश्चित कराया जाए। डीएम के इस मनोभाव को देखकर प्रशिक्षक और प्रशिक्षुओं ने तालियां बजाकर डीएम का अभिनंदन, अभिवादन किया।

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** जिला आपदा प्रबन्ध प्राधिकरण प्रशिक्षण के तत्वावधान में गुरुवार को भी डीएस इंटर कॉलेज में कार्यशाला हुई, जिसमें लेखपाल, राजस्व निरीक्षको, बेसिक, माध्यमिक स्तर के विद्यालयों की प्रतिनिधियों को आपदा प्रबन्धन के गुरु सिखाए गए।प्रशिक्षण कार्यशाला का डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने एक-एक प्रशिक्षण कक्ष में जाकर निरीक्षण किया। प्रशिक्षण की नोडल अधिकारी/एसडीएम रेनू मिश्रा से प्रशिक्षण से संबंधित जानकारी प्राप्त करते हुए जरूरी दिशा निर्देश दिए। डीएम ने प्रशिक्षुओं से संवाद करते हुए प्रशिक्षण से संबंधित सवाल-जवाब किए।प्रशिक्षण कार्यशाला को संबोधित करते हुए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि प्राकृतिक एवं मानवजनित आपदाओं से निपटने, आपदा के दौरान नुकसान को न्यून से न्यूनतम किये जाने के उद्देश्य से जिला आपदा प्रबन्ध प्राधिकरण खीरी के तत्वावधान में ग्राम प्रधान, ग्राम सचिव, लेखपाल, राजस्व निरीक्षको को चरणबद्ध रूप से आपदा प्रबन्धन की प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा। यह प्रशिक्षण आपदा के दौरान राहत-बचाव कार्य में महत्वपूर्ण साबित होगा।डीएम ने एक-एक प्रशिक्षण कक्ष में जाकर स्वयं शिक्षक बनकर आपदा से अपना बचाव करने तथा दूसरे लोगो को आपदा से सुरक्षित निकालने के



अनेक तरीकों को अच्छे अंदाज में समझाया। उन्होंने आपदा प्रशिक्षण कार्यक्रम को लाभकारी एवं दूरदर्शिता से जुड़ा हुआ बताया। प्रशिक्षण कार्यशाला में आपदा प्रबंधन तथा आपदा से बचाव उपायों का प्रशिक्षण प्रदान किया गया, उसे आत्मसात करें।

### चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए चोरी किये गये माल के साथ किया गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** थाना सिंगाही पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 234/2023 धारा 380 भादवि से सम्बन्धित चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त/अभियुक्ता गणों इमरान पुत्र स्व0 जहीर उर्फ जहरी निवासी मो0 छावनी कस्बा व थाना लहरपुर जनपद सीतापुर सामीन पुत्र आमीन निवासी मो0 छावनी कस्बा व थाना लहरपुर जनपद सीतापुर माविया पत्नी इमरान निवासी मो0 छावनी कस्बा व थाना लहरपुर जनपद सीतापुर रिहाना पत्नी कल्लू निवासी ग्राम दन्नापुर थाना लहरपुर जनपद सीतापुर अफसर जहाँ पत्नी आफाक निवासी मो0 छावनी कस्बा व थाना लहरपुर जनपद सीतापुर को अभियोग से सम्बन्धित चोरी के माल तथा अन्य थानो/जनपद से चोरी किये गये माल अन्तर्गत धारा 411/414 भादवि0 व घटना में प्रयुक्त 01 अदद कार मारूति सुजुकी स्विफ्ट डिजायर के साथ कालेशरण तिराहे के पास बहद ग्राम हरद्वाही थाना सिंगाही जनपद खीरी से गिरफ्तार किया गया।

## दिवाली से पहले लोगों को मिली मैलानी-शाहगढ़ इलेक्ट्रिक ट्रेन की सौगात

**लखीमपुर खीरी।** दिवाली से पहले लोगों को सौगात मिली है। बृहस्पतिवार से मैलानी-शाहगढ़ इलेक्ट्रिक ट्रेन की शुरुआत हो गई। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी ने दोपहर 12.20 बजे हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर शाहगढ़ के लिए रवाना किया। मैलानी-पीलीभीत रेलखंड के आमान परिवर्तन को लिए गए मेगा ब्लॉक के पांच साल बाद क्षेत्रवासियों को दोबारा मैलानी से शाहगढ़ तक ट्रेन की सौगात मिली है। मैलानी से पहले दिन 75 यात्री इस ट्रेन में सवार हुए रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल) ने मैलानी-पीलीभीत रेल खंड के आमान परिवर्तन के लिए 30 मई 2018 को मेगा ब्लॉक लिया था। वन विभाग की आपत्ति के चलते काम में देरी हुई। रेलवे के मुताबिक, लखनऊ से मैलानी आने वाली ट्रेन नंबर 05086 का विस्तार करके विशेष गाड़ी संख्या 05030 बनाकर दोपहर सवा बारह बजे मैलानी से शाहगढ़ तक चलाया जाएगा मैलानी जंक्शन पर केंद्रीय राज्यमंत्री टेनी ने इलेक्ट्रिक ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर नव आमान परिवर्तित मैलानी-शाहगढ़ खंड रूट पर इसका शुभारंभ किया। यह ट्रेन मैलानी से चलकर 1:55 बजे शाहगढ़ पहुंचेगी। वापसी में शाहगढ़ से 5:10 बजे चलकर 6:40 बजे मैलानी पहुंचेगी।

समय सारिणी ट्रेन नंबर 05030

| स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|
| मैलानी - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - | | 12.15 बजे |
| अकेला हंसपुर हाल्ट---- | 12.25------------ | 12.26 |
| सेहरामऊ- ------------- | 12.48 ---------- | 12.50 |
| कुरैंया हाल्ट------------ | 12.57 ----------- | 12.59 |
| दूधिया खुर्द------------ | 13.05 ----------- | 13.08 |
| उदैयापुर हाल्ट-------- | 13.13 ----------- | 13.14 |
| पूरनपुर--------------- | 13.23 ----------- | 13.20 |
| प्रसादपुर हाल्ट------- | 13.35 ----------- | 13.37 |
| शाहगढ़-------------- | 13.55 | |

**मैलानी से पीलीभीत-बरेली के लिए करना होगा इंतजार**

बृहस्पतिवार को मैलानी से शाहगढ़ के बीच ट्रेन का संचालन शुरू हो गया, लेकिन मैलानी से सीधे पीलीभीत और बरेली जाने के लिए क्षेत्रवासियों को अभी और इंतजार करना होगा। संदेई हाल्ट से माला के बीच पड़ने वाले पीलीभीत टाइगर रिजर्व जंगल में वन विभाग आए दिन कोई न कोई अड़ंगा लगाता रहता है। हालांकि वन विभाग से एनओसी मिल गई है और एनईआर जीएम ने दिसंबर तक हर हाल में काम पूरा करने के निर्देश कार्यदायी संस्था को दे रखे हैं। बावजूद इसके सीधे पीलीभीत तक रेल यातायात मार्च से पहले शुरू होने की उम्मीद कम ही है।

**पहले 10, अब कम से कम 30 रुपये है किराया**

आमान परिवर्तन से पहले रेलवे का कम से कम किराया पहले मात्र 10 रुपये था। आमान परिवर्तन के बाद रेल संचालन शुरू होने पर अब आमजन को पहले से ज्यादा जेब ढीली करनी पड़ेगी। मैलानी से अगला स्टेशन अकेला हंसपुर है। पहले यहां का किराया 10 रुपये था, जो अब बढ़कर 30 रुपये हो गया है। रेलवे की ओर से जारी किराया सूची के मुताबिक मैलानी से शाहगढ़ तक सभी स्टेशनों का किराया 30 रुपये होगा। मैलानी से 44 किमी दूर शाहगढ़ का किराया भी 30 रुपये ही होगा।

# विधिक साक्षरता शिविरों में दी जानकारी



*अवधनामा संवाददाता*

**सीतापुर।** जनपद न्यायाधीश मनोज कुमार त्रितीय के दिशा-निर्देशन में विधिक सेवा दिवस के विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। अभिषेक उपाध्याय अपर जिला जज सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने शिविर में बताया कि विधिक सेवा दिवस को मनाये जाने का मुख्य उद्देश्य देश के कमजोर वर्ग के लोगों को निःशुल्क कानूनी सेवायें पहुँचाना है। शिविर में निःशुल्क कानूनी सहायता प्राप्त करने के लिए अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का सदस्य संविधान के अनुच्छेद 23 में मानव दुर्व्यवहार या बेगार का शिकार व्यक्ति की सुनवाई। महिला या बालक मानसिक रोगी या विकलांग व्यक्ति अनपेक्षित अभाव जैसे बहुविनाश जातीय हिंसा जातीय अत्याचार बाढ़ सूखा भूकंप औद्योगिक श्रमिक औद्योगिक संकट के शिकार कारागृह किशोर मनोचिकित्सा अस्पताल मनोचिकित्सीय परिचर्या गृह में अभिरक्षा में रखे गए लोग। ट्रांसजेंडर समुदाय से संबंधित ऐसे व्यक्ति जिसकी वार्षिक आय तीन लाख रुपये से कम हो एचआईवी या एड्स से पीड़ित व्यक्ति मुफ्त कानूनी सहायता प्राप्त करने का अधिकार रखते हैं। शिविर में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में भी ग्रामीणजन को बताया गया।

### जनपद स्तरीय कृषक प्रशिक्षण एवं रबी गोष्ठी का आयोजन

**सहारनपुर।** कृषि विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश श्रीअन्न पुनरुद्धार कार्यक्रम एवं नेशनल मिशन ऑन ऑयल 2023-24 के अंतर्गत जनपद स्तरीय कृषक प्रशिक्षण एवं रबी गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के हित में चलाई जा रही अनुदानित योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया गया। जनमंच सभागार गांधी पार्क में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक रामपुर मनिहारान देवेंद्र निम, जिलाधिकारी दिनेश चन्द्र व मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्जवलित कर किया। विधायक देवेंद्र निम द्वारा किसानों के हित में लिए गए निर्णय की विस्तार से जानकारी दी तथा बताया कि उनके द्वारा गन्ना भुगतान की समस्या विधानसभा में उठाई गई तथा मुख्यमंत्री के समक्ष भी रखी जिससे गन्ने का काफी भुगतान हो गया है।

### प्रधान के खिलाफदिया शिकायती पत्र

**सीतापुर।** सकरन विकास खण्ड की इमरतिया ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान विमलेश कुमारी के खिलाफ खंड विकास अधिकारी को शिकायती पत्र दिया है। गांव के रामजकुमार व रणविजय आदि का आरोप है कि गांव में चकबंद निर्माण गलत तरीके से किया जा रहा है। निर्माण कार्य में भारी अनियमितता बरती जा रही है। जिसमे मुख्यतः राम सरन के मकान से सड़क तक चकबन्द निर्माण, राम चंदर लोध के मकान से चौका नदी तक चकबन्द निर्माण व पंचायत भवन से लोध पुरवा तक चकबन्द निर्माण कार्य हैं। वर्तमान समय मे हो रहे कार्य राजकुमार के घर से रणविजय के घर तक खड़ंजा निर्माण को लेकर प्रधान पर मनमानी का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि उनके मकान की जगह में जबरन मिट्टी पटाई जा रही है और खड़ंजा का निर्माण किया जा रहा है। आरोप है कि ग्राम प्रधान अपने सहयोगियों से मिलकर निजी जमीन पर सरकारी कार्य करवा रही हैं।

# जुआ खेलते 12 गिरफ्तार

*अवधनामा संवाददाता*

**सीतापुर।** पुलिस ने जुआ खेल रहे 12 लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत केस दर्ज किया है। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया है। कोतवाली महोली पुलिस टीम ने मोहल्ला भट्ठा में छापेमारी करके बनवारी लाल पुत्र राम भरोसे, कुलदीप उर्फसोनू पुत्र बाल गोविंद व पंकज पुत्र खुशीराम राठौर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जामा मौके से 2650 रुपए व जामा तलाशी में 3400 रुपए बरामद किए हैं। इधर लहरपुर कोतवाली पुलिस ने जुआ खेल रहे ग्राम गौरिया प्रहलादपुर निवासी .फरीद पुत्र शहीद, ग्राम परसिया निवासी सलाउद्दीन पुत्र अली अहमद, मैनुद्दीन पुत्र मो.हुसैन, श्याम बिहारी पुत्र बांकेलाल व रहमत पुत्र याकूब अली को गिरफ्तार किया है। थाना पिसावां पुलिस टीम ने क्षेत्र के बरगावां में छापेमारी की। पुलिस ने यहां पर जुआ खेल रहे बरगांवा निवासी सूरजपाल पुत्र रामलाल, सुशील पुत्र गजराज, छोटक्के पुत्र विश्राम, चन्द्रप्रकाश सिंह पुत्र महावीर सिंहं को गिरफ्तार किया।




## सड़क किनारे तालाब में जा गिरी कार, चालक की डूबकर मौत

**लखीमपुर खीरी।** धौरहरा क्षेत्र में रेहुआ-धौरहरा मार्ग पर सरसवा गांव के समीप एक कार सड़क किनारे तालाब में जा गिरी। हादसे में गुदरिहा के मजरा कबीरपुर निवासी कार चालक कन्हैयालाल की तालाब में डूबकर मौत हो गई। हादसा बुधवार देर रात हुआ। पुलिस ने कन्हैयालाल का शव तालाब से बाहर निकलवाया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है धौरहरा के गांव कबीरपुर निवासी केला व्यापारी कन्हैयालाल पुत्र दरबारी लाल मौर्य (35) बुधवार की रात दूसरे व्यापारी की कार लेकर सरसवा पेट्रोल पंप पर तेल भराने गए थे। बुधवार की रात करीब 10 बजे पेट्रोल पंप से घर लौटते समय सरसावा पुलिया के पास कार अनियंत्रित होकर खुदुवा तालाब में जा गिरी। कार में फंसे कन्हैयालाल की डूबकर मौत हो गई। देर रात तक व्यापारी जब घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने तलाश शुरू की। व्यापारी का मोबाइल भी स्विच ऑफ था। गुदरिहा से लेकर सरसवा तक खोजबीन की, लेकिन कन्हैयालाल का कुछ पता नहीं चला। सुबह एक डीसीएम चालक ने सरसवा पुलिया के पास कार तालाब के पानी में उतराने की सूचना दी। इसकी जानकारी पर परिजन पहुंचे सूचना पर सुबह आठ बजे कोतवाली पुलिस भी पहुंची। पुलिस ने कार को बाहर निकलवाया। कन्हैयालाल का शव देखकर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। दिवाली से पहले हुए हादसे ने उनके परिवार की खुशियां छीन लीं।

# महापौर व नगर विधायक ने नलकूप निर्माण को किया भूमि पूजन



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** न्यू माधो नगर के वार्ड 38 में आज पेयजलापूर्ति की समस्या के निस्तारण हेतु महापौर डॉ.अजय सिंह व नगर विधायक राजीव गुम्बर ने संयुक्त रूप से नलकूप के निर्माण हेतु भूमि पूजन कराया और क्षेत्रवासियों को आश्वस्त किया कि शीघ्र ही समस्या का समाधान कराया जायेगा।

आज न्यू माधो नगर के वार्ड 38 के क्षेत्रवासियों ने पेयजलापूर्ति की समस्या के निराकरण को नये टयूबवैल के निर्माण की महापौर डॉ.अजय सिंह से मांग की थी। लगभग तीन माह पूर्व की गयी मांग को गंभीरता से लेते हुए आज क्षेत्र में नलकूप के निर्माण हेतु महापौर डॉ.अजय सिंह व नगर विधायक राजीव गुम्बर वार्ड संख्या 38 न्यू माधो नगर के मोहल्ला विष्णु धाम मे पहुंचे और नए नलकूप को लगाने के लिए भूमि पूजन कराया। उन्होंने शीघ्र बोरिंग प्रारंभ कराने का आश्वासन दिया तथा बताया कि इसके लिए प्रशासनिक स्तर पर टेंडर, वित्त आवंटन आदि हो चुका है और आठ दस दिन में ही यह समस्या हल हो जाएगी। इस अवसर पर अतिथि पूर्व सांसद राघव लखनपाल, पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश जैन, वार्ड पार्षद अमित मित्तल ने भी अपने विचार व्यक्त किए और क्षेत्र की समस्याओं के शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया।

# निगम ने चलाया 'शुभ दीवाली-स्वच्छ दीवाली' के लिए हस्ताक्षर अभियान

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नगर निगम द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत 'शुभ दीवाली-स्वच्छ दीवाली' के लिए अपर नगरायुक्त राजेश यादव ने नगर निगम परिसर में हस्ताक्षर वॉल पर हस्ताक्षर कर शपथ व हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत की। महानगर के दस स्थानों पर हस्ताक्षर वॉल रखी जा रही है ताकि लोग उस पर हस्ताक्षर कर स्वच्छ दीवाली-शुभ दीवाली की शपथ ले सकें।

दीपों का महापर्व दीपावली स्वच्छता और शुभता के साथ मनाने के लिए नगर निगम द्वारा नगरायुक्त ग़ज़ल भारद्वाज के निर्देश पर लोगों से हस्ताक्षर वॉल पर हस्ताक्षर कराने का अभियान शुरु किया गया है। अपर नगरायुक्त राजेश यादव, एस के तिवारी व सहायक नगरायुक्त अशोक प्रिय गौतम ने नगर निगम में रखी गयी हस्ताक्षर वॉल पर हस्ताक्षर कर अभियान की शुरुआत की। राजेश यादव ने कहा कि दीपावली का पर्व समृद्धि व खुशियों का त्यौहार है, और खुशियां तभी मिल सकती है जब हम त्यौहारों को स्वच्छता के साथ मनायें। भारतीय संस्कृति में भी मान्यता है कि स्वच्छ घर और स्वच्छ स्थान पर ही माता लक्ष्मी निवास करती है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे अपने घरों, अपने आसपास क्षेत्र और गली मौहल्लें को साफ सुथरा रखते हुए दीपावली पर्व मनाएं।

शपथ लेने के लिए हस्ताक्षर वॉल पर शपथ लिखी गयी है- ''मैं न गंदगी करुंगा, न दूसरों को गंदगी करने दूंगा और स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्ध रहूंगा। मैं स्वच्छ भारत मिशन में अपने योगदान के रुप में अपने घर, दुकान व प्रतिष्ठान के कचरे को दो कूड़ेदानों में, गीले कचरे को हरे रंग में और सूखे कचरे को नीले रंग में अलग करने की प्रतिज्ञा करता हूं। मुझे स्वच्छ दीवाली शुभ दीवाली अभियान के लिए हस्ताक्षर करने पर गर्व है। मैं पर्यावरण-अनुकूल स्थानीय उत्पादों का उपयोग करने, एकल उपयोग प्लास्टिक को न कहने और स्वच्छ




व हरित दीवाली मनाने के लिए प्रतिबद्ध हूं।''

### घर में घुसकर चोरी का प्रयास करते एक युवक दबोचा

**सहारनपुर।** नशे की लत को पूरा करने के लिए घर में घुसकर चोरी का प्रयास करते एक अभियुक्त को थाना मण्डी पुलिस ने गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से 01 नाजायज छुरी बरामद हुयी है। गौरतलब रहे कि आज सुबह करीब 3 बजे थाना मण्डी क्षेत्र के सराय अहमद अली मौहल्ले में स्थित एक मकान में चोरी करने का प्रयास कर रहे व्यक्ति के सम्बन्ध में सूचना प्राप्त होने पर थाना मण्डी पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुँचकर चोरी करके भागने का प्रयास कर रहे अभियुक्त आकिब पुत्र खुर्शीद निवासी सराय मर्दान अली थाना मण्डी सहारनपुर को मौके से गिरफ्तार किया। अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद छुरी भी बरामद की गयी। अभियुक्त पूर्व में भी जेल जा चुका है। मौके से भागने के प्रयास में अभियुक्त के पैर में चोट लग गयी। अभियुक्त को जिला अस्पताल ले जाकर प्राथमिक उपचार कराया गया। अभियुक्त आकिब ने बताया कि वह नशे का आदी है तथा 10 दिन पहले ही जेल से छूटकर आया है। वह नशा पूर्ति के लिए एक घर में घुसकर चोरी करने की कोशिश की तथा चोरी के दौरान घर में लोगों के जाग जाने पर डराने के लिए उसने अपने पास एक चाकू भी रखा था, जो उसने 3 दिन पहले कमेला पुलिया से राह चलते अनजान व्यक्ति से खरीदा था।

## भाईयों में जमकर चले लाठी डंडे

**सीतापुर।** महोली कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मुड़िया में मुकेश राठौर का अपने ही सगे भाई दीपू राठौर से विवाद हो गया। तकरार इस कदर बढ़ी की दोंनों में जमकर लाठी डंडे चले। इसी बीच, बीच बचाव करने पहुंची मुकेश की पत्नी कंचन गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना को लेकर दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ महोली कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा है।

## कोतवाल ने की बैठक

**सीतापुर।** महोली कोतवाली प्रभारी उमाकांत शुक्ला ने दीपावली त्योहार को लेकर आतिशबाजी विक्रेताओं की एक बैठक बुलाई। जिसमें उन्होंने दुकानदारों को निर्देश देते हुए कहा कि वह दुकान में माचिस न रखें और दुकान के पास बालू भरकर रखें। पटाखा बेचने के जो निर्धारित मानक है उन्ही के अनुसार बिक्री करें। बैठक के दौरान नगर के आतिशबाजी दुकानदार बड़ा गांव क्षेत्र के पटाखा वाले सहित क्राइम इंस्पेक्टर उपनिरीक्षक उपस्थित रहे।

# वनटांगिया बस्ती में सीएम योगी के नाम पर सजती हैं दीपमालिकाएं

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** वनटांगिया गांव जंगल तिकोनिया नम्बर तीन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन का उल्लास छाया हुआ है। वजह, दीपावली पर वनटांगिया बस्ती में दीपमालिकाएं सीएम योगी के नाम पर सजती हैं। यहां प्रशासन अपनी तैयारियों में जुटा है तो गांव के लोग सीएम के स्वागत में अपने-अपने घर-द्वार को साफ सुथरा बनाने, रंग रोगन करने और सजाने-संवारने में। तैयारी ऐसी मानों उनके घर उनका आराध्य आने वाला हो। सब कुछ स्वतः स्फूर्त। मिलजुलकर। मुख्यमंत्री इस गांव में रविवार को आकर दीपोत्सव मनाएंगे।

जंगल के बीच बसे गांव में ऐसी तैयारी का होना स्वाभाविक भी है। वनटांगिया समुदाय के लिए योगी आदित्यनाथ तारणहार हैं। इनकी सौ साल से अधिक की गुमनामी और बदहाली को सशक्त पहचान और अधिकार दिलाने के साथ विकास संग कदमताल कराने का श्रेय सीएम योगी के ही नाम है। इनका रिश्ता अटूट है। वनटांगिया गांव जंगल तिकोनिया नम्बर तीन में हर साल दीपावली मनाने वाले मुख्यमंत्री के प्रयासों से इस गांव समेत गोरखपुर-महराजगंज के 23 गांवों और प्रदेश की सभी वनवासी बस्तियों में विकास और हक-हुकूक का अखंड दीप जल रहा है। वास्तव में कुसम्ही जंगल स्थित वनटांगिया गांव जंगल तिकोनिया नम्बर तीन एक ऐसा गांव है जहां दीपावली पर हर दीप ÷योगी बाबा÷ के नाम से ही जलता है। साल दर साल यह परंपरा ऐसी मजबूत हो गई है कि साठ साल के बुर्जुर्ग (महिला-पुरुष दोनों) भी बच्चों सी जिद वाली बोली बोलते हैं, बाबा नहीं आएंगे तो दीया नहीं जलाएंगे। ब्रिटिश हुकूमत में जब रेल पटरियां बिछाई जा रही थीं तो स्लीपर के लिए बड़े पैमाने पर जंगलों से साखू के पेड़ों की कटान हुई। इसकी भरपाई के लिए बर्तानिया सरकार ने साखू के नए पौधों के रोपण और उनकी देखरेख के लिए गरीब भूमिहीनों, मजदूरों को

**वनटांगियों के बीच 2009 से दीपावली मनाते हैं सीएम योगी, मुख्यमंत्री बनने के बाद भी जारी है सिलसिला**

जंगल मे बसाया। साखू के जंगल बसाने के लिए वर्मा देश की टांगिया विधि का इस्तेमाल किया गया, इसलिए वन में रहकर यह कार्य करने वाले वनटांगिया कहलाए। कुसम्ही जंगल के पांच इलाकों जंगल तिनकोनिया नम्बर तीन, रजही खाले टोला, रजही नर्सरी, आमबाग नर्सरी व चिलबिलवा में इनकी पांच बस्तियां वर्ष 1918 में बसीं। इसी के आसपास महराजगंज के जंगलों में अलग अलग स्थानों पर इनके 18 गांव बसे। 1947 में देश भले आजाद हुआ लेकिन वनटांगियों का जीवन गुलामी काल जैसा ही बना रहा। जंगल बसाने वाले इस समुदाय के पास देश की नागरिकता तक नहीं थी। नागरिक के रूप में मिलने वाली सुविधाएं तो दूर की कौड़ी थीं। जंगल में झोपड़ी के अलावा किसी निर्माण की इजाजत नहीं थी। पेड़ के पत्तों को तोड़कर बेचने और मजदूरी के अलावा जीवनयापन का कोई अन्य साधन भी नहीं। समय समय पर वन विभाग की तरफ से वनों से बेदखली की कार्रवाई का भय अलग से।

# बिहार के राजनीतिक हालात हैरत में डालने वाले है: वसीम राईन

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** बिहार में नीतीश सरकार ने सारा फोकस पिछड़े वर्ग पर कर दिया और जातीय जनगणना के बाद दलित पसमांदा मुसलमान दूर दूर तक कहीं नजर नही आ रहा। क्या वह बिहार का हिस्सा नही या उसकी गिनती मतदाता में नही होती। सरकार की नीयत में गड़बड़ साफ नजर आ रही। अहम सवाल यह है कि क्या चुनाव से पहले अगड़े पिछड़े वर्ग के लिए कोई प्लान है या फिर वह भी महज वोटबैंक बनकर रह जाएंगे। यह बात आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने अपने बयान में कही है। उन्होंने कहा कि बिहार के राजनीतिक हालात हैरत में डालने वाले हैं। वहां जातीय जनगणना कराने के बाद नीतीश सरकार खुद को बहुत सुरक्षित महसूस कर रही है। जबकि ऐसा है नही, जनगणना के नतीजे सामाजिक ताने बाने को निराश करने वाले हैं। ऐसा बिहार की राजनीति के इतिहास में कभी नही हुआ। नीतीश कुमार यह जताने की कोशिश कर रहे हैं कि उन्हें पसमांदा मुस्लिम समाज को वोटों की कोई जरुरत नही या फिर सरकार इस समाज के लिए कुछ न कर पाने की गलती पर पर्दा डाल रही है। वसीम राईन ने कहा कि जनगणना के बाद सरकार का सारा ध्यान 75 फीसदी पिछड़े व 25 फीसदी सवर्ण वोटों पर जा टिका है। आजादी के बाद से सत्ता में लाने के लिए कदम कदम पर साथ देते आ रहे दलित मुस्लिम पसमांदा मुसलमान को एक किनारे कर दिया गया यानी अब सरकार भी संविधान की मूल भावना से खिलवाड़ कर रही है। आखिर नीतीश सरकार के दलित व पसमांदा मुसलमान से इतनी चिढ़ क्यो हो गई, वह जो खेल खेलने जा रहे उसके नतीजे बेहतर नही होंगे।



## श्रीमद्‌भागवत कथा का हुआ समापन

**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** श्रीमद्‌भागवत कथा का आयोजन साकेतपुरी भिलावां आलमबाग तुलसी उद्यान में बड़े से सुंदर भाव के साथ संपन्न हुआ। इस मौके पर हमारे संवाददाता ने मानवाधिकार परिवार केके श्रीवास्तव द्वारा जानकारी लेकर कथा की जानकारी दी। श्रीमद् भागवतकथा के कथावाचक पंडित आचार्य संजीव कृष्ण जी ने भागवत कथा के महत्व की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि बिना परिचय किसी के साथ श्रद्धाभाव के साथ संबंध व संपर्क स्थापित नहीं होते। इसीलिए यह जानना जरूरी है कि श्रीमद् भागवत कथा क्या है। देवेंद्र नाथ त्रिपाठी ने आचार्य संजीव कृष्ण जी से आशीर्वाद भी लिया। इस मौके पर भिलावा आलमबाग लखनऊ के पदाधिकारी वैष्णो माता मंदिर की लक्ष्मी दीदी, पंडित संदीप मिश्रा, विशाल बाजपेई, देवेंद्र नाथ त्रिपाठी, प्रीति सचदेवा, रिंकी मिश्रा, सीमा बाजपेई, भैया रमेश बेरी, दीपक बेरी मौजूद रहे। श्रीमद्‌भागवत कथा के समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन भी हुआ सभी पदाधिकारी व भक्तगण ने प्रसाद का आनंद उठाया।

## दीपोत्सव का भव्य आयोजन आज सायं 06 बजे से

**मैनपुरी अवधनामा संवाददाता।** परियोजना निदेशक ने बताया कि दीपोत्सव-2023 का भव्य आयोजन कलैक्ट्रेट स्थित शहीद स्मारक पर दि. 10 नवम्बर को सायं 06 बजे होगा, एक दीपक ''शहीदों'' के नाम समर्पित कर देश की रक्षा के लिए जान न्यौछावर करने वाले शहीदों को भावपूर्ण श्रृद्धांजलि अर्पित की जायेगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह, विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार होंगे, मुख्य विकास अधिकारी नेहा बंधु की गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित होगा।

# नीतीश मानसिक बीमार कराये अपना इलाज: भूपेंद्र



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी करने पर कार्यकर्ताओं ने नीतीश कुमार मुर्दाबाद,नीतीश कुमार इस्तीफा दो, नीतीश राजनीति छोड़ो के नारे के साथ सुभाष चौक पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पुतला जलाया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि नीतीश कुमार ने महिलाओं पर जो अशोभनीय टिप्पणी की है वह निंदनीय है।महिलाओं को लेकर जो सोच उन्होंने दिखाया इससे प्रतीत हो रहा है कि वे मानसिक रूप से बीमार है।ऐसी स्थिति में उन्हें इस्तीफा दे इलाज कराना चाहिये। जहा एक तरफ भाजपा और उसके सहयोगी दल प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में नारी शक्ति के सशक्तिकरण का काम कर रहे है वही दूसरी तरफ नीतीश कुमार और घमंडिया गठबंधन महिलाओं के बारे में ओछी टिप्पणी कर रहे है। भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष भारती शर्मा ने कहा कि नीतीश कुमार का महिलाओं पर अमर्यादित टिप्पणी महिला मोर्चा की कार्यकर्ता किसी भी हाल में सहन नही करेंगी।उनकी इस तरह की भद्दी टिप्पणी का जबाब दिया जायेगा और उन्हें बिहार की राजनीति से बाहर करने का काम महिलाएं करेंगी।नीतीश इस समय मानसिक रूप से अस्वस्थ हो चले है इसलिये उनको अब राजनीति छोड़कर घर बैठना चाहिये।

## आईजी ने एसपी के साथ नगर के भीडभाड़ इलाकों में किया गस्त

**फर्रुखाबाद।** पुलिस महानिरीक्षक परिक्षेत्र, कानपुर प्रशान्त कुमार व पुलिस अधीक्षक विकास कुमार द्वारा गुरुवार को आगामी त्यौहारों/ अपराध नियंत्रण, शांति/सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए मुख्य मार्गो, बाजारों एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गशत की गयी। पैदल ग्रस्त के दौरान आईजी ने नागरिकों को संदेश दिया कि किसी भी तरह की घटना होने पर तत्काल सूचना दें जिससे उससे निपटा जा सके द्य उन्होंने कहा यदि कोई रहा चलते घटना को अनजान देता है तो चीता मोबाइल को तत्काल जानकारी दें जिससे उसे मौके पर ही दबोचा जा सके। पैदल ग्रस्त के दौरान नागरिकों और दुकानदारों ने उनका अभिवादन किया और उनके कार्य की सराहना की आईजी ने फतेहगंढ चौराहा से लेकर फतेहगढ़ कोतवाली तक पैदल मार्च किया। आईजी ने जगह-जगह रुक कर पब्लिक से लिया जायज फतेहगढ़ कोतवाली का किया निरीक्षण खराब कड़ी गाड़ियां कोतवाली में जताई नाराजगी।

# धनतेरस एवं दीपावली पर्व के मद्देनजर रूट डायवर्जन, बड़े वाहनों पर लगी रोक

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** धनतेरस व दिपावली पर्व के मद्देनजर तीन दिनों तक यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। जिसके क्रम में कस्बा पडरौना की यातायात व्यवस्था रामकोला, खड्डा, कसया, विशुनपुरा, वासी की तरफ से आने वाले भारी/बड़े कामर्शियल वाहन जैसे- ट्रक, ट्रैक्टर ट्राला/ट्राली, डीसीएम के लिए नो एंट्री पूर्व निर्धारित स्थलों (नो एंट्री प्वाइंट्स ) पर ही प्रातः 8 बजे से रात्रि 11 बजे तक लागू रहेगा। नौका टोला, जलकल, बेलवाचुंगी, जटहां तिराहा, दुर्गा मंदिर रोड (पीएनबी बैंक के पास) से कोई भी चार पहिया वाहन एवं ई-रिक्शा प्रातः 08.00 बजे से रात्रि 11.00 बजे तक पडरौना मुख्य बाजार की तरफ नही जायेंगे। सुबाष चौक, अम्बे चौक, रेलवे स्टेशन मोड़, नौका टोला रेलवे ढाला से कोई भी कामर्शियल वाहन (पिकअप, डीसीएम, ट्रैक्टर एवं अन्य बड़े वाहन) मुख्य बाजार की तरफ नही जायेंगे। चार पहिया प्राईवेट वाहनों का आवागमन बाजार के भीड़-भाड़ को देखते हुए तत्कालिक परिस्थितियों के अनुसार बाजार की तरफ अनुमन्य होंगे। रामधाम पोखरा चौराहे से कोई भी कामर्शियल वाहन प्रातः 08.00 बजे से रात्रि 11.00 बजे तक कस्बे की तरफ नही आयेंगे। अन्य सवारी वाहनों के लिए अनुमन्य रुट बावली चौक, सुबाष चौक, कठकुईया मोड़, स्टेशन बाईपास, अम्बे चौक, खिरकिया रहेगा। जिस पर सवारी वाहन निर्बाध चलेंगे।

### पार्किंग व्यवस्था

पडरौना में चारपहिया वाहनों की पार्किंग उदित नरायण डिग्री कालेज के सामने खाली मैदान में की जायेगी, सुभाष चौक के पास स्थित सोसाईटी के निर्धारित कम्पाउण्ड में चारपहिया वाहनों की पार्किंग की जायेगी।

### कसया की यातायात व्यवस्था

देवरिया अण्डरपास, गोलाबाजार तिराहा, सपहां नहर चौराहा, गाँधी चौक से कोई भी बड़े कामर्शियल वाहन मुख्य बाजार की तरफ नही जायेंगे। कसया के लिए नो एंट्री व्यवस्था प्रातः08.00 बजे से रात्रि 11.00 बजे तक पूर्व निर्धारित स्थलों (नो एंट्री प्वाइंट्स) पर लागू रहेगी। जबकि पार्किंग व्यवस्था कसया में चार पहिया वाहनों की पार्किंग रोडवेज के पास स्थित बेनेट क्लब में की जायेगी।

## राकेश अध्यक्ष व अमित मिश्र पहाड़ी चुने गए महामंत्री



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार समन्वय समिति व सोशल मीडिया पत्रकार महासंघ की बरहज इकाई में सर्वसम्मत से संपादक राकेश श्रीवास्तव को अध्यक्ष एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय कैलाश मिश्रा पहाड़ी के पौत्र अमित मिश्रा पहाड़ी को इकाई का महासचिव चुना गया है। उक्त आशय की सूचना गुरुवार को संगठन के केन्द्रीय सूचना कक्ष से दोपहर तीन बजे जारी की गई। दोनों पदाधिकारीयों के मनोनयन पर संगठन के संस्थापक चेयरमैन सरदार दिलावर सिंह, केन्द्रीय संरक्षक मिथिलेश प्रसाद द्विवेदी, केन्द्रीय मंत्री बशीर खान, संरक्षक मार्कण्डेय मिश्र, मण्डल अध्यक्ष डॉक्टर सतीश चन्द्र शुक्ला, जिलाध्यक्ष श्यामानन्द पाण्डेय, जिलाध्यक्ष गोरखपुर कृष्ण चन्द्र चौधरी, मण्डल मंत्री पवन कुमार गुप्ता, जिला मंत्री राजकुमार गुप्ता व चंदन गुप्ता, तहसील अध्यक्ष रुद्रपुर दुर्गेश मणि त्रिपाठी, तहसील अध्यक्ष देवरिया दिनेश राव, तहसील अध्यक्ष भाटपार रानी असगर अली, तहसील प्रभारी सलेमपुर दिनेश कुमार गुप्ता ने उन्हें बधाई देते हुए आशा व्यक्त किया है कि बरहज में पत्रकारों को संगठित करने में मदद मिलेगी।

## टीम ने मिलावट खोरो के खिलाफ चलाया अभियान

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** दीपावली, गोवर्धन पूजा व भाईदूज पर्व को लेकर एफ0एस0डी0ए0 द्वारा छापामार कार्यवाही कर 8 नमूने लिए गए। उन्होंने बताया कि 11040 का 69 किलोग्राम दूध की बर्फी, 9280 का 58 किलोग्राम मिल्क केक और 3 हजार रुपए का 300 नग माजा में मिलावट होने पर टीम ने सड़क पर फिकराया। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन द्वारा जिलाधिकारी के आदेश के अनुपालन में दीपावली, गोवर्धन पूजा व भाईदूज पर्व के दृष्टिगत् आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराये जाने के लिए मिलावट पर प्रभावी रोकथाम के उद्देश्य से गुरुवार को उप जिलाधिकारी, गजराज सिंह व सहायक आयुक्त (खाद्य)-2 सय्यद शाहनवाज़ हैदर आबिदी के निर्देशन एवं मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी आशुतोष राय के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ खाद्य सुरक्षा अधिकारी की टीम बिजेन्द्र कुमार, विमल कुमार, अरूण कुमार मिश्र व आशीष कुमार वर्मा द्वारा कार्यवाही की गयी।

# खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने विभिन्न स्थानों से लिए नौ नमूने

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** सहायक आयुक्त खाद्य-।। ने बताया कि आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उप्र लखनऊ के आदेश के क्रम में दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भाईदूज पर्व के अवसर पर आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य/पेय पदार्थ उपलब्ध कराए जाने हेतु मिलावटी खाद्य पदार्थो के विरूद्ध विशेष अभियान के तहत सहायक आयुक्त(खाद्य)-II व मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अन्जनी कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में गुरुवार को अभियान चलाकर नमूना संग्रह किया गया।

उन्होंने बताया कि आशुतोष मधु कुबेरस्थान मिल्क केक, मदनलाल पुत्र रामगोपाल गांधी नगर हाटा खोवा, संजीव मद्धेशिया पटहेरिया चैराहा-तमकुहीराज लड्डू, खजान्ती जायसवाल मेन मार्केट हाटा -देशी घी मेसर्स-राधे राधे नमकीन उद्योग सपही खुर्द उजारनाथ-तमकुहीराज, नमकीन (राधे-राधे ब्राण्ड) और सेवड़ा नमकीन, रामचन्द्र पुत्र लालजी पनियहवा पेड़ा, सेल्समैन-हिमॉशु कुमार जायसवाल बस स्टैण्ड कसया मेथी पापड़, राजू कुमार सिंह श्यामा मुखर्जी नगर कसया मिल्क केक, का नमूना संग्रहित किया गया। अभियान के दौरान मौके पर 10 किलो ग्राम छेने की मिठाई एवं 10 किलो ग्राम खोया कुल अनुमानित रू. 5300/- को प्रथम दृष्टया खाने योग्य नही पाये जाने के कारण मौके पर बिनष्ट कराया गया। तथा सपही खुर्द उजारनाथ चैराहा तमकुहीराज में मेसर्स-राधे राधे नमकीन उद्योग रामप्रवेश शर्मा के प्रतिष्ठान पर 190 किलो ग्राम अनुमानित मूल्य-11400- को मौके पर सीज कर खाद्य कारोबारकर्ता के अभिरक्षा में दे दिया गया। सहायक आयुक्त(खाद्य)-II द्वारा बताया गया कि अभियान के अन्तर्गत कुल 09 लिये गये नमूने जॉच हेतु प्रयोगशाला भेज दिये गये है। जॉच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त सम्बन्धित खाद्य कारोबारकर्ता के विरूद्ध विधिक कार्यवाही की जायेगी तथा यह अभियान अनवरत जारी रहेगा।

## पटाखों का कम से कम प्रयोग करें

**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने धनतेरस, विजय के प्रतीक दीपावली पर्व पर जनपदवासियों को हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं देते हुये सभी से दीपों के पर्व को शान्ति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मिल-जुलकर मनाने की अपील की है। उन्होंने नागरिकों, खासकर बच्चों से अपील की है कि वह पर्यावरण की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पटाखों का कम से कम प्रयोग करें, कम आवाज वाले पटाखे ही चलाएं ताकि आस-पास कहीं प्रदूषण न फैले, खासकर चिकित्सालयों, बीमार व्यक्तियों के आस-पास पटाखे चलाने से परहेज करें। पटाखों के कारण होने वाले वायु प्रदूषण से स्वास्थ्य समस्या की संभावना बनी रहती है, वायु प्रदूषण से बच्चों, बुजुर्गो और सांस की बीमारियों से पीड़ित लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ सकता है।

श्री सिंह ने जनपदवासियों का आव्हान करते हुये कहा कि प्रकाश पर्व को दीप जलाकर ईको फ्रेंड्ली तरीके से मनाएं, असहाय, गरीब व्यक्तियों के बीच जाकर उनमें त्योहार की खुशियां बांटने का काम करें।

# जिले की सड़कों को दीपावली के पूर्व गड्ढा मुक्त करने का दिया गया लक्ष्य

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड लोनिवि शैलेन्द्र कुमार ने बताया कि उ प्र सरकार द्वारा समस्त श्रेणी की सड़कों को गड्ढामुक्त किये जाने का लक्ष्य 10 नवम्बर 2023 (दीपावली से पूर्व) निर्धारित किया गया है।समस्त सड़क निर्माण की कार्यदायी संस्थाओं को गड्ढामुक्ति का कार्य त्वरित गति से कराने एवं प्रगति की समीक्षा हेतु 06 नवम्बर 2023 को मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में मार्गो के गड्ढामुक्ति अभियान की समीक्षा की गयी। उन्होंने बताया कि आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान सहायक अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड लोनिवि अमेठी प्रवीन कुमार सहायक अभियन्ता निर्माण खण्ड लोनिवि अमेठी हीरामणि पटेल अधिशासी अभियन्ता शारदा सहायक खण्ड-41 अमेठी धर्मेन्द्र वर्मा एवं परियोजना निदेशक एनएचएआई के प्रतिनिधि उपस्थित रहे तथा बैठक के दौरान समीक्षा किये जाने पर पाया गया कि प्रान्तीय खण्ड लोनिवि अमेठी में गड्ढामुक्ति हेतु 237 मार्गो की कुल लम्बाई 514.46 किमी0 में गड्ढायुक्त लम्बाई 370.81 किमी0 के सापेक्ष 351.31 किमी0 लम्बाई (95 प्रतिशत) में गड्ढामुक्ति का कार्य पूर्ण कर लिया गया है शेष कार्य प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि निर्माण खण्ड, लोनिविअमेठी में गड्ढामुक्ति हेतु 140 मार्गो की कुल लम्बाई 286.55 किमी0 में गड्ढायुक्त लम्बाई 202.30 किमी0 के सापेक्ष 187.15 किमी0 लम्बाई (93 प्रतिशत) में गड्ढामुक्ति का कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा मुख्य विकास अधिकारी द्वारा लोनिवि द्वारा अवशेष गड्ढामुक्ति का कार्य दीपावली से पूर्व पूर्ण करने के निर्देशित किया गया। उन्होंने बताया कि शारदा सहायक खण्ड-41 अमेठी में गड्ढामुक्ति हेतु 3 मार्गो की कुल लम्बाई 11.00 किमी0 में गड्ढायुक्त लम्बाई 11.00 किमी0 के सापेक्ष 5.50 किमी0 लम्बाई (50 प्रतिशत) में गड्ढामुक्ति का कार्य पूर्ण कर लिया गया है शेष कार्य प्रगति पर है एवं अवशेष 50 प्रतिशत कार्य दीपावली से पूर्व पूर्ण कर लिया जाये।

## पत्रकारों को सम्मानित किया गया

**फर्रुखाबाद।** सांसद मुकेश राजपूत ने प्रेस वार्ता में जनता से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग शांतिपूर्ण ढंग से दीपावली मनाएं आतिसवाजी ऐसी जगह पर उपयोग करें जहां पर घास अधिक न हो। बिजली कर्मचारियों को संदेश देते हुए कहा कि कोई भी बिजली कर्मचारी दीपावली के पावन पर्व पर बिजली ना काटे और ना ही अभी बिल वसूली करें। दीपावली के बाद बिल वसूली करें और एक मुश्त योजना के बारे में भी जानकारी दें। जिससे अधिक से अधिक बिल जमा हो सके। भाजपा जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता भी मौके पर मौजूद रहे। वार्ता के दौरान पत्रकारो ने गंगा जी में बने पुल के बारे में भी कहा कि इसकी अवध पूर्ण हो गई है। नया पुल निर्माण कराया जाए जिस पर सांसद ने कहा कि शासन को अवगत कराऊगा। प्रेस वार्ता में पत्रकारों को सम्मानित किया गया। संसद कार्यकर्ता अनूप मिश्रा ने भेदभाव की नजर से देखते हुए। जिसमें कुछ पत्रकारो को गिफ्ट पैकेट नहीं मिल सके जिस से पत्रकारों ने नाराजगी जताई।

# लखनऊ, स्मृतिशेष एसएम पारी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में लगा मेडिकल कैंप

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** विकास दीप लखनऊ स्थित मीडिया फोटो ग्राफर्स क्लब के तत्वाधान मे आज एक फ्री मेडिकल चेक कैम्प तथा जरूरतमन्दो को उनकी बिमारियों के अनुरूप दवा बाटने का का बहुत सराहनीय प्रयास क्लब के दिवंगत पूर्व अध्यक्ष एस एम पारी को समर्पित करते हुये, किया गया। कैंप का आयोजन कोषध्यक्ष मंजू श्रीवास्तव के दिशा निर्देश में हुआ। सीएमओ लखनऊ की छितवापुर पी एच सी, की पूरी टीम ने इसको सफल बनाने मे अत्याधिक योगदान दिया। इस अवसर लखनऊ के जाने माने होम्योपैथी के डा. उमग खन्ना जी ने दो ऐसी होम्योपैथी की दवायें वितरित कराया, जिसे उनके बताये गये तरीके से लेने के पश्चात डेगू होने का खतरा ही खत्म हो जाता है। यह उनका अपना अनुसंधान है। वहाँ उपस्थित लोगों ने इस औषधि को लेने के लिये अधिक व्यग्रता दिखाई। क्लब की कोषाध्यक्ष मंजू श्रीवास्तव ने कहा कि हर वर्ष पारी जी के जन्मदिन पर कार्यक्रम का आयोजन होता था। उनके न रहने पर इस कार्यक्रम को निरंतर जारी रखा जायेगा। उन्होंने कहा की इसका श्रेय उनकी पूरी टीम को जाता है जिसने अल्प समय मे यह करके दिखाया । स्व. पारी जी के जन्म दिन के ठीक एक दिन पहले उन्हें याद कर उनके समाज सेवा के कार्य को बेहतर ढंग से आगे बढाया। इस कार्य क्रम मे लखनऊ के जाने माने बिशिष्ट पत्रकार, छायाकारो के साथ रायल कैफे के मालिक श्री मुरली अहूजा, व्यवसायी नेता श्री, सदीप बंसल, आकाश गौतम, डा. उमंग खन्ना, बैंक आफ बडौदा के पूर्व प्रबन्धक श्री अमर नाथ रावत, तथा बरिष्ठ पत्रकार,/छायाकार श्री प्रभात रजन दीन, श्री सजीव गोसाई जी, फूड मैन के नाम से विख्यात विशाल सिहं, शैलेन्द्र सिंह, अनूप जी, खुर्शीद खान, सरफूद्दीनंद कुमार सिंह, फूल चन्द, अमित वर्मा, सुशील सहाय, रितेश यादव, एजाज़ अली, वामिक खान, संजय सिंह, अब्दुल वाहिद, जुबैर अहमद, मो. आरिफ, जेड ए, सुनील रावत, अजय शर्मा जी, विनय कुमार नीरज जायसवाल, दिव्यांश, तल्हा, चेतना, अंकुर हेमलता के साथ बडी संख्या में पारी जी के अजीज एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति सम्मिलित हुये।


## सूचना

मैं अब्दुल सत्तार पुत्र मी0 शकूर एवं श्रीमती रिहाना पत्नि अब्दुल सत्तार निवासी 143, हबीब कालोनी, लाल मस्जिद के पास थाना कुतुबशेर सहारनपुर सूचित करते हैं कि हमने अपने पुत्र दिलशाद एवं पुत्र वधु रजिया पत्नि दिलशाद निवासी लाल मस्जिद के पास हबीब कालोनी, थाना कुतुबशेर, सहारनपुर को उनकी गलत संगत और गलत आचरण और बुरी आदतों से तंग होकर आज अपने कुल संबन्ध खत्म कर दोनों को अपनी कुल चल अचल संपत्ति से बे दखल कर दिया है अपने किसी भी लेन देन ओर कार्यो हेतु दोनो खुद ही ज़िम्मेदार होगें।

## न्यायालय सूचना

दीवानी कॉर्ट परिसर में स्थित 01 कैन्टीन (नाश्ता चाय), साईकिल स्टैंड, फोटोस्टेट शाप नं0 01,और शाप नं0 02 वा पान की शाप नं0 01 और नं0 02 एवं 1 रेहड़ी दाल मौठ की नीलामी वित्तीय वर्ष 2023/2024 की शेष बची अवधि हेतु दि. 17.11.2023 सांय 04:30 बजे न्यायालय स्थित ए.डी.आर. भवन मे होगी। इच्छुक बोलीदाता नियम / शर्ते / स्थान ओर समय आदि की जानकारी नज़ारत विभाग सहारनपुर हासिल करें। (प्रकाश तिवारी) अध्यक्ष /नीलामी समिति, विशेष न्यायाधीश (एस.सी./एस.टी. एक्ट)। सहारनपुर।

## न्यायालय सूचना

(इत्तलानामा बाबत कार्यवाही अर्न्तगत हस्ब दफा 5(क)(1) सो. रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1860ई0) न्यायालय श्रीमान जनपद न्यायाधीश सहारनपुर प्र. वाद सं.177 सन 2023 ! मदरसा जिया उल कुरान सोसायटी ग्राम टपरी कलां जिला सहारनपुर द्वारा अध्यक्ष मौ. इरफान पुत्र मौ. इलयास निवासी ग्राम टपरी कलां छोटी मस्जिद के सामने,जिला सहारनपुर आवेदक बनाम 1 अहसान पुत्र हनीफ निवासी ग्राम टपरी कलां जिला सहारनपुर, सचिव, मदरसा जिया उल कुरान सोसायटी ग्राम टपरी कलां जिला सहारनपुर 2. आम जनता (विपक्षी) इत्तिला दी जाती है कि दरखास्त बगर्ज इजजात वैय बाबत जायदाद निम्न मिलकियती मदरसा जिया उल कुरान सोसायटी, आवेदक मजकूर ने गुजारी है। लिहाजा यह इत्तलानामा बमुराव इजहार उजरदारान और दर पेशी मुकदमा बता अययून दि.1 माह 12 सन 2023 जारी किया जाता है कि अगर आपको या किसी को निस्ब दरख्वास्त के उज़र हो तो मियाद मुकर्रर असालतन या वकालतन कब्ल अज 10 बजे सुबह के इस न्यायालय में हाजिर होकर अपना उजर पेश करे, करावे, दरसूरत इन्कजाय मियाद मजकूर फिंउजर आपका या किसी का सुना न जायेगा और हुकम मुनासिब निस्बत दरख्वास्त के सादिर होगा। विवरण सम्पत्ति हकूक संक्रमणीय भूमिधरी खाता संख्या 00276 खसरा नम्बर 405 कुल क्षेत्रफल 0.4690 हैक्टेयर में से सोसायटी का कुल अंश क्षेत्रफल 0.1564 हैक्टेयर भाग है वाके ग्राम बेलडा जुनारदार अहत्तमाल प. हरोड़ा, तह. व ज़ि. सहारनपुर ! दि. 8 माह 9 सन 2023 को मेरे हस्ता. वा मोहर अदालत से जारी हुआ।

**आज्ञा से प्रशासनिक अधिकारी**
**ज़िला जजी सहारनपुर**

## न्यायालय सूचना

न्यायालय श्रीमान सिविल जज सी.डी. सहारनपुर। प्रकीर्ण वाद स. 142 सन 2023विशाल शर्मा आयु 25 वर्ष पुत्र मोहनलाल निवासी नगर रोड ग्राम दीनारपुर डा0 गागलहेडी त. व जिला सहारनपुर। प्रार्थी... बनाम 1-सारिका शर्मा उम्र 33 वर्ष पनि अमरीश कुमार पुत्री मोहनलाल निवासी ग्राम दीनारपुर गागलहेडी व जिला सहारनपुर 2.मोनिका शर्मा पत्नी आशुतोष शर्मा पुत्री व मोहनलाल निवासी रायवाला गंगा मंदिर के पास त. व जिला सहारनपुर 3. दीपिका पत्नी गौरव कौशिक पुत्री स्व मोहनलाल निवासी ज विहार भूतेश्वर मंदिर रोड व जिला सहारनपुर 4.आम जनता... विपक्षीगण दरख्वास्त मुसम्मा विशाल वास्ते ने हुसूल सर्टिफिकेट वसूल जर मु0 50000/-रू0 व मृतक हित लाभ किफायत द्वारा दरख्वास्त विशाल शर्मा पुत्र स्व0 मोहनलाल निवासी मु0नगर रोड ग्राम दीनारपुर डा0 गागलहेडी त0 व जिला सहारनपुर अपने वसूजिब एक्ट 7 सन 1986 ई बकैद 50000/-रू0 हरगाह सोराज ने बरखास्तहुसुल सर्टिफिकेट गुजरानी है और तारीख 8 माह 12 सन 2023 वास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकरर हुई है। लिहाजा वह इश्तहार जारी किया जाता है जिस किसी की नरवत दरख्वास्त के उजर हो या असालतन या वकालतन वक्त 10 बजे सुबह अदालत में हाज़िर होकर उजर अपना पेश करे इनकजाय तारीख फिर उजर किसी का सुना ना जायेगा हुक्म मुनासिब निसब दरख्वास्त के सादिर होगा।

**आज्ञा से प्रबंधक**
**सिविल जज सीडी सहारनपुर**

## न्यायालय सूचना

न्यायालय श्रीमान किराया प्राधिकारी/अपर जिला मजिस्ट्रेट(प्र)स.पुर वाद.36/डी202309600002054) धारा 21 (एम) उ.प्र. नगरीय परिसर (किरायेदारी विनियमन अधि. 2021 सुधीर कुमार जैन आदि सम्पत्ति विवरण एक किता दुकान बाके सर्राफा बाजार शहर सहारनपुर) ! अभिषेक सिंघल ......नोटिस बनाम.1. सुधीर कुमार जैन पुत्र स्व0 श्री नेमचन्द जैन 2.राजीव कुमार जैन पुत्र स्व नेमचंद जैन दुकानदार सर्राफा बाजार शहर सहारनपुर /वि.किरायेदार उपर्युक्त वाद अभिहित आवेदक, अभिषेक सिंघल पुत्र श्री सुभाषचन्द नि. 2बी /477 लेन-1 नज़दीक चर्च , मिशन कम्पाउण्ड शहर सहारनपुर के द्वारा एक किता दुकान वाके सर्राफा बाजार शहर सहारनपुर को रिक्त कराने के सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश नगरीय परिसर किरायेदारी विनियमन अध्यादेश, 2021 की धारा 21 (एम) के अधीन प्रस्तुत किया गया है। उक्त के निमित्त इस नोटिस द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि उपर्युक्त एक किता दुकान वाके सर्राफा बाजार शहर सहारनपुर के सम्बन्ध में वादी द्वारा प्रस्तुत आवेदन क्यों न स्वीकार कर लिया जाए। इस सम्बन्ध में आप स्वयं या अपने प्राधिकृत व्यक्ति या अधिवक्ता के माध्यम से दि. 17.11.2023 को प्रातः 10-00 बजे मेरे न्याया.में कारण बताने हेतु उपस्थित होवें आप या आपके प्राधिकृत व्यक्ति या अधिवक्ता के उक्त तिथि पर उपस्थित न होने की दशा में आवेदन पर आपकी अनुपस्थिति में समुचित आदेश पारित किया जायेगा। दि. 26.10.23 किराया प्राधिकारी/अपर जिला मजिस्ट्रेट(प्र.) सहारनपुर।

अवधनामा



# वोटर चेतना अभियान की समीक्षा




*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** मतदाता पुनरीक्षण के लिए शुरू हुए वोटर चेतना विशेष अभियान का प्रथम चरण संपन्न होने के बाद भाजपा ने अभियान की समीक्षा बैठक गुरुवार को आयोजित की। जिला कार्यालय पर संपन्न हुई बैठक में प्रदेश मंत्री व जिला प्रभारी अर्चना मिश्रा ने बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए कहा कि गत 4 व 5 नवंबर को चलाए गए अभियान में कार्यकर्ताओं ने अथक मेहनत की है।

परिणाम भी अपेक्षित आए हैं मगर वोटर बढ़वाने में अभी बहुत मेहनत करने की जरूरत है। कहा कि वोटर चेतना विशेष अभियान का द्वितीय चरण आगामी 25 व 26 नवंबर को होगा।बताया कि नाम बढ़वाने की ऑनलाइन प्रक्रिया जारी है।ऑनलाइन वोट बढ़वाने एवम मतदाता सूची में अपने नाम को चेक करने के तरीकों से कार्यकर्ताओं को रूबरू कराया।जिला अध्यक्ष अरविंद मौर्य ने अभियान के प्रथम चरण की प्रगति आख्या प्रस्तुत की।संचालन जिला महामंत्री संदीप गुप्ता ने किया। इस अवसर पर लोकसभा विस्तारक यश मिश्रा, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष गुरु शरण लोधी, महामंत्री शील रत्न मिहिर, विजय आनंद बाजपेई, रचना श्रीवास्तव, दिलीप मिश्रा, सुशील जायसवाल, रामेश्वरी त्रिवेदी, प्रमोद तिवारी, भरत लाल सिंह, अरुण सिंह, राम सिंह चौहान मौजूद रहे।

## कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के जिला चेयरमैन बने दिलशाद

**बाराबंकी।** मो. दिलशाद एक ऊर्जावान जमीन से जुड़े कांग्रेसी नेता हैं, समाज की सेवा करना ही इनका मुख्य ध्येय हैं। यह मुस्लिम जोगी उत्थान समिति के प्रदेश अध्यक्ष रह चुके है। इनकी जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग में जनपदीय चेयरमैन पर नियुक्ति प्रदेशीय नेतृत्व का सही समय पर सही निर्णय हैं, इनको कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग का चेयरमैन बनाये जाने पर जनपद में कांग्रेस संगठन को मजबूती प्रदान होगी। उक्त बातें पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. पीएल पुनिया ने आज अपने ओबरी आवास पर कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के नवमनोनीत चेयरमैन मो. दिलशाद को मनोनयन पत्र देने के पश्चात् उन्हें बधाई देते हुए कही, मनोनयन देते समय उत्तर प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश महामंत्री जनपदीय प्रभारी सलमान खान जिया एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मो. मोहसिन विशेष रूप से मौजूद थें।नवमनोनीत अल्पसंख्यक कांग्रेस के जिला चेयरमैन मो. दिलशाद को बधाई देने वालों में मुख्य रूप से कांग्रेस अध्यक्ष मो. मोहसिन, सरजू शर्मा, सै. सुहेल अहमद, वीरेन्द्र प्रताप यादव, इरफान कुरैशी, मो. इजहार, के.सी.श्रीवास्तव आदि कांग्रेसजन थे।

## राज्यमंत्री ने 6 सैकड़ा किसानो में बांटे निशुल्क सरसो एव मसूर के बीज



**मसौली बाराबंकी।** सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम सदेवा मे ब्लाक स्तरीय कृषि निवेश मेला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राज्यमंत्री सतीश शर्मा ने क्षेत्र के 6 सैकड़ा किसानो को निशुल्क सरसो एव मसूर के बीज का वितरण किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए राज्यमंत्री सतीश शर्मा ने कहा कि खेती और किसानी भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ की हड्डी है जितना अधिक निवेश हम कृषि क्षेत्र में करेंगे उतना ही उत्पादन बढ़ेगा इससे देश की अधिकांश जनता खुशहाल होगी और देश तरक्की की राह पर आगे बढ़ेगा . कृषि निवेश मेले के अंतर्गत खेती से संबंधित किसानों को विभिन्न प्रकार की जानकारी विभिन्न विभागों से आए हुए अधिकारियों के द्वारा प्रदान की गई। इसमें पराली प्रबंधन के विषय में एडीओ कृषि रामकृष्ण शुक्ल के द्वारा विस्तारपूर्वक किसानों को बताया गया राज्यमंत्री सतीश शर्मा ने 6 सौ किसानो को बीज का वितरण किया।

इस मौके पर उपजिलाधिकारी मो0 शम्स तबरेज, खण्ड विकास अधिकारी मोनिका पाठक, डीओ कृषि, मण्डल अध्यक्ष मुलायम सिंह यादव पवन वर्मा लवकुश वर्मा अनिल वर्मा नन्हू वर्मा अवधेश रावत सुरेन्द्र वर्मा मनजीत सहित किसान बन्धु उपास्थित रहे।

# सहाबा इकराम की जिंदगी हमारे लिए अमली नमूनाः मौलाना अब्दुल अलीम

## जलसा सीरतुन्नबी व अज़मत ए सहाबा का आयोजन

*अवधनामा संवाददाता*

**बेलहरा बाराबंकी।** फतेहपुर कस्बे की बड़ी मस्जिद में एक जलसा सीरतुन्नबी व अजमते सहाबा का आयोजन तेहरीके दिफा ए सहाबा की जानिब से किया गया। सरपरस्ती मौलाना मोहम्मद हबीब क़ासमी ने और निजामत हाफिज मोहम्मद रिजवान ने की। जलसे के मुकर्रीर ए खुसूसी मौलाना अब्दुल अलीम फारूकी ने खिताब करते हुए कहा कि कुरआन के बाद में दो वास्ते हैं एक जिब्रील का हुजूर से और दूसरा हुजूर से बकिया उम्मत तक यानी सहाबा तक अल्लाह ने जो जिब्रील से कहा वही जिब्रील ने हुजूर से कहा जो हुजूर ने कहा वही सहाबा ने कहा अब अगर सहाबा को कोई बुरा कहेगा तो ईमान से खारिज़ हो जायेगा न दीन उसमें रहेगा और न वो दीन में रहेगा। उन्होंने कहा कि सहाबा इकराम की जिंदगी हमारे लिए नमूना है उनके नक्शे कदम पर चलना चाहिए। कासमी, मौलाना फखरुद्दीन मौलाना हाफिजुर रहमान नदवी, मौलाना फसीहुल इस्लाम नदवी, मौलाना जियाउद्दीन नदवी, मौलाना



जलसे में शायर मुजीब फतेहपुरी, नसीम अख्तर कुरैशी, अब्दुल हादी फैज़ी ने नात शरीफ पेश की। इस मौके पर मुफ्ती मोहम्मद नज़ीब क़ासमी, मौलाना मोहम्मद यूनुस कासमी , मौलाना मोहम्मद साबिर अरकम रशीदी, मौलाना असगर अली नदवी, एकराम आलम नदवी, मोहम्मद सलीम खान, फजलुर रहमान, हस्सान वासिफ, खतीब अल्वी, इज़हार अंसारी, मुईद अहमद सिद्दीकी आदि मौजूद रहे।

## ग्राम प्रधानों, स्वय सहायता समूह के प्रशिक्षण शिविर का समापन

*अवधनामा संवाददाता*

**मसौली बाराबंकी।** स्थानीय ब्लाक सभागार मे राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत चल रहे दो दिवसीय से ग्राम पंचायत की कार्य प्रगति एव स्वय सहायता समूह का उद्देश्य लक्ष्यों को लेकर स्पष्ट हो गयी।

प्रशिक्षक आशा यादव एव सुनील सिंह ने प्रशिक्षण के दूसरे दिन बताया



ग्राम प्रधानों एव स्वय सहायता समूह के प्रशिक्षण शिविर का समापन हो गया। खण्ड विकास अधिकारी डा0 संस्कृता मिश्रा ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य पीआरआई को आरजीएसए को सार्थक, ठोस और परिणामोन्मुख तरीके से लागू करने में सक्षम बनाना है; आरजीएसए के कार्यान्वयन के लिए एक रूपरेखा/ढांचा तैयार किया गया है और राज्यों के साथ साझा किया गया है। सहायक विकास अधिकारी जानकी राम ने कहा कि इस प्रशिक्षण के माध्यम कि योजना का उद्देश्य पंचायतों और ग्राम सभाओं की क्षमता और प्रभावशीलता को बढ़ाना, पंचायतों में आम व्यक्ति की भागीदारी को बढ़ावा देना, पंचायतों को लोकतांत्रिक तरीके से निर्णय लेने और जिम्मेदारी लेने में सक्षम बनाना है। इस मौके पर एडीओ आई एस बी मदन गोपाल कनौजिया,अरुण कुमार व्यास, बीएमएस अरुण कुमार मौर्य, उमाकांत राव, अनिल कुमार वर्मा, आशा देवी, अंजलि, अनीता सहित जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# पुण्यतिथि पर याद किये गए पत्रकार स्व0 राम तीर्थ विकल

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** जनपद में अपना अलग मुकाम रखने वाले खोजी पत्रकारिता करने वाले वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय रामतीर्थ निकल ने किसी समय मे जिले मे गुमनामी कि जिंदगी जी रहे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों कि खोज कर उन्हें सरकार कि तरफ से पेंशन व अन्य सुविधाएं दिलाने का काम किया। इसी तरह गुमनामी बाबा कि कहानी को अपनी लेखनी से जनता के सामने रखा जिसका जिक्र आज भी किया जाता हैं।गुरुवार को वरिष्ठ पत्रकार स्व.रामतीर्थ विकल की तृतीय पुण्यतिथि के अवसर पर एक श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। आयोजित श्रद्धाजंलि सभा में पत्रकारों, समाजसेवियों ने उनके चित्र पर माल्यर्पण व पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए समाजसेवी राजेश सिंह मानव ने कहा कि विकल जी कलम के सच्चे सिपाही थे वह हमेशा गरीब



निर्धन की आवाज को बुलंद करते थे वह निर्भीक पत्रकारों में से एक थे उन्होंने बताया कि वह उनकी खोजी खबर से आज कई स्वतंत्रता सेनानी सरकार से मिलने वाली पेंशन का लाभ ले रहें। वहीं पत्रकार राजेन्द्र दूबे (राजू )ने कहा जो भी युवा पत्रकार ने उनके साथ कार्य किया उससे उसको बहुत कुछ सीखने को मिला उन्होंने तमाम पत्रकारों को पत्रकारिता करने की सीख भी दी । इलेक्ट्रॉनिक चैनल पत्रकार सुबोध श्रीवास्तव ने कहा कि विकल जी ने हमेशा अपने छोटे भाइयों को सिखाने का काम किया इस लिए उन्हें पत्रकारों का गुरु भी कहा जाता था । पत्रकार महेश शंकर ने कहा कि वह हमेशा निष्पक्ष और निर्भीक पत्रकारिता करने की सलाह देते थे पत्रकार समीर शाही ने कहा उनके द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की खोज की गई उन्होंने पत्रकारों निर्भीक होकर पत्रकारिता करने की सलाह देते थे। वहीं लव पांडेय ने कहा की वह पत्रकारिता के पितामह थे। जेपी गुप्ता ने कहा वह हमारे बड़े भाई के समान थे अच्छी सलाह दिया करते थे वहीं राजेंद्र तिवारी ने कहा कि वह हमेशा निष्पक्ष पत्रकारिता करने की सलाह दिया करते थे। प्रखर पत्रकार रहे स्वर्गीय विकल जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सपा के सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव दिव्यांग पंडित समरजीत ने कहा विकल जी की कलम सदैव सत्ता शासन से संघर्ष करते हुए जनता का उत्थान करने का काम करती थी। आज हम सभी पत्रकार भाइयों को बताना चाहते हैं कि जब भी सपा सरकार सत्ता में आएगी विकल जी की 14 फुट की मूर्ति चौराहे पर लगवाएंगे तथा उसे चौराहे का नाम विकल जी के नाम से भी करने का काम करेंगे। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में अजय श्रीवास्तव, तुफैल अहमद, महेश शंकर, सोनू चौधरी ,कपिल शुक्ला ,संदीप श्रीवास्तव, वैभव श्रीवास्तव , संजीव आजाद आदि मौजूद रहे।

## महिलाओं को दी साइबर अपराध से बचने की जानकारी

*अवधनामा संवाददाता*

बाराबंकी। जिले में चल रहे मिशन शक्ति के चौथे चरण में शक्ति दीदी ने इस दौरान पुलिस कर्मियों ने मिशन शक्ति अभियान, निराश्रित विधवा पेंशन योजना, जननी सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, उप्र



विभिन्न ग्राम पंचायतों व अपनी तैनाती क्षेत्र में मिशन शक्ति कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान महिलाओं को आत्मरक्षा का पाठ पढ़ाया गया।

मिशन शक्ति के चौथे चरण में सोमवार को महिला बीट अधिकारी शक्ति दीदी के द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में चौपाल लगा कर महिलाओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, बैंक सखी, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह की जानकारी दी गई। इसके साथ ही राज्य सरकार की महिला सशक्तिकरण, रोजगार या सुरक्षा से सम्बन्धित मिशन व योजनाओं के विषय में जागरूक किया। जरूरी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए साइबर अपराध से बचने के तरीके भी बताए।

# अयोध्या को योगी सरकार की सौगात

## तीर्थ विकास परिषद का गठनमंदिर म्यूजियम और अयोध्या अंतर्राष्ट्रीय शोध संस्थान को मिली मंजूरी

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** दीपोत्सव से पहले भगवान राम की नगरी अयोध्या गुरुवार को एक और ऐतिहासिक पल की गवाह बनी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पहली बार अयोध्या में कैबिनेट बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें 14 महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर लगी। सबसे खास बात ये रही कि स्वयं सीएम योगी ने कैबिनेट से पास प्रस्तावों के बारे में जानकारी दी। कैबिनेट में पास प्रस्तावों के केंद्र में अयोध्या ही रही, जहां अयोध्या धाम तीर्थ विकास परिषद के गठन के साथ ही यहां 25 एकड़ भूमि में मंदिर म्यूजियम बनाने, अयोध्या शोध संस्थान को अंतर्राष्ट्रीय शोध संस्थान का दर्जा देने के साथ ही विभिन्न मेलों को राजकीय मेलों का दर्जा दिए जाने संबंधी प्रस्तावों पर मुहर लगी। इस अवसर पर सीएम योगी ने कहा कि अयोध्या के समग्र विकास के लिए पहले से ही केंद्र और राज्य के सहयोग से 178 परियोजनाएं चल रही हैं, जिसके अंतर्गत 30 हजार 500 करोड़ से अधिक की राशि खर्च की जा रही है। अयोध्या एक नए युग की ओर जा रही है। पूरी दुनिया आज अयोध्या की तरफ आकर्षित हो रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए मंत्रिपरिषद ने महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। एक्सपोर्ट का हब बनेगा उत्तर प्रदेश श्रीराम संग्रहालय में कैबिनेट की बैठक खत्म होने के बाद सीएम योगी ने पास हुए प्रस्तावों के विषय में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सबसे पहला प्रस्ताव उत्तर प्रदेश में पहली बार अंतर्देशीय राजमार्ग प्राधिकरण के गठन का था, जिसे मंजूरी दी गई है। उत्तर प्रदेश के बारे में ये कहा जाता था कि यह एक लैंड लॉक प्रदेश है। दुनिया के उन देशों ने प्रगति की जिनके पास जलमार्ग है। देश के अंदर भी वो राज्य आगे बढ़ रहे थे जिनके पास जलमार्ग था जो एक्सपोर्ट की सुविधा प्रदान करते थे। हम सब आभारी हैं प्रधानमंत्री मोदी के जिन्होंने देश का पहला इनलैंड वाटरवे वाराणसी से हल्दिया के बीच शुरू किया। इनलैंड वाटरवे अथॉरिटी उत्तर प्रदेश में जल यातायात को बढ़ावा देने में मदद करेगी। इसके माध्यम से वाटर स्पोर्ट्स की एक्टिविटीज को भी तेजी से आगे बढ़ाने, पर्यटन की सुविधाओं में बढ़ोतरी के साथ-साथ उत्तर प्रदेश को एक्सपोर्ट के एक हब के रूप में विकसित करने में मदद मिलेगी। अयोध्या इस दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि कहते हैं कि 2000 वर्ष पहले अयोध्या की राजकुमारी जलमार्ग से साउथ कोरिया गई थीं और वहां के राजकुमार से विवाहबंधन में बंधकर वहां के महत्वपूर्ण राजवंश का हिस्सा बनी थीं।




# सीएम ने किए हनुमानगढ़ी व रामलला के दर्शन-पूजन

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को मंत्रिपरिषद की बैठक में अयोध्या पहुंचे। बैठक से पहले सीएम सीधे हनुमानगढ़ी मंदिर गए और संकटमोचन हनुमान के चरणों में शीश झुकाया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने रामलला का दर्शन किया। यहां भी सीएम ने मर्यादा पुरुषोत्तम की पूजा-अर्चना की। सीएम ने प्रदेशवासियों के सुखद-स्वस्थ जीवन के साथ ही दीपोत्सव की सफलता की कामना की।

इस दौरान उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, मंत्री सूर्य प्रताप शाही, नन्द गोपाल गुप्ता %नन्दी%, राकेश सचान, अनिल राजभर, बेबीरानी मौर्या, एके शर्मा, धर्मपाल सिंह, चौधरी लक्ष्मी नारायण, जितिन प्रसाद, डॉ. संजय निषाद, आशीष पटेल, जयवीर सिंह, दयाशंकर सिंह, अरुण सक्सेना, योगेंद्र उपाध्याय समेत मंत्रिमंडल के अनेक सदस्य मौजूद रहे।सीएम ने राम मंदिर निर्माण की भी जानी प्रगति मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दर्शन-पूजन के उपरांत राम मंदिर निर्माण का भी जायजा लिया। यहां उन्होंने श्रमिकों का हालचाल जाना। इसके बाद वे जन्मभूमि कार्यों की प्रगति से रूबरू हुए। गौरतलब है कि 22 जनवरी 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम अपने दिव्य-भव्य मंदिर में विराजमान होंगे। इसके पहले शारदीय नवरात्रि के सप्तमी तिथि पर अयोध्या पहुंचे सीएम योगी आदित्यनाथ ने श्रीराम



जन्मभूमि परिसर का अवलोकन किया था। गुरुवार को निरीक्षण के दौरान मंत्रिमंडल के सहयोगी, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, अयोध्या के महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता समेत ट्रस्ट के पदाधिकारी आदि मौजूद रहे।

## दीपोत्सव के दिन महानगर के सभी गली चौराहे व मंदिर आकर्षक स्वरुप में दिखेंगेः लल्लू सिंह

**अयोध्या।** दीपोत्सव को महापर्व के रुप में मनाने की तैयारी है। दीपोत्सव के दिन महानगर के सभी गली चौराहे व मंदिर आकर्षक स्वरुप में दिखेंगे। रामनगरी की परम्परागत शैली महिला मोर्चा द्वारा सभी जगहों पर बनाई गयी रंगोलियों में दिखाई देगी। सांसद लल्लू सिंह ने भाजपा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ कौशलपुरी कालोनी स्थित एक लान व सिविल लाईन स्थित भाजपा कार्यालय पर बैठकें की। सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि राम की पैड़ी एक बार फिर विश्व कीर्तिमान की गवाह बनने जा रही है। अयोध्या की प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी इसमें सहभागिता करने की है। इस दिन पूरे विश्व की निगाह अयोध्या पर रहेगी। दीपोत्सव के दिन हम अपने मोहल्ले व गली को प्रकाशित करके वैश्विक स्तर पर संदेश दे सकते है।

## दीपोत्सव की तैयारी को लेकर कुलपति ने घाटों का किया निरीक्षण



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** अयोध्या के प्रान्तीयकृत दीपोत्सव को लेकर डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल ने सातवें दीपोत्सव की तैयारियों को लेकर बुधवार शाम राम की पैड़ी के घाटों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय दीपोत्सव नोडल अधिकारी प्रो0 संत शरण मिश्र, उप-कुलसचिव दिनेश कुमार मौर्य सहित अन्य पदाधिकारियों के साथ कुलपति ने घाटों पर बिछाये गए दीए के पैटर्न को देखा और वालंटियर्स, घाट प्रभारी व समन्वयकों का उत्साहवर्धन किया। इसके साथ ही उन्होंने दीपोत्सव को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किया। कुलपति प्रो0 गोयल ने बताया कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अयोध्या दीपोत्सव ने विश्व पटल पर अमिट छाप छोड़ी है। इस दिन दुनियां की निगाहें अयोध्या पर टिकी होती है। निश्चित ही सांतवा दीपोत्सव भव्यता के साथ और अधिक एतिहासिक बनेगा। कुलपति ने बताया कि शासन के 21 लाख दीए जलाने के लक्ष्य के सापेक्ष विश्वविद्यालय, सम्बद्ध महाविद्यालयों, इण्टर कालेजों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के 25 हजार वालंटियर्स द्वारा 24 लाख से अधिक दीए 51 घाटों पर बिछाये जा रहे है।

## अयोध्या विजन के अंतर्गत काम कर रही योगी सरकारःआलोक सिंह रोहित

# अयोध्या को दुनिया की सुंदरतम नगरी बनाने पर योगी सरकार का फोकस

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित ने कहा कि केंद्र सरकार व की योजनाओं का उचित लाभ पहुंचाने व राज्य स्तर पर भी अयोध्या को विकास के पथ पर अग्रसर करने की दिशा में प्रयास कर रही योगी सरकार का लक्ष्य इस पवित्र नगरी को दुनिया की सुंदरतम नगरी बनाना भी है। इसके अनुरूप, अयोध्या में वृहद स्तर पर विकास का कार्य जारी है जो जल्द ही अयोध्या का स्वरूप बदलकर रख देगा। जिले में हजार करोड़ रुपए की योजनाएं फिलहाल क्रियान्वित हो चुकी हैं जिनके पूर्ण होते ही अयोध्या दुनिया की सुंदरतम नगरी के रूप में जानी जाएगी। केंद्र की मोदी व प्रदेश की योगी सरकार के नेतृत्व में अयोध्या विजन के तहत कई परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है उनमें लोक निर्माण, रेलवे, ऊर्जा, परिवहन,



चिकित्सा, शिक्षा, नगर विकास, पर्यटन, सिंचाई, सेतु निगम आदि विभागों की योजनाएं प्रमुख हैं। अयोध्या वासियों को विश्व स्तरीय सुविधाओं से लैस किया जा रहा है। अयोध्या सुंदर, स्वच्छ और आध्यात्मिक नगरी बने इसके लिए योगी सरकार प्रयासरत है। जिपं अध्यक्ष प्रतिनिधि ने कहा कि रामराज्य की स्थापना के लिए अयोध्या नगरी को सुन्दर, सांस्कृतिक और भव्य बनाने की कवायद चल रही है। नगरी के अनुरूप जिला पंचायत विभिन्न कार्यों और योजनाओं के प्रभावी तथा कुशल क्रियान्वयन से जिले के ग्रामीण अंचलों को सुन्दर और सुविधाजनक बनाने का काम कर रहा है।उन्होंने कहा समाज के कमजोर लोगों के लिए तमाम सरकारी योजनाएं लागू हैं जिसका लाभ गरीब व असहाय व्यक्तियों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, शौचालय, हर घर पानी, बिजली सहित तमाम योजनाएं लोगों के कल्याण के लिए लागू है ।

## रेलवे स्टेशन पर जीआरपी पुलिस ने किया माक ड्रील

**अयोध्या।** अपर पुलिस महानिदेशक रेलवे उ0प्र0 लखनऊ व पुलिस अधीक्षक रेलवे अनुभाग लखनऊ के आदेश से अयोध्या की दीपोत्सव देव दीपावली कार्तिक पूर्णिमा चौदह कोसी, पंच कोसी परिक्रमा मेला व छठपूजा को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु दिये गये आदेश के क्रम में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा एवं रिस्पांस टाइल के उद्देश्य से पुलिस उपाधीक्षक रेलवे प्रथम अनुभाग लखनऊ संजीव कुमार सिन्हा के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार राय थाना जीआरपी अयोध्या कैन्ट मय पुलिस बल, बीडीडीएस डॉग स्क्वाड दल एवं ए0एस0 चेक के संयुक्त टीम द्वारा रेलवे स्टेशन अयोध्या जं0, अयोध्या कैन्ट पर स्टेशन की संवेदनशीलता के दृष्टिगत किसी भी आपात परिस्थिति से निपटने के उद्देश्य से माक ड्रील किया गया ।

## दीपोत्सव को भव्यता देने के लिए घाटों पर बिछाये गये 24 लाख दीए

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के दिशा-निर्देशन में प्रांतीय दीपोत्सव को भव्यता देने के लिए गुरूवार को भी वालंटियर्स द्वारा 51 घाटों पर 24 लाख से अधिक दीए सजाने का कार्य जारी रहा। इसके लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने विश्व कीर्तिमान के लिए राम की पैड़ी व चौधरी चरण सिंह के घाटों पर 12 पर्यवेक्षक, 95 घाट प्रभारी, 1000 से अधिक समन्वयक नियुक्त किए। इनकी देखरेख दीपोत्सव के दिन 25 हजार वालंटियर्स प्रदेश सरकार द्वारा दिए गए 21 लाख के लक्ष्य के सापेक्ष 24 लाख दीप प्रज्ज्वलित करेंगे। सुबह 10 बजे विश्वविद्यालय, सम्बद्ध महाविद्यालयों, इण्टर कालेजों व स्वयंसेवी संस्थाओं के वालंटियर्स द्वारा घाटों पर छूटे स्थानों पर दीए बिछाने का कार्य शुरू किया गया। दीपोत्सव भव्य बनाने के लिए 16 गुणे 16 दीए का ब्लाक बनाया गया है। जिसमें 256 दीए लगाये गये है। दूसरी ओर घाट संख्या दस पर रामायणकालीन प्रसंग को उकेरा गया है इसमें भी दीए सजाने का कार्य किया गया। इस दीपोत्सव में एक वालंटियर को 85 से 90 दीए जलाने का लक्ष्य दिया गया है। दीपोत्सव नोडल अधिकारी प्रो0 शंत शरण मिश्र ने बताया कि 11 नवम्बर को दीपोत्सव के दिन प्रातः 09 बजे से वालंटियर्स द्वारा 51 घाटों पर 24 लाख से अधिक दीए में तेल डालने, बाती लगाने के साथ देर शाम शासन द्वारा नियत समय पर दीए प्रज्जवलित किए जायेंगे। सभी घाटों पर दीए लगाने का कार्य देर शाम पूर्ण कर लिया जायेगा। 10 नवम्बर को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड टीम द्वारा बिछाये गए दीपों की गणना की जायेगी। भोजन समिति के संयोजक प्रो0 चयन कुमार मिश्र की देखरेख में घाटों पर वालंटियर्स के लिए जलपान व भोजन की व्यवस्था की गई है। विवि परिसर से यातायात समिति के संयोजक प्रो0 अनूप कुमार, डॉ0 सुरेन्द्र मिश्र की निगरानी में प्रातः 7 बजे से वालंटियर्स राम की पैड़ी के लिए बसों से रवाना किए गए।

# बीआरसी परिसर से निकाली गई विधिक जागरूकता रैली

अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** डुमरियागंज नगर पंचायत अंतर्गत ब्लॉक संसाधन केंद्र परिसर से बृहस्पतिवार को विधिक जागरूकता रैली निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में बच्चों व शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सिद्धार्थनगर के संयुक्त तत्वाधान में रैली में बच्चों को तमाम जानकारी दी गया।

खंड शिक्षा अधिकारी डुमरियागंज संजय कुमार के नेतृत्व में विधिक सेवा दिवस पर एक गोष्ठी भी बीआरसी परिसर में आयोजित की गई। रैली में प्राथमिक विद्यालय डुमरियागंज प्रथम व पूर्व माध्यमिक विद्यालय डुमरियागंज के बच्चों ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक नसीम



- न्याय चला निर्धन के घर अभियान में जूटे बच्चों व शिक्षक
- जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सिद्धार्थनगर के संयुक्त तत्वाधान में हुआ कार्यक्रम

अहमद ने कहा कि विधिक सेवा दिवस इसलिए मनाया जाता है कि सभी लोगों को अपने अधिकार के प्रति जानकारी मिल सके। उन्होंने कहा कि आर्थिक समाजिक शारीरिक व मानसिक दुर्बलता के कारण न्याय पाने से वंचित लोगों के लिए सबको न्याय दिलाने का कानून बनाया गया है। इसी उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का गठन किया गया। यह अभियान अधिकतर लोगों को उनके अधिकार के प्रति जागरूक करता है। रैली बीआरसी परिसर से प्रारंभ होकर तहसील मार्ग होते हुए पुनः वापस आकर समाप्त हुआ। इस मौके पर प्रेम प्रकाश चौबे, धर्मराज दुबे, मुश्ताक अहमद, दिनेश दुबे, अभिषेक सिंह आदि लोग उपस्थित रहे। इसी क्रम में ब्लॉक क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में भी विधिक जागरूकता रैली बच्चों द्वारा निकाली गई। क्षेत्र के दलमीर डीह, अरनी, पोखरा कानूनगो, जलालपुर, जामौता जमौती, चकमारूफ, परानपुर, वासा, भानपुररानी में भी बच्चों ने रैली निकाली।

# प्रा. विद्यालय का डीएम ने किया औचक निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी श्री पवन अग्रवाल द्वारा प्राथमिक विद्यालय धेन्सा नानकार तथा प्राथमिक विद्यालय सिरवत औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी श्री पवन अग्रवाल द्वारा उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया गया। इसके पश्चात शौचालय, दिव्यांग शौचालय का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने डीसी निर्माण रितेश श्रीवास्तव को दिव्यांग शौचालय का रैम्प ठीक कराने का निर्देश दिया। इसके साथ ही साथ उपस्थित प्रधानाध्यापक को सफाईकर्मी से साफ-सफाई कराने का निर्देश दिया गया। एमडीएम मीनू के अनुसार पाया गया। जिलाधिकारी द्वारा प्राथमिक विद्यालय धेन्सा नानकार में मिडडे मील को खाकर गुणवत्ता की जानकारी प्राप्त की गयी। भोजन गुणवत्तापूर्ण बना था। निरीक्षण के दौरान प्राथमिक विद्यालय धेन्सा नानकार में 184 छात्र/छात्राओ के सापेक्ष 105, तथा प्राथमिक विद्यालय सिरवत में 112 छात्र/छात्राओ के सापेक्ष 88 छात्र/छात्रायें उपस्थित थी। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र कुमार पाण्डेय, संबधित विद्यालय के प्रधानाध्यापक तथा अन्य अध्यापक, छात्र/छात्राएं आदि उपस्थित थे।

## सहकारी समिति पर वितरण किया गया खाद

**लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** विकास खण्ड लोटन क्षेत्र के



चनरैया, हरिवंशपुर, साधन सहकारी समिति पर बुधवार व बृहस्पतिवार सिकरी बखरिया में किसानों को निर्धारित मूल्य पर खाद खसरा खतौनी लेकर दिया गया। दीपक कुमार सिंह द्वारा बताया गया की पोस मशीन से फिंगर लगाने के बाद ही खाद वितरण किया जा रहा है। वही मौजूद चनरैया समिति के अध्यक्ष बृजभूषण चौबे ने बताया की समिति के सदस्यों ने अगर हमे अध्यक्ष चुने है तो किसानों को खाद की कमी नही महसूस होने देंगे पिछले सप्ताह मे भी खाद वितरण किया गया है। इस समय हर छोटा बडा किसान सहकारी समिति पर खाद पा रहे है किसान खुश दिखे। किसानों ने बताया की हम लोगों ने पता किया तो सचिव ने बताया की खाद उपलब्ध है जिन भी किसानो को खाद लेना है आधार कार्ड व खतौनी के साथ आकर खाद ले सकते है। एडीओ कापरेटिव ने बताया की किसी समिति के खिलाफ शिकायत मिली तो कार्यवाही की जायेगी।

## गौशाला का डीएम ने किया औचक निरीक्षण



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी श्री पवन अग्रवाल द्वारा आदर्श गौशाला सियावं नानकार, विकास खंड शोहरतगढ़ का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी श्री पवन अग्रवाल द्वारा स्टाक रजिस्टर, भूसा स्टाक रजिस्टर को देखा गया। जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी शोहरतगढ़ को निर्देश दिया कि गौशाला में पराली इकट्ठा करा ले। डाक्टर सूर्यपाल वर्मा को निर्देश दिया कि गौवंश का टीकाकरण, एवं समय समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही बाहर से आ रहे गौवंश का जियो टैगिंग कराने का निर्देश दिया। पशु आहार स्टाक रजिस्टर मौके पर पशु आहार से मिलान न मिलने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए इसे सही कराने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर उपरोक्त उपजिलाधिकारी शोहरतगढ़ प्रदीप कुमार यादव, खंड विकास अधिकारी कृतिका अवस्थी, सेक्रेटरी निशा श्रीवास्तव व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## ज्यादा से ज्यादा विद्युत उपभोक्ताओं को लाभ दिलाना सुनिश्चित करें

**बस्ती।** उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी अंद्रा वामसी ने जनपद के विद्युत उपभोक्ताओं से अपील किया है कि उ0प्र0 कार्पोरेशन द्वारा 8 नवम्बर से 31 दिसम्बर 2023 तक एकमुश्त समाधान योजना के तहत (ओटीएस) एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसमें समस्त विद्युतभार उपभोक्ताओं को उनके बिलों में विलम्बित भुगतान अधिभार (सरचार्ज) में छूट का प्राविधान किया गया है। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) की बैठक में उन्होने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि इस योजना में ज्यादा से ज्यादा विद्युत उपभोक्ताओं को लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियन्ता विद्युत, कृषि अधिकारी एवं उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिया है कि इस योजना के तहत गॉव के पंचायत भवनों में कैम्प आयोजित करें तथा सुनिश्चित करे कि कोई भी पात्र उपभोक्ता योजना के लाभ से वंचित ना रहें।

## बोलेरो बाइक में भिड़ंत एक की मौत

**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** तेज रफ्तार से आ रहे बाइक सवार अनियंत्री हो एक बोलेरो से भिड़ गए, जिससे एक की मौके पर मृत्यु हो गई तथा दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल का उपचार सिद्धार्थनगर मेडिकल कालेज में चल रहा है। घटना बुधवार रात नौ बजे कोतवाली के बांसी-बस्ती मार्ग स्थित पुरबौला गांव के सामने घटित हुई। शिवनगर डीड़ई थाना क्षेत्र के गांव डड़वार शुक्ल निवासी 25 वर्षीय विशाल अपने गांव के साथी गौतम पुत्र शिवटहल को बाइक पर पीछे बैठा बांसी आ रहे थे। प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार बाइक की रफ्तार तेज होने से वह बांसी की तरफ से बस्ती जा रही बोलेरो से अनियंत्रित हो जा भिड़े। टक्कर इतनी तेज थी बाइक पर बैठे दोनों बाइक सवार उछल कर घटना स्थल से दस फिट दूर सड़क के नीचे खाई में जा गिरे। घटना के बाद ग्रामीण दौड़ पड़े और पुलिस को सूचित किये। पुलिस ने सड़क के नीचे खाई में पड़े दोनों बाइक सवारों को उठा कर सड़क पर लेकर आई और तुरन्त अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने जांच उपरांत विशाल को मृत घोषित करते हुए गंभीर रूप से घायल गौतम को रेफर कर दिया। कोतवाल अनुज कुमार सिंह ने बताया कि घटना के बाद बोलेरो छोड़ कर चालक व उसमे सवार सभी लोग फरार हो गए है। बोलेरो को थाने ले आया गया है। उसमें शादी ब्याह से सम्बंधित समान पीछे रखा है। मृतक के पिता किशनाथ की तहरीर पर सम्बंधित वाहन के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

## बिजली की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत

**लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** क्षेत्र के एक व्यक्ति की शटरिंग खोलने के दौरान विजली करंट से गुरुवार सुबह को मृत्यु हो गई। उसका नाम मोहन 26 वर्ष पुत्र जनार्दन था। लोटन थाना क्षेत्र के ग्राम विशुनपुर टोला निबिहवा का रहने वाला था। मृतक शटरिंग का कार्य करता था।महराजगंज जिले के मंगलपुर थाना कोल्हुई बाजार मे सुबह मकान से शटरिंग खोल रहा था कि ऊपर से गुजर रहे ग्यारह हजार विद्युत से लोहे का इंगल लग गया। जिसके चपेट मे आने से बुरी तरह चोट लग गया। वहा से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनकटी ले गये। जहां डाक्टरों ने मृत बता दिया। पैतृक गांव मे शव पहुंचते ही परिजनों मे कोहराम मच गया।

# किशोर स्वास्थ्य मंच का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**बढ़नी सिध्दार्थनगर।** बढ़नी ब्लाक के तुलसियापुर चौराहे पर स्थित पं.बाबूराम शुक्ल विद्या मन्दिर इण्टर कालेज में बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत किशोर स्वास्थ्य मंच का आयोजन किया गया। इस दौरान निबंध, मेंहदी व रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।इस दौरान पीएचसी बढ़नी की महिला चिकित्सक डा. तैयबा ने छात्राओं को किशोरावस्था के दौरान आने वाली दिक्कतों और उनके समाधान के बारे में विस्तार से बताया।



उन्होंने कहा कि उम्र के साथ शरीर में कई तरह के बदलाव आते हैं। इन सबसे घबराने की जरूरत नहीं है। वे जागरूक होकर इन सबको लेकर आगे आएं। इन सबके बीच उनको किसी प्रकार की दिक्कत रहती है तो वे चिकित्सक सलाह जरूर लें। कई बार इस तरह के विषयों को छुपाने से गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। इस दौरान आयोजित निबंध प्रतियोगिता में कक्षा 12 के छात्र रक्षाराम यादव को पहला, कक्षा 10 के राज साहनी को दूसरा व कक्षा 12 के छात्र मो. फैसल को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। इसके अलावा मेंहदी प्रतियोगिता में कक्षा 11 की सुनैना राजभर ने पहला, कक्षा 9 की सेहर बानो ने दूसरा व कक्षा 11 की पुष्पा अग्रहरि ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में कक्षा 12 की मंजू ने पहला, कक्षा 12 की रीता गुप्ता ने दूसरा व कक्षा 11 की पूनम अग्रहरि ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस दौरान प्रधानाचार्य रवि शुक्ल, चिकित्सक डा.ओपी यादव, फार्मेसिस्ट गुरुचरण प्रसाद, आशाराम यादव, सुमेरु गिरी, धन्नजय पाठक, जितेन्द्र शुक्ल, रामनरेश यादव, संतप्रसाद निषाद, अजय यादव, रीना त्रिपाठी, सुनैना सिंह, प्रदीप मौर्य, वीडी दूबे, राम किशोर, विश्वनाथ, साधना श्रीवास्तवा आदि मौजूद थे।

## कॉस्मोपॉलिटन इंग्लिश स्कूल में मनाया गया वार्षिक खेलकूद दिवस



**टांडा अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** केरल के लोगों के द्वारा नगर में संचालित कॉस्मोपॉलिटन इंग्लिश मीडियम स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिस प्रतियोगिता में विद्यालय के सभी छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विद्यालय के सभी कर्मचारियों व शिक्षकों ने काफ़ी सहयोग किया इस वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के सम्बन्ध में विद्यालय के प्रबंधक सर पॉल जॉन ने बताया कि उक्त वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का विद्यालय में अध्ययन रत छात्र छात्राओं की प्रतिभा जाँच करना था विद्यालय प्रबंधन प्रत्येक वर्ष ऐसे कार्यक्रमों को आयोजित करता चला आ रहा है कार्यक्रम के दौरान इरफ़ान सर ने संचालन किया वहीं प्रधानाचार्य अनूप विजय आनन्द कुमार सोनी मैम फात्मा मैम सहित विद्यालय की तमाम शिक्षक व शिक्षिकाओं ने अपनी सहभागिता दर्ज करायी।

## बिक्री रजिस्टर में अन्तर पाये जाने पर जतायी नाराजगी

**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी श्री पवन अग्रवाल द्वारा गुप्ता फर्टिलाइजर, महदेवा नानकार, डोयिआ चौराहा, शोहरतगढ़ का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी श्री पवन अग्रवाल द्वारा स्टाक रजिस्टर एवं बिक्री रजिस्टर में अन्तर पाये जाने के कारण कड़ी नाराजगी व्यक्त की गयी। जिलाधिकारी श्री पवन अग्रवाल ने गुप्ता फर्टिलाइजर, महदेवा नानकार, डोयिआ चौराहा शोहरतगढ़ के दुकान का लाइसेंस निरस्त करने हेतु जिला कृषि अधिकारी को निर्देश दिया गया। इस अवसर पर उपरोक्त उपजिलाधिकारी शोहरतगढ़ प्रदीप कुमार यादव, ए.आर.कोआपरेटिव, जिला कृषि अधिकारी मो मुजम्मिल व अन्य संबधित अधिकारी उपस्थित थे।

## अधिवक्ता के साथ दुर्व्यवहार करने के आरोप पर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित

**जलालपुर अंबेडकर नगर अवधनामा संवाददाता।** अधिवक्ता के साथ दुर्व्यवहार करने के आरोप में बार एसोसिएशन ने सर्वसम्मत से प्रस्ताव पारित करते हुए अधिवक्ता को संघ की सदस्यता से तीन माह के लिए चेतावनी देते हुए निष्कासित कर दिया गया प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से मिली जानकारी के अनुसार बार एसोसिएशन जलालपुर ने सर्वसम्मति से यह आदेश पारित किया कि बीते दिवस अधिवक्ता संघ के मंत्री श्याम सुंदर यादव को अधिवक्ता अरविंद कुमार यादव द्वारा अपमानित किया गया था जिसको लेकर श्याम सुंदर यादव ने संघ से अरविंद यादव की शिकायत की थी जिसके परिपेक्ष में अधिवक्ता संघ की एक बैठक बुलाई गई जिसमें सर्वसम्मति अरविंद कुमार यादव को संघ की सदस्यता से चेतावनी देते हुए तीन माह के लिए निष्कासित कर दिया गया।

## हरैया में सैम ट्रीटमेंट सेण्टर एक सप्ताह में सक्रिय करें

**बस्ती।** डिजिटल वेइंग मशीन, इंफ्रण्टोमीटर एवं बीपी मशीन खरीदने के लिए ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समिति में अनटाइड फंड शत प्रतिशत ना भेंजे जाने पर सीडीओ जयदेव सीएस ने असंतोष व्यक्त किया है। उन्होने निर्देश दिया है कि तीन दिन के भीतर धनराशि उपलब्ध कराकर सूचित करें। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में उन्होने निर्देश दिया है कि हरैया में सैम ट्रीटमेंट सेण्टर एक सप्ताह में सक्रिय करें। उन्होने 82 के सापेक्ष मात्र 31 आशाओं की नियुक्ति का प्रपोजल भेजने पर भी नाराजगी व्यक्त किया तथा निर्देश दिया है कि एक सप्ताह के भीतर अवशेष 51 का प्रपोजल भिजवाये। संस्थागत प्रसव बढाने के लिए उन्होने सॉऊघाट, दुबौलिया तथा रूधौली के एमओआईसी को निर्देशित किया है। उन्होने कहा कि रोगी कल्याण समिति के अन्तर्गत उपलब्ध धनराशि शतप्रतिशत व्यय किया जाये। सभी हेल्थ एण्ड वेलनेस सेण्टर में विद्युत कनेक्शन कराया जाये।

# आरबीएसके से लौट रही जीवन की मुस्कान



अवधनामा संवाददाता

**बांसी सिद्धार्थनगर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) गरीब और जरूरतमंद बच्चों के लिए वरदान साबित हो रहा है। आरबीएसके की टीम गंभीर रूप से बीमार बच्चों का मुफ्त इलाज कर उन्हें नया जीवन दे रही है। यह टीम सरकारी स्कूलों व आंगनबाड़ी केंद्रो पर जाकर हृदय रोग, कटे होठ व तालू रोग, गूंगे बहरे तथा क्लब फूट जैसे अन्य गंभीर रोगों से ग्रसित बच्चो का निशुल्क उपचार करा रही है। ऋषभ की बीमारी का पता चला तब आरबीएसके की टीम मिठवल ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत डणवा भैया में ऋषभ को क्लब फूट की समस्या में बच्चे के स्वास्थ्य की जांच करने आरबीएसके टीम पहुंची इसी प्रकार दुसरी आरबीएसके की टीम मिठवल विकास क्षेत्र के ग्राम पंचायत तेलौरा के प्राथमिक विद्यालय पर के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। आरबीएसके टीम को जांच के दौरान जन्मजात हृदय विकार से पीड़ित पाए गये। इस दौरान आरबीएसके के दोनों टीम में शामिल डॉक्टर के.के. पान्डेय, डा. के.बी. सिंह, डा. रेनू गुप्ता, डा. साधना वर्मा, फार्मासिस्ट सत्यम गुप्ता, अनूप चौधरी, ए एन एम जयश्री, शीला शामिल रहे।

# एनपीआरसी बर्डपुर नम्बर 10 की प्रतियोगिता में काशीपुर का रहा दबदबा

अवधनामा संवाददाता

**बर्डपुर सिद्धार्थनगर।** विकास क्षेत्र बर्डपुर के न्याय पंचायत बर्डपुर नम्बर 10 को न्याय पंचायत स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा समारोह, पूर्व माध्यमिक विद्यालय देवरा चौधरी सम्पन्न हुआ। क्रीड़ा प्रतियोगिता न्याय पंचायत बर्डपुर नम्बर 10 के कुल 27 विद्यालय में से मात्र 15 विद्यालय के अध्यापक एवं बच्चों ने प्रतिभाग किया।

काशीपुर और देवरा चौधरी के बच्चों के बीच में हुए वालीबॉल प्रतियोगिता में पूर्व माध्यमिक विद्यालय देवरा चौधरी के बच्चों ने बाजी मारी, वही कबड्डी में पूर्व माध्यमिक विद्यालय काशीपुर के बच्चे विजय प्राप्त करने में सफल रहे। पिछौरा और काशीपुर के प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय स्तर की खोखो में काशीपुर ने बाजी मारी। प्राथमिक स्तर बालक एवं बालिका के 50 मीटर की



दौड़ में पिपरी प्रथम व पिछौरा द्वितीय स्थान पर रहा।100 मीटर बालक स्तर में पिछौरा प्रथम, बढ़या द्वितीय स्थान पर रहा। बालिका संवर्ग के 100 मीटर की दौड़ में कंपोजिट काशीपुर प्रथम, पिछौरा द्वितीय स्थान प्राप्त किया। लम्बी कूद, कबड्डी, खोखो में बालक बालिका संवर्ग में कंपोजिट स्कूल काशीपुर अव्वल रहा, तथा ऊंची कूद और कुश्ती में पूर्व माध्यमिक विद्यालय देवरा चौधरी ने बाजी मारी। सांस्कृतिक कार्यक्रम , लोकगीत, लोकनृत्य में कंपोजिट काशीपुर का बर्चश्व रहा। इस प्रकार न्याय पंचायत स्तरीय प्रतियोगिता सम्पन्न हुआ। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि संतोष चौधरी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान कलीमुल्लाह, शमशुल हक, नीलम देवी, मोहम्मद काशिफ, अब्दुल अजीज, विजय चौधरी, जग्गल प्रसाद, सेराज अहमद, उमा, ममता श्रीवास्तव, नागेश्वर, जग्गल प्रसाद, केशव मणि, मनोज गुप्ता, अनिल यादव, शील प्रकाश, राम आशीष, आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## नीतीश कुमार का भाजपा महिला मोर्चा ने फूंका पुतला

**फर्रुखाबाद।** शहर के पक्का पुल पर भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष बबीता पाठक के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं भाजपा महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के जनसंख्या नियंत्रण को लेकर महिलाओं पर दिए गए मर्यादित बयान पर विरोध दर्ज किया एवं शहर के पक्का पुल तिराहे पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पुतला फूंका। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने नीतीश कुमार मुर्दाबाद नीतीश कुमार इस्तीफा दो के नारे लगाए। विरोध प्रदर्शन के उपरांत भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष बबीता पाठक ने कहा बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एक संवैधानिक पद पर बैठे हुए हैं और एक संवैधानिक पद पर बैठे हुए व्यक्ति अगर देश की आधी आबादी को लेकर अब मर्यादित बयान बाजी कर रहे हैं तो यह निंदनीय है भारतीय जनता पार्टी उनकी इस बयान बाजी का विरोध करती है। उन्होंने पूरे देश की महिलाओं को अपमानित करने का कार्य किया एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महिला सशक्तिकरण के लिए कार्य कर रहे हैं।

## राम लीला के दसवीं रात्रि में अंगद रावण संवाद, लक्ष्मण शक्ति, कुंभकरण वध, मेघनाथ वध एवं अहिरावण वध तक की लीला का हुआ मंचन



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** नगर पंचायत बढनीचाफ़ा में आदर्श श्रीराम लीला समिति बढ़नीचाफा के तत्वाधन मे 11 दिवसीय श्री राम लीला मंचन समारोह के दसवीं रात्रि में अंगद रावण संवाद, लक्ष्मण शक्ति, मेघनाथ वध, कुंभकरण वध का भावपूर्ण मंचन किया गया। श्रीराम ने लंका पर चढ़ाई करने से पहले समुद्र तट पर अपने आराध्य महादेव के शिवलिंग की स्थापना कर पूजा किया। इसके बाद, बानरी सेना ने समुद्र पर पुल बनाकर लंका पर चढ़ाई कर दी। राम का शांति दूत बनकर लंका में पहुंचे अंगद ने रावण से संवाद कर युद्ध को टालने का अनुरोध किया लेकिन वह युद्ध करने के लिए अडिग रहा। इसके बाद मेघनाथ और लक्ष्मण के बीच युद्ध हुआ। लक्ष्मण युद्ध भूमि में मेघनाथ के शक्ति बाण से मूर्छित हो जाते हैं और पूरा रामदल शोकाकुल हो जाता है। लक्ष्मण का मूर्छित शरीर लेकर राम विलाप करते हैं। हनुमान जी सूर्य उदय से पहले संजीवनी बूटी लेकर आ जाते हैं। इसे पीने के बाद मूर्छित लक्ष्मण ठीक हो जाते हैं और युद्ध में इंद्रजीत का वध कर देते हैं। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष धर्मराज वर्मा, मंटू पाण्डेय, शैलैन्द्र गुप्ता, विद्यासागर, अमित गुप्ता, राहुल दूबे, प्रमोद गौतम, रामनिवास यादव, मनीष श्रीवास्तव, राकेश यादव, विवेक श्रीवास्तव, प्रमोद गौतम, राजेश पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

# आरोपियों के ख़िलाफ़ विधिक कार्यवाही चल रही हैं: थानाध्यक्ष



**कुदरहा अवधनामा संवाददाता।** लालगंज थानजक्षेत्र के उजियांनपुर गाँव में दो पक्षों में मारपीट में घायल 35 वर्षीय ओमकार का मेडिकल कालेज गोरखपुर में इलाज के दौरान मंगलवार रात को मौत हो गया। मृतक का शव घर पहुँचे ही कोहराम मच गया वृहस्पतिवार ग्रामीणों ने शव को कुदरहा चौराहें पर रखकर रामजानकी मार्ग को जामकर आरोपित विवेक कुमार को गिरफ्तार करने और परिजनों के जीविकापार्जन के लिए कोटे की दुकान की मांग करने लगें थानाध्यक्ष लालगंज के समझाने बुझाने पर लोगो ने रामजानकी मार्ग खाली किया और शव का नौरहनी घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया। बुधवार शाम को मृतक ओमकार का शव पहुँचने की सूचना पर उजियांनपुर गाँव में कप्तानगंज नगर कलवारी और लालगंज पुलिस ने छावनी में तब्दील कर दिया। परिजनों का आरोप हैं किं पुलिस रात में ही ओमकार का दाहसंस्कार करवाने का दबाव बना रही थीं लेकिन स्वाजन रात में अंतिम संस्कार करने से मनाकर दिया। बृहस्पतिवार करीब दस बजे शव को कुदरहा चौराहें पर रखकर ग्रामीणों ने रामजानकी मार्ग को जामकर दिया और फरार आरोपी विवेक कुमार सेक्रेटरी को गिरफ्तार करने और कोटेदार राम सजीवन का कोटा निरस्त कर जीविकोपार्जन के मृतक के पत्नी सुनीता देवी को कोटा की दुकान की मांग पर अड़ गयें। इस दौरान पुलिस ने भीड़ को तीतर वितर करने के लिए लाठी भाजना पड़ा। थानाध्यक्ष लालगंज जितेन्द्र सिंह ने परिजनों से कहा कि आरोपियों के ख़िलाफ़ विधिक कार्यवाही चल रही हैं। जल्द ही फरार आरोपी को गिरफ्तारी के अस्वाशन पर परिजन दाहसंस्कार के लिए राजी होए और नौरहनी घाट पर अंतिम संस्कार किया। इस दौरान थानाध्यक्ष कलवारी भानुप्रताप सिंह, थानाध्यक्ष कप्तानगंज थानाध्यक्ष नगर थानाध्यक्ष मुंडेरवा के साथ भारी पुलिस बल तैनात रहें।

# पालिका प्रशासन व स्वास्थ विभाग के संयुक्त प्रबंधन में नगर में लगातार लग रहा स्वास्थ शिविर

अवधनामा संवाददाता

**टाण्डा अंबेडकरनगर।** डेंगू से बचाव के क्रम में नगर पालिका प्रशासन ने पहल करते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य को चिट्ठी लिखी जिसको देखते हुए। टाण्डा में जगह जगह चिकित्सा शिविर लगाए जाने का निर्णय लिया गया।

टाण्डा नगर पालिका की चेयरमैन शबाना नाज व अधिशाषी अधिकारी डॉ आशीष कुमार सिंह ने कहा कि डेंगू से निपटने के लिए प्रदेश सरकार लगातार कार्य कर रही है तो वहीं टाण्डा नगर पालिका की तरफ से सोमवार को काजीपुरा वार्ड के मुसहां मैदान में डेंगू से निपटने के लिए राहत कैंप लगाया गया और टाण्डा के अन्य वार्डों में भी समय समय पर लगाया जाता रहेगा। आपको बताते चलें कि चेयरमैन शबाना नाज़ के निर्देश अनुसार शहर वाशियों को डेंगू व संचारी रोगों से बचाने की मुहिम नगर क्षेत्र में सफाई छिड़काव के साथ साथ आज वार्डों में मेडिकल कैम्प का



आयोजन किया जा रहा हे। आपको बता दें कि यह मेडिकल कैंप कई वार्ड में भी लगाया जाएगा। मोहम्मद अफजल, सलमान जुहेर सालिकराम समीम आदि ने बताया है कि चेयरमैन साहिबा की कोशिश टाण्डा नगर पालिका को एक बेहतरीन नगर पालिका बनाने की है वार्ड वासियों के लिए अध्यक्ष हमेशा अग्रसर है। नागरिकों ने कहा कि टाण्डा नगरपालिका क्षेत्र में डेंगू वायरल व संचारी रोगों से ग्रषित नगर वाशियों को बचाने के लिए मेडिकल कैम्प आयोजन किया जा रहा है।

मेडिकल कैंप के साथ आयुष्मान कार्ड बनाने का भी कैंप लगाया जा रहा है। इस कैम्प का चेयरमैन शबाना नाज उनके परिवार के मो जावेद अहमद मो नसीम उर्फ पोली एसडी ने जायजा लिया ऐसे में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉ सरबत सबीह , फार्मासिस्ट राम अचल, एल टी विनोद कुमार, अकबर अली आदि लगाए गए थे ऐसे में कस्बा पूरब के एक बच्चे ताबिश नूर ने भी स्वास्थ्य परीक्षण कराया जिसके समाधान भी हुआ चिकित्सक नद बताया कि ओ पी डी के कुल 81 लोगो मे 31 की डेंगू की जांच क गई परन्तु सभी निगेटिव रहे। आयुष्मान कार्ड मित्र जितेंद्र प्रसाद व अलमाज हमीद ने पात्रता को देखते हुए कुल 55 आयुष्मान कार्ड बनाया।

# राज्यपाल अपनी सीमा समझे

संविधान में सभी बाते स्पष्ट है। प्रजातन्त्र में राज्यपाल मुख्यमंत्री उच्च पदो पर बैठाये गये मनोनीत पदाधिकारी संविधान में सभी कुछ स्पष्ट है। राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, विधायक और लोकसभा सदस्य उच्च पदो पर बैठाये गये माननीय सभी के अधिकार और कर्त्तव्यों के बारे में सन्दर्भ है। आजकल राज्यपाल और राज्यों के मुख्यमंत्रियों के बीच खीचतान की खबरे आम होती जा रही है। खासतौर से केन्द्रीय सरकार के पार्टी की सरकार जिन राज्यों में नहीं है वहां राज्यपाल और मुख्यमत्री के बीच विधेयको को लेकर टकराव आम बात है। राज्यपाल विरोधी पार्टी के मुख्यमंत्रियों द्वारा कोई विधेयक पारित होने के लिये राज्यपाल के पास भेजा जाता है वे दबाये रखते है। यह भी देखने में आ रहा है कि विधानसभा सत्र बुलाने के लिये भी राज्यपाल का मुंह देखना पड़ रह है। चूकि राज्यपाल आमतौर पर केन्द्र सरकार के पार्टी का या उसके द्वारा मनोनित आदमी होता है या रिटायर्ड नौकरशाह होता है इसलिये केन्द्र सरकार की तरफ्दारी में विधेयकों को दबाये रखता है। जबकि विघेयकों को रोकने और पुनः विचार के लिये लौटाने की सीमा होती है। राज्यपाल विधेयक निरस्त नही कर सकता है।

राज्यपाल द्वारा विधेयक रोके रहने को लेकर एक परिवाद सुप्रीम कोर्ट के सामने आया है। सुप्रीम कोर्ट मुख्य न्यायधीश नें इस पर चिन्ता जताते हुये निर्देश दिया है कि राज्यपाल थोड़ा आत्मावलोकन करें मामले शीर्ष अदालत में आने के पहले ही कारवाई की जानी चाहिये। मौजूदा विवाद भी पंजाब में सत्तासीन आम आदमी पार्टी सरकार का है। राज्य सरकारो और राज्यपालों के बीच टकराव की बात नयी नहीं है। पहले से ही हो रहा है। पर मर्यादित ढंग से निपटता भी रहा है। कभी कभी मर्यादा टूट गई है और राज्य सरकार को इस या उस बहाने से बर्खास्त कर देने की भी नौबत आई है। कभी गवर्नर के बर्ताव से विशुब्ध विधेयक राष्ट्रपति और केन्द्र सरकार के पास अपना विरोध लेकर पहुंचे। कभी मुख्यमंत्री को बहुमत साबित करने के लिये निर्देशित किया तो कभी विधानसभा भंग कर दिया गया है। विधानसभा सत्र अनिश्चित काल तक रोक भी दिया गया है। दिल्ली राज्य में आरूढ आप पार्टी की सरकार कई मुशकिलों से गुजर रही है। वहां लेफ्टीनेन्ट गवर्नर पदारूढ़ है। प्रजातन्त्र की सेहत के लिये यह सब वाजिब नहीं है। पर आजकल हो गई आवाज सस्ती और मंहगा शोर है। अगर राज्यपाल या उपराज्यपाल केन्द्र में आरूद पार्टी का नेता रहा हो तो वहां के सरकार को विघेयको को पारित कराने के लिये काफी कसरत करनी पड़ती है।

दिल्ली और पंजाब में आरूढ़ आप पार्टी की सरकारों को विधानसभा का सत्र बुलाने के लिये भी शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाना पड़ रहा है। पंजाब सरकार नें विधानसभा द्वारा पारित विधेयक को मंजूरी देने में अनावश्यक देरी लगाने के लिये वहां के राज्यपाल बी.एल.पुरोहित पर आरोप लगाते हुये शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया है। शीर्ष अदालत ने इस मामले में सख्त रूख अपनाया है। साफ साफ कहा है कि विधेयकों को रोकने की सीमा होती है। लेकिन दुखद है कि राज्य सरकारों को विधानसभा का सत्र बुलाने के लिये भी शीर्ष अदालत में आने के लिये मजबूर किया जाता है। राज्यपाल और मुख्यमंत्री के बीच इतनी कडुआहट नहीं होनी चाहिये कि बेमतलब की छोटी छोटी बातो को लेकर अदालत आना पड़े। शीर्ष अदालत इस विषय को लेकर बहुत सख्ती का रूख ठीक ही अपनाया है। विवादों के निपाटने के लिये वो भी अनावश्यक विवादों को लेकर अदालत का समय नष्ट नहीं करना चाहिये। अदालतों के पास यो ही मुकदमें के ढेर लगे हुये है। ऐसे में इस ओर भारी बनाना न तो वाजिब है न देश सेवा। आजकल अपने नाम के लिये चर्चा में आने के लिये अदालतों का बोझ बढ़ाने में लगे हुये है बेकार की अपील दायर करते रहते है।

शीर्ष अदालत ने राज्यपालो को स्पष्ट सही और संख्या टिप्पणी देते हुये समझाया हैं कि राज्यपाल अपनी सीमा समझे वे चुने हुये प्रतिनिधि नही हैं। इतने सालो से मतदान करते करते आम आदमी भी प्रजतन्त्र की पद्धतियों से वाकिफहो गया है कि प्रजातन्त्र में चुने हुये प्रतिनिधि का रूतबा और कार्यक्षेत्र तथा अधिकार पद के अनुसार सर्वोपरि होता है। यही प्रजातन्त्र का टानिक है। उम्मीद है राज्यपाल अब आत्मामन्थन कर सही दिशा निर्धारित करेगें।

# मोदी ने संसद में नॉर्थईस्ट की बाबत सारी बाते नहीं बतायीं!

के. विक्रम राव

अपने सवा दो घंटे वाले जवाब में कल (अविश्वास प्रस्ताव लोकसभा 10 अगस्त 2023) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई तथ्य भुला दिए। नेहरू वंश द्वारा पूर्वोत्तर में चार दशकों तक की मचायी विनाशलीला का सम्यक विवरण नहीं दिया। शायद प्रधानमंत्री की रिसर्च टीम में अनभिज्ञ जन थे, अथवा कांग्रेस-युगीन नौकरशाह। उन्हें इतिहास का एहसास कहां?

नरेंद्र मोदी ने कच्छिथ्तवु द्वीप का जिक्र तो किया। मगर यह विस्तार से नहीं बताया कि इसे इंदिरा गांधी ने श्रीलंका को उपहार में भेंट किया था। पिछले दिनों ही तमिलनाडु के द्रमुक मुख्यमंत्री एम.के. स्तालिन ने प्रधानमंत्री से अनुरोध किया था कि कच्छिथ्तवु को वापस भारत ले लें और तमिलनाडू में मिला दें। तब (20 जुलाई 2023) श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे आर्थिक मदद हेतु दिल्ली आए थे। तुर्रा यह कि इन्हीं स्तालिन की द्रमुक पार्टी ने अविश्वास प्रस्ताव का समर्थन किया। उनके सांसद कल वाकआउट में सोनिया-कांग्रेस के साथ थे। श्रीलंका और रामेश्वरम (भारत) के बीच कच्छिथ्तवु स्थित है। यह दोनों देशों के मछुआरों द्वारा इस्तेमाल किया जाता रहा है। भारत ने 1974 में इस द्वीप के स्वामित्व को श्रीलंका को सौंप दिया था। यह द्वीप रामनाड साम्राज्य का हिस्सा था। बाद में भारतीय उपमहाद्वीप में ब्रिटिश राज के दौरान यह मद्रास प्रेसीडेंसी का भाग बन गया था।

नरेंद्र मोदी ने ऐलान किया नार्थईस्ट हमारे जिगर का टुकड़ा है। सदन में उन्होंने राष्ट्र को याद भी दिलाया कि किस भांति इंदिरा गांधी ने मिजोरम के हिंदुस्तानी नागरिकों पर वायुसेना द्वारा 5 मार्च 1966 को बमबारी करवाई थी। कांग्रेस शासन द्वारा 1947 से की गई लंबी उपेक्षा के कारण बागी मिजो आजादी मांग रहे थे। मोदी ने सवाल किया क्या मिजोरम के लोग देश के नागरिक नहीं थे ? आज भी मिजोरम में 5 मार्च को शोक मनाया जाता है। कोई भी उस दर्द को भूल नहीं पा रहा है। फिर मोदी ने जवाहरलाल नेहरू के उस बदनुमा भाषण का उल्लेख किया जब असम में अक्तूबर 1962 में चीन से हारकर भागती भारतीय सेना पर नेहरू ने कहा मेरा हृदय असम की जनता के साथ है। मानों कम्युनिस्ट चीन ने असम पर फतह कर उसे अपना प्रांत बना लिया हो। नरेंद्र मोदी ने सांसदों को यह नहीं बताया कि किस प्रकार नेहरू ने नागा विरोधियों को भारतीय सेना द्वारा भून डाला था। नतीजन बागी नेता अंगामी जापू फिजो ने ब्रिटिश साम्राज्यवादियों की मदद से लंदन में रहते इस संवेदनशील पूर्वोत्तर प्रदेश में भारत को अपार हानि पहुंचाई थी। बड़ी संख्या में भारतीय फौज नागालैंड में अरसे तक तैनात रही। जब नेहरू कोहिमा गए थे (30 मार्च 1953), प्रधानमंत्री बनने के छः साल बाद, तो जनसभा में नागा नेताओं को आने नहीं दिया गया। मोदी ने सदन को यह नहीं बताया कि नेहरू सरकार द्वारा मणिपुर की निर्वाचित विधानसभा 16 जुलाई 1959 को भंग कर लोकतंत्र का वध करने के खिलाफ सर्वप्रथम डॉ. राममनोहर लोहिया की क्या संघर्ष रहा? यह सोशलिस्ट ही मणिपुर में पहले सत्याग्रही थे। तब लोहिया ने लिखा था देश की पूर्वी सीमा पर लगभग पचास हजार वर्ग मील का यह क्षेत्र बाकी हिंदुस्तान के लोगों के लिए वर्जित क्षेत्र है, जिसमें कोई भी भारतीय नागरिक खास परमिट लिए बिना प्रवेश नहीं कर सकता, जब कि संविधान पूरे देश में लागू होता है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

हम टू प्लस टू वार्ता के उद्देश्यों की करें तो, उन्होंने कहा, आगामी पांचवी अमेरिका-भारत टू प्लस टू मंत्रिस्तरीय वार्ता एक मजबूत साझेदारी को गहरा करने का वादा करती है जिसमें खासकर रक्षा सहयोग के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति देखी गई है। इस सप्ताह भारत में होने वाली टू प्लस टू मंत्रिस्तरीय वार्ता में दोनों देशों के शीर्ष अधिकारी शामिल होंगे। हिंद-प्रशांत एक जैव-भौगोलिक क्षेत्र है, जिसमें हिंद महासागर और दक्षिण चीन सागर सहित पश्चिमी और मध्य प्रशांत महासागर शामिल है।

# भारत-अमेरिका : प्रौद्योगिकी, रक्षा व विकास पर टू प्लस टू बात

वैश्विक स्तरपर भारत अमेरिका के बढ़ते प्रगाढ़य संबंधों पर पूरी दुनियां की नज़रें लगी हुई है, क्योंकि हर देश आज समझ चुका है कि भारत को साथ लिए बिना वैश्विक मंचों पर कोई निर्णय लेना सटीक नहीं होगा।अब तो जी-20 में भारत की पहल पर अफ्रीकी संघ जिसमें 49 देश शामिल है को भी, जी 20 में 21 वां सदस्य बनाया गया है जिसके कारण भारत दक्षिण एशिया का लीडर बनकर उभर रहा है और जी-20 में मध्य पूर्व यूरोपीय आर्थिक गलियारा स्थापित करने को भी घोषणा की गईहैसर्वेविद्त है कि भारत अमेरिका पिछले कुछ वर्षों से अनेकों कार्य मिलकर रणनीतिक साझेदारी के तहत कर रहे हैं, अनेकों मुद्दों पर विदेश, रक्षा प्रौद्योगिकी मंत्री सहित दोनों देशों के प्रमुख समकक्ष वार्ता करते रहते हैं। जैसे वर्ष 2018 से भारत अमेरिका में टू प्लस टू वार्ता भी होती रही है इसी कड़ी में भारत के सबसे पवन पर्वों में से एक धनतेरस के दिन यानें 10 नवंबर 2023 को अमेरिकी विदेश, रक्षा मंत्री की भारतीय समकक्ष के साथ टू प्लस टू वार्ता का आयोजन किया गया है जिसके विस्तृत सकारात्मक दूरगामी परिणाम निकलने की संभावना है। धनतेरस का दिन सबसे शुभ माना जाता है क्योंकि पंच-पर्व दीपावली का पहला पर्व धनतेरस इस बार पराक्रम योग के साथ शुक्रवार, 10 नवम्बर को मनाया जाएगा। इस दिन शुक्र प्रदोश भी रहेगा, जिस कारण से शुक्र प्रदोश और धन त्रयोदशी का महासंयोग बन रहा है। साथ ही विष कुंभ योग भी है। त्रयोदशी तिथि 10 नवंबर को दोपहर 12 बजकर 36 मिनट से शुरू होकर अगले दिन 11 नवंबर को दोपहर 01 बजकर 58 तक रहेगी। यदि प्रदोष काल, स्थिर लग्न यानि वृषभ लग्न के दौरान धनतेरस पूजा की जाये तो लक्ष्मीजी घर में ठहर जाती है। चूंकि इस शुभ अवसर पर दोनों जिगरी दोस्त मिल बैठ करटू प्लस टू वार्ता कर रहे हैं, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे भारत अमेरिका द्विपक्षीय संबंधों को प्रगाढ़य करने 2018 से टू प्लस टू वार्ता के दूरगामी सकारात्मक परिणाम आते रहे हैं।



किशन भावनानी

साथियों बात कर हम भारत अमेरिका के 10 नवंबर 2023 को टू प्लस टू वार्ता की करें तो, दोनो के बीच इस सप्ताह टू प्लस टू वार्ता होने जा रही है। दोनों देशों के बीच यह बातचीत ऐसे समय पर हो रही है जब चीन ने हिंद प्रशांत क्षेत्र में अपनी दादागीरी को तेज कर दिया है। एक अमेरिकी विशेषज्ञ के अनुसार, भारत और अमेरिका के बीच टू प्लस टू मंत्रिस्तरीय वार्ता दोनों देशों की वैश्विक साझेदारी के प्रति अटूट प्रतिबद्धता और स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत के लिए उनके साझा दृष्टिकोण की पुष्टि करने के वास्ते एक मंच के रूप में काम करेगी। यह बैठक इस सप्ताह नयी दिल्ली में आयोजित की जाएगी। विदेश मंत्रालय ने इस महीने की शुरुआत में कहा था कि अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन अपने भारतीय समकक्ष विदेश मंत्री एस. जयशंकर और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ इस सप्ताह पांचवीं टू प्लस टू मंत्रिस्तरीय वार्ता के लिए भारत जाएंगे। मंत्रालय ने कहा कि ब्लिंकन और ऑस्टिन अन्य वरिष्ठ भारतीय अधिकारियों के साथ द्विपक्षीय एवं वैश्विक चिंताओं एवं हिंद-प्रशांत में जारी गतिविधियों पर चर्चा करेंगे। एशिया सोसाइटी पॉलिसी इंस्टीट्यूट के साउथ एशिया इनिशिएटिव्स की निदेशक ने कहा कि एक जटिल और लगातार विकसित हो रहे वैश्विक परिदृश्य की पृष्ठभूमि में यहसंवाद अमेरिका और भारत की वैश्विक साझेदारी और एक स्वतंत्र एवं मुक्त हिंद-प्रशांत के लिए उनकी साझा दृष्टि के प्रति अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि करने के मंच के रूप में काम करेगा। दोनों पक्ष हिन्द प्रशांत क्षेत्र सहित रक्षा उपकरणों के विकास से संबंधित संयुक्त उपक्रमों पर भी बातचीत करेंगे। इसके अलावा लड़ाकू विमानों के लिए इंजन , एम क्यू प्रीडेटर ड्रोन और सेमीकंडक्टर विनिर्माण के बारे में चल रही बातचीत को भी आगे बढाया जायेगा। दोनों देशों के बीच मंत्री स्तरीय टू प्लस टू संवाद वर्ष 2018 से हो रहा है। दोनों देश भारतीय पीएम और अमेरिकन राष्ट्रपति के बीच गत जून और सितम्बर में हुए विचार विमर्श के आधार पर भारत- अमरीका साझीदारी के भविष्य के रोडमैप पर बातचीत करेंगे। इसके अलावा समसामयिक क्षेत्रीय मुद्दों तथा क्वाड जैसे मंचों पर सहयोग बढाने के बारे में भी चर्चा की जायेगी। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि इस मौके पर दोनों देशों के मंत्रियों के बीच द्विपक्षीय वार्ता भी होगी।



साथियों बात अगर हम टू प्लस टू वार्ता के उद्देश्यों की करें तो, उन्होंने कहा, आगामी पांचवी अमेरिका-भारत टू प्लस टू मंत्रिस्तरीय वार्ता एक मजबूत साझेदारी को गहरा करने का वादा करती है जिसमें खासकर रक्षा सहयोग के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति देखी गई है। इस सप्ताह भारत में होने वाली टू प्लस टू मंत्रिस्तरीय वार्ता में दोनों देशों के शीर्ष अधिकारी शामिल होंगे। हिंद-प्रशांत एक जैव-भौगोलिक क्षेत्र है, जिसमें हिंद महासागर और दक्षिण चीन सागर सहित पश्चिमी और मध्य प्रशांत महासागर शामिल है। अमेरिका, भारत और कई अन्य विश्व शक्तियां संसाधन संपन्न क्षेत्र में चीन की बढ़ती सैन्य गतिविधि की पृष्ठभूमि में एक स्वतंत्र, खुले और संसाधन संपन्न हिंद-प्रशांत को सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर चर्चा कर रही हैं।इजराइल-हमास संघर्ष पर भारत क्वाड देशों के साथ कहीं अधिक जुड़ा हुआ है,जो गंभीर अंतरराष्ट्रीय चुनौतियों पर समान विचारधारा वाले भागीदारों के साथ भारत के गहरे जुड़ाव का संकेत है। उन्होंने कहा, इसके अलावा अमेरिका भारत-कनाडा विवाद मामले में अंतरराष्ट्रीय समझौतों का पालन करने के महत्व पर जोर देते हुए कनाडा की जांच में फिर से भारत के सहयोग का आह्वान कर सकता है। यह कूटनीतिक उलझन एक चुनौती पैदा कर सकती है, लेकिन यह इस बात की याद भी दिला सकता है कि विशिष्ट मुद्दों पर मतभेद से द्विपक्षीय संबंध पटरी से नहीं उतरेंगे। उन्होंने कहा, इन चुनौतियों से परे संवाद का उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के दायरे का विस्तार करना है। यह केवल रक्षा के बारे में नहीं है बल्कि इसमें जलवायु, ऊर्जा, स्वास्थ्य, आतंकवाद विरोधी, शिक्षा और लोगों से लोगों के बीच संबंध भी शामिल है। आगे कहा, वर्तमान में रक्षा क्षेत्र में प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और सह-उत्पादन पर ध्यान केंद्रित है, जो सैन्य क्षमताओं को बढ़ावा देने में नवाचार के महत्व को रेखांकित करता है। क्रिटिकल एंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजी पर पहल (आईसीईटी) के एजेंडे में होने की उम्मीद है, जो भारत-अमेरिका रक्षा त्वरित पारिस्थितिक तंत्र (इंडस-एक्स) के माध्यम से नवाचार को बढ़ावा देने वाला है। चीन विवादित दक्षिण चीन सागर के लगभग पूरे हिस्से पर दावा करता है, जबकि ताइवान, फिलीपीन, ब्रुनेई, मलेशिया और वियतनाम सभी इसके कुछ हिस्सों पर दावा करते हैं। बीजिंग ने दक्षिण चीन सागर में कृत्रिम द्वीप और सैन्य प्रतिष्ठान बनाए हैं। चीन का पूर्वी चीन सागर में जापान के साथ भी क्षेत्रीय विवाद है। उन्होंने कहा कि बातचीत एक महत्वपूर्ण मोड़ पर है, जहां यूक्रेन में संकट और इजराइल हमास संघर्ष की छाया मंडरा रही है।

# लैंगिक असमानता का शिकार होती पर्वतीय महिलाएं

पर्वतीय इलाकों को शान्त माना जाता है पर ऐसा नहीं की यहां हिंसा नहीं होती हो, पर इनके प्रति आवाज नहीं उठायी जाती है। जिसके कारण महिलाओं को शाब्दिक और शारीरिक हिंसा का शिकार होना पड़ता है। यह हिंसा कभी परंपरा तो कभी चरित्र के नाम पर की जाती है। लिंग भेदभाव का सबसे ज्वलंत उदाहरण देश में हर स्थान पर देखने को मिलता है। बेटे के जन्म के समय जश्न व बेटी के जन्म पर सामान्य व्यवहार होता है तो कई बार बेटी को जन्म लेने से पहले ही भ्रूण हत्या कर दी जाती है। यह सभ्य समाज के लिए शोचनीय विषय है। महिलाओं से समाज है तो उन्हीं को क्यों खत्म किया जाता है।

लड़की हो दायरे में रहो यह वाक्य अक्सर हर घरों में सुनने को मिलता है, जो लैंगिक असमानता का सबसे ज्वलंत उदाहरण है। विश्व आर्थिक मंच द्वारा 20 जून 2023 को जारी वैश्विक लैंगिक अंतराल रिपोर्ट में विश्व के 146 देशों की स्थिति के आकलन में भारत को 127 वां स्थान दिया गया है। लैंगिक असमानता हमारे रूढ़िवादी व पुरूषवादी समाज की सबसे बड़ी व गंभीर समस्या है। हजारों वर्षो से हम सबकी संकीर्ण सोच हमारे देश व समाज की प्रगति में बाधक बनती रही है। देश ने जहां विज्ञान, शिक्षा व टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में प्रगति की है, वहीं सोच का स्तर आज भी तुलनात्मक रूप से काफी पीछे है। हालांकि शहरों की सोच में कुछ परिवर्तन तो आया है, लेकिन ग्रामीण और पर्वतीय क्षेत्रों में आज भी लिंग के आधार पर भेदभाव की प्रवृति देखने को मिलती है। चाहे वह घर-गृहस्थी का काम हो या फिर शिक्षा, घर से बाहर के काम हो या फिर पारिवारिक निर्णय में राय देने की बात ही क्यों न हो, भेदभाव के चलते महिलाओं को पर्दे के पीछे रहना पड़ता है।



बीना बिष्ट

पहाड़ी राज्य उत्तराखंड के नैनीताल स्थित धारी ब्लॉक के अनर्पा गांव की ग्राम प्रधान रेखा आर्या पर्वतीय क्षेत्रों में लैंगिक हिंसा की बात को स्वीकार करते हुए कहती हैं कि सरकार द्वारा महिलाओं को समानता व आत्मनिर्भर के उद्देश्य से कई पदों को महिला सीट के रूप में नियत किया गया है। हालांकि इन पदों पर नाम महिलाओं का होता है लेकिन कार्य की समस्त जिम्मेदारी उनके पतियों द्वारा निभाई जाती है। 90 प्रतिशत महिलाओं को इस जिम्मेदारी को संभाल पाने में असमर्थ मान लिया जाता है। कई बार अधिकारियों की मीटिंग में उनके पति ही भाग लेते हैं। यहां तक कि ग्रामीण कार्यो में भी उनकी राय तक नहीं ली जाती है। समाज की संकीर्ण मानसिकता है कि महिलाओं की तुलना में पुरुष अच्छा कार्य करते हैं। लेकिन ऐसा सोचने वाले भूल जाते हैं कि यदि एक महिला घर को संभाल सकती है तो बाहर के कार्यो को भी वह बखूबी संभाल सकती है।



लेकिन पर्वतीय क्षेत्रों में आज भी महिलाओं के साथ अलग सा व्यवहार किया जाता है। भले ही वह दिखाई कम देता है पर महिलाएं आज भी लैंगिक असमानता के दर्द को किसी न किसी रूप में झेल रही हैं। आज भी महिलाएं घरों के काम तक सीमित हैं। नौकरी पेशा करने वालों की संख्या ना के बराबर होती है। आज भी लड़कियों को शिक्षा, शादी के लिए परिवार के निर्णयों के सामने झुकना ही पड़ता है। मैदानी क्षेत्रों में महिला शिक्षित होकर अपने अधिकारों के लिए प्रयासरत हो रही है लेकिन पर्वतीय क्षेत्रों में इण्टर के बाद अधिकांश लड़कियों की शादी हो जाती है जिससे वह उच्च शिक्षा से वंचित हो अपने अधिकार को समझ भी नहीं पाती है। महिलाओं को कभी शारीरिक तो कभी मानसिक हिंसा झेलनी पड़ती है जो कभी समाज की प्रतिष्ठा तो कभी परंपरा के नाम पर की जाती है।

इस संबंध में इंटर की छात्रा कल्पना बिष्ट का कहना है कि उन्हें स्कूल जाने से पहले व घर आने के बाद घर के सारे काम काज करने होते हैं। लेकिन घर के लड़कों को किसी भी कार्य के लिए नहीं बोला जाता है। माता पिता भी अपनी संतानों में लिंग के आधार पर कार्य का निर्धारण करते हैं। एक ओर अधिकांश कार्य महिलाओं द्वारा किये जाते हैं चाहे वह खेतों का हो या जंगलों का, वहीं दूसरी ओर महिलाओं को वह दर्जा नहीं दिया जाता है जिसकी वो हकदार होती हैं। पर्वतीय इलाकों को शान्त माना जाता है पर ऐसा नहीं की यहां हिंसा नहीं होती हो, पर इनके प्रति आवाज नहीं उठायी जाती है। जिसके कारण महिलाओं को शाब्दिक और शारीरिक हिंसा का शिकार होना पड़ता है। यह हिंसा कभी परंपरा तो कभी चरित्र के नाम पर की जाती है। लिंग भेदभाव का सबसे ज्वलंत उदाहरण देश में हर स्थान पर देखने को मिलता है। बेटे के जन्म के समय जश्न व बेटी के जन्म पर सामान्य व्यवहार होता है तो कई बार बेटी को जन्म लेने से पहले ही भ्रूण हत्या कर दी जाती है। यह सभ्य समाज के लिए शोचनीय विषय है। महिलाओं से समाज है तो उन्हीं को क्यों खत्म किया जाता है।

नाम नहीं बताने की शर्त पर 35 वर्षीय एक महिला का कहना है लिंग भेदभाव के चलते कई बार उन्हें समाज के सामने अपमानित होना पड़ा है। बचपन में विवाह के लिए तैयार न होने पर घरों वालो द्वारा दबाब दिया गया। घर में मेरी शिक्षा से अधिक विवाह की चिंता थी। मुझ से बार बार यह कहा जाता है कि %लड़की हो सही समय में विवाह हो जाए तो उचित होता है%। मात्र 19 वर्ष की आयु में मेरा विवाह कर दिया गया। विवाह के बाद घर की जिम्मेदारी आने के चलते मुझे अपनी शिक्षा छोड़नी पड़ी। कम उम्र में ससुराल वालों के ताने सुनने पड़ते थे। वह कहती हैं कि आज भी पर्वतीय क्षेत्रों में कई लड़कियां इस दर्द को खामोशी के साथ सह रही हैं। सिर्फ इस भाव से क्योंकि उन्होंने इसे अपना नसीब मान लिया है।

नैनीताल उच्च न्यायालय के अधिवक्ता महेन्द्र सिंह कहते हैं कि वह विगत सात वर्षो से वकालत कर रहे हैं। इस बीच कई मामले उनके पास आये जो लैंगिक हिंसा से जुड़े थे। उन्हें लगता है कि इस प्रकार के मामले को बढ़ाने में हमारी संकीर्ण सोच, अंधविश्वास, दहेज प्रथा के साथ साथ सामाजिक बुराईयों का भी बहुत बड़ा हाथ होता है। परन्तु जैसे जैसे लड़कियां शिक्षा लेने के साथ आगे बढ़ रही हैं समाज का नजरिया बदल रहा है। लेकिन फिर भी पूरी तरह से इस बदलाव में काफी समय लगेगा। लैंगिक असमानता भविष्य में विकराल रूप लेगी यह किसी प्रश्नवाचक चिन्ह से कम नहीं है। सरकार तो प्रयास कर ही रही है पर इन प्रयासों को हकीकत में बदलने के लिए हमारी सोच में बदलाव के साथ इसके प्रति आवाज उठाने की ज़रूरत है। (चरखा फीचर)

# 'वात्सत्य पीठ' सुखद शांति एवं अध्यात्म का नीड़ होगा

'वात्सत्य पीठ' एक प्रकाश गृह होगा। 'तमसो मा ज्योतिर्गमय'- अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाला अनूठा आध्यात्मिक ज्योति केन्द्र। यहां पहुंच कर हर व्यक्ति प्रकाश का साक्षात्कार करने की अपनी अभीत्सा का पूरा होते हुए देख सकेगा। क्योंकि ज्योति की यात्रा मनुष्य की शाश्वत अभीप्सा है। इस यात्रा का उद्देश्य है, प्रकाश की खोज।

साधना से मुक्ति और मोक्ष की आस में आस्था का प्रवाह यहां उमड़ता-घुमड़ता है। राजधानी दिल्ली की भीड़भाड एवं हलचल के बीच यह वही कोना है जहां आकर एक विलक्षण एवं वात्सल्य की प्रतिमूर्ति साध्वीप्रमुखा कनकप्रभा ने चीर निद्रा पायी। उनकी स्मृतिभूमि अब वात्सत्यपीठ के रूप में आकार ले रही है, जिसका शिलान्यास राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघ चालक मोहन भागवत 27 अगस्त, 2023 को करने जा रहे हैं। संवेदनहीनता एवं संकीर्णताओं के बीच एक आस गूंजती है, यह आस है वात्सल्य की, करुणा की, संवेदनाओं की। इसी आस में निहित है जीवन का वास्तविक संगीत, जीवन का वास्तविक अर्थ। जिनके कारण हम है, हमारा अस्तित्व है, इसी में समाया है मोक्ष एवं मुक्ति का सुख। जहां आकर संबुद्ध हुआ जा सकेगा, ध्यानी हुआ जा सकेगा। यह वही मिट्टी है जिसकी खूशबु में महकेगी साध्वी प्रमुखा कनकप्रभा की अनगिन वात्सल्य कथाएं।



ललित गर्ग

लगभग सात दशकों से साधना भूमि बने अध्यात्म साधना केन्द्र के जर्रे-जर्रे में महकती है, गूंजती है इबादतें, प्रार्थनाएं एवं आध्यात्मिकता की स्वर रश्मियां। अब इसमें जुड़ रहा है एक नया आयाम वात्सल्य पीठ के रूप में। इक्कीसवीं सदी तो महिलाओं के वर्चस्व की सदी मानी जाती है। उन्होंने विभिन्न दिशाओं में सृजन की ऋचाएं लिखी हैं, नया इतिहास रचा है। अपनी योग्यता और क्षमता से स्वयं को साबित किया है। अध्यात्म के क्षेत्र में भी साध्वी प्रमुखा कनकप्रभा ने एक छलांग लगाई और जीवन की आदर्श परिभाषाएं गढ़ी। अध्यात्म की उच्चतम परम्पराओं, संस्कारों और जीवनमूल्यों से प्रतिबद्ध इस महान विभूति ने, चैतन्य रश्मि ने, आध्यात्मिक गुरु ने, वात्सल्य ऊर्जा ने जैन धर्म के प्रमुख तेरापंथ संप्रदाय में 19 वर्ष की उम्र में दीक्षित होकर राष्ट्रसंत अणुव्रत अनुशास्ता आचार्य श्री तुलसी की महनीय कृति के रूप में लोकप्रियता पायी थी। जैसे कृष्ण-प्रेम में मीरा दीवानी हुई, वैसे ही तुलसी-भक्ति में साध्वीप्रमुखा कनकप्रभा ने भक्ति एवं सृजन का सन्देश दिया, वात्सत्य प्रतिमूर्ति बन 750 साध्वियों का नेतृत्व किया और स्त्री-चेतना की सशक्त आवाज बनी। सात सौ साध्वियों के परिवार को संभालना दुनिया का बड़ा आश्चर्य है, यह आश्चर्य तब और बड़ा हो जाता है जब इसमें स्नेह एवं वात्सल्य समाया हो, इसीलिये साध्वीप्रमुखा कनकप्रभा के स्मृति स्थल को वात्सल्य पीठ के रूप में विलक्षण आध्यात्मिक शक्ति केन्द्र बनाया जा रहा है, जो एक स्वप्न, एक कल्पना का यथार्थ होगा, जहां की बहुआयामी एवं अलौकिक आध्यात्मिक छटाएं अपने नाम की सार्थकता सिद्ध कर रही होगी।

तेरापंथ धर्मसंघ के आचार्यों के निर्देशन में तेरापंथ के विशाल साध्वी संघ का नेतृत्व करने वाली संघ महानिर्देशिका और महाश्रमणी को आचार्य महाश्रमण ने शासनमाता एवं असाधारण साध्वीप्रमुखा के महनीय संबोधनों से संबोधित किया। उनकी स्मृति-स्थल को 'वात्सल्य पीठ' का नाम दिया, जो अब एक विलक्षण, अद्भुत एवं अपूर्व आध्यात्मिक स्थल बनने जा रहा है। इस अनूठे आध्यात्मिक स्थल को आकार देने की जिम्मेदारी श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा, दिल्ली को दी गयी है, जिसके अध्यक्ष श्री सुखराज सेठिया एवं अन्य पदाधिकारी इस कार्य में जुटे हैं।



'वात्सत्य पीठ' एक प्रकाश गृह होगा। 'तमसो मा ज्योतिर्गमय'- अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाला अनूठा आध्यात्मिक ज्योति केन्द्र। यहां पहुंच कर हर व्यक्ति प्रकाश का साक्षात्कार करने की अपनी अभीत्सा का पूरा होते हुए देख सकेगा। क्योंकि ज्योति की यात्रा मनुष्य की शाश्वत अभीप्सा है। इस यात्रा का उद्देश्य है, प्रकाश की खोज। प्रकाश उसे मिलता है, जो उसकी खोज करता है। कुछ व्यक्तित्व प्रकाश के स्रोत होते हैं। वे स्वयं प्रकाशित होते हैं और दूसरों को भी निरंतर रोशनी बांटते हैं। साध्वीप्रमुखा कनकप्रभा ऐसा ही एक लाइटहाउस था यानी प्रकाश-गृह, जिसके चारों ओर रोशनदान थे, खुले वातायन था। इस वात्सल्य पीठ को भी ऐसा ही स्वरूप दिया गया है, जिसमें रोशनदान है, खुले वातायन है। साध्वीप्रमुखा कनकप्रभा की प्रखर संयम साधना, श्रुतोपासना और आत्माराधना से उनका समग्र जीवन उद्भासित है। आत्मज्योति से ज्योतित उनकी अंतश्चेतना, अनेकों को आलोकदान करने में समर्थ थी। उनका चिंतन, संभाषण, आचरण, सृजन, संबोधन, सेवा- ये सब ऐसे खुले वातायन थें, जिनसे निरंतर आलोक प्रस्फुटित होता रहता था और पूरी मानवजाति को उपकृत कर रहा था।

'वात्सत्य पीठ' सुखद शांति का नीड़ होगा, उल्लास एवं करुणाभरे इस अन्तस्तल में जीवन को नयी दिशा एवं नया मुकाम मिल सकेगा। क्योंकि इसमें साध्वीप्रमुखा कनकप्रभा के जीवन की ज्ञान, दर्शन और चरित्र की त्रिवेणी प्रवहमान होगी। ऐसा संभव इसलिये होगा कि उनका बाह्य व्यक्तित्व जितना आकर्षक और चुंबकीय था, आंतरिक व्यक्तित्व उससे हजार गुणा निर्मल और पवित्र था, वे करुणा एवं वात्यल्य साक्षात् मूर्ति थी। वे व्यक्तित्व निर्माता थीं, उनके चिंतन में भारत की आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक चेतना प्रतिबिम्बित थी। वे मुस्कान से मोक्ष की पथिक थी। उनकी वैचारिक उदात्तता, ज्ञान की अगाधता, आत्मा की पवित्रता, सृजनधर्मिता, अप्रमत्तता और विनम्रता उन्हें विशिष्ट श्रेणी में स्थापित करती हैं। उनकी सत्य-निष्ठा, चरित्र-निष्ठा, सिद्धांत-निष्ठा और अध्यात्म-निष्ठा अद्भुत थीं। अनुशासन और प्रबंधन पटुता से उन्होंने तेरापंथ में नए आयाम उद्घाटित किए थे। उन्होंने संतता एवं साधना को सृजन का आयाम दिया था, उनकी साधुता एक संकल्प था मानव जीवन को सुंदर बनाने का, लोगों की भलाई और स्वयं के निर्माण का। इससे संसार से सम्बन्ध टूटता नहीं बल्कि परमात्मा से जुड़ आत्म-साधना द्वारा जीवन पूर्णतः मानव उत्थान, समाज कल्याण, सेवा, दया और सद्मार्ग के कर्मों का पर्याय बन जाता है। इस तरह वे व्यक्ति-क्रांति से विचार-क्रांति की दीपशिखा बनी, इसी दीपशिखा की उर्मियां इस स्थल को जीवंतता प्रदान करेंगी।

'वात्सत्य पीठ' उन्नत जीवन एवं आध्यात्मिक की अमिट रेखाएं खींचेगा। क्योंकि साध्वीप्रमुखा कनकप्रभा ने अपने सम्पूर्ण जीवन में अपने कर्तृत्व की अमिट रेखाएं खींची हैं, वे इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित रहेगी। उन्हें हम साहित्य स्रष्टा के साथ-साथ धर्म क्रांति और समाज क्रांति के सूत्रधार कह सकते हैं। उनके विराट व्यक्तित्व को किसी उपमा से उपमित करना उनके व्यक्तित्व को ससीम बनाना होगा। उनके लिए तो इतना ही कहा जा सकता है कि वे विलक्षण थीं, अद्भुत थीं, अनिर्वचनीय थीं। उनकी अनेकानेक क्षमताओं एवं विराट व्यक्तित्व का एक पहलू है उनमें एक सृजनकार का बसना। वे एक उत्कृष्ट एवं संवेदनशील साहित्यकार थीं। साहित्य-सृजन व संपादन के क्षेत्र में तेरापंथ धर्मसंघ की आप प्रथम साध्वीप्रमुखा थीं, आपमें साहित्य-लेखन और साहित्य-संपादन की बेजोड़ कला थी। यह आपकी सजगता और अथक परिश्रम का ही परिणाम है कि आपके द्वारा लिखित साहित्य व संपादित ग्रंथों की एक विस्तृत सूची है जो बड़े-बड़े बुद्धिजीवी, धुरंधर विद्वानों को भी आाश्चर्यचकित कर देती है।

# वॉलीबाल चैंपियनशिप का जसपुर के सिर सजा ताज

### पहले के बाद तीन सेटों के कड़े मुकाबले में हावी रही पायानियर की टीम

- पायानियर के कप्तान गगनदीप टम्टा को बने बेस्ट अटेकर ऑफ द टूर्नामेंट

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद में टिमिट कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन की ओर से आयोजित दूसरी टीएमयू वॉलीबाल इंटर स्कूल स्पोर्ट्स चैंपियनशिप के कड़े फाइनल मुकाबले में पायनियर एकेडमी, जसपुर की टीम जेके कॉन्वेन्ट स्कूल, बिलासपुर पर भरी पड़ी। पायनियर एकेडमी ने 4-1 से जेके कॉन्वेन्ट को मात देकर और चैंपियन ट्राफी अपने नाम कर ली। फर्स्ट रनर अप जेके कॉन्वेन्ट, जबकि सेकेंड रनर अप जेनेसिस इंटरनेशनल स्कूल, जसपुर रही। इन तीनों टीमों को गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल से नावजा गया। जेके कॉन्वेन्ट की टीम ने सभी सेटों में पायानियर को कड़ी टक्कर देती दिखी। पहले सेट में 25-18 से जेके कॉन्वेन्ट ने जीत प्राप्त की, लेकिन तीन सेटों में पायनियर के खिलाड़ियों ने लीड बनाए रखी। मसलन, दूसरे सेट में 27-25, तीसरे सेट में 25-21 और चौथे सेट में 25-23 से पायनियर की टीम विजेता रही। पायानियर एकेडमी के कप्तान गगनदीप टम्टा को बेस्ट अटेकर ऑफ द टूर्नामेंट, जबकि जेके कॉन्वेन्ट स्कूल के प्लेयर करन को बेस्ट डिफेंडर ऑफ द टूर्नामेंट घोषित किया गया। अंत में अतिथियों ने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्राफी, मेडल्स और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। बतौर मुख्य अतिथि डीन स्टुडेंट वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह बोले, खिलाडी मन से खेलें। खेलों में युवाओं का जोश, जुनून और जज्बा बरकरार रहना चाहिए। अंततः आपकी लगन आपकी मेधा को मेडल्स में परिवर्तित कर देती है। इस मौके पर अतिथि के रूप में फाइन आर्ट्स के प्रिंसिपल श्री रविन्द्र देव के संग-संग फिजिकल एजुकेशन के प्राचार्य प्रो. मनु मिश्रा की भी उल्लेखनीय मौजूदगी रही। पायनियर की ओर से गननदीप टम्टा ने कप्तान और श्री मोहित पंवार ने बतौर कोच की भूमिका निभाई, जबकि जेके की ओर से बतौर कप्तान अंकित कंबोज और कोच राजेश चौहान ने भूमिका निभाई। रेफरी की भूमिका श्री विशाल सिंह और श्री प्रशान्त पाण्डेय ने निभाई, जबकि मो. जीशान और श्री अशेष चौहान बतौर स्कोरर शामिल रहे।

# टीएमयू में विधिक सेवा दिवस पर पुरस्कृत हुए स्टुडेंट्स




अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद संबद्ध कॉलेज ऑफ लॉ एंड लीगल स्टडीज में चार दिन से जारी लेक्स कार्निवाल का गुरुवार को भव्य समारोह के बीच समापन हुआ। इस मौके पर विधि संकाय में विधिक सेवा दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य-अतिथि, अपर जिला जज श्रीमती माधवी सिंह, एसीजेएम प्रथम श्री सचिन दीक्षित, तहसीलदार श्री रामवीर सिंह, नायब तहसीलदार श्री गौरव विश्नोई, टीएमयू के रजिस्ट्रार डॉ. आदित्य शर्मा, डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी अतिथियों ने विधि संकाय में आयोजित विधि विद्यार्थियों की ओर से बनाई रंगोली और पोस्टर प्रदर्शनी का फीता काटकर शुभारंभ किया। प्रदर्शनी का अवलोकन कर विद्यार्थियों की प्रतिभा को सराहा। विधि संकाय के मूट कोर्ट में आयोजित विधिक सेवा दिवस पर संबोधित करते हुए, एसीजेएम प्रथम श्री सचिन दीक्षित ने न्यायिक व्यवस्था में अधिवक्ताओं की भूमिका पर विचार रखे। तहसीलदार श्री रामवीर सिंह ने विधि विद्यार्थियों से अंत्योदय वर्ग विशेषकर ग्रामीण अंचल के लोगों को विधिक रूप से जागरूक करने की अपील की। नायब तहसीलदार श्री गौरव विश्नोई ने विधिक जागरूकता का महत्व बताया। डीन एकेडमिक प्रो. मंजुला जैन ने विधि विद्यार्थियों की प्रतिभा की मुक्तकंठ से सराहना की। इस तरह के गतिविधियां निरंतर आयोजित करने की बात कही। मुख्य-अतिथि अपर जिला जज श्रीमती माधवी सिंह ने विधि विद्यार्थियों से वर्तमान परिप्रेक्ष्य में व्यवहारिक रूप से सक्रिय होकर न्यायिक क्षेत्र की दिशा में सक्रिय होकर कार्य करने की बात कही।

# प्रदूषणमुक्त एवं खुशहाल दीपावली के लिए छात्रों ने निकाली रैली

अवधनामा संवाददाता




**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, आर.डी.एस.ओ. कैम्पस के छात्रों ने आज एक विशाल रैली निकालकर एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से समस्त देशवासियों से खासकर हम उम्र छात्रों व सहपाठियों से 'पटाखा रहित दीपावली' मनाने की जोरदार अपील की। इस विशाल रैली के माध्यम से सी.एम.एस. आर.डी.एस.ओ. कैम्पस के छात्रों ने 'दीवाली जरूर मनायेंगे, पटाखा नहीं छुड़ायेंगे', 'वातावरण को बचाओ, पटाखा मिटाओ', 'अंधकार मिटायेंगे, दीप जलायेंगे, दीवाली मनायेंगे, पटाखा नहीं जलायेंगे' आदि नारे लिखे पोस्टर व बैनर के साथ पूरे क्षेत्र में घूम-घूमकर 'पटाखा रहित दीवाली' मनाने का अभूतपूर्व अलख जगाया। इस विशाल मार्च द्वारा सी.एम.एस. छात्रों ने संदेश दिया कि देश हित में, समाज हित में, पर्यावरण के हित में एवं स्वयं खुद के जानमाल के हित में पटाखा रहित दीवाली मनाएं और बुराई से अच्छाई की ओर अग्रसर हो। सी.एम.एस. छात्रों की इस विशाल रैली में वरिष्ठ नागरिकों व समाजिक कार्यकर्ताओं ने शामिल होकर प्रदूषणमुक्त एवं खुशहाल दीपावली मनाने का संकल्प जगाया।

इस अवसर पर सी.एम.एस. आर.डी.एस.ओ. कैम्पस की प्रधानाचार्या श्रीमती ज्योत्सना अतुल ने कहा कि सी.एम.एस. छात्र इस बात को महसूस करते हैं कि सुख और समृद्धि के त्योहार दीपावली का वास्तविक आनन्द पटाखा रहित दीवाली में ही निहित है। पटाखों के कारण प्रतिवर्ष हजारों बच्चे दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं साथ ही अनेक प्रकार की जहरीली गैसें वायुमण्डल को बुरी तरह प्रदूषित करती हैं। श्रीमती ज्योत्सना अतुल ने कहा कि दीपावली मात्र एक पर्व अथवा त्योहार नहीं है अपितु यह हमें अपने अंदर आत्मा का प्रकाश धारण करने की प्रेरणा देता है।

सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने बताया कि सी.एम.एस. छात्र विगत कई वर्षों से पटाखा रहित दीवाली की मुहिम चलाए हुए हैं तथा पटाखों से होने वाले प्रदूषण के बारे में लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से सभी संभव प्रयास कर रहे हैं। सिटी मोन्टेसरी स्कूल के सभी 21 कैम्पस के लगभग 63,000 छात्रों ने प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी विश्व पर्यावरण को साफ-सुथरा रखने के उद्देश्य से दीपावली में पटाखों का बहिष्कार करने की प्रतिज्ञा की है। सी.एम.एस. का मानना है कि 'पटाखा रहित दीपावली', पटाखों व प्रदूषण वाली दीवाली से हजारों-लाखों गुना अच्छी है, जिसे सभी को अमल में लाना चाहिए।


# त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ – 2023

दीपावली एवं छठ पूजा त्यौहारों के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा अन्य जोनल रेलों के सहयोग से निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जायेंगी जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

## उत्तर रेलवे नेटवर्क से यात्रा प्रारम्भ करने वाली/समाप्त करने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की सूची

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृति/चलने के दिन | | चलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 03255 | पटना जं. | 22:20 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:00 | सप्ताह में दो दिन | गुरुवार, रविवार | 23.11.2023 से 10.12.2023 |
| 03256 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:30 | पटना जं. | 17:20 | | शुक्रवार, सोमवार | 24.11.2023 से 11.12.2023 |
| 02391 | पटना जं. | 22:20 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 25.11.2023 से 09.12.2023 |
| 02392 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:30 | पटना जं. | 17:20 | | रविवार | 26.11.2023 से 10.12.2023 |
| 03635 | गया जं. | 14:15 | आनंद विहार टर्मिनल | 05:00 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, बुधवार, शुक्रवार | 20.11.2023 से 08.12.2023 |
| 03636 | आनंद विहार टर्मिनल | 07:00 | गया जं. | 20:45 | | मंगलवार, गुरुवार, शनिवार | 21.11.2023 से 09.12.2023 |
| 05557 | जयनगर | 06:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 05:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 21.11.2023 से 05.12.2023 |
| 05558 | आनंद विहार टर्मिनल | 07:30 | जयनगर | 06:30 | | बुधवार | 22.11.2023 से 06.12.2023 |
| 04678 | फिरोजपुर कैंट जं. | 13:25 | पटना जं. | 17:00 | साप्ताहिक | बुधवार | 29.11.2023 तक |
| 04677 | पटना जं. | 18:45 | फिरोजपुर कैंट जं. | 22:40 | | गुरुवार | 30.11.2023 तक |
| 04012 | नई दिल्ली | 19:20 | दरभंगा जं. | 16:45 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 28.11.2023 तक |
| 04011 | दरभंगा जं. | 18:00 | नई दिल्ली | 16:40 | | बुधवार, शनिवार | 29.11.2023 तक |
| 04518 | चंडीगढ़ | 23:15 | गोरखपुर | 18:20 | साप्ताहिक | गुरुवार | 30.11.2023 तक |
| 04517 | गोरखपुर | 22:05 | चंडीगढ़ | 14:10 | | शुक्रवार | 01.12.2023 तक |
| 04530 | भटिंडा जं. | 20:55 | वाराणसी जं. | 17:30 | सप्ताह में दो दिन | रविवार, बुधवार | 29.11.2023 तक |
| 04529 | वाराणसी जं. | 20:40 | भटिंडा जं. | 19:10 | | सोमवार, गुरुवार | 30.11.2023 तक |
| 04060 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:30 | जयनगर | 15:15 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 28.11.2023 तक |
| 04059 | जयनगर | 17:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 19:55 | | बुधवार, शनिवार | 29.11.2023 तक |
| 04488 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:15 | गोरखपुर | 14:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 25.11.2023 तक |
| 04487 | गोरखपुर | 17:25 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:40 | | रविवार | 26.11.2023 तक |
| 04010 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:45 | जोगबनी | 05:20 | साप्ताहिक | मंगलवार | 28.11.2023 तक |
| 04009 | जोगबनी | 09:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 16:05 | | गुरुवार | 30.11.2023 तक |
| 01664 | आनंद विहार टर्मिनल | 11:10 | सहरसा जं. | 11:20 | साप्ताहिक | सोमवार | 27.11.2023 तक |
| 01663 | सहरसा जं. | 14:30 | आनंद विहार टर्मिनल | 13:55 | | मंगलवार | 28.11.2023 तक |
| 03257 | दानापुर | 07:30 | आनंद विहार टर्मिनल | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 26.11.2023 से 10.12.2023 |
| 03258 | आनंद विहार टर्मिनल | 05:00 | दानापुर | 20:45 | | सोमवार | 27.11.2023 से 11.12.2023 |
| 05577 | सहरसा जं. | 19:10 | अम्बाला कैंट जं. | 23:15 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 24.11.2023 से 08.12.2023 |
| 05578 | अम्बाला कैंट जं. | 03:40 | सहरसा जं. | 09:45 | | रविवार | 26.11.2023 से 10.12.2023 |
| 05531 | रक्सौल जं. | 22:25 | आनंद विहार टर्मिनल | 18:00 | साप्ताहिक | रविवार | 26.11.2023 से 10.12.2023 |
| 05532 | आनंद विहार टर्मिनल | 20:00 | रक्सौल जं. | 14:30 | | सोमवार | 27.11.2023 से 11.12.2023 |
| 05273 | मुजफ्फरपुर जं. | 18:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 11:00 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, शनिवार | 22.11.2023 से 09.12.2023 |
| 05274 | आनंद विहार टर्मिनल | 13:25 | मुजफ्फरपुर जं. | 07:00 | | गुरुवार, रविवार | 23.11.2023 से 10.12.2023 |
| 05005 | गोरखपुर | 14:40 | अमृतसर जं. | 09:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 01.12.2023 तक |
| 05006 | अमृतसर जं. | 12:45 | गोरखपुर | 08:50 | | शनिवार | 02.12.2023 तक |
| 04049 | नई दिल्ली | 23:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 11:25 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, शनिवार | 27.11.2023 तक |
| 04050 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 18:30 | नई दिल्ली | 06:25 | | मंगलवार, रविवार | 28.11.2023 तक |
| 04080 | नई दिल्ली | 19:20 | वाराणसी जं. | 09:45 | सप्ताह में तीन दिन | सोम, गुरुवार, शनि | 30.11.2023 तक |
| 04079 | वाराणसी जं. | 18:35 | नई दिल्ली | 09:00 | | मंगल, शुक्रवार, रवि | 01.12.2023 तक |
| 01654 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 23:20 | वाराणसी जं. | 23:55 | साप्ताहिक | रविवार | 26.11.2023 तक |
| 01653 | वाराणसी जं. | 06:20 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 11:20 | | मंगलवार | 28.11.2023 तक |
| 04646 | जम्मू तवी | 05:45 | बरौनी जं. | 12:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 30.11.2023 तक |
| 04645 | बरौनी जं. | 15:15 | जम्मू तवी | 22:30 | | शुक्रवार | 01.12.2023 तक |
| 04048 | आनंद विहार टर्मिनल (अनारक्षित विशेष) | 15:30 | पूर्णियाँ जं. | 16:05 | तिथि वार | बुध, शनि, मंगल, शुक्र | 11, 14 एवं 17.11.2023 |
| 04047 | पूर्णियाँ जं. (अनारक्षित विशेष) | 16:55 | आनंद विहार टर्मिनल | 17:50 | | गुरु, रवि, बुध, शनि | 12, 15 एवं 18.11.2023 |
| 04052 | आनंद विहार टर्मिनल (अनारक्षित विशेष) | 22:45 | सहरसा जं. | 03:30 | तिथि वार | बुध, शनि, मंगल, शुक्र | 11, 14 एवं 17.11.2023 |
| 04051 | सहरसा जं. (अनारक्षित विशेष) | 07:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:30 | | शुक्र, सोम, गुरु, रवि | 10, 13, 16 एवं 19.11.2023 |
| 04058 | आनंद विहार टर्मिनल (अनारक्षित विशेष) | 08:30 | जयनगर | 07:00 | तिथि वार | गुरु, रवि, बुध, शनि | 12, 15 एवं 18.11.2023 |
| 04057 | जयनगर (अनारक्षित विशेष) | 11:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:00 | | शुक्र, सोम, गुरु, रवि | 10, 13, 16 एवं 19.11.2023 |
| 04066 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:00 | पटना जं. | 16:00 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, गुरुवार | 30.11.2023 तक |
| 04065 | पटना जं. | 17:45 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:35 | | मंगलवार, शुक्रवार | 01.12.2023 तक |
| 04062 | दिल्ली जं. | 08:05 | बरौनी जं. | 06:30 | साप्ताहिक | रविवार | 26.11.2023 तक |
| 04061 | बरौनी जं. | 08:00 | दिल्ली जं. | 05:50 | | सोमवार | 27.11.2023 तक |
| 01676 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:15 | मुज़फ़्फ़रपुर जं. | 21:15 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, गुरुवार | 30.11.2023 तक |
| 01675 | मुज़फ़्फ़रपुर जं. | 23:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:30 | | मंगलवार, शुक्रवार | 01.12.2023 तक |
| 01678 | नई दिल्ली | 08:10 | गया जं. | 00:30 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, शुक्रवार | 27.11.2023 तक |
| 01677 | गया जं. | 07:35 | नई दिल्ली | 23:35 | | मंगलवार, शनिवार | 28.11.2023 तक |
| 02250 | नई दिल्ली (राजधानी स्पेशल) | 19:10 | पटना जं. | 07:30 | तिथि वार | शुक्र, सोम, बुध, शुक्र | 10, 13, 15 एवं 17.11.2023 |
| 02249 | पटना जं. (राजधानी स्पेशल) | 09:00 | नई दिल्ली | 21:00 | | शनि, मंगल, गुरु, शनि | 11, 14, 16 एवं 18.11.2023 |
| 04002 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:55 | पटना जं. | 15:45 | तिथि वार | शुक्र, शनि, सोम, मंगल, गुरु | 10, 11, 13, 14 एवं 16.11.2023 |
| 04001 | पटना जं. | 18:45 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:20 | | शनि, रवि, मंगल, बुध, शुक्र | 11, 12, 14, 15 एवं 17.11.2023 |
| 04022 | नई दिल्ली | 15:30 | सहरसा जं. | 16:30 | तिथि वार | शुक्र, शनि, सोम, मंगल, गुरु | 10, 11, 13, 14 एवं 16.11.2023 |
| 04021 | सहरसा जं. | 19:00 | नई दिल्ली | 20:20 | | शनि, रवि, मंगल, बुध, शुक्र | 11, 12, 14, 15 एवं 17.11.2023 |
| 05283 | मुज़फ़्फ़रपुर जं. | 18:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 11:00 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, शनिवार | 11.11.2023 से 18.12.2023 |
| 05284 | आनंद विहार टर्मिनल | 13:25 | मुज़फ़्फ़रपुर जं. | 07:00 | | गुरुवार, रविवार | 12.11.2023 से 19.12.2023 |
| 02252 | नई दिल्ली (वंदे भारत त्यौहार विशेष) | 07:25 | पटना जं. | 19:00 | तिथि वार | शनि, मंगल, गुरु | 11, 14 एवं 16.11.2023 |
| 02251 | पटना जं. (वंदे भारत त्यौहार विशेष) | 07:30 | नई दिल्ली | 19:00 | | रवि, बुध, शुक्र | 12, 15 एवं 17.11.2023 |
| 09097 | बान्द्रा टर्मिनस | 21:50 | जम्मू तवी | 08:35 | साप्ताहिक | रविवार | 12.11.2023 से 26.11.2023 |
| 09098 | जम्मू तवी | 23:20 | बान्द्रा टर्मिनस | 10:10 | | मंगलवार | 14.11.2023 से 28.11.2023 |
| 09523 | ओखा | 10:00 | दिल्ली सराय रोहिल्ला | 10:10 | साप्ताहिक | मंगलवार | 28.11.2023 तक |
| 09524 | दिल्ली सराय रोहिल्ला | 13:20 | ओखा | 13:50 | | बुधवार | 29.11.2023 तक |
| 03435 | मालदा टाउन | 09:30 | आनंद विहार टर्मिनल | 12:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 13, 20 एवं 27.11.2023 |
| 03436 | आनंद विहार टर्मिनल | 18:30 | मालदा टाउन | 23:30 | | मंगलवार | 14, 21 एवं 28.11.2023 |
| 02246 | नई दिल्ली (गति शक्ति स्पेशल) | 23:45 | पटना जं. | 15:50 | तिथि वार | शुक्र, शनि, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र | 10, 11, 14, 15, 16 एवं 17.11.2023 |
| 02245 | पटना जं. (गति शक्ति स्पेशल) | 19:00 | नई दिल्ली | 10:30 | | शनि, रवि, बुध, गुरु, शुक्र, शनि | 11, 12, 15, 16, 17 एवं 18.11.2023 |
| 02246 | नई दिल्ली (गति शक्ति स्पेशल) | 23:45 | पटना जं. | 15:50 | तिथि वार | शुक्र, शनि, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र | 10, 11, 14, 15, 16 एवं 17.11.2023 |
| 02245 | पटना जं. (गति शक्ति स्पेशल) | 19:00 | नई दिल्ली | 10:30 | | शनि, रवि, बुध, गुरु, शुक्र, शनि | 11, 12, 15, 16, 17 एवं 18.11.2023 |
| 04494 | आनंद विहार टर्मिनल (गति शक्ति स्पेशल) | 08:30 | लखनऊ | 18:00 | तिथि वार | शुक्रवार | 10.11.2023 |
| 04493 | लखनऊ (गति शक्ति स्पेशल) | 08:45 | आनंद विहार टर्मिनल | 18:15 | | रविवार | 12.11.2023 |
| 04498 | आनंद विहार टर्मिनल | 08:30 | वाराणसी जं. | 23:30 | तिथि वार | शनिवार | 11.11.2023 |
| 04497 | वाराणसी जं. | 04:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 19:10 | | रविवार | 12.11.2023 |
| 05734 | कटिहार | 07:50 | अमृतसर | 00:05 | साप्ताहिक | शनिवार | 25.11.2023 तक |
| 05733 | अमृतसर | 12:45 | कटिहार | 03:30 | | सोमवार | 27.11.2023 तक |
| 04525 | सहरसा जं. | 19:00 | अम्बाला कैंट | 22:20 | तिथि वार | गुरु, रवि, बुध, शनि | 12, 15 एवं 18.11.2023 |
| 04527 | सहरसा जं. | 19:00 | अम्बाला कैंट | 22:20 | | सोम, मंगल, शुक्र | 10, 14, 17 एवं 20.11.2023 |
| 04526 | सरहिंद | 11:25 | सहरसा जं. | 16:00 | तिथि वार | बुध, शनि, मंगल, शुक्र | 11, 14 एवं 17.11.2023 |
| 04528 | सरहिंद | 11:25 | सहरसा जं. | 16:00 | | गुरु, सोम, गुरु, रवि | 13, 16 एवं 19.11.2023 |
| 02260 | नई दिल्ली | 18:15 | भागलपुर | 15:15 | तिथि वार | मंगलवाल, शुक्रवार | 14 एवं 17.11.2023 |
| 02259 | भागलपुर | 20:00 | नई दिल्ली | 17:00 | | बुधवार, शनिवार | 15 एवं 18.11.2023 |
| 04490 | नई दिल्ली | 19:35 | दरभंगा | 16:45 | तिथि वार | बुध, शनि, बुध, शनि | 11, 15 एवं 18.11.2023 |
| 04489 | दरभंगा | 18:00 | नई दिल्ली | 16:40 | | गुरुवार, रविवार | 12, 16 एवं 19.11.2023 |
| 04115 | प्रयागराज जं. | 21:25 | आनन्द विहार (ट) | 08:15 | तिथि वार | मंगलवार, गुरुवार, शुक्रवार | 14, 17, 21 एवं 23.11.23 |
| 04116 | आनन्द विहार (ट) | 10:15 | प्रयागराज जं. | 20:00 | | बुधवार, शुक्रवार, शनिवार | 10, 15, 18, 22 एवं 24.11.23 |
| 05023 | गोरखपुर जं. | 20:55 | दिल्ली जं. | 12:30 | साप्ताहिक | रविवार | 03.12.2023 तक |
| 05024 | दिल्ली जं. | 14:30 | गोरखपुर जं. | 07:30 | | सोमवार | 04.12.2023 तक |
| 05115 | छपरा | 17:45 | आनन्द विहार (ट) | 11:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 29.11.2023 तक |
| 05116 | आनन्द विहार (ट) | 14:45 | छपरा | 09:30 | | गुरुवार | 30.11.2023 तक |
| 05306 | लाल कुँआ | 22:00 | छपरा | 07:10 | तिथि वार | मंगल, बुध, शुक्र, रवि | 29.12.2023 तक |
| 05305 | छपरा | 08:55 | लाल कुँआ | 18:00 | | बुध, गुरु, शनि, सोम | 30.12.2023 तक |
| 04006 | दिल्ली जं. | 23:05 | जयनगर | 23:45 | तिथि वार | गुरु, रवि, बुध | 12 एवं 15.11.2023 |
| 04005 | जयनगर | 01:30 | दिल्ली जं. | 01:30 | | शनि, मंगल, शुक्र | 11, 14 एवं 17.11.2023 |
| 04004 | नई दिल्ली (अनारक्षित त्यौहार विशेष) | 00:10 | सीतामढ़ी | 23:30 | तिथि वार | शनि, मंगल, शुक्र | 11, 14 एवं 17.11.2023 |
| 04003 | सीतामढ़ी (अनारक्षित त्यौहार विशेष) | 02:00 | नई दिल्ली | 01:30 | | रवि, बुध, शनि | 12, 15 एवं 18.11.2023 |
| 04016 | नई दिल्ली | 14:55 | सहरसा जं. | 15:50 | तिथि वार | गुरु, रवि, बुध, शनि, मंगल | 12, 15, 18 एवं 21.11.2023 |
| 04015 | सहरसा जं. | 18:00 | नई दिल्ली | 19:20 | | शुक्र, सोम, गुरु, रवि, बुध | 10, 13, 16, 19 एवं 22.11.2023 |
| 02248 | आनंद विहार टर्मिनल | 00:30 | पटना जं. | 16:30 | तिथि वार | गुरु, शनि, गुरु, शनि | 11, 16 एवं 18.11.2023 |
| 02247 | पटना जं. | 19:10 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:50 | | गुरु, शनि, गुरु, शनि | 11, 16 एवं 18.11.2023 |
| 09129 | वडोदरा | 19:00 | हरिद्वार | 14:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 11.11.2023 से 25.11.2023 |
| 09130 | हरिद्वार | 17:20 | वडोदरा | 11:25 | | रविवार | 12.11.2023 से 26.11.2023 |
| 05065 | गोरखपुर जं. | 23:00 | नई दिल्ली | 12:00 | साप्ताहिक | बुधवार | 15.11.2023 |
| 05066 | नई दिल्ली | 14:00 | गोरखपुर जं. | 04:15 | | गुरुवार | 16.11.2023 |
| 05069 | गोरखपुर जं. | 08:00 | नई दिल्ली | 22:05 | साप्ताहिक | मंगलवार | 14 एवं 21.11.2023 |
| 05070 | नई दिल्ली | 00:30 | गोरखपुर जं. | 14:45 | | बुधवार | 15 एवं 22.11.2023 |
| 05071 | गोमती नगर | 23:00 | नई दिल्ली | 08:15 | साप्ताहिक | गुरुवार | 16.11.2023 |
| 05072 | नई दिल्ली | 10:00 | छपरा जं. | 04:15 | | शुक्रवार | 10 एवं 17.11.2023 |
| 05159 | छपरा जं. | 23:55 | नई दिल्ली | 20:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 11 एवं 18.11.2023 |
| 05160 | नई दिल्ली | 00:30 | छपरा जं. | 19:25 | | सोमवार | 13 एवं 20.11.2023 |
| 09426 | दिल्ली सराय रोहिल्ला | 13:20 | साबरमती | 05:15 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 10.11.2023 |
| 09557 | भावनगर | 10:10 | दिल्ली सराय रोहिल्ला | 08:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 10, 17, 24.11 एवं 01.12.23 |
| 09558 | दिल्ली सराय रोहिल्ला | 13:20 | भावनगर | 10:00 | | शनिवार | 11, 18, 25.11 एवं 02.12.2023 |
| 05527 | दरभंगा जं. | 13:15 | दिल्ली जं. | 13:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 23.11.2023 से 07.12.2023 |
| 05528 | दिल्ली जं. | 15:30 | दरभंगा जं. | 15:45 | | शुक्रवार | 24.11.2023 से 08.12.2023 |
| 03227 | आरा जं. (अनारक्षित विशेष) | 15:45 | आनन्द विहार (ट) | 07:15 | तिथि वार | सोम, बुध, शनि | 13, 15, 18, 22, 25, 29.11 एवं 02.12.23 |
| 03228 | आनन्द विहार (ट) (अनारक्षित विशेष) | 09:30 | आरा जं. | 04:00 | | मंगल, गुरु, रवि | 14, 16, 19, 23, 26, 30.11 एवं 03.12.23 |
| 04018 | नई दिल्ली | 14:55 | बापूधाम मोतिहारी | 12:15 | तिथि वार | शनि, मंगल, शुक्र, सोम | 18, 21, 24 एवं 27.11.2023 |
| 04017 | बापूधाम मोतिहारी | 15:00 | नई दिल्ली | 13:15 | | रवि, बुध, शनि, मंगल | 19, 22, 25 एवं 28.11.2023 |
| 04028 | आनन्द विहार (ट) | 01:00 | बापूधाम मोतिहारी | 23:30 | तिथि वार | बुध, शनि, मंगल, शुक्र, सोम | 15, 18, 21, 24 एवं 27.11.2023 |
| 04027 | बापूधाम मोतिहारी | 02:30 | आनन्द विहार (ट) | 23:45 | | गुरु, रवि, बुध, शनि, मंगल | 16, 19, 22, 25 एवं 28.11.2023 |

## उत्तर रेलवे नेटवर्क से होकर गुजरने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की सूची

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृति/चलने के दिन | | चलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 09075 | मुम्बई सेंट्रल | 11:00 | काठगोदाम | 14:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 29.11.2023 तक |
| 09076 | काठगोदाम | 17:30 | मुम्बई सेंट्रल | 20:55 | | गुरुवार | 30.11.2023 तक |
| 07651 | जालना | 23:35 | छपरा | 05:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 29.11.2023 तक |
| 07652 | छपरा | 22:15 | पुणे | 04:00 | | शुक्रवार | 01.12.2023 तक |
| 05063 | छपरा | 16:15 | लोकमान्य तिलक | 07:25 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 24.11.2023 तक |
| 05064 | लोकमान्य तिलक | 12:45 | सीवान जं. | 03:15 | | रविवार | 26.11.2023 तक |
| 09417 | अहमदाबाद जं. | 09:10 | पटना जं. | 21:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 27.11.2023 तक |
| 09418 | पटना जं. | 23:45 | अहमदाबाद जं. | 11:20 | | मंगलवार | 28.11.2023 तक |
| 05616 | गुवाहाटी | 18:00 | उदयपुर शहर | 21:05 | साप्ताहिक | रविवार | 26.11.2023 तक |
| 05615 | उदयपुर शहर | 13:45 | गुवाहाटी | 23:30 | | बुधवार | 29.11.2023 तक |
| 05537 | दरभंगा जं. | 13:15 | दौराई | 22:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 09.12.2023 तक |
| 05538 | दौराई | 23:45 | दरभंगा जं. | 06:50 | | रविवार | 10.12.2023 तक |
| 09183 | मुंबई सेंट्रल | 22:50 | बनारस | 10:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 29.11.2023 तक |
| 09184 | बनारस | 14:30 | मुंबई सेंट्रल | 04:35 | | शुक्रवार | 01.12.2023 तक |
| 09525 | ओखा | 22:00 | नाहरलगुन | 16:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 28.11.2023 तक |
| 09526 | नाहरलगुन | 10:00 | ओखा | 03:35 | | शनिवार | 02.12.2023 तक |
| 02575 | हैदराबाद | 21:05 | गोरखपुर | 06:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 24.11.2023 तक |
| 02576 | गोरखपुर | 08:30 | हैदराबाद | 16:20 | | रविवार | 26.11.2023 तक |
| 01053 | लोकमान्य तिलक | 12:15 | बनारस | 16:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 27.11.2023 तक |
| 01054 | बनारस | 20:30 | लोकमान्य तिलक | 23:55 | | मंगलवार | 28.11.2023 तक |
| 01431 | पुणे | 16:15 | गोरखपुर | 21:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 01.12.2023 तक |
| 01432 | गोरखपुर | 23:25 | पुणे | 06:25 | | शनिवार | 02.12.2023 तक |
| 05303 | गोरखपुर | 08:30 | महबूबनगर | 19:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 25.11.2023 तक |
| 05304 | महबूबनगर | 18:00 | गोरखपुर | 09:00 | | सोमवार | 27.11.2023 तक |
| 05068 | गोमती नगर | 18:55 | मालतीपाटपुर | 04:20 | साप्ताहिक | गुरुवार | 30.11.2023 तक |
| 05067 | मालतीपाटपुर | 10:00 | गोमती नगर | 20:00 | | शनिवार | 11.11.2023 से 02.12.2023 |
| 09189 | मुंबई सेंट्रल | 10:30 | कटिहार | 07:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 11.11.2023 से 25.11.2023 |
| 09190 | कटिहार | 00:15 | मुंबई सेंट्रल | 18:40 | | मंगलवार | 14.11.2023 से 28.11.2023 |
| 09101 | वडोदरा | 19:00 | गोरखपुर | 23:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 13.11.2023 से 27.11.2023 |
| 09102 | गोरखपुर | 05:00 | वडोदरा | 08:35 | | बुधवार | 15.11.2023 से 29.11.2023 |

09.11.2023 तक की स्थिति

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहको की सेवा मे मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

# गरीबों को निशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराए

अवधनामा संवाददाता



**बिलग्राम।** विधिक सेवा दिवस के अवसर पर आयोजित जागरूकता एवं साक्षरता कार्यक्रम तहसील सभागार बिलग्राम मैं संपन्न आज दिनांक 09/11/ 2023 दिन बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदोई के अध्यक्ष/जिला जज श्री राजकुमार सिंह जी तथा सचिव/ अपर जिला जज श्री सुधाकर दुबे जी के आदेशानुसार तहसील विधिक सेवा समिति के सचिव/ तहसीलदार श्री अमित यादव जी की अध्यक्षता में एवं श्री विनोद कुमार त्रिवेदी प्रशासनिक अधिकारी तहसील बिलग्राम की उपस्थिति में विधिक सेवा दिवस विषय पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें लीगल एड क्लीनिक श्री आशीष तिवारी के द्वारा बताया गया कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 39 ए के अंतर्गत यह प्रावधान है कि कोई भी नागरिक आर्थिक या अन्य निर्योग्यता के कारण से वंचित ना रहे। इसी उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 को पारित करके राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण का गठन किया गया इसका मुख्य उद्देश्य मुकदमे के निस्तारण में देरी होने से दुखी समस्त पक्षकारों के हर तरह के सिविल वाद एवं सामान्य फौजदारी वाद अदालतों में जिसमें समस्त प्राधिकरण एवं आयोग आदि सम्मिलित है जो सुलह समझौते के आधार पर लोक अदालतों द्वारा समाप्त कराए जाते हैं जिसमें निशुल्क सहायता प्रदान करते हुए गरीब व्यक्तियों को अधिवक्ता उपलब्ध कराए जाने का भी प्रावधान किया गया है । इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस की शुरुआत पहली बार 1995 में भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा समाज के गरीब और कमजोर वर्गों को सहायता और समर्थन प्रदान करने के लिए की गई थी जिसका गठन विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 के अंतर्गत समाज के कमजोर वर्गों को निशुल्क कानूनी सेवाएं प्रदान करने के लिए और विवादों के सौहार्दपूर्ण समाधान के लिए लोक अदालतों का आयोजन करने के उद्देश्य किया गया है । इस अवसर पर पराविधिक स्वयंसेवक श्री प्रेमचंद एवं तहसील के कर्मचारीगढ़ एवं क्षेत्रीय ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## यूनिसेफ के सौजन्य से ऑपरेशन जागृति अभियान के तहत जागरूक किया

**मथुरा।** अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन, आगरा महोदया के निर्देशन में महिलाओं एवं बालिकाओं के जागरूकता व स्वावलंबन एवं उनके प्रति होने वाले अपराधों में कमी लाने हेतु चलाए जा रहे ऑपरेशन जागृति अभियान के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मथुरा की मौजूदगी में पुलिस लाइन स्थित सभागार में जनपद के सभी विभागाध्यक्षों के साथ यूनिसेफ के सौजन्य से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मथुरा, अपर पुलिस अधीक्षक नगर, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, अपर पुलिस अधीक्षक अपराध एवं यूनिसेफ के प्रतिनिधियों द्वारा समस्त विभागाध्यक्षों से वार्ता कर ऑपरेशन जागृति के उद्देश्य, विशेषताएं एवं विभागवार दायित्वों के बारे में चर्चा की गई।

# विशेष अभियान चलाकर बनाए जाएंगे आयुष्मान कार्ड

अवधनामा संवाददाता

- दीपावली पर घर आने वाले प्रवासियों व पात्र गृहस्थी राशनकार्ड धारकों के कार्ड बनाने पर जोर

**हरदोई।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. रोहताश कुमार ने बताया है कि पात्र लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए जनपद में विशेष अभियान शुरू किया गया है जो 31 दिसम्बर तक चलेगा। अभियान के दौरान दीपावली पर घर आने वाले पात्र प्रवासियों और गृहस्थी राशन कार्ड पात्रता सूची में पांच से अधिक सदस्यों वाले लाभार्थी परिवारों को सेवा देने पर विशेष जोर होगा। कार्ड बनवाने में राशन कार्ड धारकों की भी मदद ली जा सकती है। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी के नेतृत्व व निर्देशन में इस बारे में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है । आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान के तहत आयुष्मान कार्ड धारक प्रति लाभार्थी परिवार को पांच लाख रुपये तक के इलाज की सुविधा दी जाती है । कार्डधारकों को देश के किसी भी सम्बद्ध सरकारी और निजी अस्पताल में भर्ती होने के बाद यह सुविधा बिना समय गवाएं मिलती है । इस योजना से हाल ही में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम की पात्र गृहस्थी राशन कार्ड पात्रता सूची में छह या छह से अधिक सदस्यों वाले परिवारों को भी जोड़ा गया है। ऐसे परिवारों को भी योजना में शामिल किया गया है जिनमें केवल वरिष्ठ नागरिक ही सदस्य हैं। ऐसे नये सदस्यों का कार्ड बनाने पर अधिक जोर है । सभी ग्राम पंचायतों और शहरी वार्डों में आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए कैम्प लगाये जाएंगे। कैम्प के एक दिन पहले योजना के लाभार्थियों को आशा कार्यकर्ता और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के जरिये आयोजन स्थल की सूचना दी जाएगी। ग्राम पंचायतों में प्रचार-प्रसार के लिए माईकिंग का भी उपयोग किया जायेगा। प्रत्येक ब्लॉक के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी इस अभियान के नोडल अधिकारी होंगे और वह एक नोडल टीम गठित करेंगे जो कार्ययोजना को पूरा कराएगी।

# ग्रीटिंग कार्ड दिया मेकिंग व रंगोली प्रतियोगिता का हुआ आयोजन




अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** ज्ञानस्थली आवासीय विद्यालय करवा खेड़ा इटावा में बुधवार को उपयुक्त प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के प्रतिभाशाली छात्राओं ने प्रतिभाग करके अपनी-अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया कक्षा 1 से कक्षा 5 तक के छात्र-छात्राओं ने ग्रीटिंग कार्ड मेकिंग मेकिंग प्रतियोगिता में सहभागिता करके अपनी अपनी प्रतिभा से सदा कागज पर कलाकृतियां बनाकर सभी को आकर्षित किया जिसमें श्रेयांश कक्षा तीन वर्ग व दिवशी कक्षा एक वर्क वी ने प्रथम आरोही राठौर कक्षा 4 वर्ग खुशी कक्षा 2 वर्ग ब ने द्वितीय ब राधिका कक्षा 2 वर्ग ए मानवी तोमर कक्षा 4 वर्ग ए ने तृतीय स्थान प्राप्त किया कक्षा 6 से कक्षा 8 तक के छात्राओं ने दिया मेकिंग प्रतियोगिता में सहभागिता करके अपनी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया जिसमें येलो हाउस की समीक्षा यादव कक्षा 7 वर्ग आप प्रथम नंदिनी निषाद कक्षा 6 वर्ग बीए द्वितीय शिवानी कक्षा 6 वर्ग तृतीय स्थान पर रही इसी क्रम में ब्लू हाउस की अनामिका कक्षा 6 वर्ग ए प्रथम दिव्यांशी राजपूत कक्षा 7 वर्ग द्वितीय व अनन्या यादव कक्षा 7 वर्ग ब से तृतीय स्थान पर रही और रेड हाउस की मिताली प्रथम आशी द्वितीय व प्रखर गौतम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया ग्रीन हाउस की नंदिनी मिश्रा प्रथम श्रद्धा राजपूत द्वितीय ब विनीत राजपूत ने तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गोरबंधित किया कक्षा 9 से लेकर कक्षा 12 तक के छात्राओं ने रंगोली प्रतियोगिता में सहभागिता करके अपनी-अपनी प्रतिभा से कलाकृतियां बनाकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जिसमें रेड हाउस प्रथम पीला हाउस द्वितीय ब्लू हाउस स्थितियां वह ग्रीन हाउस ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई कर करेत्तर की बैठक



**हरदोई।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में कर करेत्तर की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि लक्ष्य को हासिल करने के लिए कार्ययोजना बनाकर कार्य किया जाए। खराब वसूली की दशा में संबंधित की जवाबदेही निर्धारित की जाएगी। विद्युत विभाग के अधिकारियों की बैठक में अनुपस्थिति पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताते हुए एमडी मध्यांचल विद्युत वितरण निगम को पत्र लिखने के निर्देश दिए तथा अधीक्षण अभियंता को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने 10 नवंबर को पुलिस लाइन से सीएसएन कॉलेज तक होने वाली स्वीप से संबंधित रैली की चर्चा भी की। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# बच्चों को गुणवत्ता परक शिक्षा देने के साथ खेलकूद आदि में निपुण बनायें: जिलाधिकारी

- लड़का-लड़की में भेदभाव न करते हुए एक समान शिक्षा एवं अधिकार दें: एमपी सिंह

अवधनामा संवाददाता



**हरदोई।** जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने आज बावन ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय फिरोजपुर में आयोजित बच्चों के कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि के रूप में दीप प्रज्जवलित कर किया तथा स्मार्ट क्लास का फीताकाट कर लोकापर्ण किया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बच्चों द्वारा बनाये विज्ञान पर आधारित मॉडल आदि को देखा तथा बच्चों से उनकी शिक्षा की गुणवत्ता भी परखी तथा बच्चों द्वारा बालिकाओं की शिक्षा पर जोर देने पर तैयार नाटक आदि प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने विद्यालय में बच्चों की शिक्षा उत्तम गुणवत्ता, खेलकूद, विज्ञान आदि में अग्रणी भूमिका निभाने वाले प्रधानाचार्य राजीव कुमार सिंह तथा सभी शिक्षक-शिक्षकाओं को बधाई देते हुए कहा कि सभी सरकारी विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं शिक्षक-शिक्षकाओं को भी इस विद्यालय की तरह अपने बच्चों को गुणवत्ता परक शिक्षा देने के साथ खेलकूद आदि में निपूण बनाना चाहिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने विद्यालय में कक्ष कम होने तथा फील्ड छोटी होने पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी तथा ग्राम प्रधान से कहा कि विद्यालय कक्ष एवं फील्ड के लिए भूमि का प्रस्ताव प्रेषित करें तथा बच्चों की संख्या को देखते हुए विद्यालय का विस्तार हो सके।

जिलाधिकारी ने कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों के अभिभावकों से कहा कि अपनी बालिकाओं को लड़कों की भांति समान शिक्षा दिलाये और आगे बढ़ने का मौका दें। उन्होने आज बालिकायें हर क्षेत्र में लड़कों से आगे निकल रही है, इसलिए लड़का-लड़की में भेदभाव न करते हुए समान अधिकार दें और इसके लिए सरकार बच्चियों के जन्म से लेकर उच्च शिक्षा प्रदान करने तक छात्रवृत्ति की व्यवस्था की गयी है और सरकारी विद्यालयों में छोटे बच्चों के लिए ड्रेस, जूता, मोजा, स्वेटर, पाठ्य क्रम निःशुल्क उपलब्ध कराये जाते है तथा बच्चों को मध्यान्ह भोजन भी दिया जाता है। कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने गत वर्ष शिक्षा में उत्कृष्ट अंक पाने वाले बच्चों के अलावा प्रधानचार्य सहित सभी शिक्षकों को प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान किये। इस अवसर पर बीएसस सहित सभी स्टाप ने जिलाधिकारी को स्मृति चिन्ह भेंट किया। जिला बेसिक शिक्षा विजय प्रताप सिंह, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार, खण्ड शिक्षा अधिकारी बावन सहित भारी संख्या में बच्चों के अभिभावक आदि उपस्थित रहें।

# स्कूल कैप्टन शिखा कुशवाहा एवं वाइस कैप्टन अमन को बनाया गया

**कैप्टन, वाइस कैप्टन आदि सभी को पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में पद एवं गोपनीयता की दिलाई गई शपथ**

अवधनामा ब्यूरो




**इटावा।** विद्यालय के छात्र-छात्राओं के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को विकसित करने के लिए पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल ने अपने विद्यालय के छात्र-छात्राओं को चार हाउसों में विभाजित कर प्रत्येक हाउस के कैप्टन और वाइस कैप्टन बनाकर बच्चों को जिम्मेदारी का एहसास करना सिखाया। प्रार्थना सभा स्थल पर प्रधानाचार्य डॉक्टर कैलाश चंद्र यादव ने नवनिर्मित स्कूल कैप्टन वाइस कैप्टन एवं सभी सदनों के कैप्टन और वाइस कैप्टन को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। एवं बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ नेतृत्व करना एवं सहयोग की भावना विकसित करना तथा स्वस्थ प्रतिस्पर्धा कर अपनी योग्यताओं को बढ़ाना प्रत्येक छात्र-छात्रा का कर्तव्य है। इसीलिए विद्यालय के छात्र-छात्राओं को चार हाउसों में बांटा गया है जिनके बीच विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने स्कूल कैप्टन और वाइस कैप्टन को शुभकामना देते हुए कहा कि जो छात्र एवं छात्राएं अपने छात्र जीवन से पढ़ाई के प्रति समर्पित होते हैं तथा खेलकूद एवं अन्य गतिविधियों में भी अच्छे होते हैं, जिनकी कक्षा का व्यवहार बातचीत अच्छा होता है, उन बच्चों को इस तरह के पदों को प्रदान किया जाता है ताकि अन्य बच्चे उनका अनुसरण कर सकें। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले महीनों में बच्चे अपने पदों के अनुसार मेहनत से कार्य करेंगे और विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपनी कुशलता दिखाते हुए अपने स्थान स्वयं निर्धारित करेंगे। उन्होंने कहा कि पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पित है एवं वह सभी प्रयास किया जाएगा जिससे बच्चों के व्यक्तित्व का विकास हो सके। स्कूल कैप्टन शिखा कुशवाहा एवं वाइस कैप्टन अमन शर्मा को बनाया गया। ग्रीनहाउस का कैप्टन आलोक मिश्रा एवं वाइस कैप्टन वरुण अग्निहोत्री, येलो हाउस का कैप्टन योगेश कुशवाहा एवं वाइस कैप्टन आयुषी पाल, ब्लू हाउस का कैप्टन निशि एवं वाइस कैप्टन आयुष गुप्ता तथा रेड हाउस का कैप्टन हंसिका मिश्रा एवं वाइस कैप्टन हर्षिका शर्मा को बनाया गया।

## श्रीकृष्णजन्मभूमि मंदिर से जुड़ी हैं करोड़ों सनातनियों की आस्था: प्रदीपमिश्रा

**कोसीकलां (मथुरा)।** श्रीकृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास के अध्यक्ष एवं कृष्ण जन्मभूमि ईदगाह मामले के मुख्यवादी दिनेश शर्मा ने प्रख्यात शिव महापुराण के प्रवक्ता पंडित प्रदीप मिश्रा से मुलाकात कर श्रीकृष्ण जन्मभूमि मामले की संपूर्ण जानकारी दी। दिनेश शर्मा ने बताया कि मुस्लिम पक्ष पर कोई भी तथ्य नहीं है वह इस मामले को केवल उलझाना चाहते हैं। जबकि श्रीकृष्ण जन्म भूमि होने के प्रमाण हम कईबार न्यायालय में दे चुके हैं हम चाहते हैं भूगर्भ सर्वेक्षण जांच होकर दूध का दूध पानी का पानी माननीय न्यायालय जल्द से जल्द करें, शिव महापुराण प्रवक्ता प्रदीप मिश्रा ने कहा कि श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर हर सनातनी की आस्था का प्रतीक है। श्रीकृष्ण जन्मभूमि अविलंब मुक्त होनी चाहिए उन्होंने दिनेश शर्मा द्वारा नंगे पैर रहने एवं अन्न के त्याग किए जाने को कठोर तपस्या बताया। उन्होंने कहा कि आपका कार्य किसी तपस्वी से कम नहीं, आपकी मनोकामना अवश्य पूरी होगी और एक दिन श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर भव्य मंदिर निर्माण का सपना साकार होगा। इस मुलाकात में उनके साथ न्यास के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेश पाठक, वरिष्ठ पत्रकार बी. एस. शर्मा उपन, विनोद कुमार अग्रवाल व् सोनू सिंघला साथ थे।

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने पुष्प भेंट कर किया स्वागत



**इटावा।** उपमुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश केशव प्रसाद मौर्य के इटावा भ्रमण कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी अवनीश कुमार राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार द्वारा सैफई हवाई पट्टी पर पुष्प भेंट करते हुए स्वागत किया गया तथा इटावा भ्रमण के दौरान समस्त कार्यक्रम को सकुशल संपन्न कराया गया।

### सनशाइन स्कूल में दीपावली पर दीपावली उत्सव का हुआ आयोजन



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** सनशाइन स्कूल में गुरुवार को दीपावली के शुभ अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी दीपावली उत्सव का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया, जैसे रंगोली बनाना, थाली सजाना, दीपक सजाना, तोरण बनाना, लालटेन बनाना, दिवाली कार्ड्स बनाना इत्यादि। विद्यालय के निदेशक-प्रबंधक शिखर चतुर्वेदी ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की कॉर्डिनेटर अंजली टंडन, स्टाफ सेकेट्री रशमी वर्मा तथा सीनियर शिक्षिका सुमायला का सराहनीय योगदान रहा।

# अधिवक्तओं के मान-सम्मान में नहीं आने दी जायेगी कोई आंच

अवधनामा ब्यूरो

- जैंत स्थित अपनी रसोई पर बार एसोशिएसन के सभी पदाधिकारियों का चांदी का मुकुट पहनाकर हुआ भव्य स्वागत
- एसोशिएसन ने जताया आभार, कहा बार एसोशिएसन के हित के लिए हर संघर्ष जरुरी

**चौमुहां (मथुरा)।** विकसित देश की नींव न्यायपालिका होती है। यह लोकतंत्र का मुख्य स्तंभ है। हर पीडित को सही समय पर इंसाफ मिलना चाहिए। वहीं अधिवक्ताओं एवं न्यायलय के संबंधित कर्मचारियों को सभी आधुनिक, हाईटैक एवं मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराना ही उनकी प्राथमिकता है। ये विचार मथुरा बार एसोशिएसन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष ठाकुर मदन गोपाल सिंह ने व्यक्त किए। वो मंगलवार की देर सांय को जैंत हाइवे-19 पर स्थित अपनी रसोई के प्रांगण में आयोजित अधिवक्ता सम्मान समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होने कहा कि न्यायपालिका कानून की रक्षा एवं सर्वोच्चता को सुनिश्चित करता है। लोकतंत्र की जगह कोई व्यक्ति, समूह और तानाशाह नहीं ले सकता है। यह स्वतंत्र है और स्वतंत्र ही रहेगी। उन्होने कहा कि बार एसोशिएसन अधिवक्ताओं के हित में हर संभव कार्य बडी तेजी से करेगी। अधिवक्ताओं का हर संभव सुविधा एवं मदद मुहैया कराई जायेगी। उनके मान, सम्मान पर कभी कोई आंच नहीं आने दी जायेगी। उन्होने विजयी दिलाने के लिए सभी अधिवक्ताओं का आभार भी जताया। सचिव गोपाल गौतम उर्फ आई ने कहा कि बार एसोशिएसन में आरओ वाटर कूलर सहित अन्य प्रमुख सुविधाओं को शीघ्र मुहैया कराया जायेगा। अधिवक्ताओं के हित में हर संघर्ष जरुरी होगा। कोषाध्यक्ष बृजेश गौतम ने कहा कि भविष्य में अधिवक्ताओं के लिए बेहतरीन कार्य कराये जायेंगे। उनके मान, सम्मान के लिए कुछ नए कदम उठाये जायेंगे। ज्वाइंट सेक्रेटरी सुनील शर्मा ने कहा कि अधिवक्ताओं के लिए जीजान से बार एसोशिएसन संघर्ष और उनके बेहतर के लिए कार्य कर एक नया मुकाम हांसिल करेगी। आडीटर मधु भार्गव ने कहा कि हर अधिवक्ता के साथ बार एसोशिएसन हमेशा कंधे से कंधा मिलाकर खडी रहेगी। उन्हे कभी कोई कमी नहीं होने दी जायेगी। एसोशिएसन के लगातार हो रहे स्वागत सम्मान से उनका मान सम्मान रुपी कर्ज भी अदा किया जायेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता ठाकुर मदन गोपाल सिंह ने एवं संचालन एडवोकेट डीजीसी महेश गौतम ने किया। कार्यक्रम का आयोजन एडवोकेट एवं पूर्व प्रधान जैंत दलबीर सिंह उर्फ भूरा एवं एडवोकेट बृज बिहारी गौतम ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख समाजसेवी मन मोहन, बनै सिंह, डीजीसी महेश गौतम, ठाकुर खजान सिंह, करतार सिंह, छैल बिहारी गौतम, एडवोकेट बृज बिहारी गौतम, विष्णु ठाकुर सहित सैकडों लोगों ने बार एसोशिएसन के सभी पदाधिकारियों को फूल, माला, पटुका एवं चांदी का मुकुट पहनाकर जोशीला स्वागत किया।

# खाद्य सुरक्षा विभाग का खाद्य प्रतिष्ठानों पर छापा

**मथुरा।** दीपावली पर्व के दृष्टि गत जनपद वासियों को गुणवत्ता युक्त खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने की दृष्टि गत जिलाधिकारी महोदय द्वारा दिए गए आदेश के क्रम में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा जनपद के विभिन्न स्थानों पर छापामार कार्रवाई की गई। टीम द्वारा हरि ऑयल मिल का निरीक्षण करते हुए पांच खाद्य तेलों के नमूने संग्रहित किए गए , छटीकरा स्थिति गिर्राज मिष्ठान भंडार का निरीक्षण के उपरांत मावा,बर्फी, सोनपापड़ी के तीन नमूना संग्रहित कर 50 किलोग्राम बर्फी को नष्ट कराया, गोविंद डेयरी, शर्मा डेयरी ,पंडित डेयरी से निरीक्षण के उपरांत घी के तीन सैंपल तथा गोवर्धन रोड स्थित कुशवाहा डेयरी का निरीक्षण कर घी तथा मावा का सैंपल संग्रहित करते हुए 100 किलोग्राम दूषित मावा को नष्ट कराया,। टीम द्वारा सोख क्षेत्र में सरसों तेल के कारखाने पर छापा मार कार्रवाई करते हुए हर्ष ट्रेडिंग कंपनी, राधाकृष्णन इंटर प्राइजेज एवं आकाश इंटरप्राइजेज का निरीक्षण कर तीन नमूना सरसों के तेल के संग्रहीत किए गए। टीम द्वारा राजस्थान तथा आगरा से आपूर्ति किए जा रहे दूध के टैंकर की जांच करते हुए दो नमूना दूध तथा दो नमूना मावा के संग्रहित कर,600 किलोग्राम दूषित मावा को मौके पर नष्ट कराया गया।

# परम्परागत मिट्टी के लक्ष्मी-गणेश व कलकत्ता की कारीगरी बाजार पर भारी

अवधनामा ब्यूरो

- मिट्टी के दिये व टेराकोटा के सामान भी लोगों को रहे हैं लुभा
- मंहगाई तो बहुत है त्योहार तो मनाना ही है सभी को: सुभाष



**इटावा।** दीपावली मनाने के लिए लोग भले ही अभी से पटाखों के साथ मिठाई, लक्ष्मी-गणेश की मूर्ति के अलावा पूजा सामग्री की खरीद कम कर रहे हो लेकिन इन सभी सामग्रियों की दुकाने नई नवेली दुल्हन की तरह सज-धज कर ग्राहकों का इंतजार कर रही हैं। मिट्टी से बने भगवान गणेश व लक्ष्मी की मूर्ति के अलावा रंग-बिरंगे खिलौने अपनी भव्यता को बिखेर रहे रहे है। बाजार में सड़कों के किनारे लगे लक्ष्मी गणेश की दुकानें अपनी ही तरह की अलग भव्यता में दिखाई दे रही हैं। रंग-बिरंगी और सजी धजी लक्ष्मी गणेश की मूर्ति देखकर ग्राहक उनमें मंत्रमुग्ध हुए बिना नहीं रह पा रहे। कबीरगंज में मूर्तियों की मैनुफैचरिंग से लेकर पेंटिंग व उनके थोक व्यापारियों तक बेचने तक का काम एक ही छत के नीचे हो रहा है। यहां पर कई घर ऐसे हैं जो इस काम में लिप्त है। बाजार में 80 रूपये से लेकर 2000 तक की मूर्तियां मिल जाएंगी। यहां पर दुकानदार धर्मेंद्र प्रजापति ने बताया कि पिछली बार के मुकाबले इस बार मूर्तियों की कीमत कुछ ज्यादा है। क्योंकि इस बार मिट्टी की कीमत भी बढ़ी हुई थी। डीजल के दाम बढ़े होने से हर चीज की ढुलाई की कीमत बढ़ चुकी है। मिट्टी हो, पॉलीथिन हो या कारीगरी सबकी कीमत बढ़ने से मूर्ति की लागत भी बढ़ गई। फिर भी इस बार देसी मूर्तियों की मांग काफी ज्यादा है। कोलकाता से लाई गई लक्ष्मी गणेश की मूर्ति की मांग में भी भारी इजाफा देखा जा रहा है। कटरा सेवाकली में स्थित यशवी वर्थडे डेकोरेशन के दुकानदार सुभाष जैन का कहना है कि मेहगाई तो बहुत है त्योहार तो मनाना ही है सबको। उनका कहना है कि ऑनलाइन खरीददारी से बाज़ार में फर्क पड़ा है। आगे उन्होंने कहा कि इस बार लेमन गेंदा की माँग अधिक है लोग मंदिरों व घरों के लिए खरीद कर रहे है। उन्होंने बताया कि इस त्योहार चाइना के समान कम नज़र आ रहा है।

### फुटकर में लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियां के दाम आसमान पर

**इटावा।** दीपावली से पहले बाजारों में इस बार 50 रुपये से लेकर 5 हजार रुपये तक की लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियां बिक रहीं हैं। त्योहार पर बिक्री के लिए दुकानदारों ने पश्चिम बंगाल, गुजरात से खूबसूरत और सजावटी मूर्तियां मंगाई हैं। जो खरीददारों को रिझा रहीं हैं। दीपावाली की तैयारियां जोर पकड़ रही हैं। लोग खरीदारी में जुट गए हैं। ऐसे में बाजारों में भीड़ धीरे-धीरे बढ़ रही है। दीपावली पर लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियों की खरीदारी सबसे अहम है। बाजार में टेराकोटा वाली तीन से चार इंच की गणेश-लक्ष्मी की मूर्ति सबसे कम दाम 50 रुपये में बिक रही हैं। वहीं, कोलकाता से मंगाई मूर्तियां सबसे महंगी है। रेशमी कपड़े, कुंदन और नग वाले गहनों से सजी यह मूर्तियां छह इंच से लेकर एक फीट तक की हैं। ये 150 से लेकर 5 हजार तक कीमत पर बेची जा रही हैं।

### सज गए मिट्टी के दिए के बाजार, टेराकोटा दिये की मांग भी बढ़ी

**इटावा।** पिछले साल की अपेक्षा इस बार मिट्टी के दीपकों का बाजार अधिक सजा हुआ है। कारीगर भी खुश हैं कि शायद इस बार की दीपावली पर दीपकों की बिक्री अधिक हो। कुम्भकार राकेश ने बताया कि फिलहाल अभी ऐसा नहीं है कि बाजार में मंदी हो अभी भी दोपहर बाद से बाजारों में लोगों की भीड़ देखी जा सकती है। देर शाम तक बाजार में चहल-पहल बनी रहती हैं। शाम को बाजार में लोगों की भीड़ के बावजूद अभी बाजार ने तेजी नहीं पकड़ी है। उम्मीद है एक या दो दिन में बाजार में खरीदारी में तेजी आए। उन्होंने बताया कि उन्होंने देशी दिये के साथ सुन्दर व डिजाइन वाले दिये भी बनाये हैं।

### मिट्टी के दियों की कीमत व रेंज में भी आयीं तेजी

**इटावा।** साधारण डिजायन के मिट्टी के दिए की कीमत 100 रूपये में 100 दिए हैं। जबकि डिजायन वाले मिट्टी के दिए 120 सैकड़ा से 150 रूपये सैकड़ा मिल रहे हैं। इसके अलावा मिट्टी के अन्य तरह के खेल खिलौने की कीमत भी 10 रूपये से लेकर 150 रूपये तक है। राकेश के अनुसार इस बार बाजार कुछ मंहगा है। क्योंकि इस बार सभी कुछ मंहगा मिला है। मिट्टी के आयटम को पकाने के लिए कंडा और लकड़ी की कीमत भी बहुत ज्यादा हो चुकी है। इसके साथ ही माल भाड़ा भी बहुत बढ़ा हुआ है। जिसकी वजह से बाजार में थोड़ी बहुत महंगाई है।

### कारोबारी बोले- किराया और मिट्टी की कीमत से बढ़े दाम

मिट्टी के दिए आदि बनाने के लिए जो मिट्टी पहले निशुल्क मिला करती थी वह अब खरीदनी पड़ती है। ऐसे में पिछले साल के मुकाबले इस साल मिट्टी की ट्राली की कीमत भी बढ़ गई है, साथ ही ईंधन के रूप में प्रयोग होने वाली सामग्री के दाम भी बढ़ गये हैं। ग्राहकों का कहना है कि शुद्ध मिट्टी की मूर्तियों की डिमांड हमेशा रहती है ऐसे में लोग इन्हे काफी पसंद करते हैं साथ ही यह देखने में भी काफी आकर्षक होती है। इस समय भी बाजार में इन मूर्ति की कीमत पिछली बार की तुलना में थोड़ी अधिक है क्योंकि यह मिट्टी की कीमत पर होती है।

# 14 दिन में ही टूट गया वर्ल्ड कप का बड़ा रिकॉर्ड, श्रीलंका के ओपनर कुसल परेरा ने तूफानी पारी खेलकर मचाया गदर



आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप 2023 का 41वां मैच श्रीलंका और न्यूजीलैंड के बीच खेला जा रहा है। इस मैच में पहले बैटिंग करते हुए श्रीलंकाई टीम के ओपनर कुसल परेरा ने विश्व कप 2023 का सबसे तेज अर्धशतक जमाया।

बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले जा रहे इस मैच में कुसल परेरा ने 22 गेंदों पर तूफानी अर्धशतक ठोका और इस दौरान उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई टीम के ओपनर ट्रेविस हेड को पछाड़ दिया, जिन्होंने 14 दिन पहले ही न्यूजीलैंड के खिलाफ ही 25 गेंदों पर सबसे तेज फिफ्टी जड़ी थी। हालांकि, कुसल परेरा यह रिकॉर्ड बनाने के कुछ देर बाद ही आउट हो गए। दरअसल, श्रीलंकाई टीम की तरफ से न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले जा रहे मैच में कुसल परेरा ने 22 गेंदों पर अर्धतक जमाया और वह विश्व कप में श्रीलंका के लिए सबसे तेज अर्धशतक जमाने वाले दूसरे बल्लेबाज बन गए हैं।

बता दें कि श्रीलंकाई टीम के लिए विश्व कप में सबसे तेज अर्धशतक लगाने के मामले में एंजेलो मैथ्यूज का नाम है, जिन्होंने साल 2015 में स्कॉटलैंड के खिलाफ सबसे तेज फिफ्टी ठोकी थी। वहीं, कुसल परेरा ने श्रीलंका के खिलाफ विश्व कप 2023 की सबसे तेज फिफ्टी लगाकर बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया।

न्यूजीलैंड के खिलाफ विश्व कप की सबसे तेज फिफ्टी के 16 साल पुराने रिकॉर्ड को रेरा ने धराशायी किया। इससे पहले कनाडा के जॉन डेविसन ने साल 2007 विश्व कप में न्यूजीलैंड के खिलाफ 23 गेंदों पर अर्धशतक बनाा था।

# कोहली ने कर दिया था बोल्ड, इंग्लैंड के पूर्व कप्तान ने लगाई मोहम्मद हफीज की क्लास




कोहली के 49वें शतक के बाद पाकिस्तान के पूर्व बल्लेबाज मोहम्मद हफीज ने अजीबोगरीब टिप्पणी की थी। उन्होंने कोहली को स्वार्थी खिलाड़ी बताया था। इस पर इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने उनकी क्लास लगा दी। भारत के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने विश्व कप के मौजूदा संस्करण में अब तक शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने आठ मैचों में चार अर्धशतक और दो शतक लगाए हैं। कोहली ने बांग्लादेश और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शतकीय पारी खेली थी। कोहली के 49वें शतक के बाद पाकिस्तान के पूर्व बल्लेबाज मोहम्मद हफीज ने अजीबोगरीब टिप्पणी की थी। उन्होंने कोहली को स्वार्थी खिलाड़ी बताया था। इस पर इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने उनकी क्लास लगा दी।

विराट ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शतक लगाकर वनडे में सचिन तेंदुलकर के सबसे ज्यादा सैकड़े की बराबरी की थी। उसके बाद हफीज ने कहा, ÷मैंने विराट कोहली की बल्लेबाजी में स्वार्थ की भावना देखी और इस विश्व कप में ऐसा तीसरी बार हुआ। 49वें ओवर में वह एक रन लेकर अपना शतक पूरा करना चाह रहे थे और उन्होंने टीम को पहले स्थान पर नहीं रखा।

माइकल वॉन को हफीज का यह विश्लेषण रास नहीं आया। हफीज ने बेन स्टोक्स के नीदरलैंड के खिलाफ लगाए शतक की तारीफ की और साथ में कोहली पर निशाना साधा। उन्होंने एक्स (ट्विटर) पर लिखा, टीम के रक्षक बेन स्टोक्स दबाव में पारी की अच्छी शुरुआत करते हैं, इसके बाद जब टीम को तेजी से रन की आवश्यकता होती है तो आक्रामक अंदाज में रन बनाते हैं। वह स्वार्थी बनाम निस्वार्थ दृष्टिकोण को अलग-अलग तरीके से देखने का बेहतरीन उदाहरण हैं।

वॉन ने हफीज की टिप्पणियों का जवाब देते हुए दावा किया कि कोहली पर हफीज लगातार कटाक्ष करते हैं, क्योंकि विराट ने उन्हें 2012 में में बोल्ड कर दिया था। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विराट की पारी काफी खास थी क्योंकि उन्होंने अपने 35वें जन्मदिन पर अपना 49वां वनडे शतक लगाकर इतिहास रचा था। भारत ने अफ्रीकी टीम के खिलाफ शानदार जीत हासिल की थी। टीम इंडिया अंक तालिका में आठ जीत के साथ पहले स्थान पर है। वह अंतिम ग्रुप मैच में नीदरलैंड के खिलाफ 12 नवंबर को खेलेगी।

# न्यूजीलैंड-श्रीलंका मैच पर बारिश का साया, पाकिस्तान को हो सकता है फायदा



विश्व कप में लीग राउंड के मैच अब समाप्त होने वाले हैं। 45 में से 40 मुकाबले हो चुके हैं और पांच मैच बाकी हैं। विश्व कप का रोमांच अपने चरम पर है और सेमीफाइनल के लिए चार में से तीन टीमें तय हो चुकी हैं। भारत, दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया पहले ही क्वालीफाई कर चुकी हैं। इंग्लैंड, श्रीलंका, नीदरलैंड और बांग्लादेश की टीमें इस दौड़ से बाहर चुकी हैं। अब एक जगह के लिए तीन टीमें दावेदार हैं। न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच टक्कर है।

पाकिस्तान, न्यूजीलैंड और अफगानिस्तान के आठ-आठ मैचों में आठ-आठ अंक हैं। नेट रनरेट के आधार पर न्यूजीलैंड (+0.398) आगे है। उसके बाद पाकिस्तान (+0.036) और अफगानिस्तान (-0.338) है। न्यूजीलैंड का आखिरी मैच गुरुवार को बंगलूरू में श्रीलंका के खिलाफ है। पाकिस्तान शनिवार को कोलकाता में इंग्लैंड के खिलाफ और अफगानिस्तान अहमदाबाद में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेलेगा।

यदि तीनों टीमें अपने मैच जीत जाती हैं, तो सर्वश्रेष्ठ रनरेट वाली टीम सेमीफाइनल में जाएगी। हालांकि, न्यूजीलैंड की एक और चिंता है। बंगलूरू में बारिश का अनुमान है। अगर श्रीलंका के खिलाफ मैच बारिश की भेंट चढ़ जाता है तो उन्हें सिर्फ एक अंक से ही संतोष करना पड़ेगा। ऐसे में सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए पाकिस्तान और अफगानिस्तान को बस अपने मैच जीतने की जरूरत है। फिर बेहतर नेट रनरेट वाली टीम आगे जाएगी। पाकिस्तान का रनरेट पहले से ही अफगानिस्तान से काफी बेहतर है।

बारिश के कारण मैच रद्द होने पर न्यूजीलैंड के कुल नौ अंक ही हो पाएंगे। ऐसे में वह दुआ करेगा कि इंग्लैंड की टीम पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका की टीम अफगानिस्तान को हरा दे। अंक तालिका में चौथे स्थान पर रहने वाली टीम भारत के खिलाफ सेमीफाइनल खेलेगी।

एक्यूवेदर के मुताबिक, बंगलूरू में पूरे दिन बारिश का अनुमान है। दिन के समय बारिश की संभावना 90 फीसदी है। 86 फीसदी अनुमान बादल छाए रहने का है। रात में बारिश का अनुमान 54 फीसदी है। वहीं, 91 फीसदी संभावना है कि आसमान में बादल छाए रहेंगे।

# मैच से पहले हुआ बड़ा बदलाव, ये स्टार खिलाड़ी हुआ चोटिल अचानक 23 साल के युवा की स्कॉड में हुई एंट्री



आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप 2023 में भारतीय टीम का अब तक का प्रदर्शन शानदार रहा है। रोहित शर्मा की ब्रिगेड ने आठ मैचों लगातार जीत हासिल की और 16 अंक के साथ ही विश्व कप 2023 के प्वाइंट्स टेबल में पहला स्थान हासिल किया।

भारतीय टीम सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बनी। उनके अलावा साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया ने भी सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है।

अब भारत को अपना आखिरी लीग मैच नीदरलैंड्स के खिलाफ 12 नवंबर को खेलना है, लेकिन इस मैच से पहले ही नीदरलैंड्स की टीम में बड़ा बदलाव हुआ है। नीदरलैंड्य की टीम में चोटिल तेज गेंदबाज रेयान क्लेन की जगह युवा खिलाड़ी नोआ क्रॉस को टीम में शामिल किया गया हैं।

दरअसल, भारत के खिलाफ मैच से पहली नीदरलैंड्स टीम को झटका लगा। टीम के तेज गेंदबाज रयान क्लेन पीठ की चोट के चलते अपना आखिरी मैच नहीं खेल पाएंगे। इस विश्व कप में क्लेन को सिर्फ 1 मैच खेलने का मौका मिला था, जिसमें वह कोई भी विकेट नहीं हासिल कर सके थे। ऐसे में चोटिल होने के बाद उनकी जगह स्क्वॉड में युवा बल्लेबाज नोआ क्रोज को शामिल किया गया है। आईसीसी की इवेंट टेक्निकल कमेटी ने इसकी इजाजत दे दी। बता दें कि 23 साल के क्रोज सिर्फ 1 ही वनडे मैच खेल चुके हैं। उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर फाइनल मैच में 7 रन बनाए थे।

स्कॉट एडवर्ड्स (कप्तान), मैक्स ओडोड, बास डी लीडे, विक्रम सिंह, तेजा निदामनुरू, पॉल वैन मीकेरेन, कॉलिन एकरमैन, रूलोफ वैन डेर मेरवे, लोगान वैन बीक, आर्यन दत्त, नोआ क्रॉस, वेस्ले बरेसी, साकिब जुल्फिकार, शारिज अहमद, साइब्रांड एंगेलब्रेक्ट।

# 'टाइगर-3' के लिए प्रशिक्षण अपनी सहनशक्ति को परखने वाला अनुभव : कैटरीना कैफ



बॉलीवुड अभिनेत्री कैटरीना कैफ 'टाइगर-3' फिल्म की शूटिंग के लिए कड़े प्रशिक्षण से गुजरी हैं और उनका कहना है कि यह उनकी सीमा से परे जाने, अपनी सहनशक्ति को परखने और 'खुद के भीतर की ताकत को जानने' वाला अनुभव था।

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री कैटरीना कैफ 'टाइगर-3' फिल्म की शूटिंग के लिए कड़े प्रशिक्षण से गुजरी हैं और उनका कहना है कि यह उनकी सीमा से परे जाने, अपनी सहनशक्ति को परखने और 'खुद के भीतर की ताकत को जानने' वाला अनुभव था। कैटरीना इस फिल्म में भी आईएसआई की पूर्व एजेंट जोया का किरदार निभा रही हैं जबकि उनके साथ सुपरस्टार सलमान खान रॉ एजेंट की भूमिका निभा रहे हैं। यश राज फिल्म्स के बैनर तले बनी इस फिल्म को मनीष शर्मा ने निर्देशित किया है।

उन्होंने कहा, मेरे लिए जब टाइगर का नाम आता है तो यह अपनी सीमा से परे जाने, सहनशक्ति का परीक्षण करने और खुद के भीतर की ताकत को तलाशने का अनुभव है। कैटरीना ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म के लिए प्रशिक्षण के कई वीडियो साझा करते हुए पोस्ट किया,''किसी ने मुझसे कहा, 'दर्द भी एक अन्य तरह का एहसास है... इससेमत डरो, पीड़ा से मत भागो। कई दिनों तक मुझे थकान रही और मैंने महसूस किया कि यह समय अलग है। मेरा शरीर जख्मी हो गया था लेकिन मैं खुद से कहती थी कि इसे चुनौती की तरह लो और देखो कि आज तुम कितना सामना कर सकती हो। 'टाइगर-3' दिवाली को यानी 12 नवंबर को सिनेमाघरों में प्रदर्शित हो रही है। फिल्म को हिंदी, तमिल और तेलुगु में प्रदर्शित किया जाएगा।

# सालार का दमदार ट्रेलर, देखने को मिलेगा प्रभास का एक्शन सीक्वेंस




साउथ सुपरस्टार प्रभास की फिल्म सालार का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। फैंस फिल्म से जुड़ी छोटी से छोटी जानकारी का इंतजार कर रहे हैं। वहीं दर्शकों के उत्साह को बढ़ाने के लिए फिल्म के ट्रेलर की रिलीज डेट भी सामने आ चुकी है। प्रशांत नील के साथ प्रभास की बहुप्रतीक्षित आगामी फिल्म सालार पार्ट 1ः सीजफायर का ट्रेलर एक दिसंबर को रिलीज होने के लिए तैयार है। निर्माताओं ने अभी ट्रेलर लॉन्च की तारीख की घोषणा की है, जो उन प्रशंसकों के लिए बहुत खुशी की बात है। सालार 22 दिसंबर को सिल्वर स्क्रीन पर रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है और फिल्म को लेकर प्रचार पहले से कहीं ज्यादा हो रहा है। इस महीने की शुरुआत में निर्माताओं ने घोषणा की थी कि ट्रेलर का अनावरण सिनेमाघरों में फिल्म के आने से लगभग तीन सप्ताह पहले नवंबर के अंत या दिसंबर की शुरुआत में किया जाएगा। अपने वादे को निभाते हुए सालार की टीम ने अब ट्रेलर लॉन्च की तारीख का खुलासा किया है। जुलाई में फिल्म का टीजर आने के बाद से फैंस अपडेट का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। वहीं अब एक दिसंबर को फैंस को दमदार ट्रेलर देखने को मिलेगा।

सालार फिल्म पिछले कुछ समय से काफी चर्चा में है, खासकर इसलिए, क्योंकि यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर शाहरुख खान की बहुप्रतीक्षित फिल्म डंकी से भिड़ेगी, जिसका निर्देशन राजकुमार हिरानी ने किया है। मेकर्स की ओर से इस बात की पुष्टि कर दी गई है कि फिल्म की रिलीज में भी अब कोई देरी नहीं होगी। सालार फिल्म का टीजर छह जुलाई को जारी किया गया था, जिसमें बताया गया था कि यह फिल्म एक हाई-ऑक्टेन एक्शन थ्रिलर होगी।

सालार प्रभास और प्रशांत नील के बीच पहला सहयोग भी है और यह निर्देशक का पहला तेलुगु प्रोजेक्ट होगा। फिल्म में पृथ्वीराज सुकुमारन, जगपति बाबू, श्रुति हासन, टीनू आनंद, ब्रह्माजी, ईश्वरी राव और कई अन्य कलाकार प्रमुख भूमिकाओं में हैं। फिल्म के लिए संगीत रवि बसरूर ने तैयार किया है। यह फिल्म तेलुगु, कन्नड़, तमिल, मलयालम, हिंदी और यहां तक कि अंग्रेजी सहित कई भाषाओं में रिलीज होगी।

वहीं बात करें प्रभास की आने वाली फिल्म के बारे में तो सालार के बाद प्रभास अगली बार नाग अश्विन द्वारा निर्देशित साइंस फिक्शन फिल्म कल्कि 2898 एडी में दिखाई देंगे। फिल्म में कमल हासन, अमिताभ बच्चन, दीपिका पादुकोण, दिशा पटानी और कई अन्य कलाकार महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। फिल्म का निर्माण वैजयंती मूवीज के बैनर तले सी. अश्वनी दत्त ने किया है, जबकि फिल्म का संगीत संतोष नारायणन ने तैयार किया है। यह फिल्म 2024 की शुरुआत में रिलीज होने की उम्मीद है।

# टाइगर 3 की रिलीज से पहले फैंस को मिला एक और खास तोहफा, बढ़ाई गई फिल्म की अवधि!



टाइगर 3 की रिलीज के बाद ही पता चलेगा कि यह फिल्म सलमान के करियर के लिए संजीवनी साबित होती है या नहीं। अब हाल ही में, रनटाइम बढ़ाए जाने की जानकारी दी गई है। तो चलिए जानते हैं कि पूरा मामला क्या है।

फिल्म टाइगर 3 की रिलीज डेट जैसे-जैसे नजदीक आ रही है। इसे लेकर फैंस में उत्साह भी बढ़ते ही जा रहा है। ऐसा लगता है कि मनीष शर्मा की टाइगर 3 की टीम की दिवाली काफी रोमांचक होने जा रही हैं। टाइगर 3 की रिलीज के बाद ही पता चलेगा कि यह फिल्म सलमान के करियर के लिए संजीवनी साबित होती है या नहीं। अब हाल ही में, रनटाइम बढ़ाए जाने की जानकारी दी गई है। तो चलिए जानते हैं कि पूरा मामला क्या है।

स्पाई यूनिवर्स की नई फिल्म टाइगर 3 में सलमान खान सुपर एजेंट टाइगर के रूप में अपनी भूमिका को दोहराने के लिए तैयार हैं। इस जबर्दस्त एक्शन फिल्म में 12 एक्शन और स्टंट सीक्वेंस हैं और अब खबर आ रही है कि फिल्म के रनटाइम को बढ़ाया गया है। फिल्म का रनटाइम बढ़ जाने से फैंस की एक्साइटमेंट में इजाफा हो गया है।

मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो टाइगर 3 का रनटाइम बढ़ाए जाने की जानकारी सामने आई है। खबरों के मुताबिक मेकर्स ने फिल्म में 2 मिनट 22 सेकेंड्स जोड़ दिए हैं। जहां पहले फिल्म का रनटाइम 2 घंटे, 33 मिनट, 38 सेकंड था तो वहीं, अब एडिशनल रनटाइम के साथ यह 2 घंटे, 36 मिनट, 00 सेकंड हो गया है।

इस खबर की जानकारी ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया हैंडल पर साझा किया है। तरण ने लिखा, टाइगर 3 में एक्स्ट्रा फुटेज (2.22 मिनट) जोड़ा है। ओरिजिनल रन टाइम 2 घंटे, 33 मिनट, 38 सेकंड था। रिवाइज्ड रन टाइम एक्स्ट्रा फुटेज के बाद, 2 घंटे, 36 मिनट, 00 सेकंड है। फर्स्ट हाफः 1 घंटा, 10 मिनट, 33 सेकंड और सेकंड हाफः 1 घंटा, 25 मिनट, 27 सेकंड है। वर्क फ्रंट की बात करें तो इस फिल्म के बाद सलमान जल्द ही सूरज बड़जात्या की फिल्म और धर्मा प्रोडक्शन के बैनर तले बनने जा रही विष्णुवर्धन की फिल्म में नजर आने वाले हैं।

# राजकुमार राव की फिल्म श्री अगले साल मई में रिलीज होगी



फिल्म निर्माताओं ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, फिल्म श्री उद्योगपति श्रीकांत बोल्ला के जीवन को चित्रित करती है। उन्होंने दृष्टिबाधित होने के बावजूद निडर होकर अपने सपनों का पीछा किया और अंततः बोलैंट इंडस्ट्रीज की स्थापना की।

राजकुमार राव अभिनीत फिल्म श्री अगले साल 10 मई को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। यह फिल्म दृष्टिबाधित उद्योगपति श्रीकांत बोल्ला के जीवन पर आधारित है। टी-सीरीज और चॉक एन चीज फिल्म्स प्रोडक्शन एलएलपी के बैनर तले बन रही श्री का निर्देशन तुषार हीरानंदानी ने किया है।

फिल्म की पटकथा जगदीप सिद्धू और सुमित पुरोहित ने लिखी है। फिल्म निर्माताओं ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, फिल्म श्री उद्योगपति श्रीकांत बोल्ला के जीवन को चित्रित करती है। उन्होंने दृष्टिबाधित होने के बावजूद निडर होकर अपने सपनों का पीछा किया और अंततः बोलैंट इंडस्ट्रीज की स्थापना की।

भूषण कुमार, कृष्ण कुमार और निधि परमार हीरानंदानी द्वारा निर्मित इस फिल्म में अलाया एफ, ज्योतिका और शरद केलकर भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। पहले यह फिल्म 15 सितंबर 2023 को रिलीज होने वाली थी।

# जनप्रतिनिधियों के खिलाफ मुकदमों की निगरानी के लिए विशेष पीठ गठित करे हाईकोर्ट, शीर्ष अदालत का निर्देश

**सुनवाई**

**सुप्रीम कोर्ट ने फाइबरनेट मामले में अग्रिम जमानत की मांग करने वाली टीडीपी प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू की याचिका पर सुनवाई 30 नवंबर तक के लिए स्थगित कर दी।**



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सांसदों और विधायकों के खिलाफ आपराधिक मामलों के शीघ्र निपटारे के लिए निर्देश जारी किए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि एमपी-एमएलए के खिलाफ मामलों के त्वरित निपटारे से संबंधित ट्रायल कोर्ट के लिए एक समान दिशानिर्देश बनाना उसके लिए मुश्किल होगा। कोर्ट ने उच्च न्यायालयों से ऐसे मामलों की प्रभावी निगरानी और निपटान के लिए स्वतः संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज करने को कहा।

शीर्ष कोर्ट ने उच्च न्यायालयों से जनप्रतिनिधियों के खिलाफ आपराधिक सुनवाई की निगरानी के लिए विशेष पीठ गठित करने को कहा। कोर्ट ने कहा कि आपराधिक प्रकारणों में जनप्रतिनिधियों के खिलाफ मुकदमों पर हाईकोर्ट विशेष निचली अदालतों से स्थिति रिपोर्ट मांग सकती हैं। कोर्ट ने यह भी कहा कि सुनवाई करने वाली अदालतें अहम और बाध्यकारी कारणों को छोड़कर जनप्रतिनिधियों के खिलाफ मामलों की सुनवाई स्थगित न करें।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने जन प्रतिनिधियों के खिलाफ लंबित आपराधिक मामलों के शीघ्र निपटारे की मांग वाली अश्विनी उपाध्याय की जनहित याचिका पर उच्च न्यायालयों और निचली अदालतों को कई निर्देश जारी किए। कोर्ट की व्यवस्था में कहा गया कि उच्च न्यायालय कानून निर्माताओं के खिलाफ आपराधिक मुकदमों की निगरानी के लिए एक विशेष पीठ का गठन करेंगे, जिसकी अध्यक्षता या तो मुख्य न्यायाधीश या फिर उनके द्वारा नामित पीठ द्वारा की जाएगी।

प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने जनहित याचिका पर अपना फैसला सुनाते हुए कहा कि प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश जन प्रतिनिधियों से जुड़े मामलों की सुनवाई करने वाली नामित विशेष अदालतों के लिए पर्याप्त बुनियादी ढांचा एवं तकनीकी सुविधाएं सुनिश्चित करेंगे।

सुप्रीम कोर्ट ने 23 साल पुराने आपराधिक मामले में वाराणसी की सांसद/विधायक अदालत की ओर से जारी गैर-जमानती वारंट से कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला को संरक्षण प्रदान कर दिया। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने गैर-जमानती वारंट रद्द कराने के लिए सुरजेवाला को पांच सप्ताह के भीतर विशेष न्यायाधीश (सांसद/विधायक) वाराणसी की अदालत से संपर्क करने को कहा। यह मामला वर्ष 2000 का है। सुरजेवाला उस समय भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष थे। उन पर वाराणसी में संवासिनी मामले में कांग्रेस नेताओं को कथित रूप से झूठा फंसाए जाने के विरोध में हंगामा करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया था।

सुप्रीम कोर्ट ने फाइबरनेट मामले में अग्रिम जमानत की मांग करने वाली टीडीपी प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू की याचिका पर सुनवाई 30 नवंबर तक के लिए स्थगित कर दी। जस्टिस अनिरुद्ध बोस और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने मामले को यह कहते हुए टाल दिया कि कौशल विकास घोटाला मामले में याचिका को रद्द करने की मांग वाली नायडू की एक अन्य याचिका पर फैसला दिवाली की छुट्टियों के बाद आ सकता है। पीठ ने कहा कि उसी याचिकाकर्ता की एक और याचिका है, जिसमें कुछ ओवरलैपिंग मुद्दे हैं, जिसमें इस पीठ ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। मामले को 30 नवंबर को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाए।

# ईडी के सामने पेश हुए अभिषेक बनर्जी, बोले- छह हजार पन्नों का जवाब सौंपा

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस के सांसद अभिषेक बनर्जी कथित बंगाल स्कूल रोजगार घोटाले की जांच के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कोलकाता कार्यालय में पेश हुए। इससे पहले ईडी ने अभिषेक बनर्जी को तलब किया था। उन्हें आज यानी 9 नवंबर को ईडी के सामने पेश होने के लिए बुलाया गया था।

ईडी कार्यालय से बाहर आने के बाद तृणमूल कांग्रेस के नेता अभिषेक बनर्जी ने कहा कि मैंने कथित स्कूल रोजगार घोटाले की जांच में सहयोग किया है। मैंने ईडी को छह हजार पन्नों का जवाब सौंपा है। अभिषेक ने कहा कि मेरे पास छिपाने के लिए कुछ भी नहीं है। वे जब चाहें मुझे बुला सकते हैं। सभी चीजें लोगों के सामने हैं कि भाजपा हमसे लड़ने में सक्षम नहीं हैं, इसलिए जांच एजेंसियों का इस्तेमाल कर रही है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है। अगर आपके पास मेरे खिलाफ कोई सबूत है तो अदालत के सामने पेश करें।

अभिषेक बनर्जी ने महुआ मोइत्रा मामले में भी अपनी बात रखी। ईडी कार्यालय के बाहर जब उनसे इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि



मुझे लगता है कि महुआ मोइत्रा अपनी लड़ाई खुद लड़ने में सक्षम हैं। दरअसल, महुआ पर संसद में सवाल पूछने के बदले रिश्वत लेने के आरोप लगे हैं। सूत्रों की मानें तो मामले में उनकी लोकसभा सदस्यता भी जा सकती है।

इससे पहले पश्चिम बंगाल की महिला एवं बाल कल्याण मंत्री और तृणमूल की प्रवक्ता शशि पांजा ने समन को प्रतिशोध की राजनीति से प्रेरित बताया था। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा अगले साल की शुरुआत में महत्वपूर्ण चुनाव से पहले नेताओं को परेशान करने के लिए ऐसी प्रतिशोध की राजनीति कर रही है।

उल्लेखनीय है कि ईडी ने इससे पहले बनर्जी को नौ अक्तूबर को उसके सामने पेश होने के लिए बुलाया था। इससे पहले वे नई दिल्ली में पार्टी की विरोध रैली में भाग लेने की वजह से तीन अक्तूबर के समन में शामिल नहीं हुए थे।

## असम में बोगीबील पुल पर भयंकर हादसा, सेना के जवानों की मुस्तैदी से बची कई जान, लोग कर रहे तारीफ



**डिब्रूगढ़।** असम के डिब्रूगढ़ जिले में ब्रह्मपुत्र नदी पर बने बोगीबील पुल पर तीन माल ढोने वाले वाहनों और एक यात्री वैन के बीच बुधवार सुबह भयंकर हादसा हो गया। इस कारण पुल पर लंबा जाम लग गया। सेना के जवानों ने तुरंत घटनास्थल पर पहुंच कर मदद की, फंसे हुए घायलों को निकाला और रास्ते को यातायात के लिए खोला। सेना के जवानों की इस त्वरित कार्रवाई की स्थानीय लोगों ने जमकर तारीफ की।

रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ने कोलकाता में बताया कि बुधवार सुबह लगभग सुबह 10.10 बजे, तीन माल ढोने वाले वाहनों और एक यात्री वैन टकराने से भयंकर हादसा हो गया। इससे असम में राष्ट्रीय राजमार्ग 15 के साथ बोगीबील ब्रिज पर यातायात अवरुद्ध हो गया। सेना के प्रवक्ता ने बताया कि रेड शील्ड डिवीजन के सैन्य काफिले ने कमांडर के नेतृत्व में तेजी से प्रतिक्रिया दी और क्षतिग्रस्त वाहनों में फंसे दो लोगों को स्थानीय लोगों की मदद से निकाला। एक वाहन का चालक वाहन के अंदर फंसा हुआ था, जिसके सिर और चेहरे पर गंभीर चोटें आई थीं।

सेना के रिकवरी वाहन ने घायल चालक को सुरक्षित बाहर निकालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, क्योंकि केबिन संरचना को मोड़ने और घायल चालक को निकालने के लिए ईएमई से सेना के जवानों द्वारा सिंथेटिक नली के साथ एक मेक शिफ्ट व्यवस्था का उपयोग किया गया। दुर्घटना में शामिल एक अन्य चालक को भी सेना के जवानों ने उसके वाहन से बाहर निकाला, जिसके शरीर के निचले हिस्से में चोटें आईं थीं।

# मणिपुर में गोलियों से छलनी दो शव मिले, हाथ बांधकर मारी गई गोली, मृतकों में एक महिला भी शामिल

**पोस्टमार्टम**

**शव इंफाल के पूर्वी और पश्चिमी इलाकों में मिले हैं। मृतकों को हाथ बांधकर गोली मारी गई है।**

**पुलिस जांच में जुटी है और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।**




**इंफाल।** जातीय हिंसा से जूझ रहे मणिपुर में गोलियों से छलनी दो शव बरामद हुए हैं। मृतकों में एक महिला का शव भी शामिल है। शव इंफाल के पूर्वी और पश्चिमी इलाकों में मिले हैं। मृतकों को हाथ बांधकर गोली मारी गई है। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी है और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। खबर के अनुसार, जिस व्यक्ति का शव मिला है, उसके सिर में गोली मारी गई है।

**सिर में मारी गई गोली**

पुलिस ने बताया कि जिस व्यक्ति का शव मिला है, उसकी उम्र लगभग 40 साल है और उसके हाथों और आंखों पर पट्टी बंधी हैं और उसके सिर में गोली मारी गई है। व्यक्ति का शव मंगलवार रात को इंफाल पूर्व के तेरेनपोकपी इलाके में मिला है। शव को पोस्टमार्टम के लिए रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस भेजा गया है। स्थानीय लोगों ने पहले शव को देखा और फिर पुलिस को इसकी सूचना दी। वहीं जिस महिला का शव मिला है, माना जा रहा है कि वह उन चार लोगों में से एक है, जिन्हें हाल ही में इंफाल पश्चिम के कांगचप इलाके से अज्ञात बंदूकधारियों ने अगवा किया था। पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बता दें कि मंगलवार को कांगचप इलाके में लोगों पर फायरिंग की गई थी, जिसमें दो पुलिसकर्मियों और एक महिला समेत कुल नौ लोग घायल हुए थे।

**मणिपुर में जारी जातीय हिंसा**

बता दें कि मणिपुर में बीती 3 मई से जातीय हिंसा चल रही है, जिसमें अब तक 180 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है और हजारों परिवारों को विस्थापित होना पड़ा है। दरअसल मैतई समुदाय को अनुसूचित जनजाति के तहत आरक्षण देने के खिलाफ यह हिंसा शुरू हुई थी। राज्य में मैतई समुदाय की आबादी कुल आबादी की 53 फीसदी है। वहीं राज्य में नगा और कुकी जनजाति के लोगों की जनसंख्या 40 प्रतिशत है।

# सुप्रीम कोर्ट ने 23 साल पुराने मामले में सुरजेवाला को दी राहत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कांग्रेस के नेता रणदीप सुरजेवाला को राहत दी है। शीर्ष अदालत ने उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। बता दें, डिवीजनल कमिश्नर की अदालत और कार्यालय परिसर में हिंसक विरोध प्रदर्शन के 23 साल पुराने मामले में कांग्रेस महासचिव के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया गया था।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने सुरजेवाला से कहा कि वह गैर जमानती वारंट को रद्द करने के लिए पांच सप्ताह के भीतर वाराणसी के विशेष न्यायाधीश (एमपी/एमएलए) की अदालत का रुख करें।

पीठ ने कहा, याचिकाकर्ता को गैर जमानती वारंट रद्द करने के लिए आवेदन करने की स्वतंत्रता दी जाती है। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि वारंट पर पांच सप्ताह के



लिए रोक लगाया जा रहा है।

सुरजेवाला की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने सुबह मामले का उल्लेख करते हुए तत्काल सुनवाई की मांग की थी। इसके बाद मामले में सुनवाई हुई।

यह मामला साल 2000 का है, जब भारतीय युवा कांग्रेस के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरजेवाला पर वाराणसी में संवासिनी कांड में कांग्रेस नेताओं के कथित झूठे आरोप के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए कथित तौर पर हंगामा करने के लिए मामला दर्ज किया गया था।

# अमेरिका, चीन के खिलाफ सख्ती नहीं बरत सकता

**निर्भर**

**विवेक रामास्वामी ने कहा अमेरिका की डिफेंस इंडस्ट्री अपनी सप्लाई चेन के लिए चीन पर निर्भर है।**



**वॉशिंगटन।** अमेरिका में 2024 में होने वाले राष्ट्रपति पद के लिए दावेदारी पेश कर रहे भारतीय मूल के विवेक रामास्वामी ने कहा कि अमेरिका, चीन के खिलाफ सख्ती नहीं बरत सकता क्योंकि अमेरिका अपनी आधुनिक जीवन शैली के लिए चीन पर निर्भर है। विवेक रामास्वामी ने कहा कि अमेरिका को चीन पर अपनी आर्थिक निर्भरता कम करने की जरूरत है। 38 वर्षीय विवेक रामास्वामी ने ये बातें रिपब्लिकन पार्टी की राष्ट्रपति पद की तीसरी डिबेट में कही, जो बुधवार को फ्लोरिडा के मियामी में आयोजित हुई।

डिबेट के दौरान विवेक रामास्वामी ने कहा हम चीन के खिलाफ सख्ती नहीं बरत सकते क्योंकि हमारी आधुनिक जीवन शैली चीन पर निर्भर है। हमें अपने दुश्मन से आर्थिक आजादी घोषित करने की जरूरत है। थॉमस जेफरसन अगर आज जिंदा होते तो वह जो आजादी के दस्तावेज पर हस्ताक्षर करते वो चीन से आर्थिक आजादी का दस्तावेज होता। जब मैं अगला राष्ट्रपति बनूंगा तो मैं इसी डिक्लेयरेशन ऑफ इंडीपेंडेंस पर हस्ताक्षर करूंगा।

विवेक रामास्वामी ने कहा अमेरिका की डिफेंस इंडस्ट्री अपनी सप्लाई चेन के लिए चीन पर निर्भर है। उन्होंने कहा कि एफ-35 जेट्स के लिए, जहाज बनाने के लिए हम चीन पर निर्भर हैं। वैसे ही हम फार्मास्यूटिक्ल के लिए और सेमीकंडक्टर के लिए भी चीन पर निर्भर हैं। रामास्वामी ने कहा कि हमें ऐसे नेता चाहिए जो चीन पर निर्भर ना हो। चीन हमारे देश में जमीन खरीद रहा है और यूनिवर्सिटीज में दान दे रहा है। भारतीय मूल के रामास्वामी ने कहा कि अमेरिका की कंपनियां चीन के बाजार में विस्तार तब तक ना करें, जब तक चीन भी ऐसा ही ना करे।

बता दें कि मियामी में हुई बहस में विवेक रामास्वामी के अलावा रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति पद की अन्य दावेदार निक्की हेली, फ्लोरिडा के गवर्नर रोन सांतिस, न्यूजर्सी के पूर्व गवर्नर क्रिस क्रिस्टी और साउथ कैरोलिना से सांसद टिम स्कॉट भी शामिल हुए। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस बार भी बहस में शामिल नहीं हुए। बता दें कि बहस में शामिल ना होने के बावजूद अभी भी रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से डोनाल्ड ट्रंप सबसे लोकप्रिय उम्मीदवार हैं।

# दुनिया में नफरत की कोई जगह नहीं: डेनिस फ्रांसिस



**संयुक्त राष्ट्र/जिनेवा।** संयुक्त राष्ट्र महासभा के 78वें सत्र के अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस ने हिंसा के खिलाफ एकजुट होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नफरत फैलाने वाले भाषण हिंसा को बढ़ावा देते हैं। इससे संघर्षों को हल नहीं किया जा सकता है। साथ ही इस बात भी जोर दिया कि दुनिया में नफरत के लिए कोई जगह नहीं है।

डेनिस ने पिछले महीने हमास के इस्राइल पर हमले के बाद पश्चिम एशिया में ताजा संघर्ष की शुरुआत का जिक्र करते हुए कहा, सात अक्तूबर के बाद से दुनिया ने नफरत फैलाने वाले भाषण और हिंसा अपराधों में तेजी से वृद्धि देखी है। यह पूरी तरह से अस्वीकार्य है।

उन्होंने कहा, मेरा एक स्पष्ट संदेश है कि नफरत की हमारी दुनिया में कोई जगह नहीं है। उन्होंने इस दौरान भेदभाव की भी निंदा की। साथ ही इस बात पर भी जोर दिया कि किसी व्यक्ति की जाति या धर्म को लेकर उसे डराने व धमकाने को स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि नफरत फैलाने वाले भाषण केवल हिंसा को बढ़ावा देते हैं। इनसे किसी समस्या का समाधान नहीं निकलता है।

गौरतलब है, सात अक्तूबर को हमास ने इस्राइल पर हमला कर दिया था। उसके बाद इस्राइली सेना ने जवाबी हमला किया, जिसमें अभी तक गाजा में 10 हजार से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। इस युद्ध के थमने का दूर दूर तक कोई आसार नहीं दिख रहा है।

# भारतीय मूल के तरुण गुलाटी बन सकते हैं लंदन के अगले मेयर, पाकिस्तानी मूल के सादिक खान से है मुकाबला

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक भारतीय मूल के हैं और अब लंदन को मेयर भी भारतीय मूल का मिल सकता है। दरअसल लंदन के बिजनेसमैन तरुण गुलाटी ने मई 2024 के मेयर चुनाव के लिए दावेदारी पेश कर दी है। तरुण गुलाटी ने उम्मीद जताई है कि वह लंदन के भारतीय मूल के पहले मेयर बन सकते हैं। तरुण गुलाटी (63 वर्षीय) बीते महीने अपनी जन्मभूमि भारत में थे और यहीं से उन्होंने मेयर पद की दावेदारी का एलान किया था।

तरुण गुलाटी ने कहा कि वह पूरी कोशिश करेंगे कि लंदन दुनिया का शीर्ष वैश्विक शहर बना रहे और लोग यहां सुरक्षित और सशक्त महसूस करें और यहां प्रगति के अवसर मौजूद रहें। तरुण गुलाटी ने कहा कि लंदन में निम्न और मध्यम वर्गीय लोगों के लिए बहुत कुछ किए जाने की जरूरत है। गुलाटी ने उम्मीद जतायी कि वह जो विचार पेश करेंगे, उसे मतदाता पसंद करेंगे। बता दें कि



तरुण गुलाटी का सामना पाकिस्तानी मूल के मौजूदा मेयर सादिक खान से होगा। तरुण गुलाटी ने कहा कि बतौर लंदन मेयर वह कोशिश करेंगे कि विभिन्न देशों के लोग जो लंदन में रह रहे हैं, उनके बीच एकजुटता हो और लोगों का लोगों से संबंध हो। साथ ही सस्ती मकान मुहैया कराना उनकी प्राथमिकता होगा। गुलाटी बतौर निर्दलीय चुनाव में उतरने की योजना बना रहे हैं। वहीं लेबर पार्टी से सादिक खान और कंजर्वेटिव पार्टी से सुजैन हिल दावेदारी पेश करेंगी। सुजैन हिल अगर चुनाव जीत जाती हैं तो वह लंदन की पहली महिला मेयर होंगी।

लंदन मेयर का चुनाव 2 मई 2024 को होगा। अपने चुनाव अभियान के तहत तरुण गुलाटी फिलहाल वर्ल्ड टूर पर हैं। इसी के तहत वह भारत दौरे पर आए और यहां हैदराबाद में भगवान बालाजी चिलकुर मंदिर में दर्शन के बाद कहा कि अपना चुनाव अभियान शुरू करने के लिए हैदराबाद से बेहतर जगह नहीं हो सकती। हैदराबाद सच्चे मायनों में वैश्विक शहर है और यह सांस्कृतिक रूप से भी काफी समृद्ध है। यहां एक मजबूत स्टार्टअप इकोसिस्टम है। लंदन मेयर के लिए नामांकन करने की डेडलाइन मार्च 2024 है।

# पाकिस्तान ने देश में हो रहे हमलों के बीच अफगान तालिबान से बनाई दूरी, अब से नहीं देगा सुविधा

**सहायता**

**तालिबान का समर्थन नहीं करने या उसे कोई अन्य सहायता नहीं देने का फैसला किया है।**



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में लगातार आतंकी हमले हो रहे हैं। ऐसे में प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) आतंकवादी समूह को निष्प्रभावी करने में काबुल की विफलता के बाद देश ने एक बड़ा फैसला लिया है। उसने नीतिगत बदलाव के तहत अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अफगान तालिबान का समर्थन नहीं करने या उसे कोई अन्य सहायता नहीं देने का फैसला किया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, इस्लामाबाद अब अंतरिम अफगान तालिबान सरकार को कोई विशेष सुविधा नहीं देगा, जो दोनों पड़ोसी देशों के बीच संबंधों में गिरावट का संकेत देता है। टीटीपी, जिसका अफगान तालिबान के साथ वैचारिक संबंध है और जिसे पाकिस्तान तालिबान के रूप में भी जाना जाता है, को 2007 में कई आतंकवादी संगठनों के एक समूह के रूप में स्थापित किया गया था।

समूह को स्थापित करने का मुख्य उद्देश्य पूरे पाकिस्तान में इस्लाम के अपने सख्त नियमों को लागू करना था। पाकिस्तान को उम्मीद थी कि सत्ता में आने के बाद अफगान तालिबान टीटीपी के गुर्गों को निष्कासित करके पाकिस्तान के खिलाफ अपनी धरती का इस्तेमाल बंद कर देगा, लेकिन उन्होंने इस्लामाबाद के साथ संबंधों को तनावपूर्ण करने की कीमत पर ऐसा करने से इनकार कर दिया है।

**अंतरराष्ट्रीय मान्यता मिलने की संभावना कम**

रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान की नीति में हुए बदलाव से एक बात तो साफ है कि अफगान तालिबान सरकार को अंतरराष्ट्रीय मान्यता मिलने की संभावना पहले से भी कहीं अधिक कम हो गई है।

**साल 2021 में हुई थी तालिबान की वापसी**

आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि अगस्त 2021 में तालिबान की सत्ता में वापसी के बाद, पाकिस्तान इसके मुख्य समर्थक के रूप में उभरा था, जिसने अंतरराष्ट्रीय समुदायों विशेष रूप से पश्चिमी देशों से काबुल में नए शासकों के साथ जुड़े रहने का आग्रह किया था।

**अफगान की मदद करने पर होती रही है आलोचना**

अफगान अंतरिम सरकार के प्रवक्ता के रूप में कार्य करने की पाकिस्तान की नीति की अक्सर देश के भीतर और बाहर कड़ी आलोचना होती रही है। हालांकि, अधिकारियों ने इसका बचाव करते हुए कहा कि अफगान तालिबान के साथ काम करने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं था।

# कमला हैरिस ने अपने आवास पर मनाई दिवाली, कहा- दुनिया मुश्किल और कठिन चुनौतियों का सामना कर रही

**वाशिंगटन।** अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने अपने आधिकारिक आवास पर दिवाली मनाई। इस दौरान उन्होंने मेहमानों से कहा कि प्रकाश के इस त्योहार को मनाना बहुत जरूरी है क्योंकि दुनिया आज इस्राइल-हमास युद्ध के कारण कठिन और अंधेरे क्षण का सामना कर रही है।

भारतीय मूल की हैरिस ने मंगलवार को अपने आवास पर दिवाली मनाई। उन्होंने कहा, हम ऐसे समय में दिवाली मना रहे हैं, जब हमारी दुनिया में बहुत कुछ हो रहा है। मुझे लगता है कि यह बहुत जरूरी है कि हम दिवाली मनाएं। यह त्योहार प्रकाश का जश्न मनाने के बारे में है। हम समझते हैं कि यह हमेशा प्रकाश और अंधेरे क्षणों के बीच अंतर को समझने के संदर्भ में है। उन्होंने कहा, निश्चित रूप से कठिन समय चल रहा है। हम कई समस्याओं का सामना कर रहे हैं, लेकिन विशेष रूप से इस्राइल और



गाजा से आने वाली रिपोर्टों को देखना बहुत ही दुखद है। मैं हम सभी के लिए जानती हूं और निश्चित रूप से मेरे और मेरे पति डौग के लिए यह दिल तोड़ने वाला है।

उन्होंने आगे कहा, बस यह स्पष्ट करना चाहती हूं कि राष्ट्रपति जो बाइडन और मैं इस्राइल के अपनी रक्षा करने के अधिकार का समर्थन करने के लिए काम कर रहे हैं। हम गाजा में लोगों द्वारा प्राप्त की जाने वाली मानवीय सहायता की आवश्यकता का समर्थन करते हैं। हमारा मानना है कि यह बहुत महत्वपूर्ण है कि हम हमास और फलस्तीनी में अंतर समझ सकें।

हैरिस ने कहा, यह बेहद महत्वपूर्ण है कि हम अमेरिकी बंधकों को घर लाएं और हम उस क्षेत्र में तनाव बढ़ने से रोकें। इसलिए मैं उन शब्दों को बोलूंगी, यह समझते हुए कि यह गंभीर रूप से महत्वपूर्ण है कि जब हम दिवाली जैसी कोई चीज मनाएं, तो यह इस तरह से प्रकाश डालने के बारे में भी है जो सच बोलने के बारे में है। उन्होंने कहा, मैं फलस्तीनी लोगों के लिए भी यह कहना चाहती हूं, मैंने यह कई बार कहा है और मैं इसे फिर से कहूंगी उनके पास एक अधिकार है और वे आत्मनिर्णय और गरिमा के लिए एक अवसर पाने के हकदार हैं।

## फिटनेस सेंटर में चाकू से हुए हमले में घायल भारतीय छात्र ने तोड़ा दम

**वाशिंगटन।** अमेरिका में इंडियाना के एक फिटनेस सेंटर में 24 वर्षीय भारतीय छात्र वरुण राज पुचा को बीते दिनों चाकू मार दिया गया था। इस घटना के बाद से ही उनकी हालत गंभीर बनी हुई थी। बुधवार को पुचा ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

कंप्यूटर साइंस के छात्र वरुण राज को 24 वर्षीय आरोपी जॉरडन अंड्रेड ने जिम में चाकू मारा था। घटना के बाद से वरुण लाइफ सपोर्ट में ही थे। घटना के बाद ही आरोपी जॉर्डन को गिरफ्तार कर पोर्टर सुपीरियर कोर्ट के न्यायाधीश जेफरी क्लाइमर के सामने पेश किया गया था, जहां उसने अपना अपराध स्वीकार करने से इनकार कर दिया था। चाकू मारने की वजह अभी पता नहीं चल पाई है। जांच चल रही है। शिकागो के एक निजी विश्वविद्यालय वालपराइसो ने बुधवार को बताया, वरुण राज पुचा अब इस दुनिया में नहीं रहे।

# विश्वविद्यालय शोध के क्षेत्र में विशेष ध्यान दे: राज्यपाल

- भविष्य की चुनौतियों से निबटने के लिए जल सुरक्षा जरूरी: डॉ. राजेंद्र
- कुलपति ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों को गिनाया
- विश्वविद्यालय के ब्रांड अंबेसडर होते हैं छात्र: रजनी तिवारी
- 80 विद्यार्थियों को मिला 81 गोल्ड मेडल
- 30 बच्चों को राज्यपाल के हाथों मिला उपहार
- विश्वविद्यालय में मनाया गया 27 वां दीक्षांत समारोह





अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के महंत अवेद्यनाथ संगोष्ठी भवन में विश्वविद्यालय का 27 वां दीक्षांत समारोह मनाया गया। इस अवसर पर माननीय कुलाधिपति, श्री राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले स्नातक एवं स्नातकोत्तर मेधावियों को 81 स्वर्ण पदक प्रदान किए।

इस अवसर पर प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने विश्वविद्यालयों में शिक्षा की सुचिता पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षक नियमित क्लास लें। विश्वविद्यालयों में जब प्रवेश, परीक्षा और परीक्षाफल की तिथि निर्धारित हो जाएगी तो शिक्षा व्यवस्था अपने आप सुधर जाएगी। महिला सशक्तिकरण पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में 73 फीसदी लड़कियां और 27 फीसदी लड़के गोल्ड मेडल पाएं हैं। इससे साबित होता है कि महिलाएं पुरुषों से आगे हैं। मैंने उत्तर प्रदेश में नौ विश्वविद्यालयों की कुलपति महिलाओं को बनाया। उन्होंने कहा कि शोध के क्षेत्र में हमे विशेष जोर देने की जरूरत है। पेटेंट न होने के कारण विश्व के अन्य देश हमसे आगे हो जा रहे हैं। उन्होंने जर्मनी को उदाहरण देते हुए कहा कि वहां गर्भवती माताओं को शिक्षा दी जाती है ताकि उसका बच्चा पैदा होने के बाद शिक्षित और संस्कारित बने। इस काम का प्रमाण हमारे यहां महाभारत काल का अभिमन्यु है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के डिग्रियों को डिजिलॉकर में रखने का एकमात्र उद्देश्य यह है कि उसके साथ किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ न हो पाए और साथ में ही वह इसके माध्यम से अपनी डिग्री को देश में कहीं से भी देख सकेंगे। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के शिक्षकों को तकनीकी के क्षेत्र में विद्यार्थियों का भी उपयोग करना चाहिए जिससे कि विश्वविद्यालय के विकास में उनकी भी सहभागिता हो। उन्होंने कहा कि गरीब बच्चों को शिक्षा का अधिकार दिलाने के लिए विश्वविद्यालयों को आंगनबाड़ी केंद्रों तक भेजा गया। प्रदेश में वृक्षारोपण कराने का उद्देश्य भी पर्यावरण को सुरक्षित करना है। हमें समस्याओं के मूल को पहचानना होगा और प्रयास करके इसका निदान करना होगा। दीक्षांत उद्बोधन में मुख्य अतिथि पीपल्स वर्ल्ड कमीशन ऑन ड्राउट एंड फ्लड, स्वीडन एवं तरुण भारत संघ, राजस्थान के चेयरमैन जल पुरुष डॉ. राजेंद्र सिंह ने शिक्षा और विद्या के अंतर को समझाते हुए कहा कि शिक्षा पढ़ाई से होती और विद्या खुद लेनी पड़ती है। उन्होंने कहा कि शिक्षा को विद्या नीति की ओर ले जाने की जरूरत है। वैश्विक रूप से हमारे समक्ष अनेक पर्यावरण संबंधी समस्याएं परिलक्षित हो रही हैं । इन समस्याओं का मुख्य कारण विकास की होड़ में प्रकृति की अनेदखी एवं पर्यावरणीय असंतुलन है । उन्होंने कहा कि धरती का पेट तेजी से खाली हो रहा है। जल, जीवन और जमीन तीनों पर खतरा मंडरा रहा है। उन्होंने कहा कि ज्ञान-विज्ञान, सेवा और सद्भावना की जो विद्या इन युवाओं ने इस विश्वविद्यालय में ग्रहण की है, उसे जीवन में उतार कर व्यक्तिगत, पारिवारिक और सामाजिक जीवन को समृद्ध एवं राष्ट्र के लिए सकारात्मक और सृजनात्मक योगदान करें।

उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी ने गोल्ड मेडल पाने वाले विद्यार्थियों से कहा कि उन्हें अच्छा इंसान बनने का संकल्प लेना होगा जिससे वह अपने घर परिवार के साथ-साथ समाज की भी जिम्मेदारियों को निभा सके। विद्यार्थियों की सेवा और प्रेम उन्हें पूर्ण बनाता है। ऐसे लोग अपनी क्षमता और कौशल से देश को मजबूत कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के छात्र उसके ब्रांड अंबेसडर होते हैं। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने मुख्य अतिथि, राज्यपाल और अतिथियों का स्वागत करते हुए विश्वविद्यालय की उपलब्धियों को बिन्दुवार बताया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के लिये मेरे मन मस्तिष्क में एक संकल्प है इसे चरणबद्ध तरीके से क्रियान्वित करना मेरी प्राथमिकता है। दीक्षांत समारोह की शुरुआत में शोभायात्रा निकाली गई, जिसका नेतृत्व कुलसचिव महेंद्र कुमार ने किया। शोभायात्रा में अतिथियों के साथ कार्य परिषद् एवं विद्या परिषद के सदस्य शामिल हुए। दीक्षांत समारोह का संचालन डॉ. मनोज मिश्र ने किया। इसके पूर्व जल भरो कार्यक्रम जल भरो गीत के साथ किया गया।

इस अवसर राज्यसभा सदस्य सीमा द्विवेदी, एमएलसी बृजेश सिंह प्रिंसु, डा. रागिनी सोनकर, पूर्व विधायक सुरेंद्र सिंह, प्रो. पंकज एल जानी, प्रो. बीबी तिवारी, प्रो. मानस पांडेय, प्रो. वंदना राय, प्रो. अजय प्रताप सिंह, डॉ. जगदीश सिंह दीक्षित, प्रो. रणंजय सिंह, प्रो. शम्भूराम चौहान, प्रो. श्रीश सिंह, डॉ. राजेश सिंह, , प्रो. अविनाश पाथर्डीकर, डॉ. अवधेश नारायण राय, डॉ सत्यप्रकाश, प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो. राजेश शर्मा, वित्त अधिकारी उमाशंकर, परीक्षा नियंत्रक बीएन सिंहडा. विजय सिंह, डा. राहुल सिंह,, प्रो. एके श्रीवास्तव, प्रो. रजनीश भास्कर, प्रो. रामनारायण, प्रो. देवराज सिंह, प्रो. बीडी शर्मा, डा. संदीप सिंह, डा. प्रदीप कुमार, डा. मनीष गुप्ता, पूर्व एनएसएस समन्वयक प्रो. राकेश यादव, रोवर्स रेंजर्स डा. जगदेव, डा. विजय तिवारी, डा. संतोष कुमार,. डा. सुनील कुमार, डा. दिग्विजय सिंह राठौर,डा. रशिकेस, डॉ. अनु त्यागी, डा. जाह्नवी श्रीवास्तव, डा. अमरेंद्र सिंह, डा. आशुतोष सिंह, कर्मचारी संघ के अध्यक्ष नंदकिशोर, महामंत्री रमेश यादव, डॉ. अमित वत्स., उप कुलसचिव अमृतलाल, एआर अजीत सिंह, बबिता सिंह, दीपक सिंह, आदि शिक्षक और कर्मचारी मौजूद थे।

### गतिमान पत्रिका का हुआ लोकार्पण

विश्वविद्यालय के 27 वें दीक्षांत समारोह में गतिमान वार्षिक पत्रिका का विमोचन राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने किया। इस पत्रिका में विश्वविद्यालय के वर्षभर की गतिविधियां स्वर्ण पदक धारकों की सूची, अतिथियों का परिचय समेत विश्वविद्यालय की विविध गतिविधियों को बड़े आकर्षण ढंग से प्रकाशित किया गया है। विमोचन अवसर पर कुलपति, दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि, प्रधान संपादक डॉ. मनोज मिश्र, संपादक डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, सम्पादन मण्डल में प्रो. अजय द्विवेदी, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. नितेश जायसवाल और डॉ लक्ष्मी मौर्य रहें।

### जल संरक्षण एवं सम्वर्धन हेतु हुआ एमओयू

पीपल्स वर्ल्ड कमीशन ऑन ड्राउट एंड फ्लड, स्वीडन एवं तरुण भारत संघ, राजस्थान के चेयरमैन जल पुरुष डॉ. राजेंद्र सिंह और वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने महंत अवेद्यनाथ संगोष्ठी भवन में जल संरक्षण एवं सम्वर्धन हेतु एमओयू पर हस्ताक्षर किया।

### बच्चों को राज्यपाल के हाथों मिला उपहार

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के 27 वें दीक्षांत समारोह में प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने कक्षा 5 से 8 में पढ़ने वाले बच्चों को स्कूल बैग, फल, जमेटरी बाक्स, महापुरुषों पर प्रकाशित पुस्तकें आदि प्रदान किया। इसके साथ ही विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए कुकड़ीपुर. देवकली, सुल्तानपुर एवं जासोपुर गांव में आयोजित खेल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाने वाले चार बच्चों को भी दीक्षांत समारोह राज्यपाल के हाथों पुरस्कार मिला।

### 80 मेधावियों को मिला 81 स्वर्ण पदक

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के 27 वें दीक्षांत समारोह में प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने 80 मेधावियों को प्रथम प्रयास में अपने विषय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर 81 स्वर्ण पदक प्रदान किया। स्नातक स्तर पर 23 एवं परास्नातक स्तर पर 58 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक मिला।

### रामनरेश को मिला अतुल माहेश्वरी स्वर्ण पदक

विश्वविद्यालय के जनसंचार विभाग के एम.ए. जनसंचार विषय में सर्वोच्च अंक पाने वाले विद्यार्थी को अतुल माहेश्वरी स्वर्ण पदक दिया जाता है। वर्ष 2023 में एम.ए. जनसंचार विषय में सर्वोच्च अंक पाने पर रामनरेश को यह पदक मिला।

### राज्यपाल के हाथों दस आंगनबाड़ी केंद्रों को दिया किट

दीक्षांत समारोह में प्रदेश की राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल ने गोद लिए गए गांव में एवं अन्य जगह स्थापित दस आंगनबाड़ी केंद्रों पर ट्राइसिकल, झूला, स्टोरी बुक, व्हाइट बोर्ड, कुर्सी समेत कुल 77 सामान की किट वितरित की गई।

### हैलीपेड पर कुलपति समेत अधिकारियों ने किया स्वागत

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के हैलीपैड पर राज्यपाल सुबह पहुंची। इस दौरान विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह, जिलाधिकारी अनुज झॉ, पुलिस अधीक्षक डॉ अजय पाल शर्मा, रजिस्ट्रार महेंद्र कुमार, समेत कई अधिकारियों ने पुष्प भेंट किया।

### अटल बिहारी वाजपेयी ग्रामीण विकास संस्थान का उद्घाटन

विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि भाग लेने आए डॉ राजेंद्र सिंह ने दीक्षांत समारोह के पूर्व विश्वविद्यालय परिसर में भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी ग्रामीण विकास संस्थान का उद्घाटन किया। इस अवसर पर कुलपति, कुलसचिव, वित्त अधिकारी, प्रो.मानस पांडेय, डॉ सुनील कुमार, डॉ. श्याम कन्हैया सिंह, अमित वत्स आदि उपस्थित थे।

### बटन दबाते ही डीजी लॉकर में अपलोड हुई डिग्रियां

दीक्षांत समारोह में प्रदेश की राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल ने आईपैड का बटन दबाकर 2022-23 की स्नातक और स्नातकोत्तर की एक लाख 62 हजार 687 डिग्रियों को डिजीलॉकर में अपलोड करने का शुभारंभ किया। विद्यार्थियों को इससे डिजीटल डिग्री आसानी से मिल जाएगी।

### 222 शोधार्थियों को मिली पीएच.डी. की उपाधि

दीक्षांत समारोह में 222 शोधार्थियों को मिली पीएच.डी. की उपाधि मिली। इसमें 144 कला संकाय में, विज्ञान संकाय में 22, कृषि संकाय में 05, शिक्षा संकाय में 34, विधि संकाय में 04, इंजीनियरिंग संकाय में 01, वाणिज्य संकाय में 09, प्रबन्ध संकाय में 02, अनुप्रयुक्त समाज विज्ञान एवं मानविकी संकाय में 01 शोधार्थियों को उपाधि मिली।

# कौतुक को वि.वि. में कीवी दही शोध में मिला स्वर्ण पदक



- राज्यपाल द्वारा किए गए सम्मानित
- राष्ट्र सेवा हेतु अभाविप में 8 वर्षों से , परिवारजनों में खुशी की लहर
- बेटे की सफलता पर भावुक हुए माता-पिता

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** चंदौली जिले के धानापुर ब्लॉक के हेतमपुर गांव के निवासी कौतुक उपाध्याय ने पूर्वांचल विश्वविद्यालय से ÷कीवी-दही÷ पर शोध कर स्वर्ण पदक जीता है। पूर्वांचल विश्वविद्यालय के राज्यपाल द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया है। आठ वर्षों से कौतुक अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में कार्यरत हैं तथा दो वर्षों से गृहस्थ जीवन छोड़ राष्ट्र सेवा हेतु निरंतर अभाविप में काम किया। अभाविप की पूर्णकालिक भूमिका में कार्यकर्ता को घर छोड़कर राष्ट्र सेवा के कार्य हेतु जीवन समर्पित करना होता है।

अचरज की बात यह है कि इस नवयुवक ने राष्ट्र सेवा में इतना वक्त देते हुआ स्वर्ण पदक को प्राप्त किया है। कौतुक के माता-पिता इस खबर से बहुत प्रसन्न हैं, परिवारजनों से दूर रहकर उनके बेटे ने यह कमयाबी पाई है। पिता विनोद कुमार उपाध्याय ने बेटे की इस सफलता पर गौरवान्वित हैं इतने दिनों बाद अचानक से इस खबर पर बेटे की तारीफ करते दिखाई दिए। उन्होंने कहा मुझे तो लगा था जिस जगह जा रहा है कैसे रहता होगा।बात भी कभी महीनों बाद होती थी। किंतु आज काफी खुश हूं और उसे शुभकामनाएं देता हूं।

## संक्षिप्त समाचार

### आदित्य के शतक से विराट स्पोर्ट्स क्लब जीता



**प्रयागराज।** आदित्य कुमार यादव के शतक (100 रन, 89 गेंद, 15 चौके, एक छक्का) के शतक से विराट स्पोर्ट्स क्लब ने चौधरी नौनिहाल सिंह क्रिकेट क्लब 'सी' को 21 रन से हराकर प्रो. एपी भटनागर अंडर-23 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किये। केपी कॉलेज मैदान पर गुरुवार को खेले गए मैच में विराट स्पोर्ट्स क्लब ने 40 ओवर में 9 विकेट पर 213 रन (आदित्य कुमार यादव 100, अमर सोनकर 21, सौरभ प्रताप सिंह 20, अमन शुक्ल 4/29, रौनक चौरसिया 2/43) बनाये। जवाब में चौधरी नौनिहाल सिंह क्रिकेट क्लब 'सी' की टीम 36.2 ओवर में 192 रन (अर्जुन व देवाशीष पांडेय 45-45, हर्षित त्रिपाठी 21, सत्यम सिंह 3/24, शुभम बिंद 2/20, सौरभ प्रताप सिंह 2/35, ओम प्रकाश 2/38) पर सिमट गई। शिशिर मेहरोत्रा व मोहम्मद आरिफ ने मैच में अंपायरिंग और प्रितेश सोनकर ने स्कोरिंग की।

### तुलसी क्रिकेट क्लब की आसान जीत

**प्रयागराज।** तुलसी क्रिकेट क्लब ने भवम क्रिकेट क्लब को आठ विकेट से हराकर शशि द्विवेदी अंडर-14 बालक/बालिका क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किये। ईश्वर शरण इंटर कॉलेज मैदान पर गुरुवार को खेले गए मैच में भवम क्रिकेट क्लब ने 26.4 ओवर में 81 रन (अखिलेश यादव 16, आशीष यादव 15, प्रियांशु यादव 3/06, अर्श अद्युत जायसवाल 3/19, दीप पांडेय 2/12) बनाये। जवाब में तुलसी क्रिकेट क्लब ने 12.2 ओवर में 2 विकेट पर 81 रन (तन्मय श्रीवास्तव 51 नाबाद, इस्माइल व आशीष यादव एक-एक विकेट) बना लिए। अरुण कुमार व नितिन मिश्र अंपायर और अंकित पांडेय स्कोरर रहे।

### इबडा कप क्रिकेट प्रतियोगिता 21 से

**प्रयागराज।** इंकलाबी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित इबडा कप क्रिकेट प्रतियोगिता 21 नवंबर से दौलत हुसैन मैदान पर शुरू हो रही है। इंकलाबी ब्लड डोनर के सचिव शाहिद अस्करी के अनुसार लीग कम नॉकआउट के अधार पर आयोजित इस प्रतियोगिता में कुल आठ टीमों को प्रवेश दिया जाएगा। इस प्रतियोगिता में दो खिलाड़ी अंडर-23 और नौ खिलाड़ी अंडर-19 के ही खिलाड़ी प्रतिभाग कर सकते है। इच्छुक टीमें मो. रिवाजन मो. 6306960217 व शाम तीन से पांच के बीच दौलत हुसैन मैदान पर संपर्क कर सकती है।

### करेली क्लब की आसान जीत

**प्रयागराज।** करेली क्रिकेट क्लब ने गंगा जमुना तैज़ीब अंडर-16 क्रिकेट प्रतियोगिता में फोर्ड स्कूल क्रिकेट क्लब को सात विकेट से हराकर पूर्ण अंक अर्जित किए है। गुरुवार को दौलत हुसैन मैदान पर पहले बल्लेबाजी करते हुए फोर्ड स्कूल क्रिकेट क्लब की पूरी टीम 26.2 ओवर में महज 91 रन ( शिवम यादव 39, शिवांश मिश्रा 16, सुधांशु सिंह 15 रन, यासिर गजी 3/14, मो. अनस 3/23, अजान 2/11, विपुल द्विवेदी 1/24 ) पर सिमट गई। जवाब में करेली क्रिकेट क्लब की टीम ने 14.5 ओवर में तीन विकेट पर 95 रन ( विपुल द्विवेदी 36 नाबाद, सुहैब खान 19, अनुज 12 अविजित रन, नीरज पटेल 2/20, इशांत कुमार निषाद 1/13 )पर बना लिए। मैच में तौसीफ शैख व मो. आमिर ने अंपायरिंग और उमंग मिश्रा ने स्कोरिंग। की।

### तिलक नगर में नलकूप का शिलान्यास



**प्रयागराज।** आज महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी ने अल्लापुर (भारद्वाज पुरम) तिलक नगर में दो नए बड़े नलकूप एवं इंटरलॉकिंग गली का शिलान्यास किया। महापौर ने क्षेत्र वासियों को बधाई देते हुए कहा काफी दिनों से पेयजल की समस्या से आज क्षेत्रवासियों को मुक्ति मिली। हर गली योजना के अंतर्गत गांव गांव गली गली विकसित होगा। इस अवसर पर पार्षद क्षेत्रीय विनय मिश्रा, पार्षद उमेश मिश्रा, बी. एल त्रिपाठी, राजेश केसरवानी, देवराज सिंह, राजेंद्र प्रसाद, तिवारी , मनोज शुक्ला , बलराम दुबे, ज्ञानेंद्र मिश्रा मंजय त्रिपाठी , सचिन निषाद आदि मौजूद रहे।

### जिला जज रैंक के 10 न्यायिक अफसरों का किया स्थानांतरण

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बुधवार को जिला जज रैंक के 10 न्यायिक अधिकारियों का तबादला किया है। उत्तर प्रदेश सरकार के प्रमुख सचिव विधि एवं न्याय प्रमोद कुमार श्रीवास्तव को इस पद से हटाकर गोंडा का जिला जज बनाया है। लखनऊ में ज्यूडिशियल ट्रेनिंग एंड रिसर्च संस्थान के निदेशक विनोद सिंह रावत को प्रमुख सचिव विधि एवं न्याय की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं, मेरठ के जिला जज रजत सिंह जैन को ज्यूडिशियल ट्रेनिंग एंड रिसर्च संस्थान लखनऊ का निदेशक बनाया गया है। हाईकोर्ट के महानिबंधक राजीव भारती की ओर से जारी अधिसूचना के मुताबिक परिवार न्यायालय बाराबंकी के प्रधान न्यायाधीश दुर्ग नारायण सिंह को मैनपुरी का जिला जज, मैनपुरी के जिला जज सुधीर कुमार-चतुर्थ को मेरठ का जिला जज, मुजफरनगर मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के पीठासीन अधिकारी को हापुड़ का जिला जज, हापुड़ के जिला जज रविंद्र कुमार-प्रथम को एटा का जिला जज, एटा के जिला जज अनुपम कुमार को कौशाम्बी का जिला जज, गोरखपुर भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन के पीठासीन अधिकारी सत्येंद्र कुमार को हाथरस का जिला जज बनाया गया है।

### संविधान दिवस पर संविधान मेला 26 नवम्बर को

**प्रयागराज।** संविधान के अनुच्छेद -17 अस्पृश्यता व छूआछूत मुक्त भारत देश बनाने, संविधान के अनुच्छेद-15 जातिविहीन भारत देश का निर्माण करने व संविधान के अनुच्छेद 39 (ख) जमीन और उद्योगों के राष्ट्रीयकरण के अभियान के साथ साथ संविधान के अनुच्छेद 13 रूढ़िवादी प्रथा को समाप्त करते हुये वैज्ञानिक सोच पर आधारित समाज निर्माण करने हेतु संविधान दिवस (26 नवम्बर 1949) की 74 वीं वर्षगांठ पर हाईकोर्ट स्थित डा. अम्बेडकर मूर्ति स्थल पर दिनांक 26 नवम्बर 2023 को पूर्वाह्न 11 बजे से संविधान मेला व संविधान महोत्सव-2023 का आयोजन डा. अम्बेडकर वेलफेयर एसोसिएशन (दावा), देवपती मेमोरियल ट्रस्ट, प्रबुद्ध फाउंडेशन और बाबासाहेब शादी डाट काम के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है।

# आयुर्वेद एक सशक्त चिकित्सा पद्यति एवं जीवन दर्शन: डॉ. चतुर्वेदी

**विश्व आयुर्वेद परिषद प्रयागराज (उ.प्र.) के तत्वाधान में धन्वंतरि जयंती समारोह का आयोजन**

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** धन्वंतरि जयंती (आठवें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस) की पूर्व संध्या पर आज होटल अजय इंटरनेशनल में विश्व आयुर्वेद परिषद प्रयागराज (उ॰ प्र॰) के तत्वाधान में धन्वंतरि जयंती समारोह का आयोजन किया गया। झंडू इमामी लिमिटेड द्वारा कार्यक्रम का प्रयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान धन्वंतरी के पूजन-अर्चन दीपदान एवं माल्यार्पण के साथ हुआ। इस अवसर पर सम-सामयिक रोगों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर मेला अधिकारी डॉ विवेक चतुर्वेदी रहे तथा अध्यक्षता डॉ जे. नाथ (अध्यक्ष, विश्व आयु० परिषद, प्रयागराज) ने की। विश्व आयुर्वेद परिषद के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं चिकित्सक प्रकोष्ठ सह प्रभारी वैद्य प्रेमशंकर पाण्डेय कार्यक्रम के मुख्य वक्ता रहे एवं विशिष्ट अतिथि प्रांतीय सचिव डॉ एस. एस. उपाध्याय एवं डॉ0 वी0 एन त्रिपाठी रहे।

इस अवसर पर आयुर्वेद के क्षेत्र में किए गए कार्यों एवं योगदान हेतु प्रयागराज जनपद के दो शल्य चिकित्सक डॉ0 वी0 एन0 त्रिपाठी एवं डॉ0 शंकर मिश्रा को ÷धन्वंतरि सम्मान 2023÷ से सम्मानित किया गया तथा सुश्री प्रतीक्षा प्रजापति ( सुपुत्री डॉ जे. नाथ) को बिहार लोक सेवा आयोग में एमईओ पद पर चयनित होने पर अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया गया। मुख्य वक्ता



वैद्य प्रेम शंकर पाण्डेय ने भगवान धन्वंतरि तथा धन्वंतरि संप्रदाय (शल्य चिकित्सकों) के बारे में बताया। उन्होंने आजकल तेजी से फैल रहे ज्वर और उससे संबंधित जोड़ों के रोग की आयुर्वेदिक चिकित्सा व्यवस्था बताई। उपस्थित चिकित्सकों का स्वागत चिकित्सक प्रकोष्ठ के प्रांतीय सह-प्रभारी, डॉ0 एम0 डी0 दुबे ने किया तथा परिषद के कार्यों एवं गतिविधियों के बारे में भी बताया। विशिष्ट अतिथि प्रांतीय सचिव डॉ सुधांशु शंकर उपाध्याय ने आयुर्वेद शल्य चिकित्सा की विशेषज्ञता के बारे में बताया तथा इसको और बढ़ावा देने की बात कही। मुख्य अतिथि डॉ विवेक चतुर्वेदी ने कहा आयुर्वेद एक सशक्त चिकित्सा पद्यति एवं जीवन दर्शन है, इसे अपनाकर हम नीरोग रह सकते हैं। सभा का संचालन वैद्य नरेंद्र कुमार पाण्डेय( सचिव,विश्व आयुर्वेद परिषद, प्रयागराज) ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन परिषद के वरिष्ठ सदस्य डॉ बी. एस. रघुवंशी ने किया। इस अवसर पर डॉ0 आशुतोष मालवीय, डॉ बी. डी त्रिपाठी, डॉ संजय बरनवाल, डॉ सतीश चंद्र दुबे, डॉ राजेंद्र श्रीवास्तव, डॉ राजेश मिश्रा, डॉ कमल नयनम दुबे, डॉ अतुल पाण्डेय, डॉ अर्चना पाण्डेय, डॉ रास बिहारी मौर्य, डॉ रंजना त्रिपाठी, डॉ ममता मिश्रा आदि चिकित्सक एवं आयुर्वेद प्रेमी कई गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे।

# अष्टम आयुर्वेद दिवस: आयुर्वेद रथ को हरी झंडी

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** अष्टम आयुर्वेद दिवस की थीम हर दिन हर किसी के लिए आयुर्वेद के उपलक्ष्य में आज एक विशाल रैली क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ0 गीता वर्मा एवं जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डॉ0 रमा गुप्ता के नेतृत्व में आयोजित की गयी। उक्त रैली को अपर जिलाधिकारी वि0 व रा0 आजाद




भगत सिंह द्वारा कलेक्ट्रेट से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली कलेक्ट्रेट से प्रारम्भ होकर महिला चिकित्सालय होते हुए नगर का भ्रमण करते हुए राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय नगर आजमगढ़ पर समाप्त हुई। रैली में जनपद के आयुर्वेद एवं होम्योपैथी के समस्त चिकित्सा अधिकारी, फार्मासिस्ट एवं कर्मचारियों एवं कार्यालय के समस्त स्टाफ ने प्रतिभाग किया और रैली को सफल बनाया। इस रैली के द्वारा आम जनमानस के बीच आयुर्वेद का प्रचार-प्रसार किया गया एवं जनता को आयुर्वेद के प्रति जागरूक किया गया।

### पूर्व कैबिनेट मंत्री आशुतोष टंडन के निधन पर भाजपाइयों ने व्यक्त किया शोक

**प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी प्रयागराज महानगर के अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा एवं महापौर गणेश केसरवानी सहित पार्टी के नेता पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने पूर्व कैबिनेट मंत्री आशुतोष टंडन के निधन पर दुख जताते हुए शोक संवेदना व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय आशुतोष टंडन गोपाल जी भारतीय जनता पार्टी के एक समर्पित सिपाही थे। वह विधायक और मंत्री के रूप में लखनऊ के कद्दावर नेता रहे। उनके निधन से पार्टी की अपूरणीय क्षति हुई है जिसकी भरपाई संभव नहीं है। ईश्वर से इस दुख की घड़ी में उनके परिजनों को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने एवं मृतक आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान देने की कामना करता हूं। मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि स्वर्गीय श्री टंडन पिछले कई महीनो से गंभीर बीमारी से ग्रसित थे। उनका इलाज मेदांता हॉस्पिटल में चल रहा था और आज दिनांक 9 नवंबर को अस्पताल में इलाज के दौरान ही उनका निधन हो गया।

# गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण शीविर का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** रमा चौरिटेबल ट्रस्ट द्वारा गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु निशुल्क कैम्प का आयोजन गुरुवार को नगर के नरौली स्थित रमा मल्टी स्पेशियालिटी हास्पिटल एवं ट्रामा सेंटर में किया गया। यह रमा मल्टी स्पेशियालिटी हास्पिटल एवं ट्रामा सेंटर की स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ एमडी डा खुशबू सिंह ने कहा कि वर्तमान में मौसम बदल रहा है ऐसे में लापरवाही बिल्कुल ना करें गर्भवती महिलाएं इससे बचने का पूरा प्रयास करें जिससे जच्चा बच्चा दोनों ठीक रहे। गर्भवती महिलाएं अपने स्वास्थ्य के प्रति गंभीर रहे। रमा परिवार सभी को स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अन्य महिलाओं से अपील किया कि निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण का लाभ उठाये ताकि जच्चा-बच्चा दोनों का स्वास्थ्य सुरक्षित रहे।

रमा चौरिटेबल ट्रस्ट के प्रबंधक डा अमित सिंह ने बताया की कुल



69महिलाओं का निशुल्क जांच व प्रशिक्षण किया गया। हमारा लक्ष्य की हर वह व्यक्ति जो गरीब से गरीब तबके का है उनके घर की गर्भवती महिलाएं इस शिविर में जांच जरूर करवाएं जिससे जच्चा बच्चा दोनों का प्रशिक्षण कर देखा जा सकें कि वह स्वस्थ है। महीने के 9 तारीख कभी ना भूले अपने घर के अगल-बगल हर किसी को यह बात बताएं की रमा हॉस्पिटल में 9 तारीख को निशुल्क शिविर गर्भवती महिलाओं के लिए चलता हमारा उद्देश्य पूर्वांचल के लोगो तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। लम्बे समय समय से प्रत्येक माह के 9 तिथि में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिससे हजारों लोग अब तक लाभांवित हो चुके है। इसके अलावा हास्पिटल के व्यवस्थापक अविनाश सिंह ने बताया कि हर महीने की 9 तारीख को सुबह 11 बजे से 4 बजे तक सेवाओं का लाभ उठा सकते है। सिंह ने बताया कि रमा हास्पिटल आगामी दिनों में हाईटेक स्तर की सुविधाओं को बढ़ाकर स्वास्थ्य के क्षेत्र में बढ़ा मुकाम हासिल करेगा। इस अवसर पर व्यवस्थापक अविनाश सिंह, गौरव सिंह, मनीष सिंह, मोनू सिंह, श्रीकांत खरवार, विकास, नागेन्द्र मौर्य, सीमा अनिता गीता सहित आदि स्टाफ मौजूद रहे।

# टोयोटा मोबिलिटी फाउंडेशन ने 9 मिलियन ग्लोबल सस्टेनेबल सिटीज़ चैलेंज में दो भारतीय शहरों को शॉर्टलिस्ट किया



**बैंगलोर।** टोयोटा मोबिलिटी फाउंडेशन (टीएमएफ) ने घोषणा की है कि नौ मिलियन डॉलर के ससटेनेबल सिटीज चैलेंज में भारत के बेंगलुरु और वाराणसी को शिखर के 10 शहरों में चुना गया है। चैलेंज वर्क्स और वर्ल्ड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट के सहयोग से टोयोटा मोबिलिटी फाउंडेशन ने जून 2023 में चैलेंज लॉन्च किया। इसका उद्देश्य शहरों को भविष्य के लिए तैयार करने में मदद करना है। इसके लिए गतिशीलता केंद्रित नवाचार का समर्थन किया जाएगा जिसमें दुनिया भर के लाखों लोगों के जीवन में बदलाव लाने की संभावना होगी।

इस प्रवेश अवधि के दौरान 200 से अधिक प्रविष्टियाँ प्राप्त हुईं जो दुनिया भर के 46 देशों के 150 से अधिक शहरों से हैं। इनका मूल्यांकन चार प्रमुख मानदंडों पर किया गया 1) चुनौती फोकस 2) नवाचार 3) प्रभाव 4) भागीदार क्षमता। शॉर्टलिस्ट किये गये शहर ब्राज़ील, कोलंबिया, भारत, इटली, मलेशिया, मैक्सिको, यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राज्य अमेरिका के हैं।

भारत से 50 से अधिक प्रविष्टियों के साथ, दो शॉर्टलिस्ट किए गए शहरों - बेंगलुरु और वाराणसी को क्षमता निर्माण अकादमी में आमंत्रित किया जाएगा, जहां उन्हें अपने समाधान विकसित करने के लिए सहायता प्राप्त होगी। ये नवोन्वेषी शहरी टीमों के एक बड़े नेटवर्क का भी हिस्सा बनेंगे। दस शॉर्टलिस्ट में से तीन शहरों को अपने स्वयं के सिटी चैलेंज लॉन्च करने के लिए चुना जाएगा और 2024 के मध्य में, तीन विजेता शहरों के साथ काम करने के लिए वैश्विक नवप्रवर्तकों के लिए कॉल लॉन्च किया जाएगा। नवप्रवर्तक दुनिया भर में कहीं से भी हो सकते हैं - स्थानीय स्तर पर या दुनिया में कहीं भी रह रहे हों, लेकिन समाधान जीतने वाले शहरों के अनुरूप और वहां लागू किये जाने के लिए तैयार किये गये होने चाहिए।

प्रत्येक शहर के लिए नवप्रवर्तकों का चयन 2024 के अंत में किया जाएगा और उन्हें 2 वर्ष की अवधि तक समर्थन दिया जाएगा और यह 2024-2026 के बीच समाधानों के परीक्षण तथा प्रायोगिक संचालन के लिए 9 मिलियन तक से किया जायेगा। 2026 में, विजेता नवप्रवर्तकों का चयन उस समय, आगे के कार्यान्वयन के लिए किया जाएगा। इस बारे में बताते हुए, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के एक्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट, श्री विक्रम गुलाटी ने कहा, टीकेएम में हम इस बात से रोमांचित हैं कि भारत से बेंगलुरु और वाराणसी ने सस्टेनेबल सिटीज चैलेंज में शॉर्टलिस्ट किए गए वैश्विक शहरों में जगह बनाई है।

# आईआईएस कानपुर ने आईआईटी कानपुर के साथ साझेदारी की



**नई दिल्ली।** कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) के उद्देश्यों के अनुरूप, उत्तर प्रदेश में डिफेन्स इन्डस्ट्रियल कॉरिडोर का सहयोग करने में एयरोस्पेस और रक्षा क्षेत्र के लिए स्थानीय युवाओं को सशक्त बनाने और तैयार करने के लिए, भारतीय संस्थान स्किल्स (आईआईएस) कानपुर ने आज भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर, हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) और डसॉल्ट एयरक्राफ्ट सर्विसेज इंडिया (डीएएसआई) के साथ तीन प्रमुख साझेदारियों की घोषणा की। भारत सरकार के माननीय शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान की सम्मानित उपस्थिति में आज समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए। इस कार्यक्रम में कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय के सचिव श्री अतुल कुमार तिवारी; श्री टी. नटराजन, एडिशनल सेक्रेटरी, रक्षा मंत्रालय; एनसीवीईटी के अध्यक्ष निर्मलजीत सिंह कलसी; श्री एस. गणेश, निदेशक, आईआईटी कानपुर; हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स के सीईओ श्री सजल प्रकाश; एम देवराज, प्रमुख सचिव, तकनीकी शिक्षा, उत्तर प्रदेश सरकार; विंसेंट डेरलॉन, मैनिजिंग डायरेक्टर, डसॉल्ट भी उपस्थित थे।

यह साझेदारी युवाओं के समग्र विकास पर ध्यान केंद्रित करती है, खासकर उत्तर प्रदेश के युवाओं के, जिससे उन्हें एविएशन और डिफेन्स सेक्टर में नए-युग के पाठ्यक्रमों में क्वालिटी मॉड्यूल तक पहुंच मिलती है।

# वीवो ने भारत में अपनी रिटेल प्रजेंस का विस्तार किया

**नई दिल्ली।** विश्वसनीय ग्लोबल स्मार्टफोन ब्रांड, वीवो ने एक शानदार रिटेल एक्सपीरियंस प्रदान करने की दृढ़ प्रतिबद्धता के साथ आज दिल्ली में अपने पहले और सबसे बड़े एक्सपेरिशियंल स्टोर का उदघाटन किया। वीवो इंडिया ने गुजरात की प्रमुख रिटेल मोबाइल फोन सीरीज कोर मोबाइल के साथ स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप की है, जो पूरे देश में 200 से अधिक स्टोर के साथ शानदार प्रजेंस रखती है। एक्सपेरिशियंल रिटेल पर वीवो के फोकस को हाइलाइट करते हुए, वीवो इंडिया के कॉरपोरेट स्ट्रेटजी हेड, गीतज चन्ना ने कहा, हमारे ग्राहकों के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता हमारे एक्सपेरिशियंल स्टोरों में झलकती है, जो दिल्ली में हमारी लेटेस्ट स्थापना का प्रतीक है। यह स्टोर कोर मोबाइल के साथ हमारी पार्टनरशिप द्वारा सपोर्टेड है, यह स्टोर कई सारे प्रीमियम एक्सपीरियंस प्रदान करने का नया स्टैंडर्ड स्थापित करता है, जो एक ही स्थान पर टॉप क्लास उत्पादों और सर्विस उपलब्ध कराता है।दिल्ली के विकास मार्ग के हलचल भरे मोबाइल हब वाइब्रेंट युवा जनसँख्या को आकर्षित करता है। हमारे समर्पित गेमिंग और फोटोग्राफी जोन युवा उपभोक्ता को प्रीमियम इन-स्टोर एक्सपीरियंस प्रदान करने के लिए तैयार हैं। हम पाइपलाइन में ऐसे कई



इनोवेटिव स्टोर के साथ इस क्षेत्र में अपनी मौजूदगी का विस्तार जारी रखने के लिए उत्सुक हैं। दो फ्लोर में फैले, इंटीग्रेटेड सेल्स और सर्विस स्टोर का रिटेल एरिया 2800 वर्ग फीट से अधिक है, जो एक ऑल-इन-वन एक्सपीरियंस प्रदान करता है। इसमें सर्विस सेंटर के लिए समर्पित और प्रोडक्ट एक्सपीरियंस, कंस्यूमर इंगेजमेंट, प्रीमियम सर्विस, एसेसरीज, आईओटी, एक्स सीरीज गेमिंग, लो लाइट फोटोग्राफी, डार्क ज़ोन और पोर्ट्रेट फोटोग्राफी के लिए एक्टिविटी ज़ोन शामिल हैं। उपभोक्ता को प्रोडक्ट की प्रमुख विशेषताओं का टेस्ट करने के लिए एक्स और वी सीरीज के प्रोडक्ट लॉन्च के दौरान विशेष वर्कशॉप में भाग लेने का अवसर भी मिलेगा। अपनी रिटेल स्ट्रेटजी के अनुरूप, वीवो इंडिया के अब देश में पांच फ्लैगशिप स्टोर हैं, जिनमें अहमदाबाद, बेंगलुरु, दिल्ली और कोयंबटूर शामिल हैं, 2024 तक 10 बड़े एक्सपेरीशियंल स्टोर का नेटवर्क बनाने की योजना है। इसके अलावा, ब्रांड के पास 650 एक्सक्लूसिव स्टोर का एक मजबूत नेटवर्क है।दिल्ली स्टोर के उदघाटन के सेलिब्रेशन में, वीवो कई विशेष ऑफर पेश कर रहा है, जिसमें रोमांचक कोर मोबाइल स्क्रैच एंड विन प्रमोशन (30 नवंबर 2023 तक वैलिड) भी शामिल है, जहां हर खरीदारी एक गिफ्ट और कार जीतने का मौका देता है। उपभोक्ता दिवाली तक हर खरीदारी पर फ्री सीडीपी (वी शील्ड प्लान) या एक्सेसरीज के बीच सेलेक्ट कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, वीवो लॉयल्टी प्रोग्राम एनरोल्ड कंस्यूमर को 3त्न तक लॉयल्टी पॉइंट जमा करने में सक्षम बनाता है, जिसे एक्सेसरीज के लिए रिडीम किया जा सकता है।

# मुकुटबन प्लांट के बेहतर प्रदर्शन से बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड का मुनाफा बढ़ा

**कोलकाता।** बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने बीते दौर में बढ़ती लागत और कई अन्य चुनौतियों के बावजूद सितंबर तिमाही में अच्छा खासा लाभ दर्ज किया है। कंपनी ने मुकुटबन रैंप-अप, लागत में कमी, बिजली और ईंधन मिश्रण के प्रीमियमीकरण और अनुकूलन और ईंधन की कीमतों में नरमी के कारण तथा मौसमी कारकों के बावजूद सितंबर तिमाही में लाभप्रदता में अच्छा-खास उछाल दर्ज किया है।

तिमाही के लिए कंसोलिडेटेड नकद लाभ रु. 221 करोड़ रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 414 प्रतिशत अधिक है, और तिमाही के लिए शुद्ध लाभ रु. 58 करोड़ था, जबकि एक साल पहले की तुलनीय अवधि में रु. 56 करोड़ का शुद्ध घाटा हुआ था। सितंबर 2023 के अंत तक छह महीनों के लिए, कंपनी का कंसोलिडेटेड शुद्ध लाभ एक साल पहले के 5 करोड़ रुपये के मुकाबले 118 करोड़ रुपये था।

इस मौके पर बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड के चेयरमैन हर्ष वी. लोढ़ा ने कहा कि ÷यूक्रेन संकट के कारण 2022 में बिजली और ईंधन लागत के झटके से उबरते हुए कंपनी ने पिछली तीन तिमाहियों में लगातार बेहतरी दर्ज की है। सीमेंट की कीमतें स्थिर रहने और हमारे कई मुख्य बाजार भारी बारिश और अन्य मौसमी कारकों से प्रभावित होने के बावजूद परिणाम प्राप्त हुए। यह कई मोर्चों पर हमारी रणनीति और पहल की पुष्टि करता है। क्षेत्र में कमजोर बाजार स्थितियों के बावजूद, मुकुटबन ऑपरेशंस का विस्तार योजना के अनुसार प्रगति कर रहा है। हम निकट भविष्य में अपने लक्ष्यों को पूरा करने की राह पर हैं।÷

सितंबर तिमाही के लिए कंसोलिडेटेड राजस्व रु. 2,313 करोड़ था, जो साल-दर-साल 13.3 प्रतिशत अधिक था, तिमाही के दौरान प्रति टन प्राप्ति रु. 5,062 थी, जो कि बाजारों में नरम मूल्य निर्धारण स्थितियों के कारण, क्रमिक और साल-दर-साल मामूली रूप से कम थी। हालांकि, सितंबर तिमाही में मात्रा के हिसाब से बिक्री 14.8 प्रतिशत बढ़कर 4.18 मिलियन टन (एमटी) हो गई, जो पिछले साल की समान अवधि में 3.64 एमटी थी। वहीं कंपनी की क्षमता उपयोग बढ़कर 83 प्रतिशत (एक साल पहले 74 प्रतिशत) और सितंबर के अंत तक छह महीनों के लिए 87 प्रतिशत (पिछले साल 81 प्रतिशत) हो गया है। मुख्य रूप से कंपनी की सहायक कंपनी आरसीसीपीएल प्राइवेट लिमिटेड का एक प्लांट, मुकुटबन में उत्पादन में वृद्धि के कारण ये संभव हो पाया है।

# XAT 2024 के लिए आवेदन जल्द बंद हो रहे हैं; रजिस्ट्रेशन की अंतिम दिनांक 30 नवम्बर 2023 है

**लखनऊ।** राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित एमबीए प्रवेश परीक्षा ज़ेवियर एप्टीट्यूड टेस्ट (XAT) ने घोषणा की है कि XAT 2024 के लिए पंजीकरण की अंतिम दिनांक 30 नवम्बर 2023 है। रजिस्ट्रेशन की अंतिम दिनांक नज़दीक आ रही है, ऐसे में मैनेजमेन्ट के उम्मीदवारों को जल्द से जल्द आगामी परीक्षा के लिए www.xatonline.in पर अपना पंजीकरण पूरा कर लेना चाहिए। XAT 2024 परीक्षा रविवार 7 जनवरी 2024 को होगी।

'XAT पारम्परिक परीक्षा के दायरे से आगे बढ़कर विशेष रूप से संरचित मूल्यांकन है। हम विशेषज्ञता के साथ उम्मीदवारों को मैनेजमेन्ट के क्षेत्र में मजबूत करियर बनाने में मदद करना चाहते हैं। 160 से अधिक XAMI और XAT एसोसिएट कॉलेजों का नेटवर्क XAT स्कोर को महत्व देता है, ऐसे में यह परीक्षा उम्मीदवारों के व्यापक और बहु-आयामी अवसर पेश करती है।' XAT 2024 के कन्वेनर डॉ राहुल शुक्ला ने कहा।

वे छात्र जो XAT 2024 में हिस्सा लेना चाहते हैं, वे ऑफिशियल वेबसाईट पर जाकर अपना पंजीकरण पूरा कर सकते हैं। XAT के लिए पंजीकरण शुल्क रु 2100 है। हालांकि एक्सएलआरआई प्रोग्रामों के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को रु 200 प्रत्येक का अतिरिक्त शुल्क देना होगा। इस प्रवेश परीक्षा को देश भर के 160 से अधिक मैनेजमेन्ट संस्थानों द्वारा मान्यता दी जाती है, ऐसे में यह परीक्षा उन छात्रों के लिए बेहतरीन गेटवे है जो प्रतिष्ठित संस्थान में मैनेजमेन्ट की पढ़ाई करना चाहते हैं। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि निर्धारित समय के भीतर अपना रजिस्ट्रेशन पूरा कर लें, ताकि अंतिम समय में होने वाली जटिलताओं से बच सकें।

XAT 2024 प्रतिभाशाली उम्मीदवारों को एप्टीट्यूट, लॉजिकल रीज़निंग, भाषा दक्षता एवं निर्णय निर्धारण को दर्शाने के लिए मंच प्रदान करता है। XAT उन उम्मीदवारों को पहचानता है जिनमें बिज़नेस और मैनेजमेन्ट की दुनिया में आगे बढ़ने की क्षमता है।

# पेटीएम फाउंडेशन ने लखनऊ के सरकारी स्कूलों में किया लैपटॉप वितरित

**नई दिल्ली।** भारत की अग्रणी भुगतान और वित्तीय सेवा कंपनी और क्यूआर, साउंडबॉक्स और मोबाइल भुगतान में अग्रणी ब्रांड पेटीएम के मालिक वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड, ने पेटीएम फाउंडेशन के साथ मिलकर दो सरकारी स्कूलों (नगरपालिका गर्ल्स इंटर कॉलेज और अमीनाबाद इंटर कॉलेज) में 50 लैपटॉप वितरित किए हैं। लखनऊ नगर निगम के तत्वाधान में इन लैपटॉप का उपयोग दो स्कूलों में कंप्यूटर लैब स्थापित करने के लिए किया जाएगा।पेटीएम फाउंडेशन शिक्षा का समर्थन कर रहा है और देश में डिजिटल अंतर को पाट रहा है, और यह पहल छात्रों को आधुनिक शिक्षण उपकरणों के साथ सक्षम बनाएगी, जिससे क्षेत्र में डिजिटल शिक्षा अनुभव तक पहुंच सुनिश्चित होगी।




# मलाइका अरोड़ा रक्षा पाइप्स की नई ब्रांड एंबेसडर बनीं

**नई दिल्ली।** पाइपिंग सॉल्यूशंस उद्योग की अग्रणी कम्पनी और शैंड ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज के मुख्य ब्रांड, रक्षा पाइप्स ने घोषणा की है कि उन्होंने बॉलीवुड अभिनेत्री, मॉडल, डांसर, वीजे, टीवी प्रस्तोता और फिटनेस




आइकन मलाइका अरोड़ा को अपनी ब्रांड एंबेसडर के रूप में नियुक्त किया है। यह कोलेबोरेशन रक्षा पाइप्स के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो तेजी से बढ़ते पाइपिंग सॉल्यूशंस बाजार के भीतर उत्कृष्टता और नवीनतम टेक्नोलॉजी लाने के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मलाइका अरोड़ा की लोकप्रियता रक्षा पाइप्स को अपने ब्रांड को और बढ़ावा देने तथा नए ग्राहकों तक पहुंचने में मदद करेगी। मलाइका, कंपनी द्वारा आयोजित डिजिटल और प्रिंट अभियानों, इवेंट्स और सोशल मीडिया पर हो रही गतिविधियों में पूरी तरह से शामिल होते हुए कंपनी के सभी उत्पादों का प्रचार प्रसार करेंगी। वे रक्षा पाइप्स के उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों और सेवाओं के बारे में और अधिक जागरूकता लाने की ओर कारगर साबित होंगी।

रक्षा पाइप्स के प्रबंध निदेशक, श्री संजय शैंड ने कहा मलाइका अरोड़ा भारत की एक प्रमुख फिटनेस इंफ्लुएंसर हैं, जो स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। रक्षा पाइप्स भी उत्कृष्टता और स्थायित्व के लिए प्रतिबद्ध है, और हम मानते हैं कि मलाइका हमारे ब्रांड के मूल्यों को साझा करती हैं। हमारे घर हमारे जीवन का केंद्र हैं, और यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि वे सुरक्षित और स्वस्थ रहें। रक्षा पाइप्स उच्च गुणवत्ता और पीढ़ियों तक चलने वाले पाइपिंग समाधान प्रदान करता है। मलाइका अरोड़ा के साथ हमारा कोलेबोरेशन घरों के निर्माण और रखरखाव में सुधार करने के हमारे लक्ष्य को बढ़ावा देगा। हम अपने पहले ब्रांड एंबेसडर के रूप में मलाइका अरोड़ा का तहे दिल से स्वागत करते हैं। हम उनके साथ मिलकर भारत में घरों के लिए बेहतर पाइपिंग समाधान उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

रक्षा पाइप्स की ब्रांड एंबेसडर मलाइका अरोड़ा ने कहा मैं रक्षा पाइप्स के साथ जुड़कर रोमांचित हूं। मैं हमेशा से एक ऐसी कंपनी के साथ काम करना चाहती थी जो गुणवत्ता और सेवाओं के लिए प्रतिबद्ध हो, और रक्षा पाइप्स में मुझे वह सब मिला है। रक्षा पाइप्स के पास पांच दशकों का उद्योग अनुभव है, और वे हमेशा अपने ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध रहे हैं। मैं रक्षा पाइप्स के साथ काम करने के लिए उत्साहित हूं, और मुझे विश्वास है कि हम मिलकर भारत में घरों के लिए बेहतर पाइपिंग समाधान उपलब्ध कराने में मदद कर सकते हैं।÷

एक सम्मोहक चित्रण में, मलाइकादर्शको को एक आम घर के दर्शन कराती है, और एक घर के निर्माण में किए गए व्यापक प्रयास प्रयासों और उसमे लगी मेहनत पर जोर देती है। सावधानीपूर्वक लगाए गए महंगी इंटीरियर डिजाइनर सेवाओं और अन्य निर्माण सामग्री को उपयोग में लाने के बावजूद, कहानी बदल जाती है क्योंकि वह एक बेहद सामान्य गलती पर प्रकाश डालती है प्लंबिंग के लिए घटिया पाइप का उपयोग करना। यह सस्ता मगर हानिकारक विकल्प पूरे घर में बड़े पैमाने पर रिसाव की समस्या पैदा करता है, जिससे घर के निर्माण में की गई कड़ी मेहनत पानी पानी हो जाती है।

# वॉलमार्ट निर्यात हेतु भारतीय सप्लायर्स के साथ साझेदारी के लिए ग्रोथ समिट का आयोजन करेगा



**लखनऊ।** वॉलमार्ट ने आज घोषणा की कि भारत में कम्पनी के पहले ग्रोथ समिट के लिए आवेदन प्रक्रिया 9 नवम्बर से शुरू होगी, जिसमें निर्यात के लिए तैयार सप्लायर्स, माइक्रो, स्माल, एण्ड मीडियम साइज के उद्यमों (एमएसएमई) को भाग लेने का अवसर प्रदान करेगी। सीमा पार ट्रेड सप्लायस्त्र, और इनोवेटिव सप्लाई चेन कम्पनियों को व्यवसाय को आगे बढ़ने का अवसर मिल सकेगा। भारत से माल के निर्यात को तीन गुना करने की वॉलमार्ट की प्रतिबद्धता की दिशा में प्रगति में तेजी लाने के लक्ष्य के साथ, वॉलमार्ट ग्रोथ समिट 14 व 15 फरवरी, 2024 को नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। आयोजन के लिए पंजीकरण 11 दिसम्बर, 2023 तक खुला है। दो दिवसीय कार्यक्रम में भारती कम्पनियां और संयुक्त राज्य अमेरिका के कई दर्जन वॉलमार्ट खरीदार निर्यात के लिए अपने उत्पादों का मूल्यांकन करने के लिए एक साथ आएंगे, जिसमें खरीदार वास्तविक समय, ऑन द ग्राउण्ड सौदों और संभावनाओं की ऑफरिंग्स करेंगे। साल 2027 तक भारत से सालाना 10 अरब डॉलर का माल मंगाने की वॉलमार्ट की प्रतिबद्धता के अनुरूप, इस आयोजन का लक्ष्य मेक इन इण्डिया पहल के साथ साझेदारी करना है, उन श्रेणियों में निर्यात बढ़ाना है जहां भारत के पास भोजन, परिधान, जूते, घरेलू वस्त्र और खिलौने कंज्यूमेबल्स, स्वास्थ्य और कल्याण, सामान्य माल सहित विशेषज्ञता है। इस अवसर पर वॉलमार्ट के एक्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट, सोर्सिंग, एंड्रिया अलब्राइट ने कहा, ''वॉलमार्ट ने भारत में लम्बे समय से निवेश किया है, और यह नए सप्लायर्स के साथ सम्बन्ध विकसित करते हुए अपने मौजूदा सप्लार्स के साथ निर्यात का विस्तार जारी रखने में जबरदस्त अवसर की सम्भावनाएं हैं, ग्रोथ समिट हमें ऐसा करने में मदद करेगी।

# फेस्टिवल ऑफ़ लाइट 2023: नियांटिक लेकर आया है कल्चर और गेमिंग का धमाकेदार मिश्रण



**नई दिल्ली।** पूरे भारत में चलरहेउत्सवों को ध्यान में रखते हुए नियांटिक भारत और दुनिया भर के ट्रेनर्स के लिए ला रहा है फेस्टिवल ऑफ़ लाइट का तीसरा एडिशन। जैसे-जैसे दीपावली का त्यौहार नजदीक आता जा रहा है, देश के हर कोने में मौजूद ट्रेनर्स को अपने पोकेमॉन के साथ रोशनी और उत्सव कीइस चमक में खो जाने वाली शानदार यात्रा पर निकलने के लिए आमंत्रित किया जा रहाहै।टैडबल्ब का सामना करने के लिए तैयार रहें क्योंकि पोकेमॉन गो की शुरुआत हो रही है! जंगल के अँधेरे में कुछ पोकेमोन रात में भी अपनी चमक बिखेरेंगे। अपने पोकेमॉन के साथ चमकें और जश्न मनाएं!इमर्जिंग मार्केट नियांटिक, इंक. के वाईस प्रेसिडेंट ओमारटेलेज़ के अनुसार, ÷भारतीय ट्रेनर्स के प्रति हमारी प्रतिबद्धता तीसरे वर्ष भी पोकेमॉन गो में इस फेस्टिवल ऑफ़ लाइट कार्यक्रम के रूप में जारी है। जगमगाते पोकेमॉन, एनिमेटेड पोज़, कलेक्शन चेलेन्जेस और टैडबल्ब एनकाउंटर के साथ दीपावली मनाएं। इस वर्ष हमने भारत की बढ़ती गेमिंग ऑडियंस और विविध संस्कृति के प्रति अपने समर्पण को मजबूत करते हुए, हमारे भारतीय समुदायों के लिएअधिक रोमांचक गतिविधियों के साथ, हिंदी भाषा सपोर्ट भी लॉन्च किया है।फेस्टिवल ऑफ़ लाइट-मंगलवार, 7 नवंबर 2023, सुबह 10 बजे से रविवार, 12 नवंबर 2023 रात 8 बजे तक पोकेमॉन डेब्यू-टैडबल्ब, एलीटैडपोल पोकेमॉन, और इसके इवोल्यूशन, बेलिबोल्ट, अपना पोकेमॉन गो डेब्यू करेंगे!

पोकेमॉन को सेने के लिए 2मकैंडी। इवेंट के दौरान शुरू की गई इन्सेंस दोगुनी समय तक चलेगी।टाइम्ड रिसर्च-इवेंट-एक्सक्लूसिव टाइम रिसर्च पूरे इवेंट के दौरान उपलब्ध रहेगा! आप पोकेमॉन को खोजने और पकड़ने पर टाइम्ड रिसर्च फोकस्ड को पूरा कर पाएंगें!

# नई चुनौती ने करवाईं कई गलतियाँ- शेफ विक्की रतनानी के 'प्रेशर टेस्ट' ने मास्टरशेफ इंडिया के किचन को हिलाकर रख दिया

मास्टरशेफ इंडिया के किचन में होम कुक्स प्रतियोगिता में बने रहने और इस सीजन का निर्णायक मास्टरशेफ बनने के लिये कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। प्रतियोगिता के स्तर को ऊँचा करते हुए, जजिंग पैनल मशहूर शेफ विक्की रतनानी का गेस्ट जज के तौर पर स्वागत करती है। वह अपने साथ एक नई चुनौती लेकर आते हैं, एक रोमांचक 'प्रेशर टेस्ट', जो प्रतियोगियों को चिंता में डाल देता है। इस प्रेशर टेस्ट में शेफ विक्की एक डिश बताते हैं, जिसका नाम नावरेह है और कश्मीरी भाषा में जिसका अर्थ होता है 'नया साल'। यह नाम तो नई शुरूआत का प्रतीक है, लेकिन होम कुक्स के लिये यह एक कठिन टास्क की शुरूआत थी। उनका मिशन है नावरेह डिश के गूढ़ स्वादों और तकनीकों को दोहराना। कुछ ज्यादा ही प्रेशर वाली इस चुनौती को लेने वाले प्रतियोगियों में प्राची आगरकर, निधि शर्मा, सुभोजीत सेन और मोहम्मद आशिक शामिल थे। प्रेशर टेस्ट के बारे में समझाते हुए, शेफ पूजा ढिंगरा ने कहा, ÷शेफ विक्की रतनानी के प्रेशर टेस्ट ने यकीनन मास्टरशेफ इंडिया के किचन में भूचाल ला दिया। उनके द्वारा पारंपरिक कश्मीरी व्यंजन नावरेह को चुने जाने से होम कुक्स की क्षमताओं को परखने का एक शानदार तरीका मिला। मेंटर्स के तौर पर हमने प्रतियोगियों को नई तकनीकों, स्वादों और दूसरी बारीकियों में उलझते देखा।

लेकिन जैसे ही प्रेशर बढ़ता है, चुनौतियाँ भी बढ़ती हैं। प्रेशर टेस्ट की चुनौती लेने वाले प्रतियोगियों में से एक, प्राची आगरकर ने अपना अनुभव बताते हुए कहा, ÷प्रेशर टेस्ट काफी कठिन था। मैंने पहली बार साइफन गन का इस्तेमाल किया और कश्मीरी खाना भी मैंने पहली बार बनाया था। मैंने आधा काम अच्छी तरह से कर लिया था, लेकिन बाद में मुझे सारी चीजों की पेचीदगी के कारण देरी हुई। दुर्भाय से, मेरी



डिश उतनी अच्छी नहीं रही, जितना मैंने सोचा था। इस बाजी में दांव के लगातार बढ़ने से सवाल उठ रहा है कि कौन घर जाएगा और कौन परीक्षा में सफल होगा जानने के लिये देखते रहिये मास्टरशेफ इंडिया, सिर्फ सोनी लिव पर। शेफ विकास खन्ना, रणवीर ब्रार और पूजा ढींगरा प्रतियोगियों का मार्गदर्शन कर रहे हैं और यह सीजन पाककला के ट्विस्ट्स, चुनौतियों और मुँह में पानी वाले व्यंजनों से भर गया है जिससे दर्शकों की उत्सकुता बनी रहेगी।

# मन को मोहने वाली एनीमेशन स्टोरी सीरीज़ 'स्टोरी टाइम विद सुधा अम्मा' की शानदार लॉन्चिंग

**नई दिल्ली।** मूर्ति मीडिया'ने एक भव्य आयोजन में अपने यूट्यूब चैनल के लिए एक नए शो 'स्टोरी टाइम विद सुधा अम्मा' को लॉन्च किया। मनोरंजक और शिक्षाप्रद कॉन्टेन्ट



बनाने के लिए बतौर प्रॉडक्शन हाउस 'मूर्ति मीडिया' की अपनी अलग पहचान है और यह नई पेशकश इसी पहचान को आगे ले जाने वाला एक और कदम है। 'स्टोरी टाइम विद सुधा अम्मा' के लॉन्च के सिलसिले में 31 अक्टूबर 2023 को मुंबई के जेडब्ल्यू मेरियट होटल में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। अपनी जादुई कहानियों के लिए ख्यात कहानीकार और पद्मभूषण पुरस्कार से सम्मानित सुधा मूर्ति प्रेस कॉन्फ्रेंस में उपस्थित थीं जिनकी कहानियों पर यह शो तैयार किया गया है। कार्यक्रम के अन्य अतिथियों में 'मूर्ति मीडिया' की प्रेसिडेंट अपर्णा कृष्णन, कहानियों को एनीमेशन के रूप में प्रस्तुत करने वाले प्रोडक्शन हाउस, कॉसमॉस माया की सीईओ मेघा टाटा, ख्यात गीतकार प्रसून जोशी और जाने-माने संगीतकार शांतनु मोइत्रा मौजूद थे।

शिक्षा और मनोरंजन के तालमेल को ध्यान में रखते हुए 'मूर्ति मीडिया' बच्चों के लिए यह बेहतरीन पेशकश 'स्टोरी टाइम विद सुधा अम्मा' लेकर आया है। इसकी मदद से वह बच्चों के लिए उस प्लैटफ़ॉर्म पर बेहतरीन कहानियां प्रस्तुत करना चाहता है जिससे बच्चों का जुड़ाव ज़्यादा है या जिस पर वे ज़्यादा समय बिताते हैं। इस नई पेशकश का उद्देश्य बच्चों का मनोरंजन करने के साथ ही साथ,बच्चों कोमूल्यों की शिक्षा देना भी है। लॉन्च कार्यक्रम में कुछ बच्चों ने इस नई सीरीज का थीम सॉन्ग भी प्रस्तुत किया। यह सॉन्ग इन बच्चों ने गीतकार प्रसून जोशी और संगीतकार शांतनु मोइत्रा के निर्देशन में तैयार किया था।

इस मौके पर सुधा मूर्ति ने अपने जीवन से जुड़े कुछ किस्से साझा करते हुए बताया कि किस तरह उनके अपने जीवन में कहानियों की बहुत अहम भूमिका रही है। उन्होंने यह भी कहा कि आज भी दूरदराज के इलाकों में रहने वालों बच्चों तक कहानियों को पहुंचाने की जरूरत है। लॉन्च कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त करते हुए आपने कहा, मैं मानती हूं कि कहानियों में बच्चों और बड़ों दोनों को अपनी तरफखींचने का जादू होता है। 'स्टोरी टाइम विद सुधा अम्मा' के बारे में अपर्णा ने सोचा और यह उनका ही ख्याल था कि 'मूर्ति मीडिया' को इन कहानियों को एनीमेशन के रूप में प्रस्तुत करना चाहिए और इस तरह इन कहानियों को ज़्यादा लोगों के करीब ले जाना चाहिए। मैं उनका धन्यवाद करती हूं कि उन्होंने इसके लिए बहुत प्रयास किए। उनके प्रयासों का ही नतीजा है कि मैं भी अपनी लिखी कहानियों को एनीमेशन के रूप में और सारे किरदारों को अपनी आंखों के सामने देखकर बहुत खुश हूं।

'मूर्ति मीडिया' की प्रेसिडेंट अपर्णा कृष्णन ने इस मौके पर कहा, ÷यह मूर्ति मीडिया से जुड़े सभी लोगों के लिए बहुत खास पल है। हमने हाल ही में अपना यूट्यूब चैनल लॉन्च किया है और वह इसलिए ही बनाया है, ताकि हम शिक्षाप्रद, मनोरंजक और हमारे अपने समाज से जुड़ा कॉन्टेन्ट दे सकें। हमारे चैनल पर मौजूद कॉन्टेन्ट का उद्देश्य किसी न किसी तरह की शिक्षा देना है, प्रेरित करना है और नई दिशा में सोचने के लिए आगे बढ़ाना है। इन सभी की मदद से बच्चों की सकारात्मकता और कल्पना को ऊंची उड़ान देना ही हमारा लक्ष्य है।

# दीवाली में लखनऊ में बढ़ी बस यात्रा की मांग: रैडबस ने बुकिंग्स में 50 फीसदी बढ़ोतरी दर्ज की

**लखनऊ।** दीवाली के उत्साह के बीच बड़ी संख्या लखनऊ के लोग यात्रा कर रहे हैं। दुनिया के सबसे बड़े ऑनलाईन बस टिकट प्लेटफॉर्म रैडबस ने दीवाली के लिए बुकिंग्स में ज़बरदस्त बढ़ोतरी दर्ज की है। पिछले साल की तुलना में प्लेटफॉर्म पर टिकट रिज़र्वेशन में 50 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। इस पावन अवसर पर शहर में त्योहार के माहौल को देखते हुए यात्रा के जोश का इस तरह से बढ़ना कोई हैरानी की बात नहीं। त्योहारों के उत्साह के बीच लखनऊ के लोग यात्रा के ढेरों विकल्पों की तलाश में हैं, वे अपने शहर के नज़दीक या दूर स्थित स्थानों की यात्रा करना चाहते हैं। जहां एक ओर कुछ लोग त्योहार मनाने के लिए अपने शहर जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर कुछ यात्रियों का एक बड़ा हिस्सा छुट्टी मनाने के लिए अपने पसंदीदा गंतव्यों की ओर रूख कर रहा है, जबकि कुछ यात्री आध्यात्मिक स्थानों की यात्रा भी कर रहे हैं। लखनऊ से सबसे ज़्यादा बुकिंग्स वाराणसी आगरा, दिल्ली-एनसीआर के लिए की गई हैं, इस अवधि के दौरान कुल बस टिकट्स में से 50 फीसदी योगदान इन्हीं तीन गंतव्यों का रहा है। छुट्टी के लिए जाने वाले ज़्यादातर यात्री आगरा और भरतपुर की ओर रूख कर रहे हैं, वहीं तीर्थस्थलों की बात करें तो प्रयागराज (जिसे पहले अलाहाबाद के नाम से जाना जाता था), मथुरा, वारणसी और हरिद्वार श्रद्धालुओं के लिए लोकप्रिय गंतव्य बने हुए हैं। आलमबाग, गोमती नगर, ट्रांसपोर्ट नगर और चारबाग बस बोर्डिंग के लिए लखनऊ के सबसे लोकप्रिय स्थान हैं, जो हज़ारों यात्रियों को अपनी सेवाएं प्रदान करते हैं। ज्यादा मांग को देखते हुए प्राइवेट प्राइवेट बसों की संख्या में बढ़ोतरी की गई है, त्योहारों के दौरान रोज़ाना 880 से अधिक बसें चलाई जा रही हैं। इसमें यूपीएसआरटीसी की बढ़ाई गई इन्वेंटरी भी शामिल है, जो पिछले महीने ही रैडबस प्लेटफॉर्म पर लाईव हुई थी; उनकी सेवाओं की संख्या बढ़ाकर 3500 रोज़ाना कर दी गई है। दीवाली के दौरान बढ़ती मांग को देखते हुए रैडबस के सीईओ प्रकाश संगम ने कहा, ''दीवाली उत्तर प्रदेश में यात्रा का सबसे महत्वपूर्ण अवसर है, इस अवधि में मांग लगातार बढ़ रही है। उत्तर प्रदेश में पिछले साल की तुलना में बसों की मांग में 50 फीसदी बढ़ोतरी हुई है। रोचक तथ्य यह है कि उत्तर प्रदेश से 53 फीसदी यात्रा दिल्ली का रूख कर रहे हैं, दो-तिहाई बुकिंग्स जयपुर और दिल्ली के लिए की गई हैं। लोगों से हमारा अनुरोध है कि आखरी समय में परेशानी से बचने के लिए जल्दी बुकिंग कर लें। हम सभी को दीवाली की शुभकामनाएं देना चाहते हैं।''

# खोए हुए 102 मोबाइल बरामद कर सर्विलांस टीम ने स्वामियों को सौंपा

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में लोगों के खोए हुए 102 मोबाइल फोन को सर्विलांस सेल ने

- सर्विलांस सेल टीम को स्वामियों ने दिया धन्यवाद
- दीपावली की दी बधाई

बरामद कर गुरुवार को स्वामियों को सौंप दिया। बरामद मोबाइल फोन की कीमत लगभग 25 लाख बताई जा रही है। मोबाइल पार स्वामी काफी खुश नजर आ रहे थे। सभी चेहरे पर मुस्कान लाने वाली सर्विलांस टीम को लोगों ने धन्यवाद देते हुए दिपावली की बधाई दी। बता दें कि पुलिस अधीक्षक कुशीनगर धवल जायसवाल द्वारा जनता के खोए हुए मोबाइल के संबंध में प्राप्त प्रार्थना पत्रों के आधार पर सर्विलांस सेल जनपद कुशीनगर को



बरामद मोबाइल फोन को उनके स्वामियों को सौंपते एएसपी

**बरामद मोबाइल फोन का विवरण**

वीवो के 31, रियलमी के 23, रेडमी के 22, ओप्पो के 9, इनफिनिक्स के 5, सैमसंग के 4, टैक्नों के 3, पोको के 2, हुवावे के 2, माइक्रोमैक्स के 01, कुल मिलाकर 102 मोबाइल बरामद किए गए है।

गुमशुदा मोबाइल फोन की बरामदगी हेतु निर्देशित किया गया था, जिसके क्रम में सर्विलांस सेल की टीम द्वारा कठिन परिश्रम करते हुए जनपदीय, गैरजनपदीय व गैर प्रान्तो से कुल 102 विभिन्न कम्पनियों के मल्टी मीडिया मोबाइल सेटों को बरामद करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की। बरामद किए गए मोबाइल सेटों की कुल क़ीमत लगभग 25 लाख रुपए है। बरामद मोबाइल सेटों को अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा गुरुवार को प्रेसवार्ता के दौरान पुलिस कार्यालय सभागार में उनके स्वामियों को सुपुर्द कर दिया। बरामद करने वाली टीम में उ0नि0 शरद भारती सर्विलांस प्रभारी कुशीनगर, कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-ए सुशील कुमार सिंह सर्विलांस सेल, कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-ए शम्मी कुमार आरक्षी आतिश कुमार, अभिषेक कुमार यादव, राहुल कुमार यादव व रणवीर सिंह प्रियदर्शी सर्विलांस सेल शामिल रहे।

## राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस कार्यक्रम का आयोजन

**देवरिया।** राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के अवसर पर मा0जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री देवेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के तत्वावधान में जनपद न्यायालय के एडीआर सेण्टर पर राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सचिव/अपर जिला एंव सत्र न्यायाधीश श्री अशोक कुमार दूबें के द्वारा विधिक अधिकारों के बारें में बताया। उन्होने कहा कि भारत के संविधान का अनुच्छेद 39ए सभी के लिए न्याय सुनिश्चित करने के प्रतिमान के बारे में बताता है। उन्होंने कहा कि समान न्याय और मुफ्त कानूनी सहायता की संवैधानिक दृष्टि एक ऐसे राष्ट्र के लिए अनिवार्य है, जहां लाखों लोग घोर गरीबी में जी रहे हैं।

उन्होंने कहा कि मौलिक अधिकार होने भर से कोई देश महान नहीं हो जाता। लोगों को मौलिक कर्तव्यों के बारे में पता होना चाहिए और उन्हें उनका पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर उचित कानूनी सहायता दी जाए, तो एक आम आदमी सम्मानजनक जीवन जी सकता है।

# चौकीदार सूचना तंत्र का एक महत्वपूर्ण कड़ी है: राजकुमार

अवधनामा संवाददाता

**कप्तानगंज कुशीनगर।** चौकीदार सूचना तंत्र का एक महत्वपूर्ण कड़ी है।

- कप्तानगंज थाने में चौकीदारों में वितरण किया गया जर्सी, कोट, जूता व साफा

गांव से लेकर थाने तक इनके द्वारा बताए गए सूचना के आधार पर पुलिस अपराध पर काबू पाने में सफलता हासिल करती है। इन्हे जितना सम्मान किया जाए उतना कम है।

उक्त बाते थानाध्यक्ष कप्तानगंज राजकुमार बरवार ने गुरुवार को थाना परिसर में क्षेत्र के समस्त ग्राम प्रहरी (चौकीदारों) को पुलिस लाईन से मिले शीत ऋतु हेतु जर्सी, कोट, जूता, साफा आदि वितरण करने के दौरान उक्त बाते कहा। उन्होंने कहा कि गांव की सुरक्षा और हर छोटी-बड़ी घटनाओं की सूचना थाने तक पहुंचाने में चौकीदार की महती भूमिका होती है। यह पद बड़ा ही महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने सभी चौकीदारों से अपील की कि समय से थाने में सूचना प्रदान कर गांव में शांति व्यवस्था कायम करने में मदद करें।

थानेदार के हाथों सम्मानित होने पर चौकीदार काफी खुश नजर आए। इसके उपरांत सभी चौकीदारों से थानाध्यक्ष ने मीटिंग लेकर अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहने हेतु अवगत कराया।



**गैर इरादतन हत्या के मुकदमें वांछित अभियुक्त गिरफ्तार**

**कप्तानगंज, कुशीनगर।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक गैर इरादतन हत्या के मुकदमें में वांछित चल रहा था जिसे पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। बता दें कि वांछित/ वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में गुरुवार को स्थानीय थाना पर पंजीकृत मु0अ0स0 463/2023 धारा 304 भादवि से सम्बन्धित अभियुक्त संजय प्रसाद पुत्र बाबू लाल निवासी बनकटा थाना कप्तानगंज जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## विकास खंड स्तरीय कृषि गोष्ठी में किसानों को नैनो यूरिया के बारे में दी गई जानकारी

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** सहजनवा तहसील अन्तर्गत विकास खंड पिपरौली के सभागार में आयोजित विकास खंड स्तरीय कृषि गोष्ठी में इफको के उप महाप्रबंधक हरि प्रसाद मल्ल ने इफको नैनो यूरिया के बारे में किसानों बताया कि खेतों में खड़ी फसलों में नैनो यूरिया डालने से उत्पादन बढ़ता है, जबकि लागत कम आती है। कृषि क्षेत्र में नई क्रांति लाएगा। क्षेत्रीय प्रबंधक इफको कौशल कुमार पाण्डेय ने बताया कि नैनो यूरिया पर्यावरण के दृष्टिकोण से पूर्णतय सुरक्षित है। नैनो यूरिया होने वाले भूमि, जल तथा वायु प्रदूषण को कम करेगा। इतना ही नही नैनो यूरिया की 500 मिलीग्राम बोतल यूरिया खाद के 45 किलोग्राम बैक के बराबर खेतों में काम करेगी। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख दिलीप यादव ने बताया कि पर्यावरण मृदा, वायु और जल को स्वस्थ और सुरक्षित रखते हुए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना हम सबके लिए एक चुनौती है। विशिष्ट अतिथि वी पैक्स पिपरौली के अध्यक्ष दुर्विजय सिंह ने कहा कि कृषि भूमि को सुरक्षित रखने और रासायनिक खादों से होने वाले नुकसान को ध्यान में रखते हुए इफको के द्वारा नैनो यूरिया उत्पाद बनाने का निर्णय लिया गया।गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए कृषि रक्षा अधिकारी देवव्रत सिंह ने कृषि विभाग द्वारा किसानों के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन एडीओ सहकारिता सुनील कुमार पाण्डेय ने किया। इस दौरान सचिव सुनील कुमार, मनोज सिंह, भोला, रामाशीष, राणा तिवारी सहित किसान मौजूद रहे।

# बाल अधिकार सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** मिशन शक्ति (फेज-4) अभियान के अन्तर्गत निदेशालय महिला कल्याण विभाग द्वारा निर्धारित गतिविधि के अनुसार बाल अधिकार सप्ताह का कार्यक्रम का आयोजन प्राथमिक विद्यालय रूचापार वि0ख0 देवरिया सदर जनपद देवरिया में किया गया है। कार्यक्रम के दौरान महिला कल्याण विभाग के मीनू जायसवाल, मनोवैज्ञानिक/काउन्सलर, वन स्टाप सेन्टर देवरिया द्वारा दत्तकग्रण के अतिरिक्त मिशन वात्सलय योजना के मुख्य घटकों था बाल देखरेख संस्थाओं, स्पॉन्सरशिप, फास्टरकेयर, आफ्टरकेय, जिला बाल संरक्षण इकाई, चाइल्ड हेल्प लाईन के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में मंशा सिंह, जिला समन्वयक, महिला शक्ति केन्द्र के द्वारा बच्चों से सम्बंधित कानूनों यथा किशोर न्याय बोर्ड, बाल कल्याण समिति , किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण ), लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, बाल विवाह निषेध अधिनियम, बाल श्रम आदि मुख्य प्रावधानों पर आमजन को जागरूक किया गया। अन्य शिकायतों के निवासरण हेतु विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों - वीमेन पावर लाईन-1098, वन स्टाप सेन्टर 181 पुलिस आपात कालीन सेवा-112, सी0एम0 हेल्प लाईन 1076, चाइल्ड हेल्प लाइन 1098, एम्बुलेंस सेवा 108 आदि के बारे में जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त नगर पालिका परिषद देवरिया, नियर गोरपुखपुर, ओभरब्रीज मजार पर आजनमानस को विभागीय योजनाओं का पम्पलेट बाटकर जनजागरूकता किया गया।

# डीएम ने की प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना की समीक्षा, दिए निर्देश

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आज प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना की जिला स्तरीय समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में डीएम ने मत्स्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं को बिना भेदभाव पारदर्शी तरीके से पात्र जनों तक पहुंचाये जाने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने मत्स्यपालकों को मखाना की खेती से जोड़ने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि मखाना की बुवाई के लिए नवंबर और दिसंबर का माह उपयुक्त होता है।इस माह दरभंगा से मखाना के बीज आ जाएंगे जिन्हें प्रगतिशील किसानों के मध्य वितरित किया जाएगा। साथ ही दरभंगा के विशेषज्ञों की देखरेख में बुवाई कराई जाएगी। जनपद में कई ऐसे लो-लैंड क्षेत्र हैं जहां तीन से चार महीने जलभराव की स्थिति रहती है, ऐसे क्षेत्रों में मखाना उत्पादन किया जाएगा। मत्स्यपालक भी मछली पालन तालाब में मखाना की खेती कर सकते हैं। इससे उन्हें दोहरा लाभ प्राप्त होगा। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत आए रियरिंग यूनिट तालाब निर्माण, बैकयार्ड री-सर्कुलेटरी सिस्टम तथा मोटरसाइकिल विद आइस बॉक्स योजना के अंतर्गत आए आवेदनों का रेंडमाइजेशन के जरिये लाभर्थियों का चयन किया गया। रियरिंग यूनिट निर्माण के लिए 3, बैकयार्ड री सर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम के 4 तथा मोटर साइकिल विद आइसबाक्स क्रय के लिए 23 लाभार्थियों का चयन ऑनलाइन किया गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजनान्तर्गत संचालित सभी परियोजनाओं में सामान्य मछुआ एवं अन्य पिछडा वर्ग को परियोजना लागत का 40 प्रतिशत तथा अनुसूचित जाति व महिला लाभार्थी को 60 प्रतिशत अनुदान दिया जाना प्राविधानित है, शेष अंश लाभार्थी द्वारा स्वयं अपने संसाधन से अथवा बैंक ऋण के माध्यम से वहन किया जायगा। मत्स्य विभाग के संचालित योजनाओं यथा-सजावटी एवं मनोरंजनात्मक मत्स्यकीय का विकास, प्रौद्योगिकी से प्रेरणा एवं संयोजन, आवस्थापना एवं उपजोपरान्त प्रबंधन, मत्स्य पालको/मछुआरो का बीमा, मत्स्य संसाधनो के संरक्षण हेतु मछुआरो के लिए आजीविका एवं पोषण से संबंधित सहायता आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी के साथ ही इन योजनाओं में बेहतर प्रगति लाये जाने के आवश्यक निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिए गए।

## धन्वंतरि का पूजन अर्चन कर मनायी गयी जयंती

**देवरिया।** आरोग्य भारती के तत्वाधान में सदर खंड के ग्राम सिगही देवरिया में चिकित्सा के जनक भगवान धन्वंतरि जयंती की पूर्व संध्या पर भगवान धन्वंतरि का पूजन अर्चन कर जयंती मनाई गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आरोग्य भारती के प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ अजीत नारायण मिश्र ने कहा कि आज पूरे देश भर में भगवान धन्वंतरि की जयंती राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के रूप में मनाई जा रही हैं। आज के ही दिन भगवान विष्णु के अवतार माने जाने वाले भगवान धन्वंतरि अमृत कलश लेकर पृथ्वी पर अवतरित हुए थे उन्होंने ही चिकित्सा का ज्ञान पृथ्वी वासियों को दिया है। आरोग्य रहने के लिए आयुर्वेद में वर्णित सिद्धांतों को अपनाए और स्वस्थ जीवन शैली योग और उचित आहार बिहार रितु चर्या दिनचर्या का नियमित पालन करें। उन्होंने कहा कि निरोगी जीवन ही सुख समृद्धि का आधार है इसलिए जहां पर सुख समृद्धि है वहीं लक्ष्मी का निवास है। आज के ही दिन सभी चिकित्सक चिकित्सा सेवा का व्रत लेकर चिकित्सा अभ्यास में लगते हैं।

## चलो मतदान करें रंगोली प्रतियोगिता में दिखे मतदान की शक्ति के विविध रंग



अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन गुरु श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग के प्रांगण में हुआ।

इस अवसर पर नर्सिंग कॉलेज की प्राचार्या डॉ. डीएस अजीथा ने विद्यार्थियों को मतदान के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि लोकतंत्र के नव निर्माण में मतदाता को अपनी मतदान शक्ति का प्रयोग जरूर करना चाहिए। मत की शक्ति से सशक्त राष्ट्र का निर्माण किया जा सकता है। चलो मतदान करें थीम पर हुई रंगोली प्रतियोगिता में सभी प्रतिभागियों ने लोकतंत्र के विविध रंगों से अपनी अभिव्यक्ति व्यक्त की। निर्णायक मंडल में शामिल डॉ.यास्मीन व श्वेता अल्बर्ट ने श्रेष्ठ रंगोली में शालनी व निधि को प्रथम, ब्यूटी व प्रतीक्षा, प्रीति, दरख्शां को द्वितीय और दीपिका व सागर को तृतीय पुरस्कार के लिए चयनित किया। मतदाता जागरूकता अभियान के नोडल अधिकारी डॉ. संदीप कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में हुई प्रतियोगिता में राष्ट्रीय कैडेट कोर के डॉ. हरिकृष्ण, राष्ट्रीय सेवा योजना के धनंजय पाण्डेय का सहयोग रहा। इसी क्रम में महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में निर्वाचन आयोग द्वारा संकल्पित मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत लोकतंत्र के संकल्प में हर वोट जरूरी विषय पर गुरुवार को चकबंदी अधिकारी साकेत कुमार त्रिपाठी, दिनेश कुमार पंकज, उमेश चन्द लक्ष्मण चौहान की मौजूदगी में सभी विभागों के विद्यार्थियों को जागरूक किया गया।

# दुकानें सजधज कर तैयार, झालरों से पटी बाजार

अवधनामा ब्यूरो

कुशीनगर। धनतेरस व प्रकाश पर्व दीपावली को लेकर बाजार सज गए हैं। दुकानों की सजावट पुरी हो गई है तो घरों की साफ-सफाई भी तेजी से हो रही है। दुकानों में रंग रोगन से साज-सज्जा पूरी तरह बदल गई है। सबसे अधिक सजावट सोने-चांदी की दुकानों से लेकर मिट्टी की दीप और बिजली के इलेक्ट्रानिक सामान बेचने वाले दुकानों की है, जहां अंदर से लेकर बाहर तक सजा कर रखी गई झालरों की जगमगाहाट अंधेरा होने पर देखते बन रहा है।

**प्रक्रिया पूरी कर चुके हैं पटाखा बेचने वाले दुकानदार:** पटाखों की दुकान लगाने वाले दुकानदार लाइसेंस के लिए फायर सर्विस से लेकर संबंधित थानों से कागजी खानापूर्ति कर चुके हैं। नगर समेत ग्रामीण इलाकों के विभिन्न चौराहों जैसे सेवरही, तमकुहीराज, सलेमगढ़, तरयासुजान, तिनफेड़िया, डिबनी समेत हजारों की संख्या में पटाखा की





दुकान लग कर तैयार है। हालांकि पडरौना नगर में उदित नारायण स्नाकोत्तर महाविद्यालय के खेल मैदान में, कसया में प्राथमिक विद्यालय तथा हाटा में गांधी इंटर कालेज परिसर में बाजार लगती है। **स्वदेशी झालरों का बढ़ा दायरा:** पडरौना नगर समेत सभी प्रमुख बाजारों में इलेक्ट्रानिक दुकानों पर सर्वाधिक बिकने वाले चाइनिज झालर बाजार में काफी कम दिख रही है। दुकानें स्वदेशी झालरों से पटा है। जिनकी कीमत 60 रुपये से लेकर 350 रुपये के बीच है तो विदेशी झालरों का कहीं पिछले साल का स्टाक दिख रहा है। दूसरी ओर अच्छी क्वालिटी के पेंट का मूल्य भी आसमान छू रहा है। फिर भी लोग घर सजाने में जुटे हैं। **मिट्टी की दीपों की मांग:** बाजारों में सजाकर रखे गए मिट्टी के दीप 80 से 90 रुपये की दर से सैकड़े में बेची जा रही है, तो अन्य सामान 20 रुपये लेकर 50 रुपये के बीच प्रति अदद बेचा जा रहा है। छोटे व बड़े दीप के दर में फर्क है। बड़े सौ रुपये से एक सौ तीस रुपये सैकड़े के भाव से बिक रहे हैं। **सोने-चांदी व बर्तनों की दुकानें भी सजी:** पडरौना नगर में गणेश व लक्ष्मी की प्रतिमा की दुकानें सजी हुई है, ज्वेलरी की दुकानों पर सर्वाधिक चांदी के सिक्के व गणेश व लक्ष्मीजी की प्रतिमाएं सजी है। वजन के हिसाब से दर तय किया गया। पडरौना नगर के फूल माला बेचने वाले रामबाबू सैनी ने बताया कि बाजार भाव में आम दिनों की अपेक्षा तेजी आने से फूलों व मालाओं की मांग बढ़ी है। माला मंगा कर दुकानों की सजावट हो रही है। माला 20 से 30 रुपये की दर से बिकने वाला त्योहार के नाते 60 से 80 रुपये के बीच बेचा जा रहा है।

## अष्टम आयुर्वेद दिवस की तैयारियों को लेकर सीडीओ ने की बैठक



अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** विकास भवन सभागार में गुरुवार को मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा की अध्यक्षता में जनपद में आयोजित होने वाले अष्टम आयुर्वेद दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक हुई। बैठक में क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा अनीता गुप्ता ने बताया इस वर्ष आयुर्वेद दिवस हर दिन हर किसी के लिए आयुर्वेद की थीम पर आयोजित किया जाएगा। जिसमें जनपद स्तर पर आयुर्वेद के प्रति वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। छात्र-छात्राओं के मध्य आयुर्वेद के प्रति जागरूकता हेतु विभिन्न विद्यालयों महाविद्यालयों में औषधीय उपवन विकसित किए जाएंगे साथ ही चित्रकारी प्रतियोगिता एकांकी नाटक व अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। किसानों के मध्य आयुर्वेद के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए 110 औषधीय पौधों की खेती के प्रति जागरूप किया जाएगा, इसके साथ ही इन औषधीय पौधों के बारे में पंपलेट पोस्टर अन्य संचार माध्यमों से भी प्रचार प्रसार कराया जाएगा। उन्होंने बताया जन स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेद में जन भागीदारी सबसे महत्वपूर्ण है ऐसे में लोगों में संतुलित जीवन शैली उचित खानपान व्यायाम आदि के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# रामकोला चीनी मिल का पेराई सत्र का हुआ आगाज

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** रामकोला नगर में स्थित त्रिवेणी ग्रुप की चीनी मिल में बृहस्पतिवार को पेराई सत्र की शुरुआत की गई। इससे पूर्व विधिवत पूजन-अर्चन किया गया। जिसके बाद इलाके के किसानों की उपस्थिति में कुशीनगर सांसद विजय दुबे के साथ खड्डा विधायक विवेकानंद पाण्डेय व

- डोंगे में गन्ना डालकर मुख्य अतिथियों की शुरुआत

अन्य भाजपा नेताओं ने मिल के डोंगे में गन्ना डाल पेराई की शुरुआत की। पहली किसान के ट्रेलर तौल पर ड्राइवर को सम्मानित भी किया गया। संसद ने विपक्ष की सरकारों को किसानों का पेमेंट लटकाने वाली बताया। पिछले साल बन्द हुई कप्तानगंज चीनी मिल के बकायों पर दी सफाई।

बता दें कि इस वर्ष जिले में किसानों के खेतों में गन्ने की फसल



डोंगे में गन्ना डालकर पेराई सत्र का शुभारंभ करते सांसद व अन्य

काफी अच्छी हुई है। लेकिन इस समय सिर्फ चार संचालित चीनी मिल में कोई अभी शुरू नही हुई। जिससे किसान खेतो को खाली करने के लिए क्रेशर पर औने पौने दाम देकर गिराने को विवश थे। वही गुरुवार को रामकोला चीनी मिल के पेराई शुरू होने से इलाके के किसानों को काफी राहत मिली। चीनी मिल के पेराई सत्र का शुभारंभ करने पहुंचे सांसद विजय दुबे ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि आज जिले का पहला चीनी मिल का शुभारंभ हुआ है। इस बार गन्ना किसानों की फसल बेहतर हुई। मिल ने जल्द पेराई शुरू की है जिससे किसानों को लाभ होगा। पूर्वती सरकारों में गन्ना किसान परेशान रहते थे। एक साल की पेमेंट तीन साल लटक जाती थी पर हमारे मुख्यमंत्री योगी के निर्देशानुसार सभी मील समय से पेमेंट कर रही हैं। पिछला भुगतान कर ही नई चल रही है। सिर्फ कप्तानगंज चीनी मिल लड़खड़ा गई उसे भी शत प्रतिशत किसानों का मूल्य भुगतान करने की कोशिश की जा रही।

### मात्र चार चीनी मिले ही संचालित है

आपको बता दे कि गन्ना बाहुल्य इलाका होने के कारण कुशीनगर जिले में कभी 9 चीनी मिले हुआ करती थी। जिसके कारण इसे चीनी का कटोरा कहा जाता था। लेकिन 9 में 4 पहले ही बंद हो गई। वही पिछले सत्र में किसानों का करोड़ों रूपये बकाए के साथ कप्तानगंज की कनोडीया सुगर मिल पर भी ताला लग गया। इसलिए जिले में चल रही चीनी मिल पर जिम्मेदारी काफी बड़ी है। इस बार पेराई शुरू कर चीनी मिल ने किसानों को राहत दी।

**बोले केन मैनेजर**

त्रिवेणी चीनी मिल रामकोला के केन मैनेजर सतीश बाल्यान ने बताया कि इस बार उत्तर प्रदेश सरकार और चीनी मिल ने मिलकर व्यवस्था बनाई है। जिसमे 42 सेंटर में 32 ऑपरेट हो चुके है पहले दिन 18 सेन्टर पर तौल होगी। वही समानुपातिक साप्ताहिक कलम व्यवस्था की गई है जिसके आधार पर सभी गेट व सेंटर बिना भेदभाव के एक सामान चलेंगे। किसी की भी पर्ची का मोड़ मिल से नही होगा सभी को अपनी समिति से ही करना होगा। इसलिए सभी पर्ची के अनुसार ही गन्ना लेकर आए है।

## हैण्डबाल प्रतियोगिता का चयन ट्रायल्स 16 को

**अमेठी।** जिला क्रीड़ाधिकारी आनन्द बिहारी श्रीवास्तव ने बताया कि उप्र हैण्डबाल संघ के समन्वय से प्रदेश स्तरीय जूनियर बालिका वर्ग हैण्डबाल प्रतियोगिता के आयोजन में भाग लेने हेतु जिला एवं मण्डल स्तरीय चयन ट्रायल्स निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि जूनियर बालिका वर्ग हैण्डबाल प्रतियोगित का जिला स्तर ट्रायल्स अमेठी में 16 नवम्बर 2023 एवं मण्डल स्तर ट्रायल्स अयोध्या में 17 नवम्बर 2023 तथा प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन जिला खेल कार्यालय जौनपुर में 19 नवम्बर 2023 से 22 नवम्बर 2023 तक किया जायेगा। उन्होंने बताया कि उक्त खेल का जिला स्तर चयन ट्रायल्स 16 नवम्बर 2023 को प्रातः 10 बजे डॉ0 भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम अमेठी में आयोजित किया जायेगा तथा चयन ट्रायल्स में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को अपने आयु प्रमाण पत्र पात्रता प्रमाण पत्र पासपोर्ट साइज फोटो साथ में लाना अनिवार्य होगा एवं बालिका वर्ग के खिलाड़ियों का जन्म 01 जनवरी 2004 या उसके पश्चात की होनी चाहिए।

# छत्रपति शिवाजी और राणा प्रताप को रोल मॉडल बनाना होगा: शांतनु जी महाराज

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** नगर स्थित रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में दूरदर्शी राजा छत्रपति शिवाजी महाराज की जीवन पर सेवा भारती काशी प्रांत द्वारा संगोष्ठी आयोजित की गई। मुख्य वक्ता विश्व प्रसिद्ध कथाकार शांतनुजी महाराज ने छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवनवृत्त पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मार्क्सवादी इतिहासकार ने सही इतिहास लिखा ही नहीं।

शिवाजी का जीवन कालजयी है वह वैश्विक शासक थे। मार्क्सवादी इतिहासकारो ने रोल-मॉडल औरंगजेब और अकबर को बनाया जो विदेशी शासकों में थे।आज इतिहास को बदलने की जरूरत है और हमें छत्रपति शिवाजी महाराज और राणा प्रताप को रोल-मॉडल बनाना होगा। छत्रपति शिवाजी महाराज ने जीजाबाई के संकल्प को साकार रूप दिया। कलयुग में धर्म की रक्षा के लिए छत्रपति शिवाजी महाराज एवं राणा प्रताप ने जन्म लिया था। छत्रपति शिवाजी महाराज ने युद्ध की अनेक नीति का निर्माण किया।उनका मानना था कि हमारी व्यापारिक नीति वैश्विक होनी चाहिए तभी राष्ट्र का विकास होगा। छत्रपति शिवाजी महाराज का मानना था कि हमें सदैव युद्ध के लिए तैयार रहना चाहिए। हमें इस बार दीपावली 22 जनवरी को मनाना है। जो 500 वर्षों का गुलामी से आजादी का प्रतीक है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ संजय सिंह ने कहा कि पहले महीने में एक दो बार छत्रपति शिवाजी महाराज राणा प्रताप भगतसिंह की चर्चा होती।आज युवाओं को भगवान राम के त्याग को जानने की जरूरत है और महापुरुषों के जीवन हमें नई सीख देता है। सभी का स्वागत महाविद्यालय के प्रचार्य प्रो पी के श्रीवास्तव ने किया और आभार राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने किया। कार्यक्रम में विभाग प्रचारक श्रीप्रकाश जी सहविभाग प्रचारक ओमप्रकाश जी गुरुदीन मिश्रा काशी तिवारी प्रवीण सिंह ओ पी सिंह डॉ त्रिवेणी सिंह डॉ धनन्जय सिंह रविन्द्र प्रताप सिंह यज्ञ नारायण उपाध्याय डॉ उमेश सिंह डॉ राधेश्याम तिवारी आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अम्बिका प्रसाद ने किया।



# घर से मस्जिद है बहुत दूर चलो, यूं कर लें, किसी रोते हुए बच्चे को हंसाया जाए

**मजदूरों की बेटियों के लिए दीपावली का तोहफा लेकर पहुंचा सानिध्य फाउंडेशन**



अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** जनपद में हुजूरपुर रोड पर स्थित बिहान बालिका विद्यालय बहराइच जिसमे गांवों के गरीब मजदूरों की बेटियां रहकर पढ़ाई करती हैं उनके बीच खुशियां बांटने पंहुचा सानिध्य फाउंडेशन। धनतेरस की पूर्व संध्या पर विद्यालय में पढ़ने वाली छात्राओं एवं फाउंडेशन के सदस्यों ने मिलकर दीपावली का पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर छात्राओं ने बड़ी ही आकर्षक रंगोली बनाई जिसने वहां उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया, दीपों से पूरे प्रांगण को सजाया गया, पूजा के बाद छात्राओं ने नृत्य प्रस्तुत किया जो बड़ा ही रोचक एवं शानदार था। फिर सभी ने मिलकर आतिशबाजी का आनंद उठाया फिर फाउंडेशन द्वारा लगाए गए लजीज नाश्ते के स्टाल पर जमकर मौज मस्ती की बच्चो के लिए नाश्ते में पानी की व्यवस्था भी की गई थी। इस अवसर विद्यालय की प्रधानाचार्या प्रिया प्रसाद सहित सभी स्टाफ एवं फाउंडेशन के राजन श्रीवास्तव, मुकेश अग्रवाल, नीरज अग्रवाल, मयंक गर्ग, रवीन्द्र गुप्ता, आलोक गुप्ता, गोपाल अग्रवाल, गुरुप्रीत सिंह, सुल्तान रायनी, राधेश्याम श्रीवास्तव सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# कुड़वार थाने पर आगामी दीपावली पर्व को लेकर हुई पीस कमेटी की बैठक

**दीपावली एक ऐसा त्यौहार जिसमें होता है प्रत्येक व्यक्ति खुश-गौरी शंकर पाल, प्रभारी निरीक्षक**

**सभी व्यापारी दुकानों पर लगाएं कैमरा-थाना प्रभारी**

**दुकानदार दुकानें बढ़ाकर सड़क की पटरी पर न रखें**



अवधनामा संवाददाता

**कुड़वार, सुल्तानपुर।** आगामी धनतेरस व दीपावली त्यौहार को लेकर कुड़वार थाना प्रभारी निरीक्षक गौरीशंकर पाल के नेतृत्व में क्षेत्र के दुकानदारों, संभ्रांत व्यक्तियों के साथ मीटिंग की। जिसमें थाना प्रभारी निरीक्षक ने लोगों से सकुशल दीपावली संपन्न कराने में सहयोग करने की अपील की। दुकानदारों को सावधानी बरतने की जानकारी दी। थाना कुड़वार के प्रभारी निरीक्षक गौरीशंकर पाल ने दुकानदारों से बात करते हुए कहा कि क्षेत्र में जो व्यापारी सोने चांदी की दुकान करते हैं। ज्यादातर लोगों ने सीसीटीवी कैमरे नहीं लगवाया है। कैमरा लगवा लीजिए। उन्होंने कहा कि जब भी आप लोग दुकान खोलें तथा शाम को बंद करते समय कम से कम दो लोग अवश्य साथ रहें। उन्होंने बताया कि प्रायः देखा जा रहा है कि जब दुकानदार शाम को दुकान बंद करते है उस समय लोग बैग को हाथ में दबाकर, सीढ़ियों पर रखकर ताले झुककर बंद करते हैं,उसी दौरान बदमाश बैग आसानी से छीनकर भाग खड़े होते हैं। इसके लिए सतर्क, सावधान, सचेत रहने की आवश्यकता है। रात्रि में महंगे सामान लाते समय अकेले न रहें, परिजनों की मदद लें, कहीं पर असुविधा असुरक्षित होने पर तत्काल पुलिस सहायता हेतु 112की मदद लें, अथवा मुझे 94544 04344पर संपर्क कर सूचित करें। पुलिस आधी रात को भी आपके साथ खड़ी मिलेगी। सूनसान वाले सड़कों पर सतर्कता बरतें। सीसीटीवी कैमरा आपके लिए सुरक्षा कवच के तौर पर काम करता है। थाना प्रभारी निरीक्षक गौरीशंकर पाल ने कहा कि इस दीपावली त्यौहार को सभी इस खुशी पूर्वक मनाएं कि आपका पूरा क्षेत्र समाज खुश रह सके। धनतेरस के दिन लोग अपनी क्षमतानुसार कुछ न कुछ खरीदारी कर घर ले जाते हैं। जो व्यापारी लोग खासतौर पर बर्तन की दुकान करते हैं। दुकान बाहर बढ़ाकर न लगाएं। जिससे आने जाने वाले लोगों को दिक्कतों का सामना करना न पड़े। उन्होंने कहा कि निश्चित तौर पर जब कोई पर्व त्यौहार आता है तो दुकानदार स्वतः अपनी दुकान बाहर बढ़ा लेते हैं। सभी दुकानदार अपनी सीमा के अंदर ही दुकानदारी करें। सड़क करीब 12फिट चौड़ी है। जिसमें दुकानदार दोनों तरफ से 4-4,फिट बढ़ा लेंगे तो 4फिट में लोगों को आवागमन में सुविधा होगी। बाजार कस्बा में खरीदारी करने वाले लोगों को असुविधा न हो इसका हमें ध्यान रखना होगा। थाना प्रभारी निरीक्षक गौरीशंकर पाल ने बताया कि बड़े आवाज वाले पटाखे, आतिशबाजी का इस्तेमाल प्रयोग न करें। दुकानदारों से उन्होंने कहा कि छोटे बच्चों को पटाखे उनके परिजनों की मौजूदगी में ही बेचें। प्रायः देखा जाता है कि छोटे बच्चे नासमझी में अपनी छोटी खुशी के लिए खुद को नुक्सान तथा किसी की झोपड़ी जला सकते हैं। छोटी सी चिंगारी घर की सारी खुशियां राख में बदल जाती है। पटाखे आतिशबाजी हाथ में लेकर न फोड़ें,जरा सी लापरवाही आपको बड़े संकट में डाल सकती है।

# फर्जी प्रमाण पत्र लगा नौकरी पाने वाले दरोगा पर मुकदमा

**एसपी ने किया बर्खास्त**

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** दरोगा भर्ती परीक्षा में चयन के लिए स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कोटे के तहत कूट रचित प्रमाण पत्र और जालसाजी करके उपनिरीक्षक दरोगा का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हेमराज को बर्खास्त किया गया। सुल्तानपुर पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हेमराज के खिलाफ शिकायत और जांच के बाद नगर कोतवाली में जालसाजी और कूट रचित आधार पर नौकरी प्राप्त करने का 419, 420, 467, 468, 471 जैसी संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज होते हुए उसे बर्खास्त कर दिया गया। प्रशिक्षु उप निरीक्षक हेमराज जो कि ग्राम व पोस्ट समसपुर खुर्जा बुलंद शहर का रहने वाला था उसने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के कोटे से चयनित होकर पुलिस ट्रेनिंग स्कूल सुल्तानपुर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहा था। उसका दस्तावेज और प्रमाण पत्र फर्जी है की शिकायत प्राप्त होने पर उसके खिलाफ जांच के आदेश एडिशनल एसपी को दिए गए। बुलंदशहर जिला अधिकारी कार्यालय से संपर्क कर वहां पर प्रशिक्षु दारोगा हेमराज के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के परिवार से होने की दस्तावेजों की जब जांच की गई तब वह फर्जी पाया गया। पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय के एसपी ब्रजेश कुमार मिश्रा ने बताया कि जिलाधिकारी बुलंदशहर के प्रतिपुष्टि के बाद पी.टी.एस सीओ कर्ण सिंह द्वारा नगर कोतवाली सुल्तानपुर में प्रशिक्षु दारोगा हेमराज के खिलाफ जालसाजी और कुटरचित तरीके से चयनित होने का मुकदमा दर्ज कराते हुए उसे बर्खास्त किया गया।

# हैंडपंप से निकल रहा दूषित पानी, अभिभावकों ने किया हंगामा

**भदैंया के अभियां कलां प्राथमिक विद्यालय पर प्रदर्शन करने पहुंचे अभिभावक**



अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** भदैंया प्रदेश सरकार भले ही शिक्षा के नाम पर लाखों करोड़ों रूपए विद्यालय के नाम से खर्च कर रही हों इसके बावजूद आज भी विद्यालय के स्थिति में कोई सुधार नहीं हो पा रहा हैं। जहां जनपद सुल्तानपुर के भदैया विकास खण्ड क्षेत्र के अंतर्गत अभियां कलां प्राथमिक विद्यालय में देखने को मिला विद्यालय में लगा हैंडपंप से दूषित पानी करीब दो माह से निकल रहा है। लेकिन विद्यालय के जिम्मेदार प्रधानाचार्य हाथ पे हाथ धरे बैठी हैं। जबकि ब्लॉक में बैठे अधिकारियों को अवगत कराकर तुरंत हैंडपंप की मरम्मत कराने के लिए लिखित सिकायती पत्र देकर कानूनी कार्रवाई करने की मांग करना चाहिए था। कहीं प्रधानाचार्य की लापरवाही से आज बच्चे को दूषित पानी पीने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। मजबूरी में छात्र-छात्राएं और शिक्षक इसी पानी का उपयोग कर रहे हैं। विकास खण्ड भदैंया क्षेत्र कें अभियां कलां के प्राथमिक विद्यालय में कुल 85 छात्र-छात्राएं शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।इन छात्रों को विद्यालय परिसर मे लगा हैंडपंप का पानी करीब दो माह से गंदा पानी आ रहा हैं। छात्र समेत शिक्षक भी दूषित पानी का प्रयोग कर रहे हैं। पिछले कुछ दिन पहले दूषित पानी पीने से स्कूली बच्चे विमार हुए थे। अभिभावकों ने बच्चों का इलाज समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भदैंया से कराया था।इसके बावजूद विद्यालय के प्रधानाचार्य ने हैंडपंप मरम्मत कराने के लिए उच्च अधिकारियों को अवगत नहीं कराया, जबकि विद्यालय में बनने वाले भोजन में भी इसी हैंडपंप के पानी का प्रयोग किया जा रहा हैं। जहां आए दिन बच्चों को बीमार होना पड़ रहा है। इसकी शिकायत अभिभावकों ने प्रधानाचार्य को हैंडपंप मरम्मत कराकर बच्चे को साफ पानी उपलब्ध कराने की मांग की थी। इसके बावजूद प्रधानाचार्य ने मामले को संज्ञान में ना लेते हुए नजर अंदाज करके नल से निकलने वाला दूषित पानी का प्रयोग आज भी कर रही है। जहां आए दिन बच्चे बीमार होने के लिए मजबूर हो रहे हैं।

### क्या कहते हैं ग्राम प्रधान

वही पर ग्राम प्रधान ने कहा की मामले की जानकारी हैं। हैंडपंप की मरम्मत कराने के लिए वीडियो मैम से कहा गया हैं, आदेश आते ही मरम्मत करवा दिया जाएगा, तब तक मैं पाइप की तब तक मैं पाइप की व्यवस्था कर पानी विद्यालय में पहुंचने के लिए प्रयास कर रहा हूं।

### मौखिक शिकायत किया गया है ग्राम प्रधान सें

वही पर अभियां कलां के प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाचार्य ने कहा की मामले को मैं ग्राम प्रधान को अवगत करा दिया गया है, जल्द ही नल की मरम्मत करवा दिया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### शिखा यादव ने हासिल की पीएचडी की उपाधि



**बहराइच।** जनपद की शिखा यादव ने श्री रामस्वरूप मेमोरियल यूनिवर्सिटी लखनऊ से प्रोफेसर डॉ. गुरमिंदर कौर के दिशा निर्देशन में ''स्टडीज़ ऑन वाटर, साल्ट एण्ड टेम्परेचर स्ट्रेस ऑफ कोदो मिलेट्स'' विषय पर अनुसंधान कर पी.एच.डी. की उपाधि प्राप्त कर कृषि प्रधान जनपद बहराइच का मान बढ़ाया है। कलेक्ट्रेट बहराइच से प्रशासनिक अधिकारी के पद से सेवानिवृत्त अवधेश प्रताप की पुत्री शिखा यादव ने नरेन्द्र देव कृषि विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या से बॉयोटेक्नॉलोजी में एम.एस.सी. की डिग्री हासिल की है। शिखा यादव ने अपनी सफलता का श्रेय गुरूजनों व परिजनों को देते हुए बताया कि उनके सहयोग के बिना यह लक्ष्य प्राप्त करना असंभव था।

### आबकारी व पुलिस विभाग ने अवैध कच्ची शराब के खिलाफ चलाया अभियान

**सुल्तानपुर।** आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश,जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक व जिला आबकारी अधिकारी के निर्देश पर आबकारी व पुलिस की टीम ने चांदा क्षेत्र के भट्ठों व ढाबों पर दबिश दिया।टीम ने कच्ची शराब के विरुद्ध कार्यवाही की।छापेमारी में आबकारी निरीक्षक लंभुआ संजय कुमार श्रीवास्तव,सुभाष चंद्र सिंह आबकारी निरीक्षक क्षेत्र प्रथम,आबकारी सिपाही शेष प्रताप सिंह,इरफान खान,विजय बहादुर व पुलिस टीम चांदा संतोष कुमार शुक्ला रहे।कार्यवाही में 3 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाकर जेल भेजा गया,तथा 5 लीटर कच्ची शराब व लहन नष्ट किया गया।

### झूठी वाह- वाही लूटना चाहते हैं कादीपुर विधायक, बना जिले में चर्चा का विषय

**कादीपुर, सुल्तानपुर।** क्षेत्र में हो रहें बिजेथुआ महोत्सव को लेकर झूठी वाहवाही लूटने वाले कादीपुर भाजपा विधायक राजेश गौतम को उनके ही पार्टी के जयसिंहपुर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय ने सीख दी है।बिजेथुआ महोत्सव में कादीपुर विधायक ने अपनी पीठ थपथपाने के लिए स्वयं व प्रमुख पत्नी की फोटो के साथ क्षेत्र में होर्डिंग्स लगा रखी है।कार्यक्रम में चवन्नी खर्च ना करने विधायक पर आरोप है।इससे इतर जयसिंहपुर विधायक ने राज प्रसाद उपाध्याय ने अपनी होर्डिंग्स पर कार्यक्रम संरक्षक विवेक तिवारी का फोटो लगाकर नाम भी लिखवाया है।क्षेत्र में विधायक की चारों ओर थू-थू हो रही है।

### दिव्यांग बच्चियों को प्रदान की गयी व्हील चेयर

**ललितपुर।** यहां अभिनन्दनों तीर्थक्षेत्र क्षेत्रपाल मंदिर प्रांगण में आयोजित एक सादे कार्यक्रम में अखिल भारतीय संस्था तरुण मित्र परिषद द्वारा दिव्यांग बच्चियों को व्हील चेयर प्रदान की गई। परिषद के महासचिव अशोक जैन ने बताया कि शैलेन्द्र जैन परिवार, दिल्ली के सहयोग से इन नन्हीं बालिकाओं को जो पूरे शरीर से अक्षम हैं, स्वयं कोई कार्य कर पाने में असमर्थ, सोचने समझने की शक्ति भी नहीं है। उनके परिवार को यह व्हील चेयर उपलब्ध कराई गई ताकि वे इन नन्हीं बालिकाओं का बोझ कुछ कम समझें। परिषद के जिला संयोजक समकित जैन के अनुसार इस अवसर पर उपस्थित दि. जैन पंचायत के अध्यक्ष अक्षय जैन टडैया, इंजी.अनिल जैन, महामंत्री आकाश जैन, संयोजक सनत जैन खजुरिया ने व्हील चेयर प्रदान करते हुए तरुण मित्र परिषद के सहयोग की सराहना की और कहा कि तरुण मित्र परिषद ललितपुर जिले में दिव्यांगों के प्रति सहानुभूति रखते हुए गत कई वर्षों के दिव्यांग कैम्प लगाकर पुन्य कार्य कर रही है।

# बिना हेलमेट तीस पुलिस कर्मियों के हुये चालान

**यातायात माह नवम्बर 2023**

**शहर भर में चलाया गया सघन चेकिंग अभियान**



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** पूरे वर्ष में नवम्बर माह में ही नियमों का पालन न करते हुये पूरे वर्ष इस अभियान के प्रति लोगों को जागरूक बनाने के उद्देश्य से इस वर्ष यातायात माह नवम्बर मनाया जा रहा है। आमजन ही नहीं वरन पुलिस कर्मी भी यातायात नियमों का कढ़ाई से पालन करें, इसके लिए ट्रैफिक पुलिस सख्ती से पेश आ रही है। गुरूवार को यातायात माह के चलते कलेक्ट्रेट चौराहा, तुवन मंदिर चौराहा के अलावा शहर के विभिन्न स्थानों पर वाहन चैकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान करीब 30 पुलिस कर्मियों का बिना हेलमेट लगाये वाहन चलाते हुये फोटो खींचकर चालान किया गया। गौरतलब है कि यातायात माह नवम्बर-2023 के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के आदेशानुसार एवं अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी यातायात कमलेश नारायण पाण्डेय, प्रभारी यातायात अभिनेन्द्र सिंह चौहान द्वारा यातायात पुलिस की टीम के साथ ललितपुर शहर क्षेत्र में तुवन चौराहा पर बिना हेल्मेट के दो-पहिया वाहन चलाने वाले पुलिस कर्मियों के विरूद्ध चेकिंग अभियान चलाया गया 30 पुलिस कर्मियों के बिना हेल्मेट में चालान किया गया, तथा भविष्य में यातायात नियमों का पालन करने के लिऐ निर्देशित किया गया। पुलिस कर्मियों के साथ-साथ आम-जनमानस को भी यातायात नियमों के बारे में जागरूक करते हुये यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्व 216 वाहनों का ई-चालान कर 216000 ऑनलाइन जुर्माना किया गया।

# क्षत्रिय मिलन व शपथ ग्रहण समारोह 11 को

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन फोरलेन स्थित कार्यालय पर कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष मुन्नासिंह चौहान की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी समय 11 नम्वर को ब्लॉक अध्यक्ष देवेंद्र सिंह के तत्वाधान में महरौनी में राष्ट्रीय महामंत्री बी.एम.सिंह गौतम के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न होगा। कार्यक्रम में नवीन कार्यकरणी मड़ावरा एवं महरौनी का शपथ ग्रहण समारोह होगा। बैठक में जिलाध्यक्ष बृजेन्द्र सिंह परमार, जिला महामंत्री भगवत सिंह बैस, देवेंद्र सिंह, पप्पी राजा, भूपेंद्र सिंह तोमर, बॉबी राजा, सुरेन्द्रपाल सिंह, धर्मेन्द्र सिंह परमार, महिपाल सिंह परिहार, राजेन्द्र सिंह राजावत, चन्द्रपाल सिंह परमार, भरतसिंह चौहान, राजेन्द्र सिंह राठौर, जीतू राजा, संग्राम सिंह बुन्देला, जितेन्द्र बुन्देला, ताहरसिंह परमार, यशपाल सिंह परिहार, छत्रपाल सिंह परमार, बृजपाल सिंह परिहार, अमर सिंह तोमर, अखण्ड प्रताप सिंह, रविन्द्र बुन्देला, अजय राजा, रोहित राजा, गोलू राजा, शिवाराजा तोमर आदि उपस्थित रहे।

# गुमशुदा पुत्र की खोजबीन कराए जाने की मांग

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** सदर कोतवाली अंतर्गत मोहल्ला नेहरू नगर निवासी बृजनंदन विश्वकर्मा पुत्र दौलती ने जिलाधिकारी कार्यालय में पहुंचकर जिलाधिकारी को एक प्रार्थना पत्र देकर बताया है कि 20 अक्टूबर 2023 को उसका पुत्र अनिल कुमार विश्वकर्मा उम्र 22 वर्ष पटऊआ बिरधा गया हुआ था। पीड़ित ने बताया है कि उसका पुत्र मानसिक रूप से मंदबुद्धि का है। वह अच्छा बुरा सोचने समझने में सक्षम नहीं है। पीड़ित ने बताया है कि उसका पुत्र अभी तक घर वापस नहीं लौटा। पीड़ित ने प्रार्थना पत्र के माध्यम से बताया है कि उसने सभी रिश्तेदारों एवं पड़ोस में भी अपने पुत्र की खोजबीन की, मगर उसका कुछ भी पता नहीं चला है। पीड़ित ने बताया है कि उसने इसकी शिकायत थाना पाली में एवं संबंधित थाना कोतवाली में की थी जहां पर जिम्मेदारों द्वारा कोई भी उचित कार्रवाई नहीं की। पीड़ित ने जिलाधिकारी को एक प्रार्थना पर देकर गुमशुदी की रिपोर्ट दर्ज करा कर पुत्र की खोजबीन कराए जाने की मांग की है। आलाधिकारियों ने मामला को संज्ञान में लेते हुए कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

# कांग्रेस ने छपरट में किया जनसंवाद कार्यक्रम

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** कांग्रेस के प्रदेश महासचिव राहुल रिछारिया के नेतृत्व में महरौनी ब्लाक के ग्राम छपरट में दलित संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत सहरिया आदिवासी बस्ती में दलित अधिकार मांग पत्र भरवाये गए, जिसमें उन्होंने कई समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि हमारी जमीन और मकान का मुआवजा नहीं मिला। साथ ही खराब क्षेत्र के अंतर्गत ही हम लोगों को आवास आवंटित किए जा रहे हैं। प्रदेश महासचिव राहुल रिछारिया ने कहा कि दलित भाइयों की जो भी समस्याएं हैं उन समस्याओं को कांग्रेस पार्टी शासन से मांग कर सुलझाने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से ही दलित आदिवासियों की हितैषी रही है। उनको अधिकार दिलाने हेतु हमेशा संघर्षरत है। कांग्रेसियों ने उन्हें शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। तत्पश्चात कांग्रेसियों ने महरौनी ब्लाक अध्यक्ष बृजेश मिश्रा के पिताजी, रामकिशोर मिश्रा एवं कांग्रेस महासचिव असलम खान की माताजी के आकस्मिक देवगवन होने पर सभी ने 2 मिनट का मौन धारण कर उनकी आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की। इस मौके पर प्रदेश महासचिव राहुल रिछारिया, जिलाध्यक्ष बलवंत सिंह राजपूत, राकेश रजक एड., आसाराम तिवारी, जाहरसिंह बघेल, रामभरोसे कुशवाहा, सूर्य प्रताप सिंह, सुशील श्रीवास, अभिषेक सिंघई, दयाशंकर रजक, श्याम सुंदर सारोठिया, बृजेश चंदेल, शेखर, मामूद चौधरी, अखिलेश मलैया, आदि दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### औषधीय खेती करने वाले उठाये अनुदान का लाभ

**बहराइच।** जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी ने बताया कि शासन द्वारा नेशनल मेडिसिनल प्लांट बोर्ड, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा औषधीय पौधों के सरंक्षण विकास एवं सतत् प्रबन्धन हेतु ''सेन्ट्रल सेक्टर स्कीम'' बनाया गया है। स्कीम के अन्तर्गत सरकार द्वारा अनुदान की व्यवस्था भी की गई है जिसके अन्तर्गत 20 औषधीय पौध का रोपण करने पर रूपये 2500.00 का अनुदान दिया जायेगा। उन्होनें बताया कि योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए किसानों को पहले स्वयं के व्यय से पौधों का रोपण करना होगा। जिसका विभागीय टीम द्वारा भौतिक सत्यापन किया जायेगा। योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए इच्छुक औषधीय खेती करने वाले किसान, संस्था, एन.जी.ओ/ एफ.पी.ओ. जिला उद्यान कार्यालय बहराइच में उपलब्ध प्रारूप पर विस्तृत कार्य योजना जिला उद्यान अधिकारी के माध्यम से शासन को प्रेषित कर सकते हैं।

# 21 नवम्बर को आईटीआई में आयोजित होगा बृहद रोज़गार मेला

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** प्रदेश के अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से जिला सेवायोजन कार्यालय, राजकीय आईटीआई तथा कौशल विकास मिशन बहराइच के संयुक्त तत्वावधान में राजकीय आईटीआई परिसर निकट चौपाल सागर नानपारा रोड बहराइच में 21 नवम्बर 2023 को प्रातः 10:00 बजे से एक दिवसीय बृहद रोज़गार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें स्थानीय नियोजको के साथ-साथ 20 से अधिक निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठित नियोजकों/कम्पनियों द्वारा रोजगार प्रदान किये जाने हेतु प्रतिभाग किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए जिला सेवायोजन अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि रोज़गार मेले में स्थानीय नियोजक के रूप में एस.के. इंजीनियरिंग, अवध साल्वेक्स एवं विश्वनाथ फूड प्रा.लि., यूनिक इण्टर प्राइजेज, एनआईसी एशिया कम्पनी के साथ-साथ अशोक लीलैण्ड प्रा. लि., लाईबेरियम ग्लोबल रिसोर्स प्रा. लि., एजाकी प्रा.लि., डिक्शन टेक्नालाजिज, लावा इण्टर नेशलन, पगेट टेक्नालाजी, अप्टोस्किल प्रा.लि., ब्राइट फ्यूचर आर्गेनिक हर्बल एवं आयुर्वेदिक प्रा.लि., पशुपति नाथ, पीपल ट्री, हाइटेक इम्पलाई मैनेजमेन्ट सर्विस, धनवर्षा बायोप्लांटेक, एल.आई.सी.पुखराज हेल्थ केयर व टोरेन्स प्रा.लि. द्वारा अभ्यर्थियों की योग्यता के अनुसार अनुकूल पदों पर उचित वेतनमान पर साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया जायेगा। श्री कुमार ने बताया कि एक दिवसीय बृहद रोजगार मेले में उ.प्र. कौशल विकास मिशन व आईटीआई प्रशिक्षित युवा एवं सेवायोजन कार्यालय में पंजीकृत/नान पंजीकृत अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं। 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के समस्त हाईस्कूल से परास्नातक व आईटीआई डिप्लोमा एवं कौशल विकास प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थी अपने साथ बायोडाटा सहित समस्त शैक्षिक योग्यता के अंकपत्र, प्रमाण पत्र, आधार कार्ड मूलरूप में एवं उनकी एक-एक छायाप्रति तथा दो पासपोर्ट साइज फोटो के साथ 21 नवम्बर 2023 को प्रातः 10:00 बजे राजकीय आईटीआई परिसर निकट चौपाल सागर नानपारा रोड बहराइच में उपस्थित होकर रोज़गार मेले का अधिकाधिक लाभ उठायें।

# छत्रपति शिवाजी महाराज पर संगोष्ठी का होगा आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** आचार्य शांतनु जी महाराज का रामगंज बाजार ,दुर्गापुर, प्रताप गंज,अहिमाने एवं पयगीपुर पुर में भव्य स्वागत किया जाएगा। लघु उद्योग भारती के संयोजक एवं भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री रवींद्र त्रिपाठी ने बताया कि संगोष्ठी की तैयारी पूरी कर ली गई है। दिनांक 21 नवंबर से 26 नवंबर तक छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर नाट्यमंचन होगा।जिसमें 25 नवंबर को सुलतानपुर व अमेठी जनपद नाट्य मंचन देखने इसके संदर्भ में संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। जाणता राजा दूरदर्शी राजा छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर एक संगोष्ठी का आयोजन लघु उद्योग भारती एवं भारतीय उद्योग व्यापार मंडल द्वारा किया गया है। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में आचार्य शांतनु जी महाराज जी का पाथेय प्राप्त होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आज लघु उद्योग भारती के संयोजक भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री रवींद्र त्रिपाठी ने नगर सुल्तानपुर अहिमाने, प्रताप गंज बाजार में बैठक किया । प्रदेश महामंत्री श्री त्रिपाठी ने कहा कि जाणता राजा दूरदर्शी राजा छत्रपति शिवाजी महाराज की जीवन पर आधारित नाटक जिसका आयोजन सेवा भारती काशी प्रान्त के संयोजन में आयोजित हो रहा है जिसको देखने 25 नवम्बर को जनपद सुल्तानपुर से हजारों की संख्या में व्यापारी काशी जाएंगे। और उनके जीवन पर आधारित संगोष्ठी में 9 नवंबर को गोल्डन प्लाजा में प्रख्यात कथावाचक आचार्य आदरणीय शांतनु जी महाराज का बौद्धिक सुनने भी हजारों व्यापारी पधारेंगे।


आज़ादी का अमृत महोत्सव

## उत्तर रेलवे

### ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता / सा. मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, हजरतगंज लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| ई–निविदा सूचना संख्या | 1101–वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता उत्तर रेलवे लखनऊ–द्वितीय कॉल दिनांक 08.11.2023 |
| कार्य का नाम | पुराने प्रथम श्रेणी एफ0ओ0बी0 चारबाग स्टेशन से 04 नम्बर एस्केलेटर को लखनऊ मण्डल के अन्य स्थान पर स्थानान्तरित करना। |
| अनुमानित लागत | रु.96,67,103/– (छियानवे लाख सस्सठ हजार एक सौ तीन रूपये मात्र) |
| बयाना राशि | रु.1,93,400/– (एक लाख तिरानवे हजार चार सौ रूपये मात्र) |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह |
| ई–निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि | दिनांक 04.12.2023 को 15.00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15.30 बजे वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा0 उत्तर रेलवे, हजरतगंज लखनऊ के कार्यालय में। |
| प्रस्ताव की वैधता | ई– निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन। |
| उत्तर रेलवे की वेबसाइट | अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर चैक की जा सकती है। |
| योग्यतमान दंड | केवल वही निविदाकर्ता योग्य होगे जो योग्यता मानदंड को पूरा करते हो। |
| तकनिकी योग्यता मानदंड | निविदाकर्ता के पास राज्य सरकार द्वारा जारी फर्म के नाम से वैध विद्युत ठेकेदारी लाइसेंस होना चाहिए तथा फर्म अपने ऑफर के साथ विद्युत लाइसेंस के सभी विवरण सलंग्न करे। |
| तकनिकी योग्यता मानदंड Similar nature of work | इस निविदा के लिए तकनीकी पात्रता मानदंड के निर्धारण के लिए केवल निम्नलिखित कार्य को समान कार्य माना जाएगा निविदाकर्ता भौतिक रूप से निविदा खोलने की तारीख के पिछले 07 (सात) वित्तीय वर्षो और निविदा खुलने वाले माह से पिछले माह की अंतिम तिथि तक के लिए यानी पात्रता अवधि में निम्नलिखित कार्य पूर्ण या पर्याप्त रूप से पूर्ण होने चाहिए। (i) तीन समान कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य का 30 प्रतिशत के बराबर राशि से कम न हो, अथवा (ii) दो समान कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य का 40 प्रतिशत के बराबर राशि से कम न हो, अथवा (iii) एक समान कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य का 60 प्रतिशत के बराबर राशि से कम न हो |
| Definition of Similar nature of work | इस निविदा हेतु केवल निम्नलिखित कार्यो को तकनीकी योग्यता मानदंड के अन्तर्गत समान प्रकृति का कार्य माना जाएगाः– **"Supply, Installation, Testing and Commissioning of Escalator/ Travelator etc with or without AMC."** |
| वित्तीय योग्यता मानदंड | The tenderer must have minimum average annual contractual turnover of V/N or 'V' whichever is less; where V=Advertised value of the tender in crores of Rupees N=Number of years prescribed for completion of work for which bids have been invited. The average annual contractual turnover shall be calculated as an average of "total contractual payments" in the previous three financial years, as per the audited balance sheet. However, in case balance sheet of the previous year is yet to be prepared/audited, the audited balance sheet of the fourth previous year shall be considered for calculating average annual contractual turnover. The tenderers shall submit requisite information as per Annexure-VIIB, along with copies of Audited Balance Sheets duly certified by the Chartered Accountant/Certificate from Chartered Accountant duly supported by Audited Balance Sheet. |

सूचना सं 1101–वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता उत्तर रेलवे लखनऊ द्वितीय कॉल दिनांक 08.11.2023 3510/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को मिलेगा दो निःशुल्क रिफिल सिलेण्डर

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने अवगत कराया है कि उज्ज्वला योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 के प्रथम चरण में माह नवम्बर से दिसम्बर 2023, द्वितीय चरण में माह जनवरी, 2024 से मार्च 2024 तक लाभार्थियों को पूर्णतया निःशुल्क सिलेण्डर रिफिल का वितरण संबंधित एलपीजी वितरको के माध्यम से सुनिश्चित कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि जनपद में उज्ज्वला योजना के 241384 परिवारों को इस योजना के अन्तर्गत आच्छादित किया जाना है। इनमें से प्रथम चरण में आधार प्रमाणित लाभार्थियों को निःशुल्क एलपीजी सिलेण्डर रिफिल का वितरण किया जायेगा, जैसे-जैसे लाभार्थियों के आधार प्रमाणित होते जायेगे, उसी क्रम में उन्हें उक्त योजनान्तर्गत आच्छादित करते हुए निःशुल्क सिलेण्डर का वितरण किया जायेगा, इस योजना हेतु ऑयल कम्पनियों द्वारा अभियान चलाकर आधार प्रमाणन का कार्य प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित कराया जायेगा, उज्ज्वला योजनान्तर्गत सर्वप्रथम लाभार्थी अपने स्तर से प्रचलित उपभोक्ता दर के अनुसार भुगतान कर 14.2 किग्रा का सिलेण्डर रिफिल प्राप्त करेंगे, जिसके 03 से 04 दिन के उपरान्त योजनान्तर्गत दिये जाने वाली सब्सिडी उनके आधार प्रमाणित बैंक खाते में ऑयल कम्पनियों द्वारा आन्तरित किया जायेगा, लाभार्थियों को अन्तरित किये जाने वाली सब्सिडी की नियमित समीक्षा की जायेगी, इस सम्बन्ध में प्राप्त किसी भी प्रकार की शिकायत /समस्या का निराकरण तत्काल सुनिश्चित किया जायेगा सम्बन्धित एलपीजी वितरको के माध्यम से फ्लैक्सी बोर्ड आदि प्रचार माध्यमों के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जायेगा, लाभार्थियों को उनका आधार प्रमाणन कराये जाने हेतु सम्बन्धित एलपीजी वितरक टेलीफोन, हॉकर्स, मोबाईल एसएमएस एसमस के माध्यम से सूचना प्रेषित करेंगें, उन्होंने कहा कि यह योजना शासन की महत्वपूर्ण योजना है इससे सम्बन्धित अधिकारी इस योजना के कार्यो को प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही सुनिश्चित करेंगें।

## जनपद में विधिक जागरूकता कार्यक्रम हुआ आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के अवसर पर आज दिनांक 09.12.2023 को जनपद न्यायाधीश विष्णु कुमार शर्मा के निर्देशानुसार तहसील सदर, मौदहा, सरीला, व राठ में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हमीरपुर, गीतांजलि गर्ग द्वारा लोगों को विधिक सेवा क्या है, और यह किस प्रकार प्राप्त की जा सकती है के बारे में बताया तहसील सदर में तहसीलदार अनुभव चन्द्रा, पैनल अधिवक्ता शिवबरन सेन, टेली लॉ मुनीन्द्र कुमार शिवा, पीएलवी छाया प्रजापति द्वारा अपने-अपने विचार व्यक्त किये गये कार्यक्रम में आँगनबाडी कार्यकत्री एवं आशा बहुओं द्वारा बड़ी संख्या में प्रतिभाग किया गया। इसके साथ ही एक रैली भी तहसील सदर के प्रांगण से सचिव द्वारा रवाना की गई। जो जनपद न्यायालय के प्रांगण मे सम्पन्न हुई। इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश विष्णु कुमार शर्मा द्वारा पीएलवी समुदाय क्षेत्र छाया, नीरज विश्वकर्मा, एवं प्रेम शंकर को पुरस्कृत किया गया। इसी प्रकार श्रेष्ठ पैनल अधिवक्ता, देवेन्द्र बहादुर एवं शिव बरन सेन को भी स्मृति चिन्ह देकर पुरस्कृत किया गया। इसके अतिरिक्त पीएलवी, प्रमोद कुमार शुक्ल, नीरज कुमार विश्वकर्मा, सुरेन्द्र कुमार, नीतेन्द्र कुमार द्वारा भी कार्यक्रम में सहयोग किया गया।

# एनटीपीसी स्थापना दिवसः स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता




**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्य चिकित्सालय द्वारा एनटीपीसी स्थापना दिवस के अवसर पर रेड क्रॉस सोसायटी के सहयोग स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमे परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) ई सत्यफणि कुमार एवं अध्यक्षा सुहासिनी संघ सरोजा फणि कुमार ने दीप प्रज्वलित एवं रक्त दान कर कैम्प का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से महाप्रबंधक(प्रचालन एवं अनुरक्षण) राजेश भारद्वाज, उपाध्यक्षा (सुहासिनी संघ) सुभा भारद्वाज, महाप्रबंधक (मानव संसाधन) प्रबीर कुमार बिस्वास, महाप्रबंधक(ईएमडी) एस वारयानी, महाप्रबंधक (हरित रसायन) सुजय कर्माकर,वरिष्ठ विषेशज्ञ डॉ दीपक डे एवं उपस्थित अन्य अधिकारियों तथा कर्मचारियों नें स्वयं रक्तदान कर सभी का उत्साहवर्धन किया। इसके साथ ही कमांडेंट(सीआईएसएफ) पंकज बलियान एवं शिखा बालियान नें रक्तदान में अहम भूमिका निभाते हुये सुरक्षा बल के जवानों से रक्तदान करने का आव्हान किया। इस शिविर का आयोजन मुख्य चिकित्साधिकारी (विंध्य चिकित्सालय) बीसी चतुर्वेदी के मार्गदर्शन एवं निदेशक (रेडक्रॉस ब्लड बैंक) आर द्विवेदी के सहयोग से किया गया। शिविर में एनटीपीसी विंध्याचल के अधिकारियों एवं सुरक्षाबल के जवानों एवं रहवासियों द्वारा स्वेच्छा से कुल 41 यूनिट ब्लड रक्तदान किया गया। इस अवसर पर विंध्य चिकित्सालय के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ राजपाल सिंह, डॉ वर्तिका कुलश्रेष्ठ, डॉ तन्मय पटेल, सविता पटेल तथा प्रसानिक अधिकारी सुरजन सिंह ने अपनी भूमिका निभाते हुए कैम्प का सफल आयोजन कराया।

### क्षेत्राधिकारी सदर ने किया पैदल गश्त



**हमीरपुर।** क्षेत्राधिकारी सदर द्वारा पुलिस बल के साथ क्रमशः कस्बा हमीरपुर व कस्बा सुमेरपुर में आगामी त्योहारों धनतेरस व दीपावली के दृष्टिगत पैदल गस्त किया गया तथा आतिशबाजी की दुकानों पर फायर सेफ्टी एक्यूपमेंट लगाए जाने हेतु दुकानदारों से अपील की गई। आगामी त्यौहारों को सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु पुलिस प्रशासन के सहयोग के लिए आम जनता से संवाद किया गया तथा संपूर्ण सुरक्षा भाव का एहसास कराया गया। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली सदर कस्बा हमीरपुर में व प्रभारी निरीक्षक थाना सुमेरपुर कस्बा सुमेरपुर में अपने-अपने पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

# दो दिन से खड़ी बस में मिला परिचालक का शव

अवधनामा संवाददाता

**शाहजहांपुर।** जनपद के जलालाबाद में दो दिन से सड़क किनारे खड़ी निजी बस में उसके परिचालक का शव मिला। शरीर पर चोट के निशान मिले हैं। आशंका जताई जा रही है कि नशे की अधिकता में गिरने से उसकी मौत हुई होगी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।फर्रुखाबाद जिले के थाना कमालगंज के गांव महरिया निवासी विनोद कुमार (45) जलालाबाद के मोहल्ला आजादनगर निवासी ट्रैवल एजेंसी संचालक दीपू सिंह की निजी बस में परिचालक थे। वह काम निपटाने के बाद अक्सर बस में ही सो जाया करते थे। चालक अरुण मिश्रा ने दीपू सिंह के घर के पास सड़क किनारे बस खड़ी की थी। उस वक्त विनोद उसके साथ था और अपने घर फर्रुखाबाद जाने की बात कह रहा था।आज सुबह करीब आठ बजे अरुण ने जब बस का गेट खोला तो सीट और बोनट के बीच विनोद मृत अवस्था में पड़े थे। उनके शरीर पर गिरने से चोट के निशान थे। सूचना पर पुलिस और विनोद के परिजन पहुंचे। इंस्पेक्टर हरपाल बालियान ने बताया कि जांच में विनोद के शराब पीने का आदी होने की बात सामने आई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत की वजह स्पष्ट होगी। परिजनों की तहरीर पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# कमजोर वर्ग तक सभी प्रकार की कानूनी सेवाओं को निशुल्क पहुंचाना प्राथमिकता

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** हर साल 9 नवम्बर को भारत में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण दिवस मनाया जाता है। जिसके क्रम में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकर तथा उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देश के क्रम में गुरुवार को जिले में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष अशोक कुमार यादव प्रथम की अध्यक्षता में विधिक सेवा दिवस जनपद न्यायालय परिसर में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा दीप प्रज्जवलन व माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यापर्ण कर किया गया। इस दौरान जनपद न्यायाधीश अशोक कुमार यादव प्रथम के द्वारा दिव्यांगजनों को उपकरण भी प्रदान किये गये और विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य किए जाने वालो लोगो को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया, इस दौरान जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष विधिक सेवा प्राधिकरण ने उपस्थित जनमानस को सम्बोधित करते हुए कहा कि की इस विशेष दिन को मनाने के पीछे मुख्य उद्देश्य देश के कमजोर वर्ग के लोगो तक सभी प्रकार की कानूनी सेवाओं को निशुल्क पहुंचाना है इस दिन यह प्रयास किया जाता है की मुक्त सेवाओं के साथ ही लोगो को अपने अधिकारों के बारे में जागरूक किया जाए, इस दौरान सचिव विधिक से प्राधिकरण/अपर जिला जज एहसानुल्ला खा ने उपस्थित जन मानस को सम्बोधित करते हुए कहा कि दूर दराज से आए हुए जरूरतमंदों व वंचित लोगो को कानूनी अधिकार और सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देना ही विधिक जागरूकता एंव साक्षरता शिविर के आयोजन का प्रमुख उद्देश है। इस दौरान सम्मानित अधिवक्तागण एंव अधिकारीगण एवं पैरालिगल वालेन्टियर उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### सोन नदी में ट्रैक्टर द्वारा अवैध खनन जोरो पर



**सोनभद्र/ डाला।** अवैध बालू खनन को लेकर जहां वन विभाग मुस्तैद है वही चोरी छिपे अवैध खनन कर्ताओ का हौसला बुलंद है। दिन दहाड़े नदी के जगह - जगह क्षेत्रो में से बालु खनन चालू कर दिया गया। डाला वन रेंज के बॉडी व चुनियराटोला में इन दिनों बालू का अवैध खनन जोरो पर चालू है। खनन कर्ताओ के हौसले बुलन्दी में वन विभाग की सक्रियता देखने को मिलती है। बीते रात्रि में चुनियरा में अवैध खनन की सूचना पर शिकायतों का दौर चलना सुरु हो गया। परन्तु जिम्मेदार कान में तेल डाल कर सो रहे है। जैसे इन्हें कुछ पता ही नही है। इस सम्बंध में पहले भी सूचनाओं पर वन विभाग के आला अधिकारी जो क्षेत्र की जिम्मेदारी में है। टाल मटोल करने से बाज नही आते। क्षेत्रीय वन अधिकारी ने बताया कि जानकारी नही है। सूचना मिलने पर कार्यवाही की जाएगी।

### एनसीएल ने परियोजना प्रभावित लोगों के लिए रोजगारपरक प्रशिक्षण का किया आयोजन



**सोनभद्र/ सिंगरौली।** भारत सरकार की मिनिरत्न कंपनी एनसीएल समय समय पर परियोजना प्रभावित व्यक्तियों के लिए रोजगारपरक प्रशिक्षण का आयोजन करती रही है। इसी क्रम में सीइटीआई , एनसीएल में मूल उपकरण निर्माताओं ने अमलोरी और निगाही के 32 परियोजना प्रभावित लोगों को भारी मशीनों के परिचालन हेतु सिम्युलेटर से प्रशिक्षण दिया। एनसीएल का यह प्रयास परियोजना प्रभावित इच्छुक युवाओं को स्थानीय व बाहरी उद्योग से जुड़ने के लिए प्रतिस्पर्धी बनाने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। दो दिन की सिम्युलेटर प्रशिक्षण व इसके पूर्व 6 दिन की बारीक सैद्धांतिक प्रशिक्षण के बाद उन्हें प्रशिक्षण प्रमाणपत्र भी जारी किया गया। इस प्रशिक्षण में बीईएमएल, जैमको और एल एंड टी जैसे मूल उपकरण प्रदाताओं ने मुख्य भूमिका निभाई।

### डीएम व एसपी न विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया



**हमीरपुर।** आगामी दीपावली त्योहार को मद्देनजर रखते हुए जिलाधिकारी राहुल पांडेय व पुलिस अधीक्षक डॉ दीक्षा शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से राठ में आतिशबाजी की दुकानों के लगने वाले स्थल ब्रह्मानंद महाविद्यालय के मैदान व रामलीला मैदान में लगे मेले का निरीक्षण किया। और दुकानदारों को सावधानी बरतने का भी निर्देश दिया। राठ कस्बे में करीब दस दुकानदारों ने आतिशबाजी की दुकानें लगाने के लिए उपजिलाधिकारी राठ के कार्यालय में आवेदन किया है। कोई घटना दुर्घटना न हो और आगामी दीपावली का त्योहार शांति पूर्ण तरीके से सम्पन्न हो जिसको लेकर आज जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने स्वामी ब्रह्मानंद महाविद्यालय का निरीक्षण किया और दुकानदारों सहित अधिकारियों को अग्निशमन यंत्र सहित तमाम मुस्तैद इन्तजाम करने के निर्देश दिये। इसके बाद जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने रामलीला मैदान में लगे मेले का भी निरीक्षण किया और शान्ति व्यवस्था बनाये रखने की आमजनमानस से अपील की। इस दौरान उपजिलाधिकारी राठ विपिन शिवहरे, सीओ पीके सिंह व इंस्पेक्टर राठ विनोद मौजूद रहे।

### बुंदेलखंड विकास निधि के अंतर्गत प्राप्त प्रस्तावो के संबंध में बैठक संपन्न



**हमीरपुर।** बुंदेलखंड विकास निधि के अंतर्गत प्रस्तावों की समीक्षा के संबंध में एक अति आवश्यक बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। ज्ञात हो कि वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु शासन से जनपद हमीरपुर के लिए बुंदेलखंड विकास निधि जिलांस के अंतर्गत कुल धनराशि रु 1500 लाख प्राप्त हुई है। जिसके क्रम में मा विधायक सदर हमीरपुर डॉ मनोज कुमार प्रजापति ने कुल 118 परियोजनाओं के तथा मा विधायक राठ मनीषा अनुरागी द्वारा 91 परियोजनाओं के प्रस्ताव दिए गए हैं। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि बुंदेलखंड विकास निधि के अंतर्गत सभी निर्माण कार्यों को नियमानुसार समय से तथा मानक के अनुसार पूर्ण किया जाए। सभी प्रकार के निर्माण कार्यों को निर्धारित समय में अनिवार्य रूप से पूर्ण किए जाय। जिलाधिकारी ने विभिन्न प्रस्तावो के संबंध में संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी चन्द्र शेखर शुक्ला, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी, अन्य कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि सहित अन्य संबंधित विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# स्वावलंबी बनने पर सरकार कर रही प्रोत्साहितः भूपेश चौबे

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** पीएम स्वनिधि योजनान्तर्गत तीन दिवसीय आयोजन गुरुवार को नगर के रामलीला मैदान परिसर में दीपावली मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले का उद्घाटन भूपेष चैबे, विधायक सदर, रूबी प्रसाद , अध्यक्षा नगर पालिका परिषद सोनभद्र, सुभाष चन्द्र यादव, अपर जिलाधिकारी न्यायिक , राजेष उपाध्याय, परियोजना अधिकारी, डूडा सोनभद्र, विजय कुमार यादव, अधिषासी अधिकारी, नगर पालिका परिशद्- के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर शुभारम्भ किया गया। मेले में पीएम स्वनिधि योजनान्तर्गत आठ योजनाओं से सम्बन्धित विभागों (स्वास्थय विभाग, श्रम विभाग, जिला आपूर्ति कार्यालय, अग्रणी जिला प्रबन्धक एवं नगर पालिका परिशद्) के द्वारा स्टॉल लगाया गया है। स्टॉल का उद्घाटन फीता काट कर विधायक सदर के द्वारा किया गया। मेले में पीएम स्वनिधि के लाभार्थियों द्वारा दीया मोमबत्ती मूर्ति एवं लाई/चूड़ा का स्टॉल लगाया गया है। विधायक सदर, अध्यक्षा, नगर पालिका परिशद् सोनभद्र एवं अपर जिलाधिकारी द्वारा 03 लाभार्थियों को रू0 10,000.00 ऋण का स्वीकृति पत्र एवं 03 लाभार्थियों को परिचय बोर्ड का वितरण किया गया। मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम, मेंहन्दी प्रतियोगिता, लोक गीत का आयोजन अपरान्ह 2.00 बजे से किया जा रहा है।

### 50 लाख की ई-सिगरेट बरामद, नेपाली युवक सहित दो गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** जनपद की एसओजी और खुटार थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने 260 डिब्बे चाइना मार्का ई-सिगरेट बरामद कर नेपाली युवक सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है। दोनों नेपाल से ई-सिगरेट लेकर दिल्ली में बिक्री करने जा रहे थे। बरामद ई-सिगरेट की कीमत 50 लाख रुपये बताई गई है। खुटार के थाना प्रभारी ओमप्रकाश ने बताया कि बृहस्पतिवार की सुबह मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने पूरनपुर-खुटार हाईवे पर मोहनपुर यात्री प्रतीक्षालय के पास से नेपाल के जिला कंचनपुर के निवासी ललित सिंह और लखीमपुर खीरी के पलिया के मोहल्ला पठान पांच निवासी सोनू शर्मा उर्फ राजन को गिरफ्तार किया है।दोनों से 260 डिब्बों में 2600 चाइना मार्का ई-सिगरेट बरामद हुई हैं। पूछताछ में दोनों ने बताया कि चीन से यह सिगरेट नेपाल आती है और नेपाल से वे लोग दिल्ली में जाकर बिक्री कर देते हैं। इससे उन लोगों को अच्छा मुनाफा हो जाता है। पुलिस ने बरामद ई-सिगरेट की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 50 लाख रुपये बताई है।

# सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा विषय पर एक गोष्ठी का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**बांदा।** यातायात माह नवंबर माह के अंतर्गत किए जा रहे कालेज विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रमों के क्रम में आज नवंबर 2023 को राजकीय बालिका इंटर कालेज बांदा में सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा विषय पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें सर्व प्रथम यातायात प्रभारी अर्जुन सिंह एवं मंडलीय मास्टर ट्रेनर(सड़क सुरक्षा) डा. पीयूष मित्र ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत किया तत्पश्चात यातायात प्रभारी अर्जुन सिंह ने छात्राओं को बिना ड्राइविंग लाइसेंस के स्कूटी ना चलने की नसीहत देते हुऐ शिक्षिकाओं से भी अपील की बिना हेलमेट के दो पहिया वाहन न चलाएं। शिक्षा विभाग के मंडलीय मास्टर ट्रेनर( सड़क सुरक्षा) डा. पीयूष मिश्र ने बालिकाओं से आग्रह किया कि वह साइकिल चलाते समय झुंड में ना चले तथा एक नोडल छात्रा के रूप में कार्य करते हुए अपने घर से ही यातायात नियमों की जागरूकता का कार्य प्रारंभ करें छात्राओं को हेलमेट, सीट बेल्ट, नशे की हालत में वाहन ना चलाना इत्यादि नियमों के विषय में बताते हुए बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन चलाने पर चालान होने के उपरांत आर्थिक दंड तथा लाइसेंस सस्पेंड के विषय में विस्तार से समझाया। यातायात उप निरीक्षक त्रिलोकी नाथ पांडे ने छात्राओं को विस्तार से यातायात नियमों की जानकारी दी तथा अपेक्षा की कि छात्राएं दी जा रही बहुमूल्य जानकारियों को अमल में लाएंगे अंत में प्रभारी प्रधानाचार्य निमिषा रंजन ने सभी का आभार व्यक्त किया इस अवसर पर रेखा राजा नोडल रा.बा. इं.का. बांदा एवं अन्य समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। छात्रों के मध्य निबंध प्रतियोगिता भी कराई गई अंत में मंडलीय मास्टर ट्रेनर द्वारा सभी को सड़क सुरक्षा शपथ दिलाते हुए पुनः अपेक्षा की गई कि हम सभी यातायात नियमों का पालन करते हुए दुर्घटनाओं में कमी लाने का प्रयास करेंगे।

### एस एस कालेज में रंगोली एवं साज-सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन

**शाहजहांपुर।** एस.एस.कॉलेज में डीएलएड विभाग की ओर से दीपावली पर रंगोली रचना ,भगवान गणेश की प्रतिमा, दीपक सज्जा आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभप्राचार्य डॉ. राकेश कुमार आजाद ने किया।इस मौके पर उन्होंने कहा कि दीपावली भारत के प्रमुख त्यौहारों में से एक है। यह उत्सव सभी भारतवासियों को समर्पित है। डा. मीना शर्मा ने कहा किआ इस पर्व पर घरों में रंगोली, दीपों एवं वन्दनवार आदि से श्रृंगार किया जाता हैं। यह पर्व प्रेम, त्याग और कर्तव्य का भी प्रतीक है।डीएलएड प्रभारी डॉ.मनोज कुमार मिश्र ने कहा कि इस प्रतियोगिता से आप लोगों में छिपी हुई सृजनात्मकता की पहचान हुई है।रंगोली एवं साज सज्जा प्रतियोगिता के निर्णायक की भूमिका डॉ. मीना शर्मा प्रो. डॉ. प्रभात शुक्ला ने निभाई ।रंगोली प्रतियोगिता में दीप्ति प्रथम,अनामिका दूसरे व स्वाति एवं स्वेता ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। साज सज्जा मे प्रथम स्थान मेहरूनिशा ,दूसरा स्थान रश्मि एवं तीसरा स्थान प्रिया को मिला है। कार्यक्रम में शिवानी भारद्वाज,अमिता रस्तोगी, गौरव शर्मा, अभिषेक बाजपेयी, शैलेन्द्र द्विवेदी, रचना रस्तोगी, प्रतिभा द्विवेदी, सर्वोत्तम शर्मा, जयसिंह, आदि उपस्थित रहे।

# डीएम ने देखी क्राप कटिंग

अवधनामा संवाददाता



**बांदा।** जिलाधिकारी बांदा श्रीमती दुर्गा शक्ति नागपाल ने आज विकास खण्ड बडोखर खुर्द के ग्राम पंचायत जैराही में गाटा संख्या 848 में किसान मुल्लू सिंह पुत्र रामसेवक सिंह के खेत में धान की फसल की उत्पादकता के सम्बन्ध में काफ्ट कटिंग करायी गई। धान की काफ्ट कटिंग राजस्व कर्मियों, ग्राम प्रधान एवं किसानों की उपस्थिति में सम्बाहु त्रिभुज बनाकर 43.3 वर्गमीटर में की गयी तथा धान कटिंग के बाद कुटवाकर उसकी तौल करायी गयी, तौल में 10 किलोग्राम धान प्राप्त हुआ । इसी प्रकार एक ग्राम पंचायत में चार काफ्ट कटिंग का प्रयोग जाता है, जिसके अनुसार धान की उत्पादकता का आकलन किया जायेगा। धान काफ्ट कटिंग के दौरान अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 राजेश कुमार, तहसीलदार तथा ग्राम प्रधान हरीकृष्ण सहित सम्बन्धित राजस्व कर्मी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# आयुर्वेद के तहत अभियान का शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता



**जसपुरा/बांदा।** राजकीय हाई स्कूल गड़रिया में अष्टम आयुर्वेद के तहत हर दिन हर किसी के लिए अभियान का शुभारंभ किया गया। राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय गौरी कला के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डाक्टर सुनील कुमार द्विवेदी ने कक्षा 6 से लेकर कक्षा 10 तक के छात्राओं को आयुष रक्षा किट के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में डाक्टर सुनील कुमार द्विवेदी ने रसायन प्रयोग जिसके तहत तुलसी, ऑवला, गिलोय, च्यवनप्राश आदि जो शरीर की धातुओं को बल देने वाले तथा शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढाने वाले होते है, उनका प्रयोग एवं जानकारी प्रदान की तथा योग द्वारा स्वस्थ्य रहने एवं रोगों से बचाव की उपयोगिता बतायी गयी, साथ ही निद्रा की उपयोगिता तथा जल सेवन विधि के माध्यम से विभिन्न रोगों से बचाव तथा आहार विधि विशेषायतन का सम्यक प्रयोग एवं उपयोगिता द्वारा लोगों को जागरूक व शिक्षित किया।कार्यक्रम के अंत में सभी छात्र छात्राओं के बीच में निबंध,चित्रकला एवम भाषण प्रतियोगिता का आयोजन कराकर प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय पुरस्कार दिया गया।

# सज गए बाजार, धनतेरस का पर्व आज

अवधनामा संवाददाता

**पूर्व संध्या पर ही बाजारों में दिखी रौनक**

**बांदा।** कार्तिक मास कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी को हर वर्ष मनाया जाने वाला पर्व धनतेरस फिर हाजिर है। यह शुक्रवार (10 नवंबर) को मनाया जाएगा। पूर्व संध्या पर ही बाजारों को इसके लिए सजा और संवार दिया गया है। इस दिन की खरीददारी शुभ होती है। इसी दिन भगवान धनवंतरि की पूजा होती है। मुख्यालय बांदा शहर सहित जिले के अन्य कस्बों में देर रात तक बाजारों को सजाया जा रहा था। खुशियों और रोशनी का पर्व दीपावली बिल्कुल नजदीक है। त्योहार का हर किसी को बेसब्री से इंतजार है। धनतेरस में खरीदारी करना बेहद शुभ माना जाता है। इसलिए बर्तन, इलेक्ट्रानिक, फर्नीचर व ज्वैलरी से बाजार सज गया है। धनतेरस पर शहर के चौक बाजार में मेला जैसा नजारा रहेगा। यहां कपड़ा, ज्वैलरी, इलेक्ट्रानिक सामानों से दुकानें सजाई गई हैं। इसी प्रकार महेश्वरी देवी आदि इलाकों में भी खासी रौनक देखी जा रही है। ब्रांडेड कंपनियों ने त्योहारी मौसम में ग्राहकों के लिए योजनाओं का गुलदस्ता सजा दिया है। ग्राहक भी कंपनी से कैश बैक का आफर और अन्य उपहार लेने के लिए धनतेरस में खरीददारी करेंगे। दीपावली को लेकर घरों में रंगाई पुताई का काम चालू है। लोगों ने घरों में झालर भी लगानी शुरू कर दी है। धनतेरस में सोने चांदी के आभूषण खरीदना बहुत शुभ माना जाता है। शहर के शंकर गुरु चौराहा में ज्वैलर्स की दुकानें सजी रहीं। यहां भी तमाम तरीके के लुभावने गिफ्ट दुकानदारों ने अपने-अपने तरीके से तैयार किए हैं। धनतेरस पर सोने-चांदी, डायमंड के जेवर तो हैं ही, चांदी के सिक्के व नोट भी बाजार में काफी संख्या में बिकने को तैयार हैं। दीपावली त्योहार में लक्ष्मी गणेश की पूजा करने के लिए लोगों ने खरीददारी शुरू कर दी है। शहर के चौक बाजार, कोतवाली रोड, सदर बाजार, न्यू मार्केट सहित महेश्वरी देवी रोड आदि में धनतेरस का बाजार सजाकर तैयार कर दिया गया है। आगे बढ़ाकर दुकान लगाने की होड़ से सड़कें संकरी हो गई हैं। जिले के बबेरू, नरैनी, अतर्रा, तिंदवारी, बदौसा, मटौंध, करतल, बिसंडा, जसपुरा, पैलानी, चिल्ला आदि में भी दुकानें सजाई गई हैं।

# हाथरस का मेला श्री दाऊजी महाराज राजकीय घोषित, कैबिनेट में मिली मंजूरी

## लंबे समय से आस्था से भरी इस मांग को भाजपा सरकार ने पूरा किया

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार की कैबिनेट बैठक में हाथरस के मेला श्री दाऊजी महाराज को राजकीय मेला घोषित करने पर अपनी मुहर लगा दी है। लंबे समय से श्री दाऊजी महाराज मेला को राजकीय घोषित करने की मांग उठ रही थी। कैबिनेट की मंजूरी के बाद ब्रज की द्वार देहरी कहे जाने वाली हाथरस नगरी के लोगों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी।

यूपी कैबिनेट की बैठक में हाथरस के मेला श्री दाऊजी महाराज को राजकीय मेला घोषित करने पर मंजूरी दे दी गई है। हाथरस विधायक सदर अंजुला माहौर ने पिछले दिनों राजकीय मेला घोषित किए जाने को लेकर नगर विकास मंत्री व सीएम योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की थी। उन्होंने बताया कि हाथरस विधायक सदर अंजुला माहौर ने पुष्टि करते हुए बताया कि कैबिनेट की बैठक में मेला श्री दाऊजी महाराज को राजकीय मेला घोषित किए जाने को लेकर मुहर लग गई है। इसे लेकर नगर विकास मंत्री से फोन के माध्यम से वार्ता हो गई है। लंबे समय से आस्था से भरी इस मांग को भाजपा सरकार ने पूरा किया है। अब आने वाले समय में सरकारी खर्चे पर धूमधाम से मेले का आयोजन हो सकेगा।

हाथरस में लगने वाले मेला श्री दाऊजी महाराज को राजकीय मेला घोषित किए जाने के लिए लंबे समय से मांग चली आ रही थी। ब्रज की संस्कृति को संजोकर रखने वाले श्री दाऊजी महाराज मेला को राजकीय घोषित किए जाने के लिए लंबे समय से विधायक सदर अंजुला माहौर, पूर्व पालिकाध्यक्ष आशीष शर्मा सहित अन्य सामाजिक संगठन भी प्रयासरत थे। इसे लेकर जिलाधिकारी को भी कई बार पत्राचार किया गया था। जिलाधिकारी द्वारा इस मेला को राजकीय किए जाने के लिए शासन को संस्तुति भी भेजी थी।

20 दिनों तक चलने वाले इस मेला में विभिन्न सांस्कृतिक, रंगारंग, राजनैतिक के साथ-साथ सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन होता है। इस मेला में दंगल का आयोजन भी होता है। इस दंगल में हिन्द केसरी, भारत केसरी सहित तमाम पहलवान अपना जोर भी दिखा चुके हैं।

## उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के चालक और परिचालकों की बल्ले-बल्ले

**लखनऊ।** दीपावली पर चालक व परिचालक को विशेष आर्थिक लाभ मिलने वाला है। रोडवेज प्रबंधन ने कम संसाधनों में अधिक यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचने की योजना बनाई है।

माना जा रहा है कि यह योजना सफल होगी और यात्रियों को सुविधा मिलेगी। पिछले साल तक दीपावली स्पेशल बस का संचालन करने पर चालक व परिचालक को तीन हजार रुपये अतिरिक्त राशि दी जाती थी। रोडवेज मुख्यालय ने इस बार इस राशि को बढ़ाकर 44 सौ रुपये कर दी है। एक दिन में तीन सौ किमी से अधिक बस चलाने वाले चालक व परिचालक को 55 पैसे प्रति किमी अतिरिक्त राशि का भुगतान किया जाएगा। अतिरिक्त राशि देने से चालक व परिचालक अधिक फेरा लगाएंगे।

इसके अलावा, बसों की मरम्मत करने वाले कर्मचारी को भी प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। पुराने बसों को कंडम घोषित करने के बाद प्रदेश भर में रोडवेज के पास बसें कम हो गई हैं।

## दीपोत्सव: थ्री डी में दिखेगा भव्य मंदिर

अवधनामा ब्यूरो

### 150 छात्राओं ने भव्य मंदिर मॉडल को उकेरा



**लखनऊ।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय प्रशासन सातवें दीपोत्सव को भव्यता प्रदान करने के लिए 3डी इंपैक्ट आधारित राम मंदिर मॉडल का निर्माण कर 1,08,000 दीए प्रज्वलित करेगा। इसके लिए राम की पैड़ी के घाट नम्बर 10 पर प्रभु श्रीराम मन्दिर के मॉडल को दीए से उकेरा जाएगा। सांस्कृतिक पौराणिक एवं ऐतिहासिक कथानक पर आधारित इस भव्य मंदिर मॉडल में प्रभु श्रीराम को विजयी मुद्रा में अयोध्या में प्रवेश करते हुए दर्शाया जायेगा। यह निश्चित ही विश्व पटल पर अपनी छाप छोड़ते हुए जनसामान्य को अपनी ओर आकर्षित करेगा।

विवि की कुलपति प्रो प्रतिभा गोयल के दिशा-निर्देशन में दीपोत्सव को एतिहासिक बनाने के लिए फाइन आर्ट्स विभाग के 150 छात्राओं ने भव्य मंदिर मॉडल को उकेर दिया है। इसमें दीए सजाने के बाद दीपोत्सव के दिन प्रज्वलित किया जायेगा। संयोजिका डॉ सरिता द्विवेदी की देखरेख में विभागीय शिक्षकों डॉ रीमा सिंह, सरिता सिंह, आशीष प्रजापति, डॉ अलका श्रीवास्तव राम की पैड़ी के घाट 10 को गेरुआ रंग में मंदिर मॉडल से संबंधित 60 ब्लॉकों के रेखांकन का कार्य पूर्ण किया गया है।

आर्ट्स विभाग की डॉ रीमा सिंह ने बताया कि मंदिर मॉडल के रंगाकन का कार्य अवध की लोक कला से प्रेरित रही है, जिसके अंतर्गत गेरू एवं सफेद रंग के द्वारा चित्रांकन का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मंदिर निर्माण का निर्धारण ज्यामितीय विधि से बहुत ही आकर्षक विधि से निर्धारित किया गया है। भव्य मंदिर मॉडल में मुख्य प्रवेश द्वार के साथ वास्तुकला आधारित 11 द्वार का निर्माण किया गया है।

ललित कला विभाग के समन्वयक में प्रो विनोद कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि योगी सरकार के विशिष्ट सहयोग से 3डी इंपैक्ट पर आधारित राम मंदिर मॉडल का निर्माण लगभग 1,08,000 दीए प्रज्वलित किए जायेंगे जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं का सराहनीय योगदान होगा।

## आगरा लखनऊ एक्सप्रेस-वे लग्जरी बस में लगी आग



अवधनामा ब्यूरो

■ बाल-बाल बचे यात्री, राजस्थान से वाराणसी जा रही थी बस

**लखनऊ।** मैनपुरी के करहल में राजस्थान से बनारस जा रही लग्जरी बस में अचानक आग लग गई। हादसा उस समय हुआ जब बस लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर दौड़ रही थी। बस में आग लगते ही अफरा-तफरी मच गई। चालक की सूझबूझ के चलते यात्रियों को सुरक्षित बस से उतार दिया गया।

ये घटना गुरूवार अपरान्ह साढ़े तीन बजे की है। न्यू लग्जरी बस सवारियां लेकर निर्माड़ा राजस्थान से वाराणसी जा रही थी। आगरा लखनऊ एक्सप्रेस-वे के 95 किलोमीटर पर पहुंचते ही बस मे शॉर्ट सर्किट हो जाने से अचानक धुंआं उठा। ये देख यात्रियों में चीख पुकार मच गई। चालक रामकेश यादव ने तुरंत बस रोकी, जिसके बाद सवारियां स से नीचे उतर गई। सूचना मिलते ही करहल सीओ व तहसीलदार यूपीडा कर्मियों, फायर सर्विस तथा भारी पुलिस फोर्स के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे। दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। आग में बस बुरी तरह से जलकर क्षतिग्रस्त हो गई। हालांकि सवारियां बाल बाल बच गई।

## भारतीय रेल प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से लोगों को रोजगार देने में अग्रसर

अवधनामा ब्यूरो

❍ भारतीय रेल द्वारा पिछले 09 सालों में 40 लाख से अधिक रोजगार उत्पन्न किए गए

**लखनऊ।** नए भारत की प्रतिदिन सुदृढ़ होती आर्थिक स्थिति जैसे जैसे मज़बूत होकर आगे बढ़ रही है उसमें भारतीय रेल की प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष भूमिका भी उल्लेखनीय है। भारतीय रेल, रोजगार सृजन करने में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से सहयोगी है। इसने पिछले 09 सालों में 40 लाख से अधिक रोजगार उत्पन्न किए हैं।

रोजगार को बढ़ावा देने के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिनांक 22 अक्टूबर, 2022 को रोजगार मेला का शुभारंभ किया गया था जिसके अंतर्गत भारतीय रेलवे द्वारा भी लाखों लोगों को रोजगार दिया गया है। इस साल, 28 अक्टूबर, 2023 को आयोजित रोज़गार मेलें में 51,000से अधिक अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौपें गये, जिसमें करीब 14 हजार रोजगार का सृजन भारतीय रेलवे द्वारा किया गया। रोजगार मेला की मदद से पिछले 1 साल में करीब 1.5 लाख लोगों को रेलवे द्वारा रोजगार दिया गया। साल 2004 से 2014 तक जहां 4 लाख 11 हजार 224 लोगों को रोजगार दिए गया वहीं 2014 से 2023 तक बीते 9 सालों में 4 लाख 99 हजार लोगों को रोजगार दिया गया। 2004 से 2014 की अवधि में जहां प्रति वर्ष 41 हज़ार रोज़गार दिया गया वही 2014 से 2023 की अवधि में प्रतिवर्ष 50 हज़ार से अधिक रोज़गार दिया गया। नए ट्रैक के निर्माण से भी अप्रत्यक्ष रूप में 33 हजार मैन पावर दिन रोज़गार का सृजन भी गत सालों में हुआ है, जिससे प्रत्यक्ष रूप से करीब 5 लाख लोगों को रोज़गार मिला। भारतीय रेल द्वारा गरीब कल्याण रोजगार अभियान के अंतर्गत 18 सितम्बर 2020 तक बिहार, झारखण्ड, मध्य प्रदेश, ओडिशा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश जैसे छह राज्यों में 9 लाख 79 हजार 557 दिहाड़ी रोजगार प्रदान किये गए। गत वर्षों दुनिया की सबसे बड़ी ऑनलाइन परीक्षा, रेलवे द्वारा आयोजित की गई थी जिसमें 1.11 करोड़ से ज़्यादा उम्मीदवारों ने परीक्षा दी थी। रेलवे द्वारा इस परीक्षा को पारदर्शी तरीक़े से सफलतापूर्वक सम्पन्न किया गया। कोरोना महामारी के बावजूद रेलवे द्वारा ऐसी परीक्षाएँ आयोजित कररोज़गार उपलब्ध कराना उल्लेखनीय है। रोजगार सृजन करने की दिशा में भारतीय रेलवे ने देश भर में अपने 1309 स्टेशनों का पुनर्निर्माण करने और यात्रियों की व्यापक जरूरतों को पूरा करने व उन्हें आधुनिक सुविधाओं से लैस करने के लिए अमृत भारत स्टेशन योजना भी शुरू की गई जिसके प्रारंभिक चरण में 508 स्टेशनों का रीडिवेलप्मेंट होगा जिसके द्वारा प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से रोज़गार के अवसर उपलब्ध होगें।

## अजय राय ने आशुतोष टण्डन की असामयिक निधन पर दुख व्यक्त किया

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने पूर्व मंत्री और विधायक आशुतोष टण्डन के असामयिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए परिजनों को सांत्वना और संवेदना प्रेषित की है। श्री राय ने अपने शोक संदेश में कहा कि आशुतोष टण्डन बहुत अनुशासित विधायक रहे। विधानसभा में उनकी कमी हम सभी को हमेशा खलेगी। उन्होंने बाबा विश्वनाथ से आशुतोष टण्डन की आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने और परिजनों को असह्य दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर प्रदेश कांग्रेस की ओर से कांग्रेस नेताओं ने स्वर्गीय आशुतोष टण्डन के पार्थिव शरीर पर पुष्पगुच्छ अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रदेश कांग्रेस की ओर से कोषाध्यक्ष शिव पाण्डेय, प्रवक्ता डॉ. सी.पी. राय, डॉ. उमाशंकर पाण्डेय, जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश त्रिपाठी ने आशुतोष टण्डन की अंतिम सभा में शिरकत की।

## यूपी विधानमंडल का शीतकालीन सत्र 28 से

अवधनामा संवाददाता

■ चार दिवसीय सत्र में अनुपूरक बजट भी पेश करेगी योगी सरकार



**लखनऊ।** विधानमंडल का शीतकालीन सत्र 28 नवंबर से होगा। एक दिसंबर तक चलने वाले चार दिवसीय सत्र में राज्य सरकार वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए अनुपूरक बजट भी पेश करेगी। गुरुवार को अयोध्या में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में होने वाली कैबिनेट की बैठक में शीतकालीन सत्र बुलाने संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी दी जाएगी।

कैबिनेट की बैठक से पारित कराए जाने वाले लगभग दर्जनभर प्रस्तावों में 28 नवंबर से शीतकालीन सत्र बुलाए संबंधी प्रस्ताव भी है। अगले वर्ष लोकसभा चुनाव के मद्देनजर योगी आदित्यनाथ सरकार विकास कार्यों को तेजी से पूरा करने के साथ ही किसानों, महिलाओं और युवाओं को खासतौर से लुभाने की कोशिश में है। इसके लिए धनराशि की व्यवस्था शीतकालीन सत्र में अनुपूरक बजट के जरिए की जाएगी।

सूत्रों के अनुसार सरकार अयोध्या में होने वाली कैबिनेट बैठक में अयोध्या की विकास योजनाओं के अलावा बुनियादी ढांचे के विकास से संबंधित परियोजनाओं के लिए संसाधनों का इंतजाम करने पर निर्णय कर सकती है। गौरतलब है कि चालू वित्तीय वर्ष के लिए सरकार ने 6,90,242.43 करोड़ रुपये का मूल बजट पारित कराया था।

## विधानसभा अध्यक्ष आशुतोष टंड के निधन पर दुखी

**लखनऊ।** अध्यक्ष विधानसभा सतीश महाना ने पूर्व मंत्री एवम विधायक आशुतोष टंडन के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। विधानसभा अध्यक्ष ने अपने शोक संदेश में कहा है कि यह हमारी निजी क्षति है। उनके निधन से प्रदेश की राजनीति में शून्यता आई है। मैं जो महसूस कर रहा हूं उन भावों को शब्दों से वर्णन नही कर सकता हूं। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में स्थान दें तथा शोक संतप्त परिजनों को इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

## मतदाताओं की शिक्षा व जागरूकता के लिए मिलेगा पुरस्कार

अवधनामा ब्यूरो

❍ भारत निर्वाचन आयोग देगा नेशनल मीडिया अवार्ड-2023

**लखनऊ।** भारत निर्वाचन आयोग ने नेशनल मीडिया अवार्ड-2023 के लिए उत्तर प्रदेश के मीडिया संस्थानों से 10 दिसम्बर, 2023 तक मतदाताओं की शिक्षा व जागरूकता पर सर्वश्रेष्ठ अभियान के लिए सिफारिशें एवं प्रस्तुतियां आमंत्रित की हैं। मीडिया संस्थानों को यह पुरस्कार चार श्रेणियों में दिया जायेगा, जिसमें प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक (टेलीविजन) मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक (रेडियो) मीडिया, आनलाइन (इन्टरनेट) व सोशल मीडिया के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए पुरस्कार दिए जायेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए आयोग द्वारा पुरस्कार दिया जायेगा। यह पुरस्कार चुनावों की प्रक्रिया तथा सुलभ चुनाव के बारे में तथा लोगों को शिक्षित करने, दूरस्थ मतदान केन्द्रों पर स्टोरी, मतदान के महत्व और पंजीकरण के प्रति जागरूकता पर दिया जायेगा।

## इकबाल उर्दू का अज़ीम शायर: प्रो. रेशमा परवीन

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** यौम-ए-इक़बाल के अवसर पर खुन खुन जी गर्ल्स पी जी कॉलेज के शोबा उर्दू में तालिबात के लिए विभिन्न मुक़ाबलों का आयोजन किया गया। मुक़ाबला मज़्मूननवीसी के अलावा इक़बाल की ग़ज़लों और नज़्मों की तालिबात ने ख़ूबसूरत क़िरात की। मज़्मूननवीसी में फरहीन फ़ातिमा ने पहला आलीया ने दूसरा और अमीरा ने तीसरा इनाम हासिल किया। मुक़ाबला क़िरात में फरहीन फ़ातिमा ने पहला इनाम हासिल किया। ज़किरा को दूसरा और हसना को तीसरा इनाम मिला। कॉलेज की प्रिंसिपल प्रो. अंशू केडिया ने तमाम गर्ल्स को मुबारकबाद देते हुए कहा कि इस तरह के प्रोग्राम तलबा का हौसला बढ़ाते हैं प्रो. रेशमां प्रवीन ने तालिबात को ख़िताब करते हुए कहा। इक़बाल उर्दू का अज़ीम शायर है जिसके कलाम का मुतालया हमें इन तहज़ीबी इक़दार से रोशनास कराना है, जिनके ज़रीये हम अपनी ज़िंदगी को बेहतर बना सकते हैं। इक़बाल ने तालिब-ए-इल्मों और नई नसल के लिए अपनी नज़्मों ओर ग़ज़लों में जो पैग़ामात दिए हैं। वो सिर्फ उनके ज़माने ही में नहीं। आज भी इसी तरह हमें राह दिखाते हैं। मुहब्बत उनकी शायरी का अहम पैग़ाम है। कॉलेज के तमाम असातिज़ा और स्टाफ़ ने प्रोग्राम में मदद की । प्रोग्राम के आख़िर में बी ए साल उख़र की तलबा आलीया ने सब का शुक्रिया अदा किया।

## सारे जहां से अच्छा हिन्दोस्तां का हुआ सामूहिक गायन

### अल्लामा इकबाल जयंती पर मनाया गया उर्दू दिवस

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** अल्लामा इकबाल की जयंती अंतर्राष्ट्रीय उर्दू दिवस पर अल्पसंख्यक कांग्रेस की ओर से मदरसों में अल्लामा इकबाल की विश्वप्रसिद्ध रचना सारे जहां से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा का सामूहिक गायन कराया गया। अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शाहनवाज आलम ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा उर्दू भाषा को सम्मान और प्रोत्साहन दिया। उर्दू को रोजगार से जोडने का प्रयास किया, ताकि उर्दू पढने वाले लोग मुख्यधारा में बने रहें। श्री आलम ने कहा कि उर्दू को सम्मान, प्रोत्साहन और रोजगार से जोडने के लिए नारायण दत्त तिवारी की सरकार ने 6 अक्टूबर 1989 को उर्दू को प्रदेश की दूसरी राजभाषा घोषित किया था। कांग्रेस के बाद की सरकारों ने उर्दू को हतोत्साहित किया और उर्दू से जुड़े रोजगार या तो खत्म कर दिये या उस पर अपात्र लोगों का नियंत्रण हो गया।

### गोष्ठी 11 नवम्बर को

**लखनऊ।** देश के पहले शिक्षा मंत्री भारत रत्न मौलाना अबुल कलाम आजाद की 135वीं जयंती 11 नवम्बर को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में गोष्ठी आयोजित होगी। कांग्रेस प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने बताया कि मौलाना आजाद की जयंती पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी नेहरू भवन में विचार गोष्ठी दोपहर 12 बजे से आयोजित होगी। गोष्ठी की अध्यक्षता प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय करेंगे और मुख्य अतिथि के तौर पर शीतल पी. सिंह, न्यायाधीश शमशाद अहमद, लविवि के प्रो. रविकांत और स्वतंत्रता के नायक अशफाक उल्ला खां के प्रपौत्र अशफाक उल्ला खां शामिल होंगे।

### प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने धनतेरस व दीपावली की दी बधाई

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने प्रदेशवासियों को धनतेरस और दीपपर्व दीपावली की बधाई देते हुए अच्छे स्वास्थ्य, सुख-समृद्धि और उन्नति की कामना की है। अपने संदेश में श्री राय ने कहा कि धनतेरस और दीपावली का पर्व असत्य पर सत्य और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। यह पर्व हमें समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर करने और सत्य के मार्ग पर चलने का संकल्प लेने की प्रेरणा देता है।

## दिपावली के दिन सुबह 6 से शाम 7 तक चलेगी मेट्रो

**लखनऊ।** दीपावली के दिन 12 नवम्बर को लखनऊ मेट्रो सुबह 6 बजे से शाम 7 बजे तक चलेगी। उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कारपोरेशन ने बताया कि 12 नवम्बर को चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट और मुंशीपुलिया मेट्रो स्टेशन से मेट्रो सेवाएं सुबह 6 बजे से शाम 7 बजे तक उपलब्ध रहेगी, अन्य दिनों में मेट्रो हमेशा की तरह सुबह 6 बजे से शुरू होकर रात 10 बजे तक चलेगी। मेट्रो ट्रेन के संचालन में यह बदलाव केवल दीपावली के दिन के लिए होगा। यूपी मेट्रो रेल कारपोरेशन ने प्रदेशवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए बधाई दी है।



मदरसा आलिया इरफ़ानिया में कारी मुश्ताक के शैक्षिक योगदान पर एक विश्व स्तरीय सेमिनार आयोजित किया गया. जिसमें प्रख्यात व्यक्तियों ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला और अपने विचार प्रकट किए

## अवध में राम आये हैं का शानदार मंचन

❍ रोटरी क्लब ऑफ लखनऊ का दीपावली मेला सम्पन्न

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** रोटरी क्लब ऑफ़ लखनऊ के तत्वाधान में एक दिवाली मेला का आयोजन किया गया। दीपावली मेले में बहुत ही भव्य उत्कृष्ट हस्तशिल्प उत्पादों का प्रदर्शन बहुत ही सुन्दर प्रकार से किया गया है। मेले में दिवाली खरीदारी के लिये काफी संख्या में खरीदार आये। मेले में प्रवेश निःशुल्क रखा गया है। इसके साथ ही रोटरी क्लब ऑफ़ लखनऊ के तत्वाधान में पहली बार श्री रामायण की भव्य प्रस्तुति कथक नृत्य के माध्यम से की गई। जिसे अनुज मिश्रा और कंपनी द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का शीर्षक था अवध में राम आए हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ सदस्य विधान परिषद पवन सिंह चौहान और रोटरी क्लब ऑफ़ लखनऊ की अध्यक्ष संगीता मित्तल द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। प्रभु श्री राम के जन्म से राज्याभिषेक तक संपूर्ण मंचन भाव एवं नृत्य पूर्वक प्रस्तुत किया गया। 2 घंटे तक चले इस कार्यक्रम की प्रस्तुति देखकर सभी भाव विभोर हो उठे।

## दस दिवसीय उत्तराखण्ड महोत्सव संपन्न

**लखनऊ।** दस दिवसीय उत्तराखण्ड महोत्सव के समापन के अवसर पर सर्वप्रथम अपने क्षेत्र के विधायक आशुतोष टण्डन गोपाल जी की फोटो पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजली अर्पित की गयी। पण्डाल में उपस्थित पदाधिकारियो एवं हजारों दर्शको ने उन्हें दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से उनकी आत्मा की शान्ति हेतु प्रार्थना की। उत्तराखण्ड महोत्सव के समापन दिवस का शुभारम्भ महापरिषद के संयोजक दीवान सिंह अधिकारी, अध्यक्ष- हरीश चन्द्र पंत, वरिष्ठ उपाध्यक्ष-मंगल सिंह रावत, उपाध्यक्ष-गोविन्द बल्लभ फुलारा, महेश चन्द्र रौतेला, मोहन पंत सहित समस्त पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया।

### आयुष मंत्री ने अष्टम राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस समारोह का दीप प्रज्जवलन कर किया उद्घाटन

## आयुर्वेद कहता है कि हम व्यक्ति को बीमार ही नहीं होने देंगे

### श्री अन्न बाजरा, ज्वार, कोदों, रागी, सांवा, मड़वा इत्यादि का सेवन करने से रोगों से बचा जा सकता है: दयालु

❍ स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है इसलिए स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देना चाहिए: प्रमुख सचिव आयुष

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** अष्टम राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस समारोह के मुख्य कार्यक्रम में आज राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय ,लखनऊ के सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंत्री एवं प्रमुख सचिव निदेशक आयुर्वेद द्वारा माता सरस्वती के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर माननीय आयुष मंत्री द्वारा आयुष ई पत्रिका का डिजिटल विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने कहा कि वर्तमान समय में गलत जीवन शैली, खानपान एवं फास्ट फूड की वजह से मोटापा, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, थायराइड की बीमारी बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि ऐसे में आयुर्वेद कहता है कि हम व्यक्ति को बीमार ही नहीं होने देंगे, इसलिए ब्रह्म मुहूर्त में उठकर प्रतिदिन व्यायाम करना चाहिए। इससे रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। श्री अन्न बाजरा, ज्वार, कोदों , रागी, सांवा, मड़वा इत्यादि का सेवन करने से रोगों से बचा जा सकता है। दुनिया की सारी चिकित्सा जहां हार जाती है वहां आयुर्वेद में आशा की किरण दिखाई देती है।

आयुष मंत्री ने आयुर्वेद कालेज के विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई रंगोली का निरीक्षण किया। कालेज में इस अवसर पर बनाए गए सेल्फी प्वाइंट पर उन्होंने सेल्फी ली। इसके पश्चात उन्होंने प्रथम तल पर स्थित मालवीय कक्ष में छात्रों द्वारा आयुष व्यंजन प्रतियोगिता का निरीक्षण एवं रसास्वादन किया। उन्होंने आयुष व्यंजन के प्रथम स्थान के विजेता डॉ काजल ,डॉ रुखसार खान द्वितीय स्थान डॉ मोनिका, डा आयुषी तृतीय स्थान डॉ राधिका ,डॉ भारती को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

प्रमुख सचिव आयुष लीना जौहरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि व्यक्ति का स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है इसलिए स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर हमारा स्वास्थ्य अच्छा है तभी हमारा मन, मस्तिष्क भी बेहतर कार्य कर सकेगा। प्राचीनकाल से आज तक हम यही सुनते आये हैं कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है और इसके लिए हमें नियमित योगा के साथ-साथ घरेलू रूप में उपलब्ध भोज्य पदार्थों का जैसे-तुलसी, करी पत्ता, नीम, आंवला इत्यादि का भरपूर सेवन करना चाहिए।

निदेशक आयुर्वेद डॉ पीसी सक्सेना ने कहा कि आज आयुष विभाग वर्तमान सरकार की कार्यशैली से निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर हो रहा है उन्होंने आयुष विद्या के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपनी सेवाओं के प्रति समर्पित भाव से कार्य करने की अपील की।